सैद्धान्तिकी

संपादक

डॉ॰ माला मिश्र

प्रोफेसर, अदिति महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ॰ एस. लिंगमूर्ति

असिस्टेंट प्रोफेसर, कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कलबुर्गी

अलका पब्लिकेशन्स

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091

वर्ष : 15 अंक : 2 ❑ अप्रैल–जून, 2022

सैद्धान्तिकी

संपादकीय सम्पर्क:

448, पॉकेट–5, मयूर विहार, फेज–1,
दिल्ली–110091
फोन : 011–40564514, 011–22753916, 8510050610
e-mail : saidhantiki.journal@gmail.com

शाखा कार्यालय:

502, सरस्वती टॉवर, कुसुमपुरम, पटना–801503
फोन : 6201418851

View Point

Crisis in Srilanka and Lesson for India

Sri Lanka has been going through very serious economic problems for some time now. Sri Lankan government is seemingly clueless about how to deal with this crisis, which is believed to be first of its kind for the country. There is no consensus in the government about how to deal with this situation. Sri Lanka had come out of a very painful civil war in the past, which continued for 26 years and ended only in 2009. But despite the severity of the civil war at that time, Sri Lanka did not experience any big economic crisis. The rampant inflation in food and fuel in Sri Lanka, after January this year followed by acute shortage of goods is making life hell for the people of Sri Lanka. Sri Lanka's per capita income in the year 2020 on the basis of market exchange rate was recorded at $4053 annually and on the basis of purchasing power parity, it was $12537 annually, which was more than double of that of India. If we talk about human development, according to the Human Development Report of the United Nations (2020), Sri Lanka ranked at 72nd position in the world, whereas India was at 131st position.

Sri Lanka's credit rating has been significantly lowered by international agencies, pushing Sri Lanka out of the international capital market. As a result, Sri Lanka could not reschedule its foreign borrowings. The devaluation of Sri Lanka's currency started due to the paucity of foreign exchange, and when Sri Lanka tried to curb imports, it led to shortage of commodities, especially fuel and food, causing hyperinflation. The Sri Lankan government believed that by curbing imports, foreign exchange would be saved and domestic production would be encouraged, which would also increase exports. But this could not happen and the foreign exchange reserves kept depleting further. The Sri Lankan government had to sell its gold reserves and enter into currency swap agreements with India and China to prevent any default in repayment of international debt.

Behind Sri Lanka's crisis is China's old strategy of debt trap. Not only Sri Lanka, but many more countries of the world have been trapped by China. Story starts with Sri Lanka accepting China's proposal for development of Hambantota port, without any feasibility study. Between 2007 and 2014, China gave five loans amounting to $1.26 billion for the development of this port, in the beginning at 1 per cent or 2 per cent, but later escalated to 6.3 per cent with short repayment periods. After that China invested $1.4 billion in Columbo port city project. Billions of dollars in loans have been given to Sri Lanka by China, for developing a seaport, airport, highways and power stations. By 2020, Sri Lanka's total liability to China had increased to about $ 8 billion (2020), but these projects are far from earning adequate revenues for debt servicing, even today.

We can understand that behind Sri Lanka's crisis, lies the Debt Trap Strategy of China. However, pandemic accentuated the problems further. Sri Lanka has traditionally been a tourist attraction and tourism has been contributing significantly to their foreign exchange earnings. Last year tourism revenues fell by about $5 billion due to the pandemic.

Sri Lanka suddenly decided to move towards completely organic farming, in a very irresponsible manner and chemical fertilizers were banned. Due to the ban on the import of chemical fertilizers, agricultural production was affected badly and the prices of agricultural commodities started increasing wildly. Due to this the export of tea also got affected

significantly. Although there is no harm in organic farming, but doing the same in an unmindful manner is no good. While government revenues were already declining, the Sri Lankan government's reckless reduction in direct and indirect taxes made matters even worse. Due to compulsion to increase government spending, the budget deficit widened; leading to inevitable increase in money supply, and therefore inflation.

Sri Lanka has been importing a lot of essential goods for consumption; and when imports were banned, naturally there was a shortage of food and fuel. Sri Lanka's exporting industries were also affected due to non-availability of imported raw materials and essential intermediates. Due to which Sri Lanka's exports decreased significantly. With a trade deficit of $10 billion on the one hand and huge foreign debt, including sovereign bonds, the problem of repayment of debt is nothing less than a nightmare for Sri Lanka. On top of all this, being caught in the clutches of China, condition for Sri Lanka is even more precarious. A few years ago, Sri Lanka had to undergo a worst humiliation, when they had to lease out its strategically important port Hambantota to China, but even after that there is no end to Sri Lanka's woes.

China has provided billions of dollars in loans to Sri Lanka for developing a seaport, airport, highways and power stations. While the country's debt liability to China has increased to about $ 8 billion (2020), these projects have yet to yield adequate revenues for debt servicing.

Significantly, Sri Lanka is home to a large number of Tamil people, who migrated from Tamil Nadu centuries ago. In view of the deteriorating situation in Sri Lanka, a large number of Tamil refugees are reaching the Tamil Nadu coast. Naturally, humanitarian help to them will be the priority of the Government of India and State government of Tamil Nadu. Apart from this, the government has given a credit line of $ 1 billion to Sri Lanka and has also given assistance of $ 500 million to buy essential petroleum products. Apart from this, the Sri Lankan government has sought additional assistance of $ 1.5 billion from the Indian government.

It is true that as a neighbour and friendly country, India is providing all possible assistance to Sri Lanka and it seems that this will continue in future also. But giving aid in times of crisis will not be enough. To deal with this impending crisis in front of Sri Lanka, India will also have to help them move towards a solution. It is true that Sri Lanka has applied forInternational Monetary Fund (IMF) assistance, but it is well known that IMF debt comes with conditions and those conditions are mostly against the borrowing countries. Therefore, other options will also have to be considered. The Government of India, in addition to just lending in this matter, can also try to help Sri Lanka restructure its debt.

At the global level, the international organizations will have to come united and respond to this ill-fated effort of China. In addition, the Government of India may provide humanitarian and commercial assistance to Sri Lanka, and help them with an action plan for Sri Lanka's sustainable development. For this, the revival of Sri Lanka's agriculture, apart from rescheduling of debt and repayment of the sovereign debt;help in ending instability caused by the lack of raw materials in industries, ensure availability of essential commodities for the common people; are some other contours of India's help to Sri Lanka. These endeavours can help India earning goodwill of Sri Lankan people; trapped in the clutches of China, and take it on the path of development once again. Today, when China's ill-fated strategy has been fully exposed, this is an important opportunity to defeat its Ill designs to disturb peace in Indian Ocean and remove its shadow from the region.

—Editor

Contents

इतिहास

प्राचीन भारत में गुप्तयुगीन सिंचाई व्यवस्था–डॉ० दीपा गुप्ता 7
भारत छोड़ो आंदोलन और स्त्रियों की भूमिका–डॉ० रिनी पुन्डीर; डॉ० कृष्णा कुमारी 11
किसानी विद्रोह का आरंभ -1875-76 (महाराष्ट्र के शिरूर परिवेश के संदर्भ में)–प्रा. हरिदास शंकर जाधव 15
विरमगाम के उज्ज्वल मोती छोटेलाल पारेख–चौधरी बाबूभाई अमराभाइ 20
स्वातंत्र्योत्तर काल में सिंगापुर के विकास में भारतीयों का योगदान–आशा कुमारी सिन्हा 24
जनजातियों के धार्मिक जीवन का ऐतिहासिक अध्ययन: बिहार के संदर्भ में–मोनी कुमारी 29
नूरपुर (जिला-बिजनौर, उ०प्र०) शहादत काण्ड: १६ अगस्त, १९४२–डॉ० सुरेश चन्द 34
कुली बेगार आन्दोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि–रेखा आर्या 37
मध्यकालीन भारत में इतिहास लेखन परंपरा एवं स्वरूप–डॉ० राघवेन्द्र यादव 42
औरंगजेब की धार्मिक नीति एवं उसका प्रभाव–रविन्द्र प्रताप सिंह 48
1857 की क्रान्ति में बुन्देलखण्ड की भूमिका–राम सिंह वर्मा 52
अस्पृश्यता निवारण एवं नारी जागरण में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राधा बाई की भूमिका: छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में–विनोद कुमार जांगड़े; प्रो० आभा रूपेन्द्र पाल 59
डॉ० अनन्त सदाशिव अल्तेकर के द्वारा बिहार में किए गए पुरातात्विक कार्य –अराधना झा; प्रो० (डॉ०) नवीन कुमार 64
किसान संघर्ष और मिथिला: एक संक्षिप्त अध्ययन–विवेक कुमार 'अमर'; प्रो0 मो0 नैयर आजम 69
पूर्वमध्यकालीन आर्थिक स्थिति, सामन्तवादी व्यवस्था के सन्दर्भ में–संजय कुमार शुक्ल 72
भारत के विभाजन के दौरान साम्प्रदायिक दंगे एवं महात्मा गांधी की शांति स्थापना की नीति–सदीक 76
संयुक्त प्रांत में दलित आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकर्ता व उनके विचार–अरुणेश कुमार 80

शिक्षा

पूर्व प्राथमिक शिक्षा: समस्या एवं सामाधान–डॉ० अमित कुमार पाण्डेय 86
उच्च शिक्षा की स्थिति व प्रभाव–अनिल कुमार यादव 92
स्वतंत्रोत्तर भारत में विभिन्न शिक्षा समितियाँ एवं उच्च शिक्षा का प्रसार–अरविन्द कुमार मिश्रा 96
प्राथमिक शिक्षा का महत्व एवं उद्देश्य–अरविन्द कुमार यादव 100

हिन्दी

अमेरिकी प्रवासी साहित्यकार सुदर्शन प्रियदर्शिनी कृत 'पारो उत्तरकथा उपन्यास' : स्त्री के समर्पण का दस्तावेज–सदफ इश्त्याक 105
भारत में राष्ट्रवाद के विकास में समाचार पत्रों का योगदान: एक ऐतिहासिक अवलोकन–नीति वर्मा 111

भूगोल

प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की वस्तुस्थिति -रोहतक शहर का एक अध्ययन –डॉ० जोगेन्द्र सिंह खोखर 116
दौसा जिलें में भूजल स्तर का बदलता स्वरूप–तुलसी राम सैनी; डॉ. जगफूल मीना 124

राजनीति विज्ञान

प्रतिरोधकता की अवधारणा और सुरक्षा प्रतिमान के रूप में उसकी समीक्षा–*डॉ० रजवन्त सिंह* 131

अर्थशास्त्र

अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम में नई तकनीकि का समावेश करने में शिक्षकों की वर्तमान स्थिति का अध्ययन –सुनील कुमार; डॉ० योगेश कुमार 135

समाजशास्त्र

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की सामाजिक- आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन–चम्पा साहू; तिलोचनी साहू 142

HISTORY

Veracity of 1857-Mutiny or First war of Independence—Dr. Nandan Kumar 146
Sources of Revenue Under Firoz Shah Tughluq—Moon Arif Rahman 151
Techniques of Wood Carving in Ancient India—Dr. Lalit Kishore 156
Textile Industry in Gujrat under Great Mughal though the Traveller's Account —Dr. Ravi Shankar Kumar Choudhary 159
"The Confluence of Indian Culture and Islam"—Ramesh Kumar Gupta 167
A Historical Study of Socio-Cultural Change in Pre-Independence Mithila —Dr. Madan Paswan 172
Non-Cooperation Movement in Bihar and Dr. Rajendra Prasad—Richa Rani 179
Swami Dayanand Saraswati: Pioneer of Indian Renaissance and Reformation —Dr. Anand Kumar Jha 189
Origin and Development of Tibetian Buddhism—Anuradha Jaiswal 195

ENGLISH

Existential Vision in the Novels of William Golding—Dr. Susan Udai; Bhupendra Kumar Patel 200
Gender Inequality in Khaled Hosseni's A Thousand Splendid Suns —Veeke; Dr. Mudita Agnihotri 213

COMMERCE

"Pradhan Mantri Mudra Yojana": An Accelerator for Female Entrepreneurialism —Poonam Solanki 220

POLITICAL SCIENCE

E-Governance in Chhattisgarh State: Implementation and Challenges —Dr. Ram Kishore Talware 227
Women Candidates Patterns in India (Proof from the 2009 General Political Decision) —Mrs. Amarjit Kaur 235
Socio-Political Ideas of Pandit Deendayal Upadhyaya and Integral Humanism —Dr. Sarvan Singh Baghel; Dr. Rajeev Sagar 244
Deendayal Upadhyay: Visualizing New India's Transformation —Prof. Rajnikant Pandey; Dr. Amit Kumar Upadhyay 249

ECONOMICS

Economic Growth and the Exchange Rate: A Comparative Analysis—Pummy Dahiya 258
Privatization and India's Economic Growth: A Sustainability Analysis–Dr. Sharda Nand Sahani 264

GEOGRAPHY

A Geographical Study of the Effects of Forced Migration on Human Population of Chhattisgarh—Dr. Manoj Kumar Sinha 273
Regional Planning and Infrastructure Development of Gorakhpur City–Mr. Sooraj Prakash Mishra 287
Trends of Industrial Growth in Purnea District: A Simple Analysis–Mrinal Kumar Verma 293

PHYSICS

Solar Energy As An Alternative Energy Source: Analysis in Applied Role in Sustainable Development —Dr. Seema Singh 303

प्राचीन भारत में गुप्तयुगीन सिंचाई व्यवस्था

डॉ० दीपा गुप्ता

एसोसिएट प्रो0-प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पूरातत्व विभाग, (कन्या गुरुकुल परिसर हरिद्वार), (गुरुकुल कांगड़ी समवि0वि0) हरिद्वार उत्तराखण्ड

गुप्त शासकों का शासनकाल प्राचीन भारतीय इतिहास में गौरवशाली युग का प्रतिनिधित्व करता है। कुषाण साम्राज्य के विघटन के पश्चात जिस विकेन्द्रीयकरण के युग का प्रारम्भ हुआ, वह चतुर्थ शताब्दी ईस्वी के प्रारम्भ तक चलता रहा। देश में कोई ऐसी शक्तिशाली केन्द्रीय शक्ति नहीं थी जो विभिन्न छोटे-बड़े राज्यों को विजित कर एकछत्र शासन की स्थापना कर सकती। मगध के गुप्त राजवंश में इस समय महत्वाकांक्षी महान् सेनानायकों का जन्म हुआ। फलस्वरूप सभ्यता और संस्कृति के प्रत्येक क्षेत्र में इस समय अभूतपूर्व प्रगति हुई तथा भारतीय संस्कृति के विकास को पूर्णता प्राप्त हुई। गुप्तकाल के चहुंमुखी विकास को देखते हुए ही विद्वानों ने इस काल को हिन्दू संस्कृति के ''स्वर्णयुग'' अथवा ''क्लासिकल युग'' की संज्ञा से अभिहित किया है।

आर्थिक दृष्टि से गुप्तकाल को समृद्धि एवं सम्पन्नता का काल माना जाता है। आर्थिक जीवन के अन्तर्गत कृषि का इस समय महत्व बढ़ा और कृषि भूमि का विस्तार हुआ, धान, गेहूँ, गन्ना, जूट, तिलहन, कपास, ज्वार, बाजरा, मसाले इत्यादि इस समय पर्याप्त मात्रा में उत्पन्न किये जाते थे। कृषि के महत्व के बढ़ने पर खेतों की आवश्यकतानुसार सिंचाई होना ज्ञात होता है। नारद न तीन प्रकार के सेवकों में सिपाहियों को प्रथम श्रेणी में और कृषकों को मध्यम श्रेणी में रखा है। वराहमिहिर ने कृषि को वार्ता (कृषि-पशुपालन एवं व्यापार) में प्रमुख स्थान दिया है। कालिदास ने कृषि को राष्ट्रीय समृद्धि का एक महत्वपूर्ण साधन माना है।

इस काल में राज्य की ओर से अधिकाधिक भूमि को कृषि योग्य बनाये जाने के प्रयास किये जा रहे थे, जिसके लिए राज्य द्वारा बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के उद्देश्य से कृषकों को दान कर दी जाती थी। राजकीय कर से मुक्त होने के कारण ऐसी भूमि को ग्रहण करने में कृषक अधिक रूचि लेते थे। बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने में श्रम के साथ-साथ सिंचाई की पर्याप्त आवश्यकता पड़ती थी। यही नहीं बीजों के अंकुरण तथा पौधों के संवर्धन के लिए खेत एवं फसलों की सिंचाई परमावश्यक थी। यही कारण है कि गुप्तकालीन अर्थव्यवस्था में कृषि एवं सिंचाई व्यवस्था का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रहा था।

गुप्तकाल में सिचांई के मुख्यत: दो साधन थे

1. प्राकृतिक साधन
2. कृत्रिम साधन

प्रकृतिक सिंचाई के साधनों में वर्षा, नदी, झील एवं झरने आदि प्रमख थे, जबकि कृत्रिम सिंचाई के साधन में कुंए, (कूप) नहर, तालाब, बावड़ी और जलाशय आदि प्रमुख थे। प्राचीन भारत में गुप्त काल तक आते-आते कृषकों ने प्राकृतिक एवं कृत्रिम परम्परागत जलस्रोतों में समयानुकूल पर्याप्त सुधार कर लिया था। तथा कृत्रिम साधनों को कृषकों ने प्राकृतिक साधनो की अनुकम्पा पर निर्भर न रखने के लिए व्यक्तिगत तथा सामूहिक प्रयासों के आधार पर निर्मित कर लिया था।

गुप्तकाल में सिंचाई के प्राकृतिक साधनों ने वर्षा का प्रमुख स्थान था। साधारणतया लोग सिंचाई हेतु वर्षा पर ही निर्भर करते थे। भारत के कुछ भागों में कृषि वर्षा के जल पर ही निर्भर करती थी। उन दिनों पूर्वोत्तर भी अपने दो समुद्र मानसूनों के लिए प्रसिद्ध है।

वराहमिहिर ने गुप्तकालीन भारत के कुछ भागों में होने वाली तीन मानूसूनी वर्षा और तदनुसार तीन वार्षिक फसलों ग्रीष्म, शारदीय और बासन्ती का उल्लेख किया है। पुराणों के अनुसार उस समय वर्षा के लिए विभिन्न प्रकार के यज्ञानुष्ठान किये

जाते थे। कालिदास ने भी यज्ञानुष्ठान से होने वाली वर्षा का उल्लेख किया है। मिलिन्दपन्नौह में भी हम कुछ असामयिक एवं छिटपुट वर्षा के अतिरिक्त वर्ष में तीन नियमित वर्षा का उल्लेख पाते हैं। इन क्षेत्रों की प्रमुख फसले धान, गन्ना, आदि थी जो एकमात्र वर्षा जल पर ही निर्भर करती थी पुराणों में वर्षा के महत्व का वर्णन करते हुए कहा गया है कि खेतों की सिंचाई हेतु किसी कृत्रिम यंत्र आदि की आवश्यकता नहीं थी। वर्षा के जल से ही प्रचुर मात्रा में सिंचाई होती थी।

साहित्यिक ग्रंथों में वर्षा होने का कारण इन्द्र, मेघ और सूर्य को बतलाया गया है। कामंदक ने सूर्य को वर्षा का एकमात्र कारण मानते हुए कहा कि संपूर्ण संसार की इच्छा को जानती हुई सूर्य किरणें पृथ्वी से धरोहर के रूप में जल लेकर पुनः उसे वापिस कर देती हैं। अतः सूर्य कृषकों को स्वामी है। वराहमिहिर कृषि हेतु वर्षा का बड़ा ही रोचक वर्णन करते हुए कहते हैं कि संसार का प्राण अन्न है और वह अन्न वर्षा के अधीन है। कालिदास ने तो बादल के गरजने मात्र से ही धरती के उपजाऊ हो जाने का वर्णन किया है। यदि वर्षा समयानुकूल एवं आवश्यक मात्रा में बरसें और पृथ्वी हरी भरी होकर लहला उठे तो उसका महत्व अलग ही है।

प्राकृतिक सिंचाई के साधनों में वर्षा के उपरान्त नदियों का स्थान था। ''अमरकोष'' में नदियों के बारह नाम नदी सरित, तरंगिनी, सैवीलनी, तटिनी, हदिनी, धुनी स्रोतस्वती, दीपवती, स्रवन्ती, निम्नगा, आयगा आदि नाम मिलते हैं। पुराणों में गंगा, शतुद्र तथा चन्द्रभागा आदि विविध नदियों और उपनदियों के उल्लेख मिलते हैं। जो अपने औषधि गुणों से युक्त जल द्वारा खेतों को उर्वरा अर्थात उपजाऊ बनाती रहती थी। इस प्रकार सिंचाई के साथ साथ इन नदियों के कारण भारतीय जन स्वस्थ एवं हृष्टपुष्ट भी रहते थे। कालिदास ने वर्षा के जल से परिपूर्ण तथा मौसमी नदियों और उनकी ऋतुगत स्थिति और उनके द्वारा सिंचित प्रदेशों (क्षेत्रों) का एक विस्तृत एवं रोचक विवरण दिया है। मैती ने सिंचाई के संदर्भ में वर्णन करते हुए लिखा है कि उत्तरी भारत को सिंचाई के स्रोत के रूप में निरन्तर पानी बहाने वाली नदियों का आशीर्वाद प्राप्त है।

उत्तर भारत में बहने वाली जैसे सिंधु, गंगा, यमुना, सरयू, सरस्वती, मन्दाकिनी, तमसा, वेत्रवती, गन्धवती, गन्भीरा, शिप्रा, लौहित्य अथवा ब्रह्मपुत्र इत्यादि नदियों के अतिरिक्त उड़ीसा और दक्षिण भारत में बहने वाली कुछ प्रमुख नदियों का भी कालिदास ने उल्लेख किया है। इनके नाम हैं नर्मदा, वरदा, कावेरी, ताम्रवर्णी, गोदावरी, मुरला, इत्यादि हैं। अधिक वर्षा होने पर (अनावृष्टि) नदियों में यदा-कदा बाढ़ भी आ जाया करती थी। जो आसपास के क्षेत्रों की फसलों को तत्काल नष्ट कर देती थी, परन्तु उसकी मिट्टी को इतना अधिक उपजाऊ बना देती थी कि भविष्य में उस क्षेत्र का उत्पादन प्रायः दुगुना हो जाता था।

गुप्तकाल में वर्षा एवं नदियों के अतिरिक्त सिंचाई हेतु प्राकृतिक साधनों के रूप में झीलों तथा झरनों के भी नाम मिलते हैं। इस काल में सिंचाई संबंधी व्यवस्था में झीलों का एक अहम् योगदान रहा है। कृषि की रक्षा करना राजा का महत्वपूर्ण कर्त्तव्य माना जाता था, इसीलिए सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि राज्य की ओर से सिंचाई आदि का समुचित प्रबंध किया जाता रहा होगा। गुप्तकाल में राज्य सिंचाई संबंधी व्यवस्था की ओर कितना सजग था, इसका उदाहरण स्कन्दगुप्त के जूनागढ़ अभिलेख से मिलता है, जिसके अनुसार स्कन्दगुप्त के समय में चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा निर्मित सुदर्शन झील का बाँध पुनः टूट गया। परिणामस्वरूप निकटवर्ती क्षेत्र जलमग्न हो गये। तदुपरान्त सम्राट स्कन्दगुप्त के जूनागढ़ के राज्य पाल पण्दित्त के पुत्र चक्रपालित ने विशाल धनराशि खर्च करके दो माह तक बाँध की मरम्मत का कार्य लगातार कराकर 100 हाथ लंबे तथा 68 हाथ चौड़े बाँध का पुनर्निर्माण कराया था। जब कि शक शासक रूद्रदामन प्रथम के जूनागढ़ अभिलेख (150 ई0) में उसके प्रांतीय शासक सुविशाख द्वारा निर्मित सुदर्शन झील के बांध की लंबाई 420 हाथ (लगभग 630 फुट) बतलाई गई हैं। इस प्रकार से यह स्पष्ट है कि सिंचाई के निमित्त बड़ी-2 झीलों का निर्माण ही नहीं किया जाता था बल्कि इस काल में उसके रखरखाव और मरम्मत की व्यवस्था भी की जाती थी। चीनी यात्री हवेनसांग ने भी ऐसी ही एक विशाल झील का उल्लेख किया है और उसे सिंधु, गंगा, आक्सस, सीता आदि नदियों का उद्‌गम् स्थल बताया है। यह विशाल झील संभवतः जम्बूद्वीप में स्थित थी।

इस प्रकार प्राकृतिक जलस्रोतों में वर्षा, नदी, झील एवं झरनों आदि के द्वारा भारत का केवल एक निश्चित भू-भाग पूर्वोत्तर ही सिंचित हो पाता था, क्योंकि इस भूभाग की भौगोलिक स्थिति प्राकृतिक रूप से जलस्रोतों द्वारा परिपूर्ण थी। जबकि भारत का मध्य तथा पश्चिमोत्तर खेतिहर भाग इस सुविधा से सर्वथा वंचित था। इसीलिए यहां कृत्रिम जलस्रोतों के माध्यम से ही सिंचाई व्यवस्था पूर्ण हो पाती थी। परिणामतः परती, बंजर एवं अनउपजाऊ भूमि में भी मनोवांछित कृषि संभव हो गयी थी। प्राकृतिक स्रोत चाहे कितनी भी अधिक मात्रा में थे लेकिन उनके सहारे कृषि जुए की तरह थी, ऐसी स्थिति में ही कृत्रिम

साधनों का महत्व बढ़ जाता है। कामंदक ने बिना वर्षा के ही कृत्रिम साधनों से सींचने पर अन्न उपजान वाली भूमि को प्राणियों के सुख का द्योतक माना है।

कृत्रिम जल स्रोतों में कूप (कुएं) नहर तालाब, वापी, जलाशय आदि थे जो जमीन को एक निश्चित गहराई तक खोदकर निर्मित किये जाते थे। सिंचाई के पर्याप्त साधनों की व्यवस्था करना राजा की विशेषता बतलाई गई हैं जहां पर वर्षा कम होती थी, वहां लोग सिंचाई हेतु कुंएं नहरों, तड़ागों (तालाबों) वापियों तथा जलाशयों का प्रयोग करते थे। बृहस्पति के अनुसार नवीन तालाब, बावड़ी एवं कुंए बनवाने वाला अथवा पुराने तालाब का जीर्णोद्धार कराने वाला स्वर्गलोक को प्राप्त करता है। बृहस्पति ने कुंआ बावड़ी आदि बनाने के पुण्य का वर्णन करते हुए कहा है कि ''जो कोई नया तालाब बनवाये या पुराने तालाब का खुदवाकर पुनः उसका जीर्णोद्धार करवायें, वह अपने समस्त कुल का उद्धार करके स्वर्गलोक में जा सकता है।'' बृहस्पति ने यह भी कहा है कि सिंचाई के कुंओं तालाबों आदि की देखरेख श्रेणी संगठनों को करनी चाहिए।

गुप्तकालीन कृत्रिम जलस्रोतों मं कुओं एवं नहरों का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा हैं कूप (कुएं) खोदने वाले को महावस्तु में 'कूपखनक' कहा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य साहित्यिक तथा पुरातात्विक साक्ष्यों से भी इस काल में निर्मित अनेक कुओं की पुष्टि होती है। विश्ववर्मन के जूनागढ़ पाषाण अभिलेख में गांधार के एक ऐसे कुएं का उल्लेख मिलता है जिससे जल पीने के साथ-2 आसपास के छोटे-2 खेतों की सिंचाई भी होती थी। अमरकोष में भी इस प्रकार के कुओं के उल्लेख मिलते हैं। जिन्हें अन्धु, प्रहि, कूप तथा उदपान इन चार नामों से संबोधित किया गया है। आज की भांति उन दिनों भी प्रायः कुओं द्वारा खेतों को सींचने के लिए पुखट, ओट तथा रहट आदि यंत्रों का प्रयोग किया जाता था। जिनके सहारे इनमे से पानी निकाला जाता था। अमरकोष में इन यंत्रों को ''घटीयंत्र'' कहा गया है।

नहरें भी सिंचाई का एक महत्वपूर्ण साधन थे। अमरकोष में इन्हें कर्षू कहा गया है। इन नहरों द्वारा सुदूर एवं विस्तृत फैले हुए क्षेत्रों की सिंचाई अपेक्षाकृत कम समय में ही भली-भाँति हो जाती थी। सिंचाई के अतिरिक्त इन नहरों का कृषि की दृष्टि से एक दूसरा महत्व भी था क्योंकि नदियों से निकलने के कारण बाढ़ आदि कालों में ये नदियों के जल को अपने में खींचकर बाढ़ पर अंकुश लगाकर फसलों को नष्ट होने से बचाती थी।

सिंचाई के कृत्रिम स्रोतों में तालाबों का भी विशेष महत्वपूर्ण स्थान था। तालाबों को वापी, जलाशय, जलाधार, बावली आदि अनेक नामों से संबोधित किया गया है। वर्षा के जल रोककर तथा नदियों में बांध बनाकर तालाबों का निर्माण होने लगा था। सिंचाई के साधन के रूप में कुएं से तुलना करते हुए नारद ने तालाब अथवा तड़ाग को कुएं से सौगुना अधिक महत्वपूर्ण बताया है। तालाब भी संभवतः प्राकृतिक एवं कृत्रिम दो प्रकार के होते थे। प्राकृतिक तालाब मानसून की वर्षा से जल प्राप्त करते थे तथा ग्रीष्म आदि ऋतुओं में प्रायः सूख जाते थे। कालिदास ने ऐसे अनेक वन्य तालाबों का उल्लेख किया है जो ग्रीष्मकाल में तो सूख गये थे किन्तु वर्षा आते ही पुनः जल से भर गये थे। अमरकोष में प्राकृतिक तालाबों को 'अखात' कहा गया है। कृत्रिम तालाबों को निर्मित करने का मुख्य उद्देश्य सिंचाई ही था।

सिंचाई के कृत्रिम स्रोतों मं वापियों (जो एक प्रकार से तालाब का ही रूप थी) का निर्माण भी किया गया था। जिसके माध्यम से सिंचाई भली प्रकार हो जाती थी। इन वापियों के तट पर सुन्दर छायादार वृक्ष लगवाये जाते थे। इन वापियों से पानी किसी भी प्रयोजन के लिए बाहर ले जाने हेतु इसके एक ओर पत्थर की नाली बनी होती थी जो ऊपर से लकड़ी द्वारा ढककर मिट्टी से सुदृढ़ कर दी जाती थी। संभवतः इन ढकी नालियों द्वारा पानी वापी से खेतों तक पहुँचाया जाता था।

इस प्रकार गुप्तकाल में कृत्रिम सिंचाई के साधनों में कुओं, नहरों, तालाबों एवं वापियों का एक महत्वपूर्ण स्थान रहता था। इस समय जहाँ एक ओर तड़ाग (तालाब) वापी एवं कुएं आदि का निर्माण करना पुण्यकर्म माना जाता था, वहीं तड़ाग के पानी को दूषित करने वाले के लिए कात्यायन ने दण्ड का प्रावधान किया है।

इस प्रकार उपरोक्त विवरण के आधार पर कहा जा सकता है कि गुप्तकाल में सिंचाई के प्रचुर साधन उपलब्ध थे। प्राकृतिक एवं कृत्रिम दोनों प्रकार के साधनों ने सिंचाई व्यवस्था के क्षेत्र में अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। सिंचाई के स्रोतों में प्राकृतिक स्रोत तो ईश्वरीय देन ही थी लेकिन कृत्रिम जल स्रोतों के निर्माण में धार्मिक तथा आध्यात्मिक भावना लोगों को प्रेरित करती रही थी। उदाहरणार्थ-बृहस्पति का यह कथन कि जो कोई नया तालाब बनवाता है या पुराने तालाब को खुदवाकर उसका जीर्णोद्धार करवाता है, वह अपने समस्त कुल का उद्धार करके स्वर्गलोक को प्राप्त करता है। अन्ततः यही कहा जा सकता है कि तत्कालीन विद्वानों महाकवि, कालिदास, अमर सिंह आदि के वर्णन से तो सुदृढ़ सिंचाई व्यवस्था ज्ञान होता ही

है लेकिन वरहमिहिर ने प्राकृतिक एवं कृत्रिम सिचाई के विभिन्न तत्वों पर विस्तृत रूप से जो प्रकाश डाला है उससे ज्ञात होता है कि स्वर्णयुगीन भारत तक आते-2 कृषि एक उद्योग का रूप धारण कर चुकी थी।

संदर्भ

1. सेक्रेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट, पृष्ठ संख्या-134
2. बृहत्संहिता, 19/11
3. रघुवंश, 16/2
4. एस0के0 मैती, इकोनोमिक लाइफ ऑफ नार्दन इंडिया इन दि गुप्ता पीरियड, पृष्ठ संख्या-97
5. अमरकोष, 1/5-6, 1/10-13
6. एस0के0 मैती, पूर्वोत्तर, पृष्ठ संख्या 86
7. बृहत्संहिता, सस्यजातकाध्याय 2/3
8. विष्णु पुराण, 1/6-8
9. रघुवंश, 1/62
10. मिलिन्दपन्नौह, 4/1/36
11. अच्छेलाल यादव प्राचीन भारत में कृषि, पृष्ठ संख्या-221
12. कामंदक, 12/48, ''समपिवन्तो जगता मतानि जलानि भूमेरिव सूर्यपाहा:''
13. बृहत्संहिता, गृहभक्तियोगाध्याय, 4/5
14. बृहत्संहिता, गर्भलक्षणाध्याय, 1
15. मेघदूत, 11
16. अभिज्ञान शाकुन्तलम्, 6/24, रघुवंश, 18/2
17. अमरकोष-1, वारिवर्ग, 30
18. विष्णुपुराण, 2/3/10-18, सर्वदानन्द पाठक, विष्णुपुराण का भारत, पृष्ठ संख्या-117
19. भागवतशरण उपाध्याय, कालिदास का भारत, पृष्ठ संख्या 22-23
20. सचिन्द्र कुमार मैती, पूर्वोक्त, पृष्ठ-86
21. रघुवंश, 6/42-46, मालविकाअग्निाभित्रम पृष्ठ-9, मेघदेत, 19, गौमती अभिज्ञान शाकुन्तलम्, 42, रघुवंश, 4/45, 4/50
22. जे0 फ्लीट, कार्पस इंस्क्रिप्शन इण्डिकेरम् 3, पृष्ठ सं0 60-61
23. डी0 सी0 सरकार, सेलेक्ट इंस्क्रिप्शन्स वियरिंग ऑन इण्डियन हिस्ट्री एण्ड सिविलाइजेशन, 1, पृष्ठ संख्या 170-71, वासुदेव उपाध्याय, प्राचीन भारतीय अभिलेखों का अध्ययन पृष्ठ संख्या 190-91
24. थॉमस वाटर्स, ऑन हुआन च्वांग्स ट्रेवल्स इन इंडिया, 33-35
25. दामंदक, 4/52
26. बृहस्पति, 1/62-63
27. बृहत्संहिता, 17/11-12
28. राधा गोविन्द बसाक, ए स्टडी ऑफ दि महावस्तुअवदान, पृष्ठ संख्या 40
29. जे0 फ्लीट गुप्त इन्सकृपिशन्स, पृष्ठ संख्या 76
30. अमरकोष, 9/10, 1/26
31. वही, 2/10/27, ''उद्घाटन घटीयंत्रम् सलिलोद्वाहनं पहे:''
32. अमरकोष, 3/3/222
33. ए0 एल0 यादव प्राचीन भारत में कृषि, पृष्ठ संख्या-237
34. सचिन्द्र कुमार मैती, इकोनोमिक लाइफ इन नार्दन इंडिया इन दि गुप्ता पीरियड, पृष्ठ संख्या 117
35. वासुदेव शरण अग्रवाल, मार्कण्डेय पुराण एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृष्ठ संख्या 129
36. नारदस्मृति, 1/212
37. कुमारसंभव, 12/39, रघुवंश, 19/5
38. अमरकोष, 3/27
39. कात्यायनस्मृति, 758/59
40. बृहस्पति स्मृति, 1/62
    यस्तडागं नवं कुर्य्यात पुराणं वाडपिखानयेत् क सर्वकुल मुद्धृत्य स्वर्गेलोकेमहीयते''।।

भारत छोड़ो आंदोलन और स्त्रियों की भूमिका

डॉ० रिनी पुन्डीर

एसोसिएट प्रोफेसर, कालिंदी कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी

डॉ० कृष्णा कुमारी

असिस्टेंट प्रोफेसर, कालिंदी कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी

भारत छोड़ो आंदोलन में स्त्रियों ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध एक सफलतापूर्वक अभियान का संचालन किया। यह आंदोलन एक तरह का अनोखा था। जिसमें स्त्रियों की भूमिका को और सार्थक बना दिया। ब्रिटिश सरकार को जैसे ही आंदोलन का आभास हुआ। सतर्कता पूर्वक कार्य करना आरंभ कर दियाएवं महत्वपूर्ण नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया। जिससे आंदोलन को दबाया जा सके। स्त्रियों ने इस आंदोलन की जटिलताओं को समझ लिया और आगे के कार्य संचालन का भार अपने हाथों में ले लिया।

राष्ट्रीय आंदोलन में स्त्रियों के योगदान की शुरुआत स्वदेशी आंदोलन से ही देखने को मिलता है। बीसवीं सदी के प्रारंभिक दशक में स्त्री संगठनों का गठन एवं भारतीय राजनीति में उनकी बढ़ती हुई भागीदारी ने स्त्रियों के जीवन को पूर्ण रूपेण परिवर्तित कर दिया। उनका योगदान एवं दृढ़ संकल्पभारत छोड़ो आंदोलन में सशक्त कड़ी साबित हुई ।

विश्व में हो रहे नारीवादी आंदोलनएवं महिला सशक्तिकरण का प्रभाव भारतीय स्त्रियों के राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भागीदारी के रूप में देखा जा सकता हैं। स्त्रियों में बढ़ती हुई शिक्षा के प्रति लगाव उन्हें राष्ट्रएवं राष्ट्रीयता के लिए जागरूक किया। वहीं दूसरी ओर अशिक्षित स्त्रियां भी राष्ट्रीय आंदोलन में अपना योगदान दिया। शिक्षित राष्ट्रवादी शक्तियों ने परस्पर ज्ञान का आदान-प्रदान कर एक दूसरे के प्रति पारंपरिक तरीके से शिक्षा का प्रसार किया।

देश के अलग-अलग क्षेत्रों में भी स्त्रियों द्वारा अपने अधिकार की मांग को लेकर महिला संगठनों का गठन किया गया। इन संगठनों ने महिलाओं के मताधिकार जैसे महत्वपूर्ण मांग को लेकर आवाज उठाई। प्रांतीय स्तर पर स्त्रियों ने अंग्रेजों के शोषण के विरुद्ध संगठित होकर संघर्ष करना शुरू किया ।

१८५७ के आंदोलन की शुरुआत एवं उसमें स्त्रियों की सफल भागीदारी देखने को मिलता है। भारत में स्त्रियों का स्थान सम्मानजनक रहा है। मनु स्मृति में कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता अर्थात जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहां देवता का निवास होता है। मध्यकालीन इतिहास में स्त्रियों की स्थिति में गिरावट आई उन्हें समाज में अनेकों कुप्रथाओं का शिकार होना पड़ा। जिससे उनकी अवस्था चिंतनीय हो गई। विदेशी आक्रांताओं का प्रवेश एवं कुप्रथाओं के कारण उनका जीवन अंधकारमय हो गया। शिक्षा का प्रसार एवं विभिन्न समाज सुधारको द्वारा चलाए गए आंदोलन के परिणाम स्वरुप उनमें जागरूकता आई और अपने परिस्थितियों के बदलाव के लिए संघर्ष प्रारंभ किया। अपने उन प्राचीन कालीन गौरव को प्राप्त करने के लिए जागृत हुई।

आधुनिक काल में अंग्रेजों के अन्याय के खिलाफ अनेक स्त्रियों ने संघर्ष आरंभ किया और आने वाली अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनी १८५७ के विद्रोह में रानी लक्ष्मीबाई का अंग्रेजों को दिया गया कड़ी टक्कर दूसरी स्त्रियों के लिए प्रेरणा बनी। रानी लक्ष्मीबाई की वीरता केवल स्त्रियों को ही प्रभावित नहीं किया बल्कि पुरुष स्वतंत्रता सेनानियों के लिए महत्वपूर्ण रहा।

स्त्रियों में शिक्षा का प्रसार एवं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना पर्दा प्रथा एवं सामाजिक कुरीतियों के विरोध में आवाज उठाना समाज में सकारात्मक प्रभाव को बढ़ावा मिला ।जिससे स्त्रियां अपने जीवन में पूर्णरूपेण स्वतंत्रता के

लिए समर्पित कर दिया स्वतंत्रता की जागृति से शायद ही कोई स्त्री अलग-थलग रही हो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कोई स्त्रियां प्रत्यक्ष या अप्रत्य रूप से जुडी रही। स्वतंत्रता आंदोलन में स्त्रियों के महत्व को गांधीजी ने समझा और उन्हें आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया। अपने इस नई जिम्मेदारी को बड़ी ही निर्भीकता पूर्वक पूर्ण किया ।राष्ट्रीय आंदोलन में इनका सकारात्मक भागीदारी एवं अपने अधिकारों के प्रति जागृत होना उनके मजबूत व्यक्तित्व को प्रतिबिंबित करता है।

भारत छोड़ो आंदोलन की जब शुरुआत हुई उसमें भारतीय स्त्रियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्त्रियों ने भूमिगत रहकर 4 वर्षों तक क्रांति का संचालन किया है। यद्यपि भूमिगत स्त्रियों की संख्या की दृष्टि से कम थी। लेकिन उनका योगदान अविस्मरणीय है। अरुणा आसफ अली सुचेता कृपलानी उषा मेहता सुमित मुखर्जी आदि वीरांगना है। जिनका भारत छोड़ो आंदोलन में योगदान अमूल्य है। इस आंदोलन में युवतियों एवं स्कूल की छात्राओं ने भी जोश पूर्वक भागीदारी दी। १८५१ में जन्मी सरोजिनी नायडू को स्त्री जागृति का प्रतीक माना जाता है। महिलाओं के मताधिकार के लिए उन्होंने संघर्ष किया। सरोजिनी नायडू को हिंदू मुस्लिम एकता का अग्रदूत भी कहा जाता है। कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन 1925 में उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया गया सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान जब गांधी जी को बंदी बना लिया गया था। उस समय उन्होंने धारासना के नमक भंडार पर धावा बोलने वाले 17 सत्याग्रह का नेतृत्व किया 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन 2 वर्षों के उपरांत स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्हें उत्तर प्रदेश का गवर्नर नियुक्त किया गया था।

सुचेता कृपलानी जिन्होंने अपने अध्यापिका की नौकरी को त्याग कर राष्ट्रीय आंदोलन में कूद पड़ी। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहकर अपना कार्य सफलतापूर्वक संचालित करती रही। उन्होंने अपने मिशन को सफल करने के लिए स्वयं सेवक दल की स्थापना की जिसके नेतृत्व का भार उन्होंने स्वयं अपने ऊपर ले रखा तथा राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय योगदान देती रही स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उत्तर प्रदेश की महिला मुख्यमंत्री होने का गौरव प्राप्त हुआ। उनके पति आचार्य कृपलानी भी स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण सेनानियों में से एक रहे हैं।

आसाम के कृष्णकांत बरूआ की पुत्री कनकलाता बरूआ अपने अल्पायु में ही देश के लिए एक मिशाल स्थापित की भारत छोड़ो आंदोलन का प्रचार प्रसार जब भारत के कोने-कोने मैं फैल रहा था। दिग्गज नेताओं को जेल में डाल दिया गया उस समय आजाद ज्योति प्रकाश अग्रवाल ने तेज पुर के कचहरी पर 19 सितंबर 1942 को तिरंगा फहराने का निर्णय लिया कनकलाता बरूआ ने अपनी मंजिल के रूप में देश की स्वतंत्रता संग्राम को चुना। स्वतंत्रा सेनानियों की जत्था को लेकर जैसे-जैसे थाने के करीब पहुंच रही थी। उनके तिरंगा फहराने के मिशन में एक प्रकार से होर मची हुई थी। कनकलाता बरूआ जैसे ही तिरंगा लेकर आगे बढ़ी वैसे ही जुलूस पर गोलियों की बौछार कर दी गई।। कनकलाता बरूआ को गोलियां लगी और वे स्वतंत्रता संग्राम के एक वीर सिपाही अपने जीवन की आहुति देकर सदा के लिए अलविदा कह गई।

अरुणा आसफ अली का जन्म एक बंगाली परिवार में हुआ था वह क्रांतिकारी नेता थी जिन्होंने 1941 में व्यक्तिगत सत्याग्रह में भाग लिया तथा जेल जाना पड़ा 1942 के आंदोलन में एक महत्वपूर्ण नायिका के रूप में देखा जाता है मुंबई के ग्वालियर टैंक मैदान में राष्ट्रीय झंडा फहराया। वह भूमिगत रहकर आंदोलन के नेतृत्व करती रहीस अंग्रेज उनके क्रांतिकारी कुशल नेतृत्व से परेशान होकर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए वारंट जारी किया सलेकिन उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया फलस्वरूप दिल्ली सरकार द्वारा उनकी संपत्ति जप्त कर ली गई सगांधी जी ने भी उनके साहस और वीरता के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अपने रचनात्मक कार्यों के द्वारा देश की सेवा करती रही।

भारत भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गुप्त रेडियो का संचालन उषा मेहता द्वारा कुशलतापूर्वक किया जाता रहा 14 अगस्त 1942 को इसका प्रथम प्रसारण किया गया और नवंबर में जप्त कर लिया गया नवंबर में अंग्रेजों द्वारा इसे बंद करा दिया गयास उषा मेहता को 4 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई गई।

बीसवीं सदी के राष्ट्रीय आंदोलन में स्त्रियों ने जहां बढ़ चढ़कर भाग लियास जुलूस का आयोजन करना धरना देना प्रदर्शन आंसू गैस अंग्रेजों द्वारा लाठीचार्ज को झेलना इत्यादि शामिल है सउसकी जगह बहुत सारी ऐसी महिलाएं थी जिन्होंने राष्ट्रीय

आंदोलन में अपनी लेखनी के द्वारा लोगों को जागृत कियास सुभद्रा कुमारी चौहान ऐसे ही ऐसी ही शख्सियत हैं सजिन्होंने अपनी लेखनी के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया उनके गुणों एवं सेवा भाव तथा देश के प्रति प्रेम की अनुभूति उनके साथ सानिध्य प्राप्त स्त्रियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना ।जीवन पर्यंत सशक्तिकरण के लिए अपने लेखनी का उपयोग करती रही।

अंग्रेजों ने जन आंदोलन को समाप्त करने के लिए दमनकारी नीति का सहारा लिया और उसे खत्म करने में सफल भी हो गए सलेकिन आंदोलनकारियों ने आंदोलन के लिए एक नया रास्ता को चुना सभूमिगत आंदोलन का सहारा लिया गया एवं देश के विभिन्न हिस्सों में जाल की भांति फैलाव करना शुरू कियास भूमिगत आंदोलन के नेता इसे राष्ट्रीय स्तर पर सामने लाने में सफल रहेस भूमिगत आंदोलन नेताओं का कार्य था मुख्य रूप से अंग्रेजों द्वारा में लाने वाले टेलीफोन की तारों को काटना फूलों रेल की पटरी की बर्बादी करना धन इकट्ठा करना एवं क्रांतिकारियों के बीच उसे वितरण करना था भूमिगत आंदोलन 1942 तक सफलतापूर्वक चलता रहा।

स्त्रियों ने अंग्रेजों द्वारा प्रतिबंधित साहित्य का वितरण एवं रेडियो द्वारा खबरों का प्रसारण, पैम्फलेट तैयार करना इत्यादि महत्वपूर्ण कार्य में अग्रणी भूमिका निभाई। उषा मेहता जिन्होंने सूचना प्रसारण को जन आंदोलन को प्रेरित करने का माध्यम माना। उन्होंने विट्ठल भाई झावेरी. बाबू भाई खांकर और राम मनोहर लोहिया जैसे नेताओं के साथ मिलकर मुंबई में एक स्वतंत्र रेडियो की स्थापना की जिससे प्रसारण 1942 तक सफलतापूर्वक होता रहा। भारत छोड़ो आंदोलन में वह स्थान जहां जुलूस एवं प्रदर्शन करना असंभव था। वहां भी स्त्रियों एवं छात्राओं ने सक्रिय प्रदर्शन किया जैसे आसाम के कुछ हिस्से मेरठ, वध र्ा, सागर और मद्रास प्रेसिडेंसी एवं उत्तर पश्चिमी प्रांत बन्नू। इस आंदोलन में अपने योगदान के दौरान बड़ी संख्या में स्त्रियों को जेल जाना पड़ा जिससे उनके पारिवारिक जीवन भी प्रभावित हुआ ।लेकिन इस जेल यात्रा के दौरान उन्हें एक अलग दुनिया की जानकारी प्राप्त हुई। उन्हें पहली बार आपराधिक मामलों में सजायाफ्ता स्त्रियों से बातचीत करने का अवसर मिला। वे स्त्रियां जो इस पितृसत्तात्मक समाज की उत्पीड़न से ऊबकर जाने अनजाने में अपराध किया हो उनके प्रति सहानुभूति एवं एक स्त्री हमदर्द की तरह व्यवहार करना सीखा।

स्त्रियों ने अपने को क्रांतिकारी आंदोलन में भी जोड़कर गुप्त रूप से कठिनता पूर्वक कार्य किए। यद्यपि क्रांतिकारी आंदोलन में जोड़ने के लिए स्त्रियों को पुरुषों द्वारा हतोत्साहित किया गया। लेकिन स्त्रियां कठिन परिस्थितियों में भी क्रांतिकारी दल का गठन किया। उन्होंने गुप्त रूप से प्रतिबंधित पुस्तकों का अध्ययन किया। 20 अप्रैल 1927 को हुए चटगांव शस्त्रागार छापे में प्रीति लता वाडेकर और कल्पना दत्त जैसी स्त्रियों को उत्साहित किया एवं उन्होंने इससे प्रेरित होकर क्रांतिकारी गतिविधियों में ज्यादा सक्रिय भागीदारी निभाई।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाली स्त्रियां सोवियत रूस से भी बहुत प्रभावित थीं। उन्होंने भारत मेंवामपंथ ध ारा को मानने वाले कम्युनिस्ट पार्टी में भी शामिल हुई ।बाम के हिमायती संगठन जो 1940 के दशक में अपना प्रगतिशील लेखक संगठन और भारतीय नाटशाला संघ, इस संगठनों में स्त्रियों की भागीदारी कई गुना बढ़ गईप्रेखा जैन, राशीद जहां, इशमत चुगताई जैसी कई अन्य स्त्रियां नाटक कला संगीत एवं साहित्य के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। अपने कार्यकर्ताओं और किसानों को संगठित करने के लिए सांस्कृतिक समारोहों का इस्तेमाल करती थी। भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ जोड़कर देखने से यह पता चलता है कि 1940 के दशक में स्त्रियों की भागीदारी एक सशक्त शक्ति के रूप में सामने आई।उन्होंने किसान आंदोलन और ट्रेड यूनियन आंदोलन में भी भाग लिया विधायक के चुनाव में खुद उम्मीदवार के रूप में खड़ी हुई एवं मतदान भी किया सरोजिनी नायडू राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बनी। 1937 के लोकप्रिय मंत्रीमंडलों में कई महिलाएं मंत्री एवं संसदीय सचिव रही तथा स्थाई प्रशासन में भी अपना प्रतिनिधित्व प्रदान की ।यद्यपि नारी उद्धार के लिए मुख्य रूप से पुरुषों ने प्रयास शुरू किया। लेकिन 1920 के बाद स्त्रियों ने कई संस्थाओं एवं संगठनों की शुरुआत की जिसमें भारतीय महिला सभा की स्थापना द्वारा नारी आंदोलन के विकास की प्रक्रिया में बहुत तेजी आई। 19वीं सदी के अंत से ही स्त्रियों में जागरूकता आनी शुरू हो गई थी और स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने एवं स्वतंत्रता के बाद भी राजनीति में हिस्सेदारी की कोशिश बनी रही।

संदर्भ ग्रंथ

1. अयोध्या सिंह भारत का मुक्तिसंग्राम नई दिल्ली 1910
2. आरसी मजूमदार हेमचंद्र चौधरी एवं एवं काली किंगकर दत्त भारत का वृत्त वृहत इतिहास भाग 3 मिलन प्रकाशन 1997
3. एस एल नागोरी एवं कांता नागोरी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं का योगदान सुरभि पब्लिकेशंस जयपुर 1997
4. ई एम एस नंबूद्रीपद भारत का स्वतंत्रता संग्राम ग्रंथ शिल्पी 2004
5. सचिन राय भारतीय राष्ट्रवाद एवं इतिहास लेखन की प्रवृतियां अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर प्राइवेट लिमिटेड
6. आरएन शुक्ला आधुनिक भारत का इतिहास हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय 2001
7. नीरा देसाई ऊषा ठक्कर भारतीय समाज में महिलाएं एनबीटी 2017
8. बिपिन चंद्रा आधुनिक भारत का इतिहास ओरियंट ब्लैकस्वान 2019
9. सुमित सरकार आधुनिक भारत राजकमल प्रकाशन 2001
10. नेमीशरण मित्तल भारतीय पुनर्जागरण में अग्रणी महिलाएं मानस पर उभरी स्मृतियां एनबीटी 2005

किसानी विद्रोह का आरंभ -1875-76 (महाराष्ट्र के शिरूर परिवेश के संदर्भ में)

प्रा. हरिदास शंकर जाधव

विभाग प्रमुख, इतिहास तथा प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्वशास्त्र,
चांदमल ताराचंद बोरा महाविद्यालय, शिरूर, जि.पुणे (महाराष्ट्र)

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

पुणे जिले के पूरब का इलाका यानी शिरूर तहसील। इस तहसील के पश्चिम में भीमा और वेल आदि नदियां, पूर्व में घोडनदी, पारनेर तथा श्रीगोंदा तहसील, उत्तर में खेड़ और आंबेगाँव तहसील और दक्षिण में दौड़ तथा पुरंदर तहसील हैं।

शिरूर तहसील की भूमि में प्रागैतिहासिक काल से लेकर आधुनिक काल तक अनेक ऐतिहासिक संदर्भ से लैस है। तहसील की घोडनदी के तट पर इनामगाँव में अशमयुगीन मानव के औजार और प्राणियों के जीवाश्म प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा सबसे अहम बात, महाराष्ट्र के किसानों के आद्य उपनिवेश के ताम्र-पाषाण युगीन अवशेष इनामगाँव में मिलने के कारण शिरूर तहसील की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत लगभग 3500 हजार सालों तक पीछे चली जाती है। 17 वीं सदी में छत्रपति शिवाजी महाराज ने महाराष्ट्र में स्वराज्य की स्थापना की। महाराज के इस स्वराज्य स्थापना के कार्य में शिरूर इलाके के अनेकों ने अपना योगदान दिया है। छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापति नेताजी पालकर का मूल गाँव तांदली भी शिरूर तहसील में है और आज भी नेताजी की कोठी जीर्णावस्था में शिवकालीन इतिहास की गवाही देती है। विशेषत: शिवाजी महाराज पर अफजल खान के हमले का जब संकट आया था, तब तलेगाँव के ढमढेरे सरदारों ने शिवाजी महाराज से मिलने राजगढ़ जा रहे कान्होजी जेधे के परिवार-बिरादरी को तलेगाँव में आश्रय दिया था। इसी ढमढेरे घराने के सरदारों ने बाद में पेशवाओं के शासनकाल में भी पानीपत के युद्ध तक अपना योगदान दिया था। पेशवा दौर का विख्यात मराठा सरदार पवार घराने की जागीर भी शिरूर तहसील के मलठन और कवठे में थी। इन पवार सरदारों ने पानीपत के बड़ी वीरता का प्रदर्शन किया था। बाजीराव पेशवा (प्रथम) ने इसी इलाके के जवला गाँव की जागीर सोमवंशी घराने को दी थी।

ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के दौर में शिरूर तहसील को सेना की दृष्टि से असाधारण महत्व प्राप्त हुआ। ब्रिटिशों ने सन 1802 में मुधोजी घोरपड़े को दो हजार घुड़सवारों का दस्ता रखने की अनुमति दी थी। जब तक ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में रहेगी तब तक शिरूर में घोरपड़े का दस्ता रहने वाला था। घोरपड़े के इस घुड़सवार दस्ते के कारण शिरूर तहसील और इलाके को सामरिक दृष्टि से महत्व प्राप्त हुआ था। यहाँ के इलाके के सामाजिक जीवन पर इस दस्ते का बड़ा प्रभाव पड़ा। युवाओं को नौकरियाँ और अपनी मर्दानगी साबित करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। सन 1818 में पेशवाराज का अस्त हो गया। इसके लिए ब्रिटिशों ने शिरूर की सेना का बड़ी कुशलता से इस्तेमाल किया। इसके बाद शिरूर में ब्रिटिश सैनिकी छावनी की स्थापना हुई।[1] कैप्टन स्टॉटन ने कोरेगाँव की लड़ाई के लिए कर्नल बर के आदेश के अनुसार पहली बॉम्बे नेटिव इन्फेंट्री में से दूसरी बटालियन, दो तोपें और 250 घुड़सवार ले जाने का साक्ष्य मिलता है।[2]

करड़े: 1875 के किसान विद्रोह का उगम

पुणे इलाके में भीषण अकाल ने अपना जबड़ा खोला था। गाँव-देहातों में हाहाकार मचा हुआ था। कर्ज की चक्की में पीसा हुआ किसान अब अकाल के कारण और ज्यादा विकल हो गया था। ऐसे में साहूकारों ने उसे और ज्यादा परेशान करना शुरू किया था। कर्ज चुकाने का साधन फसल थी, लेकिन इस साल फसल आयी ही नहीं थी। तगाई लगाकर जब शिवराई तक

नहीं मिली, तब साहूकारों ने किसानों पर दावे ठोकना शुरू किया। हुक्मनामा हाथ आते ही किसान को अवधि दी जाती और उस अवधि में पैसे न मिलने पर तुरंत फौजदारी दाखिल होकर उसी दिन किसान की रवानगी पुलिस कोठरी में हो जाती।

कई किसान कैदखाने में बंद हुए। हालाँकि साहूकारों का यह हमेशा का हथकंडा था। लेकिन इस साल अकाल से डर कर उन्होंने अपनी नीति जरा अधिक सख्त कर ली थी। इनमें से कई किसान अपने बाप-दादाओं के जमाने से चला आ कर्ज चुका रहे थे। इसके लिए वे अपनी खेती-बाड़ी, जानवर-मवेशी, यहाँ तक कि बीवी-बच्चे भी साहूकार के पास गिरवी रखते थे। खेती की खड़ी फसल अपने हाथों से काटकर उन्होंने साहूकारों के घर भरे थे और खुद भूखे पेट दिन गुजारे थे। लेकिन सालों से जी-तोड़ मेहनत करने के बावजूद कर्ज चुकता नहीं हो रहा था, बल्कि बढ़ता ही जा रहा था। अगली पीढ़ी भी उस कर्ज को चुकाते-चुकाते हड्डियाँ गलाने वाली थी। साहूकारों द्वारा किया जाने वाला जुल्म किसानों को दिखाई दे रहा था, लेकिन डर के मारे वे कभी कानून का दरवाजा नहीं खटखटाते थे। क्योंकि सरकार के मुलाजिम ब्राह्मण कर्मचारी साहूकारों के ही भाई-भतीजे थे। और कंपनी सरकार का राज चले जाने पर उन्हीं से पाला पड़ने वाला था। सुधरे हुए अंग्रेजी राज्य में कानून था, लेकिन न्याय किसान के हित में नहीं था। असली दुर्दशा किसान की ही हो रही थी। समय पड़ने पर अन्य काश्तकार भी उसे कर्ज देकर लूटने की भूमिका निभाते थे।

पूरा लुट जाने के बाद भी लगान देना संभव नहीं होता था। इसके लिए दुबारा साहूकार के पैर पकड़ने पड़ते थे। उदार बनकर साहूकार आवश्यक रकम जरूर देते थे, लेकिन इस साल साहूकारों वह रकम भी देने से मना कर दिया। सरकारी लगान तो हर हाल में चुकाना था। आसमानी संकट की अपेक्षा सुलतानी संकट असहनीय हो गया था। सारे उपाय खत्म हो चुके थे और आखिर में सैकड़ों वर्षों से दबा असंतोष का उद्रेक हुआ। किसान विद्रोह का ज्वालामुखी फूट पड़ा।

किसान विद्रोह का पहला विस्फोट शिरूर तहसील में करड़े गाँव में हुआ। बाबा साहब देशमुख नामक परंपरागत पाटील की जायजाद पर वहाँ का मारवाड़ी साहूकार कुर्की लाया। उसकी गिरफ्तारी का हुक्म भी उसने प्राप्त किया। बाबा साहब देशमुख कोई सामान्य असामी नहीं थे। शिंदे सरकार में उनकी ऊँचे ओहदे की नौकरी थी। नौकरी से अवकाश ग्रहण करने के बाद वे अपने गाँव में बस गए थे। इस तरह यह शिंदे सरकार का सम्मानित अधिकारी भी कर्ज में डूबा था। बाबा साहब ने साहूकार से बिनती की। अपने निजी मंदिर से भगवान विठोबा के गहने गिरवी रख दिए। लेकिन नियत अवधि में वे कर्ज चुका नहीं पाए। अवधि खत्म होते ही साहूकार ने दुबारा कुर्की लाकर भगवान के गहने हड़प कर लिए। बाबा साहब की सहनशीलता खत्म हुई और उसी दिन उसने साहूकार के विरुद्ध विद्रोह का झंडा बुलंद किया। बाबा साहब ने सारे किसानों को आवाज दी। कर्ज से पीड़ित किसान तत्काल उनसे जा मिले। साहूकारों का बहिष्कार हुआ। गाँव में उन्हें कुछ भी सामान मिलना मुश्किल हो गया। उनकी मदद के लिए भी कोई राजी नहीं था। लोग उनके घरों में कुत्ते-बिल्लियों की लाशें ले जाकर फेंकने लगे। साहूकारों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। लोग इतने क्रुद्ध हुए कि साहूकारों को पुलिस का सहारा लेना पड़ा; लेकिन इससे स्थति और ज्यादा बिगड़ गई। पुलिस का हस्तक्षेप होते ही लोग और ज्यादा क्रुद्ध हुए।

करड़े गाँव में उभरा यह विद्रोह एक बहुत बड़े जंगलदाह की चिनगारी बना। देखते-देखते शिरूर तहसील सुलग उठा। सरकारी अधिकारी और पुलिस के बीच-बचाव से शिरूर तहसील अभी शांत भी नहीं हुआ था कि उधर सुपा में किसानों का विद्रोह भड़क उठा। साप्ताहिक बाजार के लिए इकट्ठा हुए किसानों ने साहूकारों की दुकानों पर धावा बोल दिया। एक मारवाड़ी के घर में आग लगा दी। अनेकों के घर जमींदोज कर दिए। पाए गए सारे दस्तावेज और गिरवीनामे आग के हवाले कर दिए गए।

अब यह विद्रोह 'दस्तावेज-फाडू' विद्रोह के रूप में पहचाना जाने लगा। इंदापुर-पंढरपुर इलाके में भी विद्रोह की आग फैल गई। उधर थोड़ी-बहुत शांति हुई नहीं कि तभी शिरूर तहसील में दुबारा हिंसक दंगे शुरू हुए। न्हावरा के दंगे में एक मारवाड़ी मारा गया। गाँव-गाँव में साहूकारों को जान से मार डालने का सिलसिला शुरू हुआ। किसानों ने साहूकारों का घमंड उतारने का निश्चय किया। हथियारबंद टोलियाँ गाँव-गाँव घूमने लगीं। रात में-तड़के अचानक साहूकारों के घर पर छापे पड़ते। समझाने पर भी दस्तावेज नहीं मिलते तो उस साहूकार समेत उसका घर जला दिया जाता। वारदात की तफ्तीश के लिए गए दारोगा पर भी जान बचाकर भागने की नौबत आती। अनेक जगहों पर साहूकारों को घरों में बंद कर मार डाला गया। कई बार साहूकार खुद ही अपने विनाश को निमंत्रण देते। हुजूम से डरकर दरवाजे-खिड़कियाँ बंद कर लेते। परिणामत: अपने हाथों अपने घर

में आग लगा लेते। नीमभाट में किसानों ने मारवाड़ी साहूकारों के नाक काट दिए। करहाटी में मारवाड़ी का अनाज से भरा घर लूटा गया। किसान विद्रोह की आग फैलती जा रही थी। पूरी भीमा नदी की घाटी में फैलकर वह आग अब हवेली तहसील में घुसी। मारवाड़ी साहूकारों के साथ-साथ ब्राह्मण साहूकारों पर भी हमले हुए। साहूकारों के छिपने के लिए जगह नहीं बची।

सरकार प्रयासों की पराकाष्ठा कर रही थी। लेकिन दंगे नियंत्रण में आ नहीं रहे थे। क्रोध से बेकाबू हुए किसान पीढ़ियों से हुए अत्याचारों का बदला ले रहे थे। आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तारियाँ शुरू कीं। सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस कोठरी में डाल दिया गया। विद्रोह का नेता होन्या कोली पकड़ा गया। धीरे-धीरे सरकार ने परिस्थिति पर काबू पाया, लेकिन इसका श्रेय पुलिस को नहीं था, बल्कि सरकारी अधिकारियों ने किसानों की शिकायतें सुनने और उन्हें क्षतिपूर्ति देने का आश्वासन दिया था। तब जाकर किसानों का गुस्सा ठंडा हुआ था।

किसानों की समस्याओं पर विचार करने के लिए सरकार ने तुरंत समिति नियुक्त की, विद्रोह शांत हुआ; लेकिन असंतोष पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। भीतर ही भीतर वह धधकता रहा।

शिरूर तहसील की यह लड़ाका प्रवृत्ति बाद में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विभिन्न आंदोलनों में मुखर रूप से दिखाई देती है। सन 1857 में भारत में ब्रिटिशों के विरोध में बड़ा विद्रोह हुआ। स्वातंत्रवीर सावरकर के अनुसार यह विद्रोह यानी भारतीयों का पहला स्वतंत्रता संग्राम था। इस विद्रोह से ईस्ट इंडिया कंपनी की सत्ता समाप्त हो गई और भारत की सत्ता के सूत्र ब्रिटिश पार्लमेंट के पास चले गए। लेकिन किसान संबंधी नीतियों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। सरकार की नीतियों के कारण किसान कर्ज में डूबने लगे। धनिक वर्ग में साहूकार वर्ग सबसे दुष्ट था। उसे कानूनी सुरक्षा प्राप्त थी। कर्ज की सुरक्षा के लिए किसानों के द्वारा उसके पास जमीन गिरवी रखी जाती थी। साहूकारों की शोषक भूमिका के बारे में मार्क थॉर्नहिल लिखता है, ''शासन के कानून के कारण फर्जी दस्तावेज और झूठे गवाह आदि बातों के साथ-साथ उनकी खाताबहियाँ और कब्जे की वस्तुएँ भी उनकी सफलता के लिए उपयुक्त साबित हुई। ऐसी अनुकूल परिस्थिति के कारण साहूकार का शोषक लालच और ज्यादा पुष्ट होता गया।''[3] प्रतिवर्ष न्यायालय के आदेशानुसार अनेक जायदादों की नीलामी की जाती थी। आश्चर्य की बात यह कि कर्ज का भुगतान न होने के कारण ऐसी नीलामियाँ होती थीं। लेकिन कर्ज की रकम सालोंसाल किसान के द्वारा ब्याज समेत चुकाने के बावजूद अज्ञान और अशिक्षा के कारण किसानों को जमीन से मालिकाना हक गँवाना पड़ता था। सर सैयद अहमद खान यह निष्कर्ष निकालते हैं कि ब्रिटिश शासन के प्रारंभिक कुछ दौर में इस प्रकार की अनेक जायदादों की नीलामी के कारण भारतीय समाज में प्रचंड उथल-पुथल मची।[4] परिणामत: सरकार की इस साहूकारपरस्त नीति के कारण भारत में अनेक जगहों पर छोटे-बड़े विद्रोह हुए। इन विद्रोह में शिरूर तहसील में प्रारंभ हुआ किसानों का विद्रोह अत्यंत महत्वपूर्ण है। सन 1875-76 में महाराष्ट्र के पुणे और अहमदनगर जिलों में अकाल पड़ गया था। इस अकाल के निवारण के संदर्भ में ब्रिटिश शासन के पास कोई ठोस नीति न होने के कारण गवर्नर जनरल सर रिचर्ड टेंपल ने इस इलाके के लोगों को सहायता देने से मना कर दिया। पहले से साहूकारों के कर्ज के कारण किसान संकट में फँसा था। एक ओर सरकार की अकाल संबंधी उदासीनता और दूसरी ओर साहूकारी कर्ज का बढ़ता बोझ। ऐसी दोहरी स्थिति के कारण किसानों की अवस्था अत्यंत दयनीय हुई।[5] इसलिए ऐसे किसानों ने साहूकारों के विरोध में आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन को 'दक्खन के दंगे' नाम से संबोधित किया जाता है। इस संदर्भ में Report of the Commission Appointed in India के प्रतिवेदन में निम्नलिखित संदर्भ मिलता है-

> "The First open indication of the spirit of hostility against the Marwari money lender&which led to the riots was shown by the inhabitants of the village of Kardeh]in the Sirur Taluka of the Poona collectorate] at the end of 1874- "[6]

इसी घटना के संदर्भ में 27 जनवरी 1975 के ज्ञानचक्षु अखबार में प्रकाशित एक अनामिक के पत्र से अग्रलिखित जानकारी उपलब्ध होती है-

> "The village of Kardeh in Taluka Sirur] originaly belong to Raste- One Babasaheb Deshmukh Live in this village- One of his Sowkars] by a name Kalooram Marwari] obtained decrees against him from the court at Talegaon] and in satisfaction thereof put the Deshmukh*s house for sale by a public auction and purchased it himself for Rs- 150- In December 1874 the plaintiff commenced to pull down the house] when the defendant requested him not to do so] and promised to the debits at his Convenience- Defendant also agreed to pay rent for the house during its occupancy] but the plaintiff did not

listen to his proposal and refused to put a stop to the pulling down of his house- Defendant took a heart these proceedings of the sowkar] and he collected together the village riots and resolved that as the Marwaris have commenced to run them] it would be better neither to borrow from them nor to serve them or purchase anything from them in future- This unanimous resolution of the villagers put the Marwaris Sachiram Pratap] Shivram and one or to others to the greatest inconvenience for want of servants & Co- They therefore proposed to remove themselves to Sirur with the aid of the Police by 5th January 1875- When the Marwari*s bad loaded their carts with their goods and things the villagers submitted a petition to the Sircar (Government) that is they had given grain to the Marwaris they should not be allowed to live the village until the Government assessment has been paid by them-"[7]

विद्रोह की व्याप्ति

योजना के अनुसार नूरपुर के चारों ओर से देशभक्तों ने नूरपुर की ओर प्रस्थान करना शुरू किया जिसमे एक जुलूस फीना की ओर से श्री चन्द्रपाल सिंह एवं श्री क्षेत्रपाल सिंह के नेतृत्व में, दूसरा जुलूस गोहावर की ओर से सर्व श्री परवीन सिंह, रिक्खी सिंह, नारायण सिंह एवं किशोरी सिंह के नेतृत्व में तथा तीसरा जुलूस डॉ० राजकुमार के नेतृत्व में ताजपुर से नूरपुर की ओर आ रहा था।'[3] स्थानीय पुलिस ने फीना की ओर से आ रहे जुलूस को लाठी चार्ज करके तितर बितर करना चाहा परन्तु जुलूस में शामिल लोगों में उत्साह इतना था कि वे डरे नही तथा पीछे न जाकर इधर उधर से निकलकर थाने पहुंच कर अन्य जुलूसों का इंतजार करने लगे। दूसरा जुलूस गोहावर की ओर से एवं तीसरा जुलूस ताजपुर की ओर से जब नूरपुर थाने पर पहुंचा तो लगभग १५ हजार से अधिक आजादी के दीवानों की भीड़ वहाँ एकत्रित हो गयी।'[4] उस समय वहाँ उपस्थित सभी लोग जोश में थे वे सभी सामूहिक स्वर में आजादी के गीत गा रहे थे तथा सभी के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था तथा हर किसी की यही ख्वाहिश थी कि वह पहला व्यक्ति हो, जो थाने पर तिरंगा फहराये।'[5] हालांकि जान की बाजी लगाकर थाने पर तिरंगा फहराने की कसम खाई गई थी परन्तु वास्तव मे तो जुलूस का उद्देश्य थाने पर शांतिपूर्ण तरीके से ही तिरंगा फहराकर वापस चले जाने का था। इसीलिए नूरपुर के वैद्य जगनन्दन प्रसाद तथा ताजपुर के डॉ० राजकुमार थाने के दरोगा से यह बात करने गए कि जुलूस थाने पर तिरंगा फहराने के बाद वापस चला जायेगा परन्तु थानेदार इस बात के लिए तैयार नहीं हुआ। थानेदार ने कुछ स्थानीय लोगों को भी झूठी कहानी बताकर कि भीड़ नूरपुर को लूटने आई है अपनी ओर कर लिया तथा निहत्थे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने पीछे ढकेलना शुरू किया जिससे काफी लोगों को चोटें भी आई। जब भीड़ नहीं हटी तो पुलिस ने लाठियां बरसानी शुरू कर दी परन्तु भीड़ लगातार नारे लगा रही थी 'भारत माता की जय' 'इन्कलाब जिन्दाबाद' 'महात्मा

गांधी की जय' आज हमारा फैसला है-थाने पर तिरंगा लहरायेंगे। लाठी मारते मारते जब पुलिस थक गई तो उसने हवाई फायर करने शुरू कर दिए, फायरिंग करने से लोग तितर बितर तो अवश्य हुए पर डरे नहीं इसी बीच कुछ युवाओं ने तिरंगा हाथ में लेकर थाने की दीवार पर चढ़ना शुरू कर दिया, तब पुलिस ने निशाना साधकर गोली चलाई जिससे गुनियाखेड़ी के श्री परवीन सिंह का शरीर छलनी हो गया तथा वे गिर पड़े, दूसरी गोली अस्करीपुर के श्री रिक्खी सिंह को लगी उन्हे पुलिस ने थाने में खींच लिया। तीसरी गोली ढेली अहीर के श्री मुंशीराम को लगी तथा गोहावर के श्री नत्थू सिंह भी पुलिस की गोलियों से लहूलुहान हो गये। श्री रिक्खी सिंह को पुलिस जेल अस्पताल ले गई जहाँ उनकी मृत्यु हो गई।'[6]

श्री परवीन सिंह की लाश को पुलिस ने कहीं ले जाकर जला दिया। श्री रिक्खी सिंह की लाश को भी पुलिस उनके परिजनों को नहीं देना चाहती थी तब जिला जेल में बन्द लगभग ३०० कैदियों के हड़ताल करने पर श्री रिक्खी सिंह के पार्थिव शरीर को उनके परिजनों को दिया गया।'[7] बिजनौर जेल में बन्द चांदपुर के इरफान साहब ने रिक्खी सिंह की याद में एक नज्म लिखी थी जो इस प्रकार है-

रिक्खी यह मरना मुबारिक, यह मरना मुबारिक
तू कहना जाकर यह हमारे खुदा से,
बड़े कष्ट में हैं बन्दे तुम्हारे
हुकूमतें मक्कार अँग्रेजियो की,
इसे गर बदल दो मेहर हो तुम्हारी।'[8]

इसके पश्चात अगले दिन से ही पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सभी गाँवो में घर घर जाकर लोगों को पीटना तथा गिरफ्तार करना शुरु कर दियाअनेकों स्थानों पर पुलिस ने लूटपाट भी की तथा व्यक्तिगत सामान की तोडफोड़ की। 'सन बयालीस का विद्रोह' नामक पुस्तक जिसे गोविन्द सहाय जी (एम० एल० ए० एवं पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी, संयुक्त प्रांतीय सरकार) ने लिखा तथा नवयुग साहित्य सदन इंदौर ने प्रकाशित किया के पृष्ठ संख्या २०६ पर लिखा है कि 'फीना नामक ग्राम में ८० गोरखे सैनिकों ने लोगों को पीटा और उनके घरों को तबाह किया' गोहावर नामक ग्राम में पुलिस ने लूटपाट की और स्त्रियों के आभूषण उतार लिए गये। गोपालपुर गाँव लूटा गया। अखेड़ा और मनकुआ गाँव मे पुलिस ने लोगों को लूटा।'[9] नूरपुर की इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र के अधिकतर गॉवों में जब अपने अत्याचार बन्द नही किए तो इसे रोकने के लिए श्री गोविन्द सहाय जी एवं प्रदेश के अन्य प्रमुख नेताओं ने जिले के कुछ जिम्मेदार लोगों को बुलाकर मुरादाबाद में बातचीत की तथा इस बातचीत के बाद एक इश्तहार निकाला गया जो जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक बिजनौर को भेजा गया, इस इश्तहार का शीर्षक एवं मजमून इस प्रकार था।'[10]

आम जनता को न सताओ

नूरपुर में जो कुछ किया हमने कियाऔर हम गिरफ्तार होना इसलिये नही चाहते,क्योंकि हम इस सरकार को सरकार नहीं समझते, हम इस सरकार को हटाना चाहते हैं। हम हैं:-

नारायण सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, भूप सिंह, चन्द्रपाल सिंह, डॉ०भारत सिंह

नूरपुर प्रदर्शन के सिलसिले में ३२ आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया गया, सभी पर कुल मिलाकर ६००० रुपये जुर्माना किया गया। गिरफ्तार होने वालों में सर्वश्री अमीरी सिंह एवं ईश्वरी सिंह चौहान (नि०-जैत्रा धामपुर), श्री उमराव सिंह (नि०-जटपुरा), सर्व श्री कल्लन खां, कृपाशंकर 'लावारिस', बुद्धू सिंह, एवं जगनन्दन प्रसाद वैद्य(नि०-नूरपुर), सर्व श्री जयदेव सिंह, दलीप सिंह, बसन्त सिंह, महाराज सिंह, शेर सिंह, भारत सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, रघुनाथ सिंह ऊर्फ रग्घु, रघुवीर सिंह, रणधीर सिंह, रामस्वरूप सिंह, रामस्वरूप चौहान एवं होरी सिंह (नि०- फीना), सर्व श्री जसराम, मुंशीराम, भूप सिंह, लीलापत एवं पतराम सिंह (नि०-ढेली अहीर), सर्व श्री नरेंद्र सिंह, बलभद्र सिंह एवं जयदेव (नि०अथाई अहीर), सर्वश्री मेघराज सिंह एवं नौबहार सिंह (नि०-जाफराबाद), सर्व श्री किशोरी सिंह, नारायण सिंह एवं गणेश सिंह (नि०-गोहावर), सर्व श्री पीताम्बर सिंह एवं सम्पूर्ण सिंह (नि०-ताजपुर), सर्व श्री सुखदेव एवं कल्लू सिंह उर्फ सुक्खन सिंह (नि०-अस्करीपुर), श्री बहाल सिंह (नि०-गोपालपुर), श्री लाला (नि०-हरगांव चन्दन) इन सभी मे से ३२ व्यक्तियों को नूरपुर काण्ड के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था शेष को १९४२ के आंदोलन की गुप्त कार्यवाही करने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार

व्यक्तियों को लोअर कोर्ट द्वारा ६-६ साल की सजा हुई परन्तु सेशन कोर्ट के यहाँ अपील में १६ लोग दोषमुक्त हो गए, बाकी को २-२ साल की सजा सुनाई गई। यह केस इलाहाबाद हाईकोर्ट तक गया। हाइकोर्ट ने उन पाँच कार्यकर्ताओं को जिनके नाम जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक को भेजे गये इश्तहार में थे यह कहते हुए निर्दोष करार दिया कि ऐसा उन्होंने आम जनता को पुलिस के अत्याचार से बचाने के लिए किया, शेष को न्यायधीशों ने भुगती हुई सजा को काफी बताकर दोषमुक्त कर दिया।इस प्रकार २४ अप्रैल, १९४४ तक सभी गिरफ्तार देशभक्तों को जेल से रिहा कर दिया गया।'[11]

नूरपुर थाने पर जिस स्थान पर परवीन सिंह एवं रिक्खी सिंह को पुलिस द्वारा गोली मारी गई थी, उस स्थान पर उनकी स्मृति में एक शहीद स्मारक बनाया गया तथा प्रतिवर्ष १६ अगस्त को उनकी याद में एक मेला लगता है। पूरे जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वहां एकत्रित होते हैं तथा ठीक समय पर एक श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया जाता है।

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेलें,
वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा।

१६ अगस्त, १९९५ को मैं वहाँ गया तथा देखा कि पूरे जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वहाँ काफी वृद्धावस्था के बावजूद अधिकतर संख्या में उपस्थित हुए गोविंद सहायजी के पुत्र क्रान्ति कुमार, एवं कुंवर सत्यवीर भी वहां पधारे तथा शहीद परवीन सिंह की विधवा श्रीमती सरूप देई के बारे में इस बात पर विचार हो रहा था कि उन्हें स्मारक के पास ही एक घर बना कर दे दिया जाए ताकि वे अपनी पति के स्मारक पर आजीवन दिया जला सकें, क्योंकि परवीन सिंह के शहीद होने के कुछ समय पूर्व ही उनकी शादी हुई थी वे तब तक नि:संतान थीं।

सन्दर्भ-सूची

1. स्वतन्त्रता संग्राम के सैनिक, जिला बिजनौर, सूचना विभाग उ०प्र० (लखनऊ-1969), पृष्ठ-45
2. सुमन, चरण सिंह: स्वाधीनता संग्राम के वीरों की गाथा, सुमन प्रकाशन (धामपुर-1989), पृष्ठ-21
3. स्वत्रंत्रता संग्राम के सैनिक, जिला बिजनौर, ऑप. सिट. पृष्ठ-211.
4. श्री किशोरी सिंह पुत्र-श्री हरदेव सिंह, निवासी-गोहावर(हल्लू),तहसील-धामपुर(बिजनौर) के व्यक्तिगत साक्षात्कार दिनाँक 04-07-1993 से उद्धृत।
5. वही।
6. स्वतन्त्रता संग्राम के सैनिक, जिला बिजनौर ऑप. सिट. पृष्ठ-124.
7. श्री महेश सरन गर्ग पुत्र-श्री अशर्फी लाल वैश्य निवासी-157,मौहल्ला-साहूवान चांदपुर, बिजनौर के व्यक्तिगत साक्षात्कार दिनाँक 03-07-1993 से उद्धृत।
8. उपरोक्त वर्णित साक्षात्कार के दौरान श्री महेश सरन गर्ग निवासी चांदपुर द्वारा अपने हाथ से लिखकर दी गई इरफान चाँदपुरी नज्म।
9. सहाय, गोविन्द: सन् बयालीस का विद्रोह, नवयुग साहित्य सदन, इंदौर-1946, पृष्ठ-206.
10. स्वतन्त्रता संग्राम के सैनिक जिला बिजनौर ऑप. सिट. पृष्ठ- 22 .
11. वही, पृष्ठ-V.

कुली बेगार आन्दोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

रेखा आर्या

शोध छात्रा, इतिहास विभाग, डी0एस0बी0 परिसर, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड

शोध सारांश–भौगोलिक दृष्टि से कुमाऊँ की स्थिति देश के अन्य भागों से भिन्न थी औपनिवेशिक शोषण का स्वरूप भी यहॉ अन्य क्षेत्रों से भिन्न था ब्रिटिश शासन के प्रारम्भिक वर्षो से ही यहॉ के ग्रामीण क्षेत्रों में छिटपुट विद्रोह होते रहते थें किसी रूप में राष्ट्रीयता की भावना से प्रेरित नहीं थे उनका मकसद मात्र अपने ऊपर किये गये अत्याचारों का विरोध करना था इन छिटपुट आन्दोलनों को एक संगठानात्मक रूप देने का प्रयत्न भी सर्वप्रथम ऐसे व्यक्तियों के द्वारा किया गया जो उन अत्याचारों और शोषण से पूर्णत: अनभिज्ञ थे जिनकी प्रतिक्रिया स्वरूप आन्दोलनों का उदय हुआ था उस समय देश के अन्य भागों की अपेक्षा कुमाऊँ में सुगम मार्गो और यातायात के साधनों के अभाव के कारण एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाना तथा समाना ले जाना अत्यधिक कठिन था जिससे की यहॉ कुली प्रथा का प्रचलन हुआ। आरम्भ में शारीरिक दृष्टि से कमजोर व्यक्तियों के समान को समक्ष व्यक्तियों द्वारा ढोने के लिए बनी यह प्रथा धीरे –धीरे गरीबों पर अमीरों और शासन वर्ग का प्रभुत्व स्थापित किया। कत्यूरियों, चन्दों और गोरखों के राजतन्त्रात्मक शासन में तो इस अमानीय प्रथा का होना कोई महत्वपूर्ण बात न थी लेकिन लोकतन्त्र की समर्थक तथा आधुनिक सभ्यता की समर्थक ब्रिटिश सरकार द्वारा ऐसी अमानवीय दास प्रथा का पोषक असहनीय था वही ब्रिटिश सरकार के समय कुली प्रथा अपनी चरम सीमा पर पहुॅच गई और कुली बेगार, कुली उतार, कुली बर्दायश, के तीनों रूपों में कुली प्रथा ने अत्यन्त अमानवीय स्वरूप धारण कर लिया था अत: प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य कुली बेगार आन्दोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को जानने के साथ इस कुप्रथा पूर्ण प्रथा की समस्याओं के उन्मूलन में आन्दोलन के योगदान के अध्ययन व महत्व पर प्रकाश डाला गया है और कुली बेगार आन्दोलन के प्रभावों का उल्लेख किया गया हैं।

कुंजी शब्द–कुली बेगार, ऐजेन्सी, प्रथा, बागेश्वर, कुमाऊँ

प्रस्तावना–कुली बेगार के बारे में जानने से पहले बेगार क्या होता हैं उस का आशय किया हैं बेगार का इतिहास उतना ही पुराना है जितना की मानव जाति का इतिहास ऐसा माना जाता है कि विश्व के प्रत्येक देश में बेगार प्रथा किसी न किसी रूप में प्राचीन काल से ही थी। वैदिक काल में राज्य सभाओं में दासों से बेगार ली जाती सामन्त व जमीदार भी करिन्दों से बेगार लेते थे। स्वतन्त्र भारत के कुछ प्रान्तों में बेगार प्रथा जारी रही। उत्तराखण्ड भी बेगार प्रथा से नहीं बच पाया कत्यूरी, चन्द, और गोरखाओं के समय बेगार प्रथा अधिक बढ़ गयी। बेगार शब्द का अर्थ हैं किसी व्यक्ति से बिना कोई रकम दिये बिना ही काम या श्रम कराना। 1815 में अंग्रेजो ने कुमाऊँ में अपना अधिकार कर लिया। ब्रिटिशों ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी के समय ही (अंग्रेजी सरकार) के द्वारा बेगार प्रथा को एक नया नाम दे दिया जिसे की कुली बेगार या कुली उतार प्रथा कहा जाने लगा था।

शोध पत्र के उद्देश्य–प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य कुली बेगार आन्दोलनों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना और कुली बेगार आन्दोलन का योगदान एवं इसके महत्व को समझना हैं।

ऑकड़ों का संग्रहण एवं शोध अध्ययन विधि–प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीयक आंकड़ों का प्रयोग किया गया हैं साथ ही कुली बेगार आन्दोलनों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण पुस्तकों, शोध पत्रों, पत्रिकाओं, आदि की सहायता से प्राप्त की गई हैं प्रस्तुत शोध पत्र में वर्णानात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध अध्ययन विधियों का प्रयोग किया गया हैं।

व्याख्या एवं विश्लेषण–ब्रिटिश काल में कुली प्रथा अत्यधिक प्रचलित हो गयी थी। कुली प्रथा ने अपने तीन रूपों में कुलीबेगार, कुली उतार, कुली बर्दाश्य में विभक्त हो गई।

कुली बेगार–कुली बेगार मजबूरन में मजदूरी रहित श्रम था। यहाँ के ग्रामवासियों को अनेक अधिकारियों, सैलानियों, सैनिको, सामूहिक दलों, शिकरियों की यात्रा व आने जाने के वक्त उनका समान ढोना होता था साथ ही उनके विभिन्न पड़ावों पर अनेक तरह की वस्तुओं व सामग्री का इतंजाम करना होता था।

कुली उतार–कुली उतार से ताप्तर्य हैं कि उतर कर नीचे आना। समान ढुलान में ग्रामीण क्षेत्रों के काश्तकार दलों में एकजुट होते थे। इस कारण से इन्हें उतार कहा जाने लगा। कुलियों के सिर व पीट पर बोझा रखा जाता था। झाड़ू, पाट, गोमांस, कुत्ते, कमोड़, अंड़े, मुर्गी आदि और इन समानों के अतिरिक्त महिलायें, बच्चे, व नौकरों, तक को ले जाना होता अगर कभी कोई हानि हो जाती जैसे–अण्डे, टूटने तथा मुर्गी के मर जाने आदि पर कठोर दण्ड दिया जाता था।

कुली बर्दायश–कुली बर्दायश फारसी भाषा के बर्दायश से हैं जो कि बोझ को उठाने साथ सारे कामों को करने से है। जो पहाड़ों में सरकारी कर्मचारियो, सैलानियों, सैनिकों व विभिन्न दलों के लिए सत्तू, सब्जी, मसाला नमक, तेल, चीनी, घी, घास, लकड़ी, पराल, आदि की व्यवस्था करना और साथ में कपड़े धोना, लकड़ी काटना, बर्तन धोना, टैन्ट लगाना, साफ–सफाई के सारे काम की व्यवस्था करता था।[1] बीसवीं शताब्दी के समय कुमाऊँ के लोगों में राजनीतिक चेतना का विकास हो जाने से कुली बेगार व कुली उतार के विरोध में जनता में आकोश बढ़ने लगा। जनता का ऐसा आक्रोश देखकर के हल्द्वानी के कुमाऊँ परिषद अधिवेशन में दो वर्ष में ही कुली बेगार, कुली उतार, व कुली बर्दाशय प्रथाओं का अन्त करने का निर्णय लिया गया।[2]

बीसवी शताब्दी के आरम्भ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा बेगार के विरोध में निर्णय दियें जाने से प्रान्तीय विधायिका और स्थानीय समाचार पत्रों में उठ रहे बेगार विरोधी आन्दोलन को बल मिला था और समस्या के निवारण के लिये शिष्ट मण्डलों के डिप्टी कमिश्नर से मिलने तथा ज्ञापनों को शासन तक भेंजने का क्रम भी आरम्भ हुआ प्रशासनिक स्तर पर बेगार को संशोधित करते हुए इसे जीवित रखने के भी प्रयत्न किये गये। सुधारवादियों ने इस प्रश्न पर सरकार से सीधे टकराव की नीति को न अपनाकर पर्वतीय अंचल के कृषक वर्ग की समस्या के हल के लिए कुली एजेन्सी की स्थापना का विचार दिया गया।[3]

औपनिवेशिक शासन में स्थानीय समस्याओं से अवगत कराने का काम अल्मोड़ा अखबार ने किया। अपने शुरूआती दौर में अल्मोड़ा अखबार औपनिवेशिक सरकार की गतिविधियों और उदार नीति को दर्शाता था। लेकिन इस पत्र ने ब्रिटिश शासन की कुनीतियों व भष्ट्राचार से पहाड़ के लोगों की अभिव्यक्ति के रूप में काम किया। अल्मोड़ा अखबार ने कुमाऊँ की समस्याओं कुली बेगार, जंगलात बन्दोबस्त, भष्ट्रनौकर शाही, मद्य निषेध, स्त्री शिक्षा, व सामाजिक कुरीतियों पर लेख लिखे थे।गढ़वाली ने अपने पत्र में लिखा हैं कि अल्मोड़ा अखबार ने अपने 1913 के अंक में लिखा कि अल्मोड़ा के लोगों के द्वारा कुली बेगार के विषय में लिखा व आवेदन पत्र कमिश्नर को दिया लेकिन कमिश्नर ने पत्र का निराशजनक उत्तर पत्र के द्वारा ही जनता को दिया। इस उत्तर से अल्मोड़ा अखबार ने ऐजन्सी रिपोर्ट में लिखते हुआ कहा कि कुली बेगार को बनाये रखना भारतीय सभ्यता पर चाँद के दाग के समान हैं।[4]

कुली बेगार आन्दोलन पर अल्मोड़ा अखबार बार–बार अपनी लेखनी से बेगार के विरूद्ध अपने लेखों को लिखा साथ ही अपने पत्र में कुली बेगार पर प्रहार करते हुये 14 जुलाई 1913 के अंक में लिखा–कि बेगार के इस सवाल ने हमको बेजार कर दिया है। यह सवाल जंगताल की परेशानियों से अधिक पीड़ा दायक हैं अत: जंगलात का सवाल तो धन से हैं लेकिन कुली बेगार में तो स्वयं की मानहानि हैं। आज की बींसवी शताब्दी में दक्षिण अफ्रीका के असभ्य तथा अमेरिका के हब्शी उन्नति के शिखर पर पहुँचने का प्रयास कर रहे हैं तथा सभ्य के स्वत्वों को हासिल करने को लगातार उद्योग करते जा रहे। कुमाऊँ के सभ्य तथा शिक्षा से भरपूर देश के लोगों को कुली कहा जाना कैसा अपमानजनक हैं।

अल्मोड़ा अखबार 1914 में बागेश्वर के मकर संक्रांति के मेले में कुली बर्दाशय के बारे में लेख का प्रकाशन किया। सरकारी विरोध के बाद भी कुली बेगार पर लिखता रहा। अल्मोड़ा अखबार ने 18 फरवरी 1918 के अपने अंक में एक सैनिक के बूढ़े पिता का मार्मिक पत्र का प्रकाशन किया। जिसे की कुली ऐजेन्सी के खुल जाने पर परेशान किया जा रहा था।[5]

कुली एजेन्सी के संदर्भ में विचार पं0 गिरिजाप्रसाद नैथानी ने देते हुए इुस के साथ अनिवार्य रूप से स्थायी कुलियों की स्थापना किए जाने की इच्छा व्यक्त की थी। सन् 1907 में में श्रीनगर में स्थानीय लोगों ने डिप्टी कमिश्नर को इस संदर्भ में ज्ञापन भी दिया। इसी अवधि में नैथानी ने एक पत्रक गढ़वाल के गांव–गांव में भेजा जिससे स्पष्ट रूप से कहा गया कि

सैलानियों के लिए कुली एजेन्सी कायम की जाए और भ्रमण करने वाले अंग्रेज अधिकारियों के लिए स्थायी कुलियों की व्यवस्था की जाए। नैथानी ने इस ज्ञापन को डिप्टी कमिश्नर तक पहुॅचाने के लिए तहसीलदार जोधसिंह नेगी को उचित माध्यम बनाया। किन्तु जोधसिंह नेगी ने स्थाई कुलियों का प्रश्न छोड़कर एजेन्सी की स्थापना की बात की। वही 1908 में जोधसिंह नेगी ने स्थाई कुली एजेन्सी की स्थापना कि।[6]

1916 में कुमाऊँ परिषद का गठन किया। कुमाऊँ परिषद के संस्थापक बद्रीदत्त पाण्डे, हरगोविन्द पन्त, गोविन्द बल्लभ पन्त, मोहन जोशी, चन्द्र लाल साह, प्रेम बल्लभ पाण्डे, इन्द्र लाल साह, आदि ने अल्मोड़ा अखबार में अपने तीव्र लेखों को लिखा।[7] स्थानीय समाचार पत्रों ने बेगार के अत्याचारों के रूप को जनता के सामने लाने का प्रयास किया हर पत्र ने अपने प्रत्येक अंक में बेगार प्रथा के विरूद्ध लेख, टिप्पणियाँ लिखी और अपने पत्रों में ग्रामीणों के पत्र भी प्रकाशित किये जाने लगे। इन पत्रों में से एक शक्ति था जिसके सम्पादकीयो, लेखों, व पाठकों ने विशेष योगदान दिया। कुली प्रथा शीर्षक लेख में शक्ति ने लिखा हैं कि–अब वह समय नहीं रहा कि जब संसार में किसी भी रूप में दासत्व रहे। यह निन्दनीय प्रथा, जिसने कुमाऊँ के दीन ग्राम वासियों को बर्बाद कर के रखा हैं जल्दी की समाप्त हो जानी चाहिए।

शक्ति ने बेगार से सम्बन्धित टीका–टिप्पणीयों व लेखों से लोगों के उत्साह को बढ़ाया एवं कुमाऊँ के ग्रामवासियों के कष्ट शीर्षक से सम्बन्धित कुमाऊँनी पत्र में लिखा था–

कुली देने के बदले जानबूझ कर कोई किसी को बाध्य नहीं कर सकता। जो लोग खुशी से बोझा ढोना का काम करना चाहते है उनको मकान में जाने से लेकर मकान की वापसी तक 10 हर दिन के हिसाब से खाने को दिया जाना चाहिए और बोझ तोल कम से कम 20 सेर से ज्यादा न हो व वह आधा बोझ नही कहा जाए।

अनेक पत्रों, निवेदनों, प्रार्थनाओं, व लेखों से जब सरकार पर कोई असर नहीं हुआ तो शक्ति पत्र के कार्यकर्ताओं नें गांवों में जाकर लोगों में चेतना का प्रसार करते हुए उन्हें विरोध करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण क्षेत्र चामी गाँव में कुली बेगार की प्रथम घटना घटी। बागेश्वर मेले से पहले 1 जनवरी 1921 को चामी गांव में 400 स्वयंसेवकों ने और नेताओं ने एक सभा कि जिसमें बागेश्वर के मेले को विशाल आन्दोलन बनाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक शामिल होने तथा कुली उतार नहीं देने की बात कि गई।[8] शक्ति पत्र के संपादक ब्रदीदत्त पाण्डे ने कुली बेगार के विषय बेगार उठा दो में लिखा कि–

भाइयों! बेगार , कुली उतार, बर्दाशय देना नाजायज है, गैर कानूनी है, नौकरशाही का अन्याय है। अब यह देना कतई बंद कर दो, कुमाऊँ परिषद ने यह प्रस्ताव पास किया है।[9]

1921 में बागेश्वर में कुली बेगार के विरूद्ध आंदोलन हुआ शक्ति ने इस आन्दोलन को स्वाधीनता का संग्राम कहा इस समय गौर्दा के द्वारा लिखा–

मुल्क कुमाऊँ का सुणि लिया यारों
झन दिया कुली बेगार
चाहे पड़ी जै डंडै कि मार
झेल हुणी लै होवी तयार
तीन दिन रत्ते बेर मिल आना चार
आँखों देखुनी फिर जमादार
घर कुड़ि बांजि करि छोड़ि सब कार
हांकि लिजांछ माल गुंजार।

गया गीत का प्रकाशन किय।[10] गढ़वाल में कुली बेगार आन्दोलन के तीन नेता थे चमोली में अनुसूया प्रसाद बहुगुणा, पौड़ी में मथुरा प्रसाद नैथानी तथा लैन्सडौन में बैरिस्टर मुकुन्दी लाल।[11]

1920 में तारादत्त गैरोला का पत्र छपा था जिसमें कुली बेगार के विकल्प के रूप में कुली एजेन्सियों का समर्थन किया गया और कहा था कि कुली एजेन्सी हमारे मजदूर संघ, हमारा स्वराज्य ही नही बल्कि हमारी कामधेनु हैं। गढ़वाली पत्र ने आरम्भ में ही कुली बेगार पर लिखा था। पत्र ने कुली बेगार की समस्याओं को कम करने के लिए कुली ऐजेन्सी खोलने का सुझाव दिया।[12]

गढ़वाली पत्र ने पौड़ी गढ़वाल में बनी कुली ऐजेन्सी आन्दोलन के स्वरूप में कहा। तरूण कुमाऊँ पत्र का भी प्रहार शक्ति की तरह ही था। इस पत्र ने अंग्रेजों के कुलियों पर किये गये अत्याचारों व आन्दोलकारियों का कुली प्रथा के विरूद्ध लेखों को लिखा। तरूण कुमाऊँ ने कुली बेगार आन्दोलन में जिला अधिकारी के विरोध के बाद ए0 डी0 एम0 के लिपिक पद से इस्तिफा देने वाले केशर सिंह रावत पर विभिन्न महत्त्वपूर्ण लेखों एवं कविता को प्रकाशित किया गया। कुली बेगार आन्दोलन में अपना सहयोग देने वाले मुकुन्दी लाल तरूण कुमाऊँ पत्र के संपादक थे। मुकुन्दी लाल ने स्थानीय लोगों को कुली न देने को कहा साथ ही कुली बेगार का घोर विद्रोह किया।94 शक्ति के समकालीन पत्रों में गढ़वाली तथा पुरूषार्थ और तरूण कुमाऊँ आदि समाचार पत्रों ने कुली बेगार पर अपने लेखों को लिखा था।[13]

कुमाऊँ में इस प्रथा का बहुत विरोध किया गया बी0 डी0 पाण्डे, हरगोविन्द पन्त, मोहन सिंह एवं चिरंजीलाल जैसे नेताओं ने इस आन्दोलनों को नेतृत्व प्रदान किया। हेनरी रामजे जैसे लोकप्रिय किमश्नर ने भी सोमेश्वर पट्टी के लोगों पर कुली बर्दाश्य में असर्मथता व्यक्त करने पर दण्ड लगाया था।[14] 13 जनवरी 1921 को बागेश्वर में उत्तरायणी मेले के अवसर पर सभी लोगों को शामिल होने का आग्रह किया था।[15] पूरे कुमाऊँ में समाचार दे दिया गया कि उत्तरायणी मेले के अवसर पर सरयू नदी के तट पर कुली बेगार, कुली उतार, व कुली बर्दायश का अंत कर दिया जायेगा।[16] 12 जनवरी को कुली उतार के विरोध में नारे लगाते हुए कर्ताकर्त्ती बागेश्वर के बाजार से जूलूस को निकालते हुए सरयू नदी के तट पर बहुत बड़ी सभा में बदल गया। वही अलग-अगल स्थानों से 15 से 20 हजार तक के लोगों के समूह को हरगोविन्द पन्त, मोहन जोशी, रामदत्त, मोहन सिंह मेहता आदि में शामिल कर दिया।[17] बागेश्वर में लाल झण्डा बनाया गया उस पर सफेद अक्षरों से लिया कुली उतार बन्द करों उस समय कुमाऊँ के डिप्टी कमिश्नर डायबिल ने 21 ब्रिटिश सिपाहियों, 50 पुलिस सैनिकों के साथ तथा 5 सौ गोलियों को लेकर बागेश्वर गये और आन्दोलकारियों पर गोलियाँ चलाने को कहा। ब्रदीदत्त पाण्डे ने बागेश्वर में हजारों जन समूह के साथ सरयू नदी के तट पर शपथ लेकर कुलियों के लिखे नामों से युक्त सरकारी रजिस्टरो को सयूर में प्रवाहित करके समस्त कुमाऊँ से कुली बेगार, कुली उतार, कुली बर्दाश्य कुप्रथाओं को समाप्त करने समाचार दे दिया।[18]

निर्ष्कष

अतः यह कहा जा सकता हे कि कुली बेगार प्रथा के समय समाज बेगार को निन्दनीय प्रथा के रूप में देखता था निः सन्देह बेगार दासता का प्रतीक होने के उपरान्त भी दासता नही थी न ही इसे अर्ध दासता और न ही बंधवा मजदूरी ही बताया गया। अपने आप में बेगार न पूरी तरह सामन्तशाही का द्योतक थी और न ही उपनिवेशवादी। यह मूलतः ऐसा बलपूर्वक श्रम था जिसकी मजदूरी सामान्यतः नही दी जाती थी। अथवा नाममात्र की दी जाती थी यह प्रथा सामन्तीय और आंग्ल युग दोनों प्रकार के शासकों में समान रूप से र्प्रचलित थी इसें ब्रिटिश शासक ने अत्यन्त बोझिल तथा यातनापूर्ण बना दिया था और धीरे-धीरे यह प्रथा अपनी चरमसीमा तक पहुँच गई। वही कुछ बुद्धिजीवी व्यक्तियों ने इस प्रथा पर अनेक पत्र-पत्रिकायें व लेख छापे एवं भाषण दिये गये इन व्यक्तियों के द्वारा ही कुली बेगार आन्दोलन को शुरू किया गया और समस्त जनता के सहयोग के साथ ही इस कुली बेगार प्रथा का अन्त किया गया।

सन्दर्भ -सूची-

1. साह, डॉ0 ज्योतिः शक्ति के तीन दशकः प्रकाशन पहाड़ परिक्रमा तल्ला डांडा, नैनीताल 2009ः पृ0सं0-27
2. पाण्डे, आर0 के0, रस्तोगी, आर0 के0ः उत्तराखण्ड का इतिहास एवं संस्कृतिः प्रकाशन संजीव, मेरठः पृ0सं0-102
3. गुसाई, एम0 एस0ः उत्तराखण्ड का इतिहास एक नवीन मूल्यांकनः प्रकाशन ऑनलाइन ग्रन्थ द इन्डलेस टेल, लखनऊः 2018ः पृ0सं0-112-113
4. शेखर पाठकः पहाड़ -18ः प्रकाशन परिक्रमा तल्लाडांडा, नैनीतालः 2013ः पृ0सं0-113
5. साह, डॉ0 ज्योतिः शक्ति के तीन दशकः प्रकाशन पहाड़ परिक्रमा तल्ला डांडा, नैनीताल 2009ः पृ0सं0-20
6. धस्माना, डॉ0 योगेशः उत्तराखण्ड में जन -जागरण और आन्दोलनों का इतिहास (ब्रिटिश गढ़वाल का समकालीन सामाजिक -राजनीतिक परिदृश्य, 1815-1947)ः बिनसर पब्लिशिंग कंपनी देहरादूनः 2006 पृ0सं0-11-114
7. डबराल, शिव प्रसादः उत्तराखण्ड का इतिहासः भाग-8ः पृ0सं0-112
8. साह, डॉ0 ज्योतिः शक्ति के तीन दशकः प्रकाशन पहाड़ परिक्रमा तल्ला डांडा, नैनीताल 2009ः पृ0सं0-28-30
9. पाण्डे, ब्रदीदत्तः बेगार उठा दो, शक्तिः प्रकाशन परिक्रमा तल्लाडांडा, नैनीतालः 30 मार्च 1920ः पृ0सं0-11

10. पाण्डे, गिरजा, भाकुनी, हीरा सिंह: हिमालयी इतिहास के विविध आयाम: हिन्दी बुक सेन्टर नई दिल्ली: 2013: पृ0सं0-237
11. गुसाई, एम0 एस0: उत्तराखण्ड का इतिहास एक नवीन मूल्यांकन: प्रकाशन ऑनलाइन ग्रन्थ द इन्डलेस टेल, लखनऊ: 2018: पृ0सं0-280-281
12. गुहा, रामचन्द्र: द अनक्वाइट वुड्स: कामर्शियल फारेस्टी एण्ड सोशल प्रोटेस्ट इन द हिमालय, दिल्ली: 1980: पृ0सं0-104
13. साह, डॉ0 ज्योति: शक्ति के तीन दशक: प्रकाशन पहाड़ परिक्रमा तल्ला डांडा, नैनीताल 2009: पृ0सं0-32
14. गुसाई, एम0 एस0: उत्तराखण्ड का इतिहास एक नवीन मूल्यांकन: प्रकाशन ऑनलाइन ग्रन्थ द इन्डलेस टेल, लखनऊ: 2018: पृ0सं-281
15. रावत, अजय: हिस्ट्री ऑफ फॉरेस्ट्री इन इण्डिया: दिल्ली, 1991: पृ0सं0-302
16. पाण्डे, आर0 के0, रस्तोगी, आर0 के0: उत्तराखण्ड का इतिहास एवं संस्कृति: प्रकाशन संजीव, मेरठ: पृ0सं0-113
17. साह, डॉ0 ज्योति: शक्ति के तीन दशक: प्रकाशन पहाड़ परिक्रमा तल्ला डांडा, नैनीताल 2009: पृ0सं0-31
18. पाण्डे, आर0 के0, रस्तोगी, आर0 के0: उत्तराखण्ड का इतिहास एवं संस्कृति: प्रकाशन संजीव, मेरठ: पृ0सं0-108-109

मध्यकालीन भारत में इतिहास लेखन परंपरा एवं स्वरूप

डॉ० राघवेन्द्र यादव

सहायक आचार्य, इतिहास विभाग, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला (हि.प्र.)

भारत में प्राचीन काल सें लोक प्रचलित धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं से समाज को अवगत कराने तथा ऐतिहासिक रूप देने के लिए प्राचीन भारत में इतिहास लेखन की चरित परम्परा का प्रारंभ हुआ। इतिहास लेखन के सतत विकास के चलते मौर्य काल तक इतिहास और अधिक परिपक्व हो गया। मौर्य काल में इतिहास लेखन की परम्परा का प्रमुख व्यक्ति चाणक्य है। चाणक्य ने इतिहास के प्रमुख अंगों के रूप में पुराण, इतिवृन्तम, आख्यायिका, उदाहरण, धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र आदि को समाविष्ट किया है।[1] चाणक्य के अर्थशास्त्र में उल्लिखित है कि इतिहास लेखन के लिए एक अलग विभाग की स्थापना की गई थी।[2]

अशोक के टोरागुड़ी लघु शिलालेख में 'करणिक' नामक अधिकारी की चर्चा है जो सम्भवत: लेखा अधिकारी था।[3] मौर्यकाल तक परिपक्व हो चुकी इतिहास लेखन की परम्परा गुप्तकाल के आते-आते और अधिक समृद्ध हो गयी। 7वीं शताब्दी के आरंभ में बाणभट्ट द्वारा रचित 'हर्षचरित', तत्कालीन इतिहास में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इसमें पुष्यभूति वंश के, उत्तर भारत के सम्राट हर्षवर्धन के जीवन का संपूर्ण विवरण दिया गया है। वाणभद्द हर्षचरित की भांति कश्मीरवासी कवि कल्हण की कृति 'राजतरंगिणी' में कश्मीर के इतिहास लेखन का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह कृति सन् 1148 ई. से 1149 ई. के मध्य लिखी गई इसमें काव्य एवं इतिहास का सुन्दर समन्वय प्रस्तुत किया है।[4]

भारतीय इतिहास लेखन में नया मोड़ दिल्ली सल्तनत की स्थापना के साथ आया जिसमें अरबी एवं ईरानी इतिहास लेखन की नई परम्परा प्रचलित हुई। इस काल में भारत की परम्परागत परंपराओं के साथ-साथ इन भाषाओं का मेल होने से इतिहास लेखन में एक नई परंपरा विकसित हुई जिसमें देशी और विदेशी लेखन शैली दोनों ही साथ-साथ चलने लगी। समयानुकूल पुरानी परंपरायें अपना रूप बदलती चली गई और अब भारतीय इतिहास लेखन धीरे-धीरे क्षेत्रीय इतिहास लेखन को विशेष बल देने लगा। जिसके प्रमाण हमें चंद्रशेखर की कृति सुजान चरित (16वीं सदी) तथा मानचरित (15वीं सदी) से मिलते हैं।

इस्लामिक काल में इतिहास को धर्म से जोड़कर देखा जाने लगा और माना गया कि इतिहास की प्रत्येक घटना ईश्वरीय परियोजना से घटित होती है। इस काल में इतिहास का प्रारंभ पृथ्वी रचना के दिन से माना गया, जो बराबर चलता रहेगा, इस आधार पर इतिहास का स्वरूप सार्वभौमिक बताया तथा ईश्वर का मानव के साथ संबंध कुरान में पैगम्बर मुहम्मद का प्रमुख विषय रहा।[5] पैगम्बर मुहम्मद के बाद इस्लामी इतिहास लेखन ने शीघ्र ही पेशे का रूप ले लिया क्योंकि समाज को अतीत की घटनाओं से परिचित कराने के लिए उन्हें संप्रेषित किया जाने लगा। इस्लामिक इतिहासकारों ने साक्ष्यों के रूप में वस्तु सामग्री को परे रख साक्ष्यों एवं व्यक्तियों की प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता को महत्व दिया। साथ ही पैगम्बर मुहम्मद के जीवन से धार्मिक परंपराओं को आधार मानकर इतिहास लेखन का विकास किया।

इस्लाम का जैसे-जैसे विस्तर हुआ अरब यात्री भी वैसे-वैसे धर्म प्रचार और व्यापारिक उत्साह से प्रभावित होकर भारत आने लगे और इन्होंने भारत के भौगोलिक संदर्भ में विवरण प्रस्तुत किये, जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परिलक्षित होते हैं।[6]

अब अरबियों ने चरित लेखन के साथ ख्याति लेखन पर भी जोर दिया जिसमें मुख्य रूप से वंश, राज्य और लेखक के नाम को लिया। साथ ही ख्याति लेखन में राजाओं के तौर-तरीके, हार-जीत, जीवन का संघर्ष इत्यादि पहलुओं को भी सम्मिलित किया[7] इसके साथ ही फारसियों ने भी इन्हीं विन्दुओं पर इतिहास लेखन को केन्द्रित रखा जिसका उल्लेख हमें इब्न अल

मुकफ्फा की फारसी कृति 'खुदायनामा' (राजाओं का वृत्तान्त) से मिलता है[8] दिल्ली सल्तनत काल में भी तकनीक विकास के रूप एवं दृष्टि से रंगों की झलक फारसी भाषा में ही मिलती है।[9]

दिल्ली सल्तनत के विकास के साथ-साथ इतिहासकार भी दरबारी या दरबार के कृपा पात्र होते चले गए और उन्होंने अपना इतिहास लेखन सल्तनत की शक्ति से प्रभावित होकर केवल दरबार की घटनाओं तक ही सीमित रखा। जिसमें इन्होंने सुल्तान तथा उमरा वर्ग के आपसी संबंधों तथा सामाजिक शासन व्यवस्था का वर्णन किया। इस कारण इनका इतिहास लेखन वस्तुपरक न होकर सुल्तान के इर्द गिर्द घूमता रहा।

सन् 1206 ई. में शहाबुद्दीन गोरी के मरने के पश्चात् कुतुबुद्दीन ऐबक ने दिल्ली में तुर्क सल्तनत की नींव डाली। दिल्ली की तुर्की सल्तनत अपने विस्तार एवं उतार-चढ़ाव के साथ सन् 1526 ई. तक चलती रही इस लम्बे काल में अपार इतिहास लेखन हुआ जो सामान्यतया फरसी भाषा में लिखा गया है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दिल्ली दरबार से संबंधित होने के कारण इस काल के इतिहासकारों का दृष्टिकोण वस्तुपरक नहीं रह पाया। इसके अलावा इन इतिहासकारों का अभिजात वर्ग का होने से यह सुल्तानों तक ही सीमित रहे और सामान्य जन उनके इतिहास से परे रहा जिसके परिणामस्वरूप उनका इतिहास कुछ मुट्ठी भर लोगों का इतिहास बनकर रह गया तथा इनका इस्लाम परस्त इतिहास समाज को हिन्दू वर्ग से दूर रहा।[10]

मुस्लिम इतिहासकार अपना इतिहास लेखन 'हदीस' के आधार पर करते थे। उनकी दृष्टि में इतिहासकार के लिए हदीस का ज्ञान आवश्यक है। इसके साथ ही इनकी इस्लामी सोच में कुछ निखार भी आया पर पैगम्बर साहब के आचार-विचार तथा इस्लाम की आचार संहिता दिल्ली सुल्तानों की उपलब्धियों को आँकने का एक पेमाना बन गया। यही काव्य है कि इन इतिहासकारों की कृतियाँ धार्मिक रंग में डूबी एक पक्षीय रह गई जिसमें सारा समाज न उतर पाया।[11]

मध्यकालीन इतिहास मात्र राजनीतिक रह गया। सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियाँ उनके कलम से छूट गई यही कारण है कि इस इतिहास को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय इतिहास लेखन व उनकी परम्पराओं का विकास हुआ जो आज मुस्लिम इतिहास को दृष्टिगोचर करता है।

मध्यकालीन भारतीय इतिहास लेखन समय के साथ बढ़ता चला गया इतिहासकारों ने राजनीतिक घटनाओं का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया। अब इतिहास केन्द्र के साथ-साथ प्रान्तीय स्तर पर भी लिखा जाने लगा जिसके लिये इतिहासकारों ने समकालीन स्त्रोतों का प्रयोग किया तथा कालक्रम पर ध्यान दिया एवं क्रमबद्ध विवरण भी प्रस्तुत किया।

मध्यकालीन भारत के सुल्तानों विशेषत: मुगल बादशाहों ने इतिहास लेखन में विशेष रूचि दिखाई बाबर ने स्वयं सुल्तान होने के बाद भी बाबरनामा एवं जहाँगीर ने अपनी कृति तुजुके जहाँगीरी लिखकर इतिहास लेखन को बढ़ावा दिया। इतिहास के प्रति सुल्तानों की रूचि को देखकर अन्य इतिहासकारों को भी इतिहास लेखन की प्रेरणा मिली और इन्होंने बड़े पैमाने पर इतिहास लेखन किया जिसके लिए इन्हें समकालीन शासकों द्वारा बड़े पेमाने पर आर्थिक लाभ व सामाजिक स्थिरता प्राप्त हुई। इसके अलावा गैर सरकारी इतिहासकारों (शासकों के आश्रय में न रहने वाले इतिहासकार) ने भी इतिहास लेखन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

देशी ही नहीं विदेशी इतिहासकारों ने भी इतिहास लेखन किया जिसमें उनके भारत यात्रा विवरण प्रमुख हैं। जिनमें अलबरूनी, फ्रांसिस वर्नियर, निकोली कोण्टी, अब्दुखजाक आदि कई विद्वानों के यात्रा वृतांत मध्यकालीन इतिहास के प्रमुख स्त्रोत रहे हैं। कागज के अविष्कार के पश्चात् मध्यकाल ही कागज की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होने से कागजों को एकत्रित कर जिल्द बनाने की तकनीक का विकास हुआ जिससे इतिहास लेखन में वृद्धि तो हुई ही साथ ही लिखे हुए इतिहास को सुरक्षित रखने में भी मदद मिली।

अबू रेहान अल्बेरूनी (973-1048) इस काल का प्रारम्भिक इतिहासकार था जिसने भारतीय धर्म, दर्शन, विज्ञान एवं संस्कृति का अध्ययन किया इन्होंने गजनवी के समय भारत की राजनैतिक धार्मिक एवं सामाजिक स्थिति के बारे में विस्तारपूर्वक अपनी कृति 'किताबुल हिंद' या 'तारीख-ए-हिंद' में लिखा जो लिखित ग्रन्थ के रूप में अच्छा खासा महत्व रखती है। इनक इतिहास लेखन मुख्यता मुस्लिम साहित्य में विशेष स्थान रखता है। साथ ही मुसिलम इतिहास की अन्य परिस्थितियों में लेखक का यह कार्य आत्मघाती होता एवं हिन्दू धर्म और विचारों के प्रति आकर्षण होने के कारण अल्बरूनी को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता।[12]

मध्यकालीन भारतीय इतिहास लेखन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अमीर खुसरो (सन् 1252-1325 ई.) है। जिन्होंने इतिहास लेखन बलवन सहित छः सुल्तानों के संरक्षण में रहकर किया। जिसमें कुरान-उस-सादेन (1289), मुफ्ताह-उल-फतह (1291), आशिक (1316), नूह-सिपिर (1318), तुगलक नामा, तरीख-ए-अलाई आदि इनके विवरण उस युग का सही चित्रण करते हैं। तथा इतिहास लेखन की प्रमुख विशेषता इनके द्वारा दिये जाने वाले प्रमाणिक तिथिक्रम है इनके तथ्य विश्वसनीय हैं, परन्तु इनके कवि-सदृारा अतिष्योक्तिपूर्ण वाक्-प्रपंच ने उसके इतिहास लेखन की महत्ता को कम किया है। यद्यपि इनके लेखन में हमें उस समय की सामाजिक व अन्य दशाओं का विवरण मिलता है।

सल्तनतकालीन भारतीय इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण इतिहासकार जियाउद्दीन वरनी है इन्होंने आठ ऐतिहासिक ग्रन्थों की रचना की जिसमें दो ग्रन्थ ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं- (1) तारीख-ए-फीरोजशाही (1358) (2) फतवा-ए-जहॉदरी, कुछ इतिहासकार ने इनकी प्रशंसा करते हुए इन्हें 'महान इतिहासकार' माना है।[13] समीक्षा के रूप में कहा गया है कि बरनी के इतिहास लेखन के बिना सम्भवतः सल्तनतकालीन इतिहास लेखन की कल्पना नहीं की जा सकती।

मुगलकालीन इतिहास में न केवल ऐतिहासिक स्त्रोतों की बहुतायत थी, वरन् इतिहासकारों द्वारा लिखा गया इतिहास विश्वसनीय भी है। इसका महत्वपूर्ण कारण यह है कि इस काल में अधिकांश इतिहासकार होने वाली घटनाओं में न केवल चश्मदीद दर्शक थे अपितु अनेक ने उनमें स्वयं भी भाग लिया था जिसका लेखन उन्होंने किया है। इस काल के आते-आते मानवतावादी लेखन की क्रमतः विकसित हुआ इसके साथ ही मुगल सम्राट विशेषकर अकबर की नीतियों का प्रभाव इतिहास लेखन पर स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। बाबर की पुत्री गुलवदन बेगम (सन् 1523-1603 ई.) द्वारा लिखित 'हुमायूंनामा' से हुमायूं के समय के विवरण प्राप्त होते हैं। यह इतिहास लेखन विधिक्रम के दोष से ग्रसित है। तथा शाही परिवार की सामाजिक परम्पराओं तक ही सीमित है।

मिर्जा हैदर दोग्लात (1499-1551) द्वारा लिखित 'तारीख-ए-रशीदी' से मुगलों के पूर्वजनों तथा हुमायूं के युद्धों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है इसका इतिहास पूर्णतः राजनैतिक घटनाओं पर लिखित है।[14]

अबुल फजल अकबर के काल का एक बहुआयामी व्यक्तित्व का स्वामी था। विभिन्न भूमिकाओं के साथ-साथ निभाने के बावजूद वह कुशल इतिहासकार भी था इन्होंने तीन भागों में 'अकबरनामा' का लेखन किया जिसमें अकबरकालीन इतिहास का पता चलता है अकबरनामा का तीसरा भाग 'आइने-ए-अकबरी' काफी प्रसिद्ध ग्रन्थ माना गया।[15]

अब्दुल कादिर व दायुरी (1540-1615) मुगलकाल का ऐसा इतिहासकार है जिसने अकबर तथा उसकी नीतियों की भरपूर आलोचना की है। यही कारण है कि इसका ग्रन्थ 'मुन्तखाव-उत-तबारीख' का प्रकाशन अकबर के समय में न होकर जहाँगीर के समय में हुआ। विशेषकर वह अकबर की धार्मिक नीति के प्रति अधिक कठोर व कटु है।[16]

ख्वाजा निजामुद्दीन अहमद ने अपने ग्रन्थ 'तबकात-ए-अकबरी' को पूर्व में 28 ग्रन्थों को आधार बनाकर लिखा है इनका सम्बन्ध किसी भी राजदरवार से नहीं था इस कारण यह सर्वाधिक निष्पक्ष इतिहासकार माना जाता है।[17] इनके इतिहास लेखन की प्रमुख विशेषता इनके द्वारा किया गया क्षेत्रीय इतिहास लेखन है तथा धार्मिक निष्पक्षता प्रमुख तत्व है तथा इनके इतिहास लेखन ने भविष्य में इतिहास लेखन को अत्यधिक प्रभावित किया।

सम्पूर्ण मध्यकाल में जितने नीतिकार रीतिकार में उत्पन्न हुऐ उतने नीतिकार वीरगाथा काल तथा भक्ति काल दोनो को मिलाकर भी नहीं हुए थे। इसी रीतिकाल में वेश्याओं तथा कुलटाओं आदि पर भी काव्य लिखे गये। जिनका तत्कालीन समाज में बड़ा बोलवाला था इन नीतियों ने माँस-मदिरा, सुन्दरी, अफीम आदि मादक द्रव्यों का खुलकर विरोध किया।

मध्यकालीन इतिहास-लेखन में सर्वाधिक वैविध्य एवं विवाद दृष्टिगत होता है। आज एक बहुत ही लम्बे अरसे से 'मुस्लिम भारत' नाम सात शताब्दियों से अधिक के हमारे मध्यकालीन इतिहास के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। इस तरह की भ्रान्ति उत्पन्न करने में साम्राज्यवादी इतिहास लेखन की बहुत बड़ी भूमिका रही है। जैसा कि हम जानते हैं कि जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास का विभाजन कर उसका नाम हिन्दू काल एवं मुस्लिम काल दिया। इसके साथ ही साम्प्रदायिक इतिहास-लेखन को प्रोत्साहन मिला। हमारे इतिहास के मध्यकाल के चरित्र का जो इस प्रकार साम्प्रदायिक निरूपण किया जाता है, उसके पीछे निहित तर्क यह तथ्य रहा है कि 11वीं शताब्दी या 13वीं शताब्दी से आगे भारत के नये शासकों का धर्म इस्लाम था। शासक के जीवन या शासक परिवार या ज्यादा शासक के निजी धर्म को निर्णायक उपादन मान लिया गया।

वस्तुतः समकालीन स्रोत-सामग्रियों की बहुलता एवं विविधता को देखते हुए राजनीतिक एवं राजवंश का इतिहास लिखना अपेक्षाकृत सुगम भी था। समकालीन इतिहासकारों की कृतियों का विषय भी प्रायः एकान्ततः राजदरबार का इतिहास ही है। इसके उदाहरण हैं जियाउद्दीन बरनी का 'तारीख-ए-फिरोजशाही', अबुल फजल का 'अकबरनामा' आदि।18 इस तरह ब्रिटिश इतिहासकारों ने भारतीय मध्ययुग को तुर्की आक्रमण या तथाकथित 'मुस्लिम शासन' की स्थापना के साथ प्रारंभ करने और उस समय की घटनाओं से जोड़ने की कोशिश की है। इस तरह प्रकारान्तर से सांप्रदायिक इतिहास-लेखन को प्रोत्साहन दिया गया।

इसकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया राष्ट्रवादी इतिहास-लेखन के उद्भव में हुई। बीसवीं सदी के तीसरे, चौथे और पाँचवें दशक के राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने पूरी ईमानदारी के साथ साम्प्रदायिकों की चुनौती का मुकाबला करने की कोशिश की। 'राष्ट्रवादी' इतिहासकारों से आशय उन इतिहासकारों से है जिनका यह विश्वास था कि मध्यकालीन भारतीय इतिहास की तस्वीर निजी सांप्रदायिक संघर्ष की नहीं है, बल्कि गौरवमय सांप्रदायिक मेलजोल की तस्वीर है। परन्तु बदकिस्मती से उन्होंने अपने विरोधी से उसी की जमीन पर लड़ने की ठानी। अर्थात् सांप्रदायिकों की तरह वे भी समूचे समाज और उसके गतिशास्त्र का अध्ययन करने के लिए नजरअन्दाज कर देते थे या जानबूझकर छोड़ देते थे, वहाँ राष्ट्रवादियों ने भी वही किया हालाँकि बिल्कुल ही विपरीत और निश्चय ही बेहतर उद्देश्यों से। इस तरह सांप्रदायिकों एवं राष्ट्रवादी इतिहासकारों का दृष्टिकोण बुनियादी तौर पर एक ही था। एक मंजिल पर पहुँचकर इसका नतीजा यह हुआ कि राष्ट्रवादियों को सांप्रदायिकों के समक्ष नतमस्तक होना पड़ा।

मध्यकालीन भारत के इतिहास का केन्द्र-बिन्दु व्यक्तिगत रूप से शासक लोग होते थे और यह समझा जाता था कि उनके शासन काल की सारी ऐतिहासिक घटनाएँ उनकी इच्छा या स्वभाव का परिणाम का नतीजा था19 या मुहम्मद-बिन-तुगलक की पागलपन से भरी योजनाएँ उसके स्वभाव में अन्तर्विरोधी गुणों के असंतुलित मिश्रण का परिणाम थीं। उसी तरह अकबर उदार धार्मिक नीति पर चलता था क्योंकि वह प्रकृति से उदार था। सांप्रदायिकों और राष्ट्रवादियों दोनों ने ही मध्यकालीन भारत के इतिहास की व्याख्या इसी तरह की थी। अगर एक बार कोई यह स्वीकार कर लेता है कि अकबर की उदार धार्मिक नीति स्वयं उसके उदार दृष्टिकोण का प्रतिफलन थी, तो मिसाल के बतौर यह निष्कर्ष भी अनिवार्य हो जाता है कि औरंगजेब की कट्टर धार्मिक नीति में उसकी कट्टरता संबंधी धारणाओं का प्रवेश हो जाता है। जबकि वे महज इस या उस शासक की उदार या कट्टर प्रकृति मात्र का नतीजा न होकर ठोस राजनीतिक परिस्थितियों की बाध्यताओं का और हर अलग-अलग प्रसंग के पीछे क्रियाशील गुटों और तबकों की पंक्तिबद्धताओं के संतुलन का नतीजा होती है।

मध्यकालीन भारत के इतिहास को प्राचीन इतिहास से जो तत्व अलग करते हैं। उनमें एक महत्वपूर्ण तत्व यह है कि मध्यकालीन भारत से संबंधित समसामयिक (Contemporary) ऐतिहासिक साहित्य अपेक्षाकृत प्रचुर मात्रा में मिलता है। जैसे-जैसे इस्लाम के आकार एवं विस्तार में वृद्धि हुई वैसे-वैसे अरब यात्री धर्मप्रचार तथा व्यापारिक उत्साह से प्रेरित होकर भारत के विभिन्न हिस्सों के संपर्क में आते गए। वे यात्री अपनी यात्रा के मूल्यवान एवं दिलचस्प विवरण लिखकर छोड़ गए हैं। यद्यपि इन विवरणों का स्वरूप भौगोलिक अधिक है तथापि ऐतिहासिक दृष्टि से वह आज भी हमारे लिए बड़े महत्व का है। किंतु आठवीं शताब्दी में जब से अरबों ने सिंध पर विजय प्राप्त की और उसे बाद में बढ़ते हुए तुर्की साम्राज्य से मिला लिया, तभी से हमें सच्चे अर्थों में भारतीय इतिहास से संबंधित ऐतिहासिक साहित्य मिलना शुरू हो जाता है। इस काल से हमें सिंध की घटनाओं से जुड़ा हुआ इतिहास प्राप्त होने लगता है। फतहनामा, जिसे गलती से 'चचनामा' कहा जाता है,[20] सिंध के इतिहास पर ऐसी ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अरबी इतिहासकारों की रचनाओं, जैसे बालाजूरी (892-93) की प्रसिद्ध रचना फतूह-अल-बुल्दान में हमें सिंध विजय के विवरण मिल जाते हैं। इसके बाद से भारत के बारे में ऐतिहासिक रचनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है।

ज्ञान की एक भिन्न शाखा के रूप में इतिहास के प्रति यह दिलचस्पी इस उपमहाद्वीप के लिए एक नई चीज थी। इस अध्याय में हमारे लिए इस ब्यौरे में जाना तो संभव नहीं होगा कि भारत में इतिहास-लेखन की परंपरा क्यों नहीं मिलती। फिर भी इस दिशा में हम कल्हण कृत राजतरंगिणी का उल्लेख कर सकते हैं जो कदाचित संस्कृत में उपलब्ध एकमात्र ऐतिहासिक रचना है। इस कृति में मध्यकालीन कश्मीर का ऐतिहासिक विवरण मिलता है।[21] यह भी वहाँ पर ध्यान देने की बात है कि मुस्लिम बुद्धिजीवियों में इतिहास-लेखन एक स्वतंत्र विषय (डिसिप्लिन) के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका था। इसके अनेक कारण रहे

हैं। अरब वासियों की हमेशा से वंशावलियों के अन्वेषण में गहरी दिलचस्पी रही है और इस्लाम धर्म के उदय के साथ इसी का एक श्रेष्ठ कला के रूप में विकास हुआ।[22] शुरू-शुरू में मुसलमान इस्लाम के उदय से जुड़ी घटनाओं में भी दिलचस्पी रखते थे। जिसे अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। किंतु इतिहास में रूचि को जिस तत्व से वास्तव में प्रोत्साहन मिला और जिसने ऐतिहासिक तथ्यों के संकलन की एक आरंभिक कार्यप्रणाली विकसित की- वह था पैगंबर की परंपराओं (हदीस) के संकलन में मुसलमानों की गहरी दिलचस्पी। इसमें संदेह नहीं कि इसके साथ ही कुछ अन्य तत्व भी रहे होंगे जिन्होंने इतिहास तथा उसके लेखन में योगदान दिया होगा। अन्य संस्कृतियों में विशेष रूप में बेजंतियाई (कुस्तुनतुनिया) तथा सोबेनियाई संस्कृतियों के संपर्क ने ऐतिहासिक जिज्ञासा को निश्चय की प्रेरणा दी होगी,[23] क्योंकि इन संस्कृतियों की बौद्धिक परंपराएँ बहुत समृद्ध रही थीं। इन्हें आरंभिक खलीफाओं के राज्य की भौतिक संपन्नता से भी मदद मिली होगी। वैसे भी भौतिक संपन्नता हमेशा ही साहित्यिक गतिविधि के लिए बहुत प्रेरणादायक होती है। यह भी अनुमान लगाया जा सकता है कि कागज के प्रचलन से भी इतिहास को प्रेरणा मिली होगी। बरादार में सन् 794-95 ई. के आसपास कागज का निर्माण होने लगा था।[24]

इस तरह की सामग्री की मौजूदगी से कुछ गंभीर समस्याएँ भी पैदा होती है। बने-बनाए इतिहास की मौजूदगी के भी अपने कुछ दोष होते हैं। ऐसे इतिहास में प्रामाणिकता तथा समसामयिकता की महक प्राय: विद्वानों के आलोचनात्मक बोध को कुंठित कर देती है। मौजूदा इतिहास का भावानुवाद कर देने का आकर्षण सहज होता है और उससे बचना मुश्किल होता है, बहुधा ऐसा हुआ भी है। समसामयिक या लगभग समसामयिक ऐतिहासिक विवरण एक प्रकार का अदृश्य जाल होता है। मध्यकालीन इतिहासकारों के अपने पूर्वग्रहों (Bias) को ठीक से समझा नहीं जाता, बल्कि उन्हें जाने-अनजाने आधुनिक रचनाओं में भी ज्यों-का त्यों ग्रहण कर लिया जाता है। परिणाम यह होता है कि यह प्रवृत्ति उस युग के बारे में तरह-तरह की मिथ्या धारणाओं को जन्म देती है।

लिखित विवरणों का उपलब्ध होना तो लाभकर है, किंतु यदि इनके मूल स्वरूप को स्पष्ट रूप से समझा नहीं जाता तो यह हानिकारक सिद्ध हो सकता है। स्रोतों की प्रवृत्ति यह होती है कि वे आधुनिक कृतियों की एक प्रकार से पूर्व-नियोजित व्याख्या कर प्रस्तुत करते हैं। ऐसी स्थिति में यह ध्यान रखना होगा कि जो व्यक्ति आज से शताब्दियों पूर्व लिख रहा था वह घटनाओं का चित्रण इस साहित्य में प्रत्यक्ष रूप से हुआ है।

पादशाह के अधिकारों पर कुरान और हदीस का अंकुश था। उलेमा इस बात का पूरा ख्याल रखते थे कि शासक वर्ग शरीयत के बताए हुए रास्ते पर चले।[25] लेकिन वास्तव में पादशाहों ने कभी इस अंकुश को आसानी से स्वीकार नहीं किया। साथ ही वे शरीयत को नाममात्र का आदर प्रदान करते रहे। उन्होंने अपने अधिकारों का इस्तेमाल बिना पक्षपात और पूरी आजादी से किया। उलेमा को संतुष्ट रखने के लिए शासकों ने उन्हें बहुत सारी आर्थिक रियासतें दीं, साथ ही शासकों ने जरूरत पड़ने पर अपने धार्मिक जोश का भी प्रदर्शन किया ताकि वे खुद को शरीयत का अनुयायी सिद्ध कर सके। इसके लिए उन्होंने कुछ ऐसे कदम उठाए जो धार्मिक कट्टरता को चरम सीमा पर दर्शाते हैं। मंदिरों को गिराने-जैसे काम इसी श्रृंखला की कड़ी थे। इसलिए मध्यकालीन भारत का अध्ययन करते समय यह बात दिमाग में रखनी चाहिए कि इस काल में लेखकों की यही कोशिश थी कि धर्म के प्रभाव को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाए।

मध्यकालीन भारत में इतिहास-लेखन ने विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया और उन्होंने एक स्वतंत्र शास्त्र के रूप में इसका पालन-पोषण किया। इनमें से जियाउद्दीन बरनी, निजामुद्दीर अहमद, अब्दुल कादिर बदायूनी, मुहम्मद कासिम फरिश्ता और खफी खान जैस प्रसिद्ध इतिहासकार थे यह लोग इतिहास लेखन की पिछली परंपरा से प्रभावित थे। पर अपने-अपने अकादमीय प्रशिक्षण और अपनी-अपनी उपलब्धियों, समाज में अपनी-अपनी स्थिति थी।

सन्दर्भ

1. अर्थशास्त्र 1.5, ए.के. वार्डर, पृ. 19
2. गोविंद चंद पाण्डे, इतिहास: स्वरूप के सिद्धांत, पृ. 92
3. इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली 1935, पृ. 568
4. फ्रैंज रोजेन्याल-ए हिस्ट्री ऑफ मुस्लिम हिस्ट्रोगाफी, लीडेन, 1952, पृ. 22-28
5. शेफाली चटर्जी, मध्यकालीन इतिहासकार एंव इतिहास लेखन, पृ. 49

6. राधेशरण, इतिहास और इतिहास लेखन, पृ. 291
7. वी.के. श्रीवास्तव- इतिहास लेखनः अवधारणा विधाएँ एवं साधन, पृ. 192
8. राधेशरण, पूर्वोक्त, पृ. 304
9. वही
10. वही
11. बी.एन. लूनिया, सम हिस्टोरियन्स ऑफ मेडिवियेल इण्डिया, शिवलाल अग्रवाल, आगरा 1969, पृ. 16
12. आर.सी. मजूमदार- दी हिस्टरी एण्ड कल्चर ऑफ दी इण्डिया पीपल, वोल्यूम-6, पृ. 2
13. राधेशरण, पूर्वोक्त, पृ. 460
14. वही, पृ. 362
15. अ.अ. रिजवी, मुगल कालीन भारत, हुमायूँ-1, पृ. 473
16. इलियट डाउसन, तारीखे हुमायूँ (हिन्दी अनुवाद मथुरा लाल शर्मा), खण्ड-5, पृ. 145
17. एच. ब्लोचमैन, आईने-अकबरी, (अंग्रेजी अनुवाद), पृ. 110
18. हसन निजामी, फखेमुदब्बिर व मिनहाज उद्दीन सिराज की ऐतिहासिक कृतियाँ, पृ. 7
19. डॉ. वी.के. श्रीवास्तव, पूर्वोक्त, पृ. 189
20. राधेशरण, पूर्वोक्त, पृ. 294
21. डॉ. वी.के. श्रीवास्तव, पूर्वोक्त, पृ. 175
22. वही
23. वही, पृ. 196
24. जयदीप सेन, भारत में जिहाद (नई दिल्ली 2001), पृ. 2
25. राधेशरण, पूर्वोक्त, पृ. 289

औरंगजेब की धार्मिक नीति एवं उसका प्रभाव

रविन्द्र प्रताप सिंह

शोध छात्र, इतिहास विभाग, बुन्देलखण्ड़ विश्वविद्यालय, झाँसी, उत्तर प्रदेश

सारांश

मुगल शासकों में औरंगजेब की स्थिति बहुत ही विवादित दिखाई देती है। मुगल शासको में वह सर्वाधिक कर्मठी माना जाता है, परन्तु असफलता उसकी नियति थी। सबसे बड़ा साम्राज्य उसके पास था, परन्तु मुगल पतन का श्रेय उसी को दिया जाता है। इसी प्रकार उसकी धार्मिक नीति अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में असफल दिखाई देती है। अपने राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए उसने धर्म को अपना साधन बनाया, परन्तु उसकी धार्मिक सद्चरित्रता भी उसके लिए सहायक नही हुई। एक इस्लामी व्यक्ति के रुप में उसको सम्मान प्राप्त हो सकता था, परन्त एक शासक के रुप में यह उसकी असफलता का प्रतीक बन गई।

प्रमुख शब्द- औरंगजेब, दारूल इस्लाम, केशवदेव मंदिर, विश्वनाथ मंदिर, गोपीनाथ मंदिर, मोहतसिब, गुरु तेगबहादुर, गुरू गोबिन्द देव, रानी हाड़ी, जसवन्त सिंह।

मुगल वंश के विभिन्न शासकों में औरंगजेब का काल अत्यधिक विवादास्पद माना जाता है। उसके द्वारा बनाई गई विभिन्न नीतियों में सर्वाधिक आलोचना उसकी धार्मिक नीति के सन्दर्भ में की जाती रही है। उसकी धार्मिक नीति के उद्देश्य तथा क्रियान्वयन के स्तर पर इतिहासकारों में मतभेद के स्वर दिखाई देते है। क्या वास्तव में औरंगजेब शरीयत की दारुल इस्लाम की नीति को भारत में लागू करना चाहता था अथवा उसकी धार्मिक नीति तत्कालीन राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों की उपज मात्र थी? वर्तमान समय में जबकि इतिहास के पुर्नलेखन में विभिन्न तथ्यों को नवीन सिरे से विश्लेषित करने का प्रयास किया जा रहा है। उस स्थिति में औरंगजेब की धार्मिक नीति का पुर्नमूल्यांकन एक आवश्यक कड़ी प्रतीत होता है। औरंगजेब का स्वयं का व्यक्तित्व तथा उसकी धार्मिक आस्थाओं ने एक बड़े साम्राज्य के शासन के लिए किस प्रकार नीतियों को प्रभावित करने का कार्य किया। यह अध्ययन का एक महत्वपूर्ण विषय हो सकता है। औरंगजेब की धार्मिक नीति को प्रभावित करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों को मानी जा सकती है। पिता को सत्तच्यूत करने एवं उसके जीवित रहते सिंहासन पर अधिकार को न्यायोचित सिद्ध करने के लिए उसकों इस्लामी धर्मगुरुओं के सहयोग की आवश्यकता थी। इसी प्रकार अपने प्रबल शत्रु दाराशिकोह के कार्यों को इस्लाम विरोधी सिद्ध करके ही वह स्वयं को मुगल साम्राज्य का वास्तविक उत्तराधिकारी जनता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता था। औरंगजेब के शासन काल में मुगल शासकों के पूर्ववर्ती धार्मिक नीति में गुणात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह परिवर्तन औरंगजेब की महत्वाकांक्षा के साथ साथ अपनी राजनीतिक स्थिति को मुस्लिम जनमानस में स्वीकार्य बनाने के लिए था।

सिंहासनरोहण के पूर्व शासक औरंगजेब का व्यक्तित्व एक कट्टर सुन्नी मुसलमान का था, जो कि अपने पूर्ववर्ती शासकों की धार्मिक सहिष्णुता एवं भाईचारे की नीति से बिल्कुल भिन्न थी। औरंगजेब की धार्मिक नीति का विकास उसके शासन काल में क्रमिक रुप में दिखाई देता है। मुगल बादशाह बनने के तत्काल बाद उसके द्वारा किसी भी धर्म अथवा संप्रदाय के विरोध का कोई प्रमाण प्राप्त नही होता है। यद्यपि उसके द्वारा स्वयं को इस्लाम के समर्थक के रुप में प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया। सिंहासनरुढ़ होने के प्रारम्भिक वर्षो में उसने अनेक धार्मिक रीति रिवाजों को परिवर्तित करने का कार्य किया, जो कि इस्लाम विरोधी माने जाते थे। इनमे झरोखा दर्शन को समाप्त करना, नौरोज उत्सव को प्रतिबन्धित करना, सिक्कों पर कलमा के अंकन को बन्द करवाना, मोहतसिब नामक एक अधिकारी की नियुक्ति करना, जो कि इस्लाम के अनुसार नैतिक आचरण न करने वाले मुसलमानों की पहचान कर सके। इसके साथ नशाखोरी, जुआबाजी तथा वैश्यावृत्ति जैसे गैर इस्लामी कार्यो को रोकने का

अधिकार इस अधिकारी को दिया गया। पुरानें मंदिरों की रक्षा तथा नवीन मंदिरों को तोड़ने की पुरानी नीति को भी उसने जारी रखा। अकबर द्वारा चलाए गए इलाही संवत को छोड़ दिया। संगीत एवं नृत्य को मुगल दरबार में प्रतिबन्धित कर दिया। इसके साथ ही हिन्दू राजाओं के मस्तक पर टीका लगाने की परम्परा को भी उसने समाप्त कर दिया। कम उम्र के बच्चों के वन्ध्याकरण पर रोक, श्रृंगार प्रसाधन सम्बन्धी रीति रिवाजों को प्रतिबन्धित करना जैसे दाढ़ी की लम्बाई चार अंगुल से अधिक नही होना। चिडिघ्या, जानवरों तथा मनुष्यों की शक्ल वाले मिट्टी के खिलौने बनाने पर रोक। जुमेरात को पीरो की मजार तथा अन्य कब्रों पर दिए जलाने की मनाही।[1] इस प्रकार प्रारम्भ में ओरंगजेब के द्वारा शरीयत को प्रमुखता दिया, परन्तु अन्य धर्मावम्बियों पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नही लगाया।

औरंगजेब के दूसरे चरण की धार्मिक नीति पर तत्कालीन आर्थिक संकट का प्रभाव स्पष्ट रुप से दिखाया देता है। उसके आर्थिक निर्णयों को धार्मिक आधार पर विश्लेषित किया जाने लगा। इस चरण में आर्थिक संकट से निकलने के लिए उसके द्वारा किए गए कार्य का औचित्य धर्म के आधार पर प्रस्तुत किया गया। मुगल दरबार के संगीतकारों, चित्रकारों तथा इतिहासकारों को हटाना, तुलादान की प्रथा को समाप्त करना, राजदरबार में सोने, चाँदी एवं रेशम की वस्तुओं का उपयोग बन्द करना, मुस्लिम व्यापारियों को चुगी देने से मुक्त करना, राजस्व विभाग के निम्न पदों पर से हिन्दुओं को हटाकर उनके स्थान पर मुसलमानों को नियुक्त करना प्रमुख था। तत्कालीन आर्थिक संकट का प्रभाव सर्वाधिक कृषक वर्ग पर पड रहा था । कृषक वर्ग तथा उसका नेतृत्व करने वाले जमींदार अधिकांशतः हिन्दू थे। कट्टरपंथी मुसलमानों के द्वारा कृषकों के विद्रोह को मुस्लिम शासन के विद्रोह के रुप में देखा जबकि हिन्दुओं से सरकार द्वारा की गई दमनात्मक कार्यवाही को धार्मिक उत्पीड़न के रुप में देखा। तत्कालीन विद्रोही सामन्तों ने कृषको को एकजुट करने तथा अपनी महत्वाकांक्षाओ की पूर्ति के लिए धर्म का सहारा लिया। इन विद्रोहों के कारण अपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए औरंगजेब ने कट्टरपंथी मुसलमानों को प्रसन्न करने के लिए हिन्दू विरोधी कार्य प्रारम्भ किए।[2] 1679 में जजिया को पुनः लागू करना, जिसके कारण मारवाड के राजपूतों ने विद्रोह कर दिया। हिन्दू शिक्षण संस्थाओं तथा त्योहारों पर प्रतिबन्ध लगाए गए। विद्रोहियों को दण्ड़ देने के लिए मंदिरों को तोड़ने का आदेश जारी किया गया। इसी समय उसने दक्कन के क्षेत्र में मुस्लिम शासकों को संभा जी विरुद्ध भड़कानें के लिए धर्म का सहारा लिया, परन्तु उसकी यह नीति बहुत अधिक सफल नही हो पाई तथा अनेक मुस्लिम शासकों ने मुगलों के विरुद्ध संभा जी का ही पक्ष लिया।

औरंगजेब की धामिक नीति को हिन्दु विरोधी मानने के सम्बन्ध में उसके बहुत से हिन्दु विरोधी कृत्यों को प्रमाण के रुप में प्रस्तुत किया जाता है। इस सम्बन्ध में कहा जाता है कि धार्मिक कट्टरता उसके स्वभाव में ही घुली मिली थी। जिस समय वह शहजादें के रुप में कार्य कर रहा था, उसी समय उसके इस रुप के सम्बन्ध में प्रमाण प्राप्त होने लगते है। गुजरात में उसके आदेश पर अनेक मंदिरों को तोड दिया गया था। अपने सिंहासनरोहण के दस वर्ष तक वह शान्त रहा तो इसका कारण उसकी राजनीतिक विवशताओं को माना जा सकता है। इसक पश्चात उसने हिन्दुओं की दमनात्मक नीति को लागू किया। यह घोषणा कि पुरानें मंदिरों को कोई हानि न पहुँचाई जाई, परन्तु नवीन मंदिर न बनाए जाए, वास्तव में शान्तिकाल के सामान्य स्थिति के लिए थी। युद्ध अथवा सैनिक अभियान के दौरान मंदिरों को गिराना तथा मूर्तियों को तोडना उसकी नीति का एक अंग बन गया था। इस दौरान वाराणसी में बाबा विश्वनाथ मंदिर तथा गोपीनाथ मंदिर तथा मथुरा में केशवदेव मंदिरों को गिरा दिया गया। मथुरा के केशवदेव मंदिर का निर्माण जहॉगीर के शासनकाल में वीरसिंहदेव बुन्देला ने 33 लाख की लागत से बनवाया था।[3] इस दौरान औरंगजेब की नीति से संशकित बल्लभाचार्य द्वारा निर्मित गोवर्द्धन मंदिर के पुजारी ने श्रीनाथ की मूर्ति को मंदिर से हटाकर मेवाड़ में राणा राजसिंह के संरक्षण में ले आए। इसी प्रकार वृन्दावन से श्रीकृष्ण की मूर्ति को हटाकर उदयपुर के ककरौली में पहुॅचाया गया। इस दौरान देश के अनेक भागों में मंदिर गिराए जाने के प्रमाण प्राप्त होते है।

औरंगजेब के द्वारा इसी प्रकार का व्यवहार सिक्ख धर्म के साथ भी किया। उसने सिक्ख गुरु तेगबहादुर को इस्लाम ग्रहण करने का आदेश दिया तथा अस्वीकार करने की स्थिति में उनको कैद कर लिया तथा कैद में ही उनकी हत्या करवा दिया। गुरु तेगबहादुर के उत्तराधिकारी गुरु गोबिन्द सिंह को भी बन्दी बनाने का हुक्म जारी किया गया, परन्तु वह बच निकलें। इस दौरान उनके पुत्रों फतह सिंह तथा जोरावर सिंह के साथ औरंगजेब ने बहुत ही अमानवीय व्यवहार किया गया। यद्यपि मुगल सिक्ख सम्बन्धों के निर्धारण में केवल धार्मिक कारक ही महत्वपूर्ण नही थे। राजनीतिक कारकों के द्वारा भी इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।

औरंगजेब के द्वारा हिन्दुओं को प्रताडिघ्त करने के लिए और भी बहुत नीतियों को लागू किया गया। उसके द्वारा हिन्दुओं के तीर्थयात्रा पर कर लगाया। इसके साथ ही हिन्दुओं के अनेक त्योहारों पर रोक लगाई गई। होली एवं दीवाली को खुले एवं सार्वजनिक रुप से मनाए जाने पर रोक लगा दी गई। एक आदेश के द्वारा हिन्दुओं के शवों को दिल्ली में यमुना नदी के किनारे जलाने पर रोक लगा दी गई। इसी प्रकार 1694 में एक आदेश जारी किया गया कि राजपूतों एवं मराठों के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति घोड़े, हाथी एवं पालकी का उपयोग नही करेगा। हिन्दुओं को सार्वजनिक रुप से हथियार लेकर चलने को प्रतिबन्धित कर दिया गया।(4) 1665 में हिन्दुओं से मुसलमानों की अपेक्षा दुगनी चंगी वसूलने का नियम लागू किया गया। 1667 में मुसलमानों को चुगी से पूर्ण रुप से मुक्त कर दिया गया। जबकि हिन्दुओं से पुरानी दरो पर ही चुंगी की वूसली की जाती रही। 1682 में मुसलमानों पर ढ़ाई प्रतिशत चुगी कर लगाया गया। इस दौरान हिन्दुओं से पॉच प्रतिशत की दर से ही कर की वसूली की गई।

औरंगजेब की धार्मिक नीति का मूल्यांकन करते हुए बड़ी ही विषम स्थिति उत्पन्न होती है। इतिहासकारों का एक वर्ग जिसमें सर यदुनाथ सरकार, आर्शीवादीलाल श्रीवास्तव प्रमुख है, औरंगजेब को एक धर्मान्ध मुसलमान मानते है। जिसका उद्देश्य भारत को दारूल हर्ब से दारूल इस्लाम में परिवर्तित करना था। औरंगजेब की धार्मिक नीति का मुख्य आधार हिन्दुओं को प्रताडिघ्त करना था, जिससे कि वह इस्लाम धर्म को स्वीकार कर ले। उसने अकबर कालीन धार्मिक साहिष्णुता की नीति को समाप्त कर दिया, जो कि मुगल शासन का प्रमुख आधार था। इसका परिणाम यह हुआ कि औरंगजेब को अपने सम्पूर्ण साम्राज्य में विद्रोहों का सामना करना पड़ा। इतिहासकारों का दूसरा वर्ग कुरैशी एवं फारूकी जैसे इतिहासकारों का था, जो कि औरंगजेब की धार्मिक नीति का औचित्य प्रस्तुत करते है। इनका मानना है कि अकबर एवं उसके उत्तराधिकारियों की सहिष्णुता की नीति के कारण हिन्दू उदंण्ड हो गए थे तथा मुगल साम्राज्य का विनाश करना चाहते थे।(5) औरंगजेब ने हिन्दुओं के विरुद्ध मुस्लिम वर्ग को संगठित करने का प्रयास किया, परन्तु उनकी वैमनस्यता के कारण वह सफल नही हो सका। इतिहासकारों का यह वर्ग औरंगजेब की धार्मिक नीति को तत्कालीन स्थिति में अपरिहार्य मानता है।

इन दोनों विचारधाराओं के मध्य इतिहासकारों का एक अन्य वर्ग भी है, जिसमें अतहर अली, सतीशचन्द्र एंव रामप्रसाद त्रिपाठी प्रमुख है। इन इतिहासकारों की मान्यता है कि औरंगजेब व्यक्तिगत रुप से कट्टर इस्लाम का समर्थक था, परन्तु किसी की व्यक्तिगत आस्था एक बड़े साम्राज्य क लिए नीति निर्धारण के लिए उत्तरदाई नही हो सकती है। अतहर अली ने स्पष्ट किया है कि औरंगजेब के शासन काल में हिन्दू मंसबदारों की संख्या 25 प्रतिशत से बढ़कर 33 प्रतिशत तक हो गई। यह उनके हिन्दू विरोधी चरित्र को प्रमाणित नही करती है।(6) राम प्रसाद त्रिपाठी का मानना है कि प्रारम्भिक वर्षो में उसने अपनी हिन्दू प्रजा की धार्मिक आस्था को ठेस पहुॅचाने का कोई कार्य नही किया था। बाद मे राजनीतिक परिस्थितियों के कारण उसने कट्टरपंथी मुसलमानों को अपनी ओर आकृष्ट करने के लिए सर्कीण धार्मिक नीति का सहारा लिया। सतीशचन्द्र का इस सम्बन्ध में मानना है कि औरंगजेब के व्यक्तिगत विचार धार्मिक सर्कीणता से प्रभावित हो सकते है, परन्तु यह विचार उसके राजनीतिक नीतियों का आधार नही बन सकते है। औरंगजेब के द्वारा यदि मंदिरों को तुडवाया गया तो दूसरी तरफ अनेक मंदिरों को अनुदान भी प्रदान किया गया।(7)

औरंगजेब की धार्मिक नीति को तत्कालीन राजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्य मे ही सही तरह से विश्लेषित किया जा सकता है। औरंगजेब के द्वारा हिन्दू धर्म को दबाने के लिए बड़े पैमाने पर कोई कार्य किया हो, इस सम्बन्ध में कोई प्रमाण प्राप्त नही होता है। खाफी खाँ ने धीध जनजाति के शासक पामनायक के सम्बन्ध में लिखा है कि उसने अपने राज्य में मुसलमानो को अजान देने से रोक दिया था, परन्तु औरंगजेब ने उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की, वरनृ 5000 का मंसब प्रदान किया। राजस्थान के मारवाड में पुराने मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया गया। परन्तु यह आदेश जसवन्त सिंह की मृत्यु के बाद हाड़ी रानी एवं दुर्गादास के संघर्ष की परिस्थितियें में जारी किया गया था। दक्षिण भारत में मंदिरों को ध्वसं करने की प्रक्रिया 1698 के बाद प्रारम्भ होती है, जब मराठों के द्वारा मुगल सत्ता का प्रबल प्रतिरोध किया गया।(8) इसके अतिरिक्त भीमसेन जोशी का यह कथन भी महत्वपूर्ण है कि वहॉ पर अधिकांश किलों में ही मंदिर बनाए जाते थे। संभा जी की हत्या को भी औरंगजेब की धार्मिक नीति से सन्दर्भित करने का प्रयास किया जाता है, परन्तु वह वास्तव में मात्र एक राजनीतिक हत्या थी। भीमसेन जोशी ने लिखा है कि इस हत्या के बाद औरंगजेब तबाह हो गया। वह अपने शेष जीवनकाल में मराठो का दमन करने एवं उनके गढ़ों पर अधिकार करने का ही प्रयास करता रहा। संभा जी की हत्या के पश्चात उसके पुत्र शाहू को 7000 का

मंसब प्रदान किया गया। यह उसकी उस नीति के विपरीत थी, जिसमें उसने बीजापुर एंव गोलकुण्डा के अपदस्थ शासकों को ग्वालियर दुर्ग के कारागार में डाल दिया तथा उनका शेष जीवन उसी में बीता। इस प्रकार औरंगजेब राजनीतिक स्थिति को देखते हुए अपने धार्मिक नीति को क्रियान्वित करते हुए दिखाई देता है।

इस सम्बन्ध में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अकबर की सहिष्णुतापूर्ण धार्मिक नीति के विरुद्ध भी मुसलमानों की प्रतिक्रया प्रारभ हो चुकी थी, जो कि लगातार प्रबल होती जा रही थी। औरंगजेब के लिए वस्तुतः एक सहिष्णुतापूर्ण नीति को अपनाना संभव नही हो पा रहा था क्योकि मुस्लिमों का कट्टरपथी खेमा पहले की अपेक्षा अधिक ताकतवार होता जा रहा था। इसके साथ ही औरंगजेब अपनी हिन्दू प्रजा की पूर्ण रुप से अवहेलना नही कर सकता था। इस कारण उसके द्वारा बार बार परस्पर विरोधी निर्णय लिया गया। जिसके कारण उसकी धार्मिक नीति पूर्ण रुप से असफल सिद्ध हुई। औरंगजेब की मृत्यु के एक दशक के भीतर उसके हिन्दू विरोधी उपायों को समाप्त कर दिया गया, परन्तु मुगल साम्राज्य का पतन लगभग निश्चित हो चुका था। अकबर ने अपने साम्राज्य को सुदृढ़ बनाने के लिए धार्मिक उदारता के साथ साथ एक योग्य प्रशासनिक व्यवस्था का भी निर्माण किया था। उसने परस्पर विरोधी तत्वों के मध्य संतुलन बनाने का प्रयास किया था। औरंगजेब के काल में बदलती हुई परिस्थितियों के मध्य यह संतुलन बिगड़ चुका था। इस कारण से औरंगजेब का झुकाव अपने व्यक्तित्व के अनुरुप एक तरफ हो गया।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची:

(1) आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, मध्यकालीन भारतीय संस्कृति, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, आगरा, प्रथम संस्करण, 1995, पृं0 सं0 45

(2) अजीज अहमद, स्टडीज आफ इस्लामिक कल्चर इन दि इंडियन इनवायरमेंट, आक्सफोर्ड प्रेस, पुनर्मुद्रण 1966, पृ0 सं0 120

(3) सर जदुनाथ सरकार, औरंगजेब का शासन कालः एक अध्ययन, कोलकाता, 1933, पृ0 सं0 80

(4) प्रोफेसर राधेश्याम, मध्यकालीन प्रशासन, समाज एवं संस्कृति, भार्गव बुक हाऊस, इलाहाबाद (प्रयागराज), पुर्नसंस्करण, 2018, पृ0 सं0 193

(5) जे0 एल0 मेहता, मध्यकालीन भारत का बृहत् इतिहास, नरेश कुमार राजलीवल (अनु0), जवाहर पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गुडगांव, प्रथम संस्करण, 2002, पृ0 सं0 380

(6) सतीश चन्द्र, मध्यकालीन भारत में इतिहास लेखन, धर्म एंव राज्य का स्वरुप, ग्रंथ शिल्पी, नई दिल्ली, प्रथम हिन्दी संस्करण, 1999, पृ0 सं0 112

(7) इमत्याज अहमद, मध्यकालीन भारतः एक सर्वेक्षण, नेशनल पब्लिकेशन्स, पटना, छठा संस्करण, 2016, पृ0 सं0 444

(8) लईक अहमद, मुगलकालीन भारत, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, परिवर्द्धित संस्करण, 2006, पृ0 सं0 139

1857 की क्रान्ति में बुन्देलखण्ड की भूमिका

राम सिंह वर्मा

शोध छात्र, इतिहास विभाग, हण्डिया, पी0 जी0 कॉलेज, हण्डिया, प्रयागराज

सम्बद्ध - वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, उत्तर प्रदेश, पता-ग्राम व पोस्ट-बरईमानपुर, थाना-गिरवां, जनपद-बाँदा

सारांश-

1857 की क्रान्ति ने अंग्रेजो की जड़ो को हिलाकर रख दिया, अंग्रेजी साम्राज्य का खोखलापन सभी के सामने आ गया अंग्रेज जो अभी तक अपने-आप को अजेय शक्ति समझते थे व पूर्णत: भयभीत हो गयो। 1857 के समय विप्लव के समय वायसरॉय लार्ड कैनिंग ने विप्लव के पश्चात् कहा था, ''सिन्धिया इस विद्रोह में शामिल हो जाता तो मुझे कल ही विस्तर गोल करना पड़ता।'' भारत का हृदय स्थल कहा जाने वाला बुन्देलखण्ड के नागरिकों ने विदेशी अंग्रेजो के विरोध में संगठित होकर अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कराने के लिए जोरदार आवाज उठायी। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का केन्द्र बिन्दु झांसी काल्पी बना। यहाँ की रानी लक्ष्मीबाई, बाँदा के नबाब अली बहादुर, बानपुर के राजा मर्दन सिंह, दीवान नाहर सिंह, दीवान जवाहर सिंह, राजा खलक सिंह, दीवान शत्रुधन सिंह, बाबा पृथ्वी सिंह, पण्डित परमानन्द, भगवानदास माहौर आदि अनेको-अनेक महान विभूतियों ने इस स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मुख्य शब्द- 1857 की क्रान्ति, राज्य हड़प नीति, भारतीय डाकघर अधिनियम, सैनिक असन्तोष।

परिचय-

अंग्रेजी ब्रिटिश कम्पनी एवं उसके कर्मचारियों का प्रमुख कार्य भारत में अपने सम्राज्य का विस्तार करना एवं व्यापार के माध्यम से शोषण करके धन की आपूर्ति को बढ़घना लखनऊ घोषणा में कहा गया कि-

''इन विदेशी ताकतो मे खासकर अंग्रेजो के कारण ही भारत के दो प्रमुख समुदाय हिन्दुओं एवं मुसलमानों के धर्म मान-सम्मान जीवन और धन सभी खतरे में हो गया है।'' यहाँ लोगों के लिए 1857 की क्रान्ति या विप्लव कोई प्रथम बार नहीं है इसके पूर्व में 1806 में वैलोर, 1824 में बैरकपुर, 1842 में फिरोजपुर, में 34वीं में रेजीमेन्ट का विद्रोह, 1849 में बंगाल में सातवी कैवेलरी और 64 वीं रेजीमेन्ट का विरोध, 1850 में 66 वीं रेजीमेन्ट और 1852 में 38 रेजीमेन्ट के रूप में यहाँ के निवासी अपना विरोध प्रकट कर चुके है इन सब में प्रमुख राजनैतिक, धार्मिक, प्रशासनिक और आर्थिक कारण ही प्रमुख रूप से उत्तरदायी थे।[1]

सैनिक विद्रोह को विभिन्न विद्वानों ने निम्नलिखित विचार दिये है -

1. एल.ई.आर.रीज.-''यह धर्मान्धों का ईसाईयों के विरूद्ध युद्ध था।''
2. सैयद अहमद खाँ-''ईसाईयों के विरूद्ध धार्मिक युद्ध।''
3. बेन्जामिन डिजराइली-''यह एक राष्ट्रीय विद्रोह था।''
4. आर0 सी0 मजूमदार-''तथा कथित राष्ट्रीय संग्राम न तो पहला ही, न ही राष्ट्रीय तथा न ही स्वतंत्रता संग्राम था।''

विप्लव के कारण-

1. राजनीतिक कारण-

लार्ड डलहौजी के समय व्यपगत का सिद्धान्त आरम्भ किया गया इस सिद्धान्त के अन्तर्गत राजाओं के कोई पुत्र न होने पर उनको गोद लेने का अधिकार नहीं था ऐसे राज्यो को चिन्हित करके इस नीति के तहत अंग्रेजी का राज्य का हिस्सा बना लिया

जाता था। अंग्रेजी साम्राज्य विस्तारक चार्ल्स नैपियर ने कहा, ''यदि मै 12 वर्ष के लिए भारत का सम्राट होता तो कोई भारतीय राजा शेष नहीं रहता.....। निजाम का नाम नहीं सुनाई देता, नेपाल हमारा होता।''

पीगू, सिक्किम, पंजाब, विजय के आधार पर सामिल किये गये तथा सतारा, जैतपुर, सम्भलपुर, बघाट, उदेपुर, झांसी और नागपुर हड़प नीति के आधार पर अंग्रेजी राज्य में मिला लिये गये। बेसिन की सन्धि 1802 के द्वारा अंग्रेज 1803 में मेजर ग्रेम मर्सर, बुन्देलखण्ड के पूर्वी भाग बांदा में राजनीतिक ऐजेन्ट बनकर आये।

कम्पनी की सरकार ने 1804 के बाद 1818 सागर, 1840 जालौन एवं 1853 में झांसी एवं तरौहां (कर्वी चित्रकूट) के क्षेत्र राज्यों को कुशासन एवं वंशज वैद्य न होने के आरोप में समाप्त कर दिया गया और प्रशासनिक दायित्व अपने हाथों में ले लिया गया। कम्पनी द्वारा संचालित अधिकारियों ने क्षेत्रीय राजाओं के अनुसार 1803 से 1853 तक पेशवाओं की समस्त सूबेदारी वाले भाग समाप्त कर दिये।[2]

धार्मिक कारण-

अंग्रेज अधिकारी भारतीय लोगों को बहुत ही निक्रिष्ट दृष्टि से देखते थे वे भारतीयों को काला अथवा सुअर के नाम से संबोधित करते थे। 1833 के अधिनियम में भारत में ईसाइ धर्म का प्रचार करने के लिए पादरियों और मिसनरियों को छूट दी गयी। कम्पनी ने ब्रिटिश सरकार के सहायोग से बुन्देल खण्ड के बीना, सागर, जबलपुर, छतरपुर, कुलपहाड़, नौगांव, बाँदा, काल्पी, हमीरपुर, झांसी में ईसाइ धर्म के प्रचार करने के उद्देश्य से संस्थानों की स्थापना की गयी इनका संचालन स्वीडिस, कनाडियन, अंग्रेज, अमेरिकन नागरिकों के द्वारा किया जाता था। इनका कार्य यतीम, गरीब, पिछड़े को विभिन्न प्रकार के आर्थिक लालच के द्वारा इसाई धर्म में परिवर्तित करना था।[3] वायसराय, लार्ड कैनिंग, ईसाइ धर्म अपनाने वाले लोगों पादरियों मिशनरियों को आर्थिक एवं प्रशासनिक मदद करता था।[4]

सैनिक कारण-

चार्ल्स नैपियर ने भारतीय सैनिको को अपमानित करते हुए कहता है, ''उच्च जातीय भाडेघ के सैनिकों पर हमारा कोई विश्वास नहीं था। 1856 में वायसराय कैनिंग ने सामान्य सेवा भर्ती अधिनियम पारित किया इसमें सभी सैनिकों को यह बचन देना होता कि सरकार को जहाँ भी आवश्यकता होगी वहॉ पर कार्य करेगें। 1854 में डाकघर अधीनियम पास करके सैनिको को नि:शुल्क डाक सुविधा को समाप्त कर दिया गया। 1856 में ही कम्पनी की सरकार ने पुरानी लोहे वाली ब्राउन वैस, बंदूक के स्थान पर नई एनफील्ड राइफल को प्रयोग होना था। इन राइफलों का प्रशिक्षण डमडम अम्बाला, स्यालकोट में देना निर्धारित था।[5]

बुन्देलखण्ड में 1854 में मराठो की सत्ता को नष्ट करके वहाँ पर सैनिक व्यवस्था लागू करने के उद्देश्य से नौगांव, सागर, दमोह, जबलपुर, बाँदा, कर्वी, कालपी, झाँसी, हमीरपुर, में सैनिक छावनी की स्थापना की गयी। उनका आशय था यहाँ का शासन तलवार के बल पर शासन को संचालित करना। यूरोपीय और भारतीय सैनिकों में वेतन भत्ता एवं सुविधाओं तथा आस्था के साथ खिलवाड़ करते थे। भारतीयों में जाति प्रथा विद्यमान थी। सेना में भिन्न-भिन्न जाति धर्म के सैनिक थे उनको सभी को सामूहिक भोजन करने के लिए बाध्य किया जाता था जो उनकी जाति एवं धर्म के अनुकूल नहीं था।[6]

विप्लव का तात्कालिक कारण और प्रसार-

1857 में विप्लव का तात्कालिक कारण एनफील्ड राईफल में प्रयुक्त किया जाने वाला कारतूस थो जो गाय और सुअर की चर्बी से बना हुआ था। जिसको सैनिकों ने प्रयोग करने से इनकार कर दिया इस घटना को अंग्रेज अधिकारियों ने सैनिकों के ऊपर अनुशासन हीनताके तहत कार्यवाही की और दण्डित किया। 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी के 34वी रेजीमेन्ट के सिपाही मंगल पाण्डेय ने इन कारतूसों को प्रयोग करने में अपनी असहमति प्रकट किया और अपने अधिकारियों पर गोली चलाया जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। इससे अंग्रेजो ने 34वी रेजीमेन्ट बटालियन को भंग कर दिया और सैनिकों को कठोर दण्ड दिया गया। 10 मई 1857 को सैनिकों ने खुलेआम विप्लव का विगुल बजा दिया अपने साथियों को जेल से मुक्त करवाया फिर दिल्ली की ओर प्रस्थान कर गये। उस समय जरनल हैविट के पास 2200 यूरोपीय सैनिक थे लेकिन इस विकराल तुफान को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया। अन्तत: विद्रोहियों ने 12 मई 1857 को दिल्ली पर आधिपत्य जमा लिया।[7]

यह खबर अतिशीघ्र सम्पूर्ण उत्तरी और मध्य भारत में आग की भॉति प्रसारित हो गयी। लखनऊ कानपुर, बरेली, बनारस, बिहार के भागों में तथा झांसी के कुछ अन्य भागों में विप्लव आरम्भ हो गया विप्लव कारियों के हाथ में कानपुर 05 जून 1857 को आ गया और नाना साहब को पेशवा घोषित किया गया। कानपुर छावनी के सैनिक कमाण्डर जनरल व्हीलर ने 27 जून को भारतीय क्रान्तिकारियों के समक्ष हथियार डाल दिया। उनमें कुछ यूरोपीय पुरूषो महिलाओं बच्चों की हत्या कर दी गयी। सर कैम्पवेल ने कानपुर में 06 दिसम्बर को आक्रमण करके आधिपत्य कायम किया। तात्या टोपे वहां से बचकर झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई से जा मिले।[8]

बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सैनिक छावनियों में विद्रोह-

04 जून 1857 को बंगाल रेजीमेन्ट के 12वी पल्टन के सिपाही का एक रिस्तेदार झाँसी छावनी के नाम एक पत्र लेकर आया जिसमें लिखा था कि बंगाल रेजिमेन्ट ने विप्लव आरम्भ कर दिया है लेकिन झाँसी की रेजीमेन्ट ने विद्रोह नहीं किया है वे अपने सैनिकों के साथ गद्दारी किये है। इस कारण झाँसी रेजीमेन्ट को सैनिक संगठन से हटा दिया जायेगा। इस चेतावनीपूण पत्र में बुन्देलखण्ड स्थित झाँसी सागर, हमीरपुर, दमोह, जबलपुर, नौगाँव, बाँदा, के सिपाहियों ने अंग्रेजो के विरूद्ध उठ खड़े होकर विद्रोह करने की प्रेरणा मिली। यह खबर सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सीघ्र ही फैल गयी।[9]

सर्व प्रथम सैनिक छावनियों में झाँसी छावनी में 05 जून 1857 के सिपाहियों ने आपस में मंत्रणा किया और 06 जून को वक्सीस अली ने अंग्रेज अधिकारियों के विरूद्ध विप्लव की इति श्री करते हुए 07 जून को कैप्टन डनलफ लेफ्टिनेन्ट टर्नबुल और एन्साइन को गोली मारकर तरवार के घाट उतार दिया। नौगॉव छावनी झाँसी रेजीमेन्ट के एक रिसाला नौगाँव में स्थित था जिसकी देख-रेख मेजर कैसर के अधीन होती थी। 09 जून 1857 को झाँसी रेजीमेन्ट के सैनिकों के विद्रोह की सूचना नौगाँव पहुँची तो वहाँ के सैनिको ने मुबारक अली के नेतृत्व में मेजर कैसर को गोली मार दिया तथा अंग्रेजो की हत्या करने का संकल्प लिया। अंग्रेज अधिकारियों को जब इसकी सूचना जब मिली तो रात्रि में अपने परिवार सहित छतरपुर भागकर अपने प्राणों को बचाया। 14 जून 1857 को झाँसी के सैनिक सिपाहियों के विद्रोह करने की खबर जब सागर छावनी के सिपाहीयों को हुई तो 42 नम्बर पल्टन और 03 नम्बर घुड़सवार सिपाहीयों ने शेख रमजान के साथ मिलकर विद्रोह किया और बाजार मे लूट-पाट किया। जब ब्रिगेडियर रोज को यह जानकारी हुई तो वह पुराने किले में भाग खड़ा हुआ। दमोह में सागर की 42 नम्बर पलटन को दो टुकड़ों मे रहती थी जब जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होने अंग्रेजों के खजाने को लूट कर डेढ़ लाख रूपये जप्त कर लिया। इसकी सूचना जब जबलपुर छावनी के सैनिको को मिली तो वहाँ की 52 नं0 पलटन विरोध में हो गयी। 15 जून को सैनिकों की निरीक्षण करते समय एक एडजूटेड को गोली मारकर हत्या कर दी 16 जून 1857 से जबपुर की 52 नम्बर पलटन हमेशा-हमेशा के लिए विद्रोही हो गयी। कानपुर की छावनी की दो टुकड़ी बाँदा छावनी में तैनात की गयी थी। कानपुर और इलाहाबाद के साथियों ने अपने साथ कार्य करने के लिए राजी कर लिया था। 14 जून 1857 को सैनिकों अंग्रेजो के आफिस आवास को लूटने के बाद आग के हवाले कर दिया। इस घटना को अंग्रेज अधिकारी देखकर पड़ोस में अजयगढ़ चरखाड़ी में सुरक्षित स्थानों में पलायन कर गये। हमीरपुर की पलटन नं0 53 ने महिलाओं और बच्चों पुरूषों की हत्या करने के साथ विद्रोह का विगुल फूंक दिया। जैरेमिया पादरी के सम्पूर्ण परिवार को नेस्तनाबूँद कर दिया और पेशवा के शासन करने की घोषणा कर दी।[10]

बुन्देलखण्ड के क्षेत्र में विप्लव का प्रसार-

जिस समय कानपुर के विप्लव की सूचना झाँसी में प्राप्त हुई उस समय वहाँ का सेनापति कप्तान डनलप था इस समय पर रानी लक्ष्मी बाई का सम्बन्ध विप्लव कारियों से नहीं था लेकिन अंग्रेजी सेना कानपुर के विद्रोहियों के साथ हो गयी सेना के गुरूवख्स हवलदार ने क्रान्ति का झण्डा बुलन्द किया। गोला बारूद इत्यादि सैनिक सामग्री पर अपना अधिकार कायम किया। इस स्थित को देखकर अंग्रेज अपनी पत्नियों बच्चों सहित दुर्ग को छोड दिया। विद्रोहियों के नेता ने अंग्रेजो से वादा करके हथियार अपने पास रख लिये और उनको झाँसी कमिश्नर स्क्रीन सहित मार दिया गया।

झाँसी के राजा गंगाधर राव की मृत्यु के बाद बुन्देल खण्ड के राजनीतिक अभिकर्ता मेजर मेलकम ने गंगाधर की मृत्यु के समाचार को सचित को प्रेषित किया तथा बताया कि रानी को गोद लेने का अधिकार नहीं है लेकिन दामोदर राव नामक के

बच्चे को रानी ने गोंद लिया है जो कानूनी रूप से वैध नहीं है। उसने रानी को 5000 रूपये मासिक पेंशन देकर झाँसी की कमान अपने हाथ में ले लिया। प्रशासन को चलाने के लिए सिंधिया की कान्टीजेट पलटन की टुकड़ी और कुछ बंगाल नेटिव एनफेन्ट्री के सैनिक भी अपने पास रखा।

कम्पनी की सरकार ने सर ह्यूरोज को बुन्देल खण्ड के क्रान्तिकारियों को दमन करने के उद्देश्य से नियुक्त किया गया था उसे सेन्ट्रल इण्डिया फोर्स का सेनापति के रूप में नियुक्ति मिली एवं उसकी सहायता के लिए हैमिल्टन और हिटलॉक की नियुक्ति भी 6 जनवरी 1858 को ह्यूरोज भोपाल की बेगम सिकन्दर से 800 सैनिकों की सहायता लेकर बुन्देल खण्ड में प्रवेश किया।

ह्यूरोज राहतगढ़ में हेमिल्टन हिटलॉक के साथ 1000 अंग्रेज सैनिक, 3000 मद्रासी सैनिकों के साथ आया। राहतगढ के नवाब फाजल अहमद के साथ 6 दिन तक भीषण युद्ध हुआ जिसमें नबाब को पराजित किया। पराजित होने के बाद नबाब के समर्थकों ने धसान नदी के किनारे नौनागढ़, बरौदिया नामक स्थान में स्थायी ठिकाना बनाया। तत्पश्चात् महाराजा मर्दन सिंह भी मिले ह्यूरोज उपद्रियों का पीछा करता हुआ बरौदिया पहुँचा। चन्द्रपुर की तरफ से विद्रोहियों पर हमला कर दिया। इस हमले में 400 से 500 विद्रोहियों सहित राहतगढ़ के नबाब का भतीजा मोहम्मद आदिल सहित मारे गये तत्पश्चात् ह्यूरोज सागर की ओर प्रस्थान किया।[11]

सागर आने की जानकारी जैसे ही बानपुर के मर्दन सिंह को मिली तो उसने तत्काल मालथौन के रास्ते घाटी के तरायी में अपना मोर्चा सम्भालकर मराठी सेना का इन्तजार करने लगा। जब सेना आती हुई नहीं दिखाई दिया तो 7 फरवरी 1858 को नाना साहब को पत्र लिखा - ''पर मदद आज तक न भई खैर जहाँ तक हमसे रूक है तहाँ तक रोक है परन्तु कहना यह है कि जो ऊ बुन्देलखण्ड में पहुँच तो सबरई बुन्देलखण्ड कौ हुकुम उठाई है अभी जो थोरी मदित तैय रूकत है तो आपको लिखी हती।"

ह्यूरोज का झाँसी ललितपुर क्षेत्र में प्रवेश करना चाहता था लेकिन अमझरा घाटी में मर्दन सिंह घात लगाये बैठा था उसने बुद्विमत्ता से कार्य करते हुए मेजर स्कडमूर को मालथौन से उत्तर पश्चिम दिशा में मर्दन सिंह को फसाये रखने के लिए अमझरा घाटी में भेजा। ठनगना घाटी स्थित वख्त अली से सम्पर्क साधना चाहा लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया इस स्थिति का लाभ उठाते हुए ह्यूरोज ठनगना घाटी की ओर कूच किया जहाँ पहले वख्त अली युद्ध की तैयारी के साथ इन्तजार कर रहा था। मदनपुर के साथ ठनगना घाटी में 06-07 मार्च 1858 को भीषण युद्ध हुआ। तत्पश्चात् अंग्रेजो का आधिपत्य हो गया।[12]

विप्लवकारी हारने के बाद ललितपुर के मडावरा दुर्ग में इकठ्ठा हुए विप्लव कारियों का पीछा करते हुए ह्यूरोज झाँसी क्षेत्र में प्रस्थान किया। भिटलाक ऐसकिन जबलपुर से कटनी के रास्ते 17 फरवरी 1858 को विजयगढ के सरजू प्रसाद को जीतते हुए दमोह में आ पहुँचे। पन्ना के राजा नृपति सिंह के सहयोग से दमोह कटनी क्षेत्र के विप्लव कारियों को विजित करते हुए भिटलाक अपने सिपाहियों सहित सेमरिया होते हुए पहुँचा। इसके बाद दो अप्रैल 1858 को पन्ना घाटी मण्डला और केन नदी पार करता हुआ छतरपुर आया। 17 अप्रैल 1858 को भिटलाक कर्वी (बाँदा) होते हुए गोयरा मुगली आया जहाँ बाँदा के नबाब अली बहादुर से मुकाबला हुआ।

बुन्देल खण्ड के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित बाँदा जो पेशवा और मराठों द्वारा संरक्षित क्षेत्र में बाँदा के नबाब अली बहादुर का अत्यधिक प्रभाव था। बाँदा के परिक्षेत्र में विप्लव की चिन्गारी देने का काम कानपुर इलाहाबाद के विद्रोहीयों ने किया। 30 जून 1857 को नवगांव छावनी से कैप्टन स्काट अपने सहयोगी के साथ सुरक्षित क्षेत्र मानकर बाँदा आया तो विप्लव कारियों ने भयानक रूप धारण किया। मऊ तहसील में हमला करके सरकारी फाइलों को जलाकर राख कर दिया अंग्रेजी प्रार्थना स्थलों को आग के हवाले कर दिया। यमुना नदी के घाटों की निगरानी बाँदा के डिप्टी कलेक्टर सरदार खाँ को सौपा लेकिन इसके बावजूद विद्रोही चिल्ला तक आ पहुँचे। उन्होने 12 जून 1957 को अंग्रेजों की एवं उनके समर्थकों की हत्या कर खजाने में रखा दो लाख रूपये नकद लूट लिया। विद्रोहियों की इस बर्बरता को देखकर डिप्टी कलेक्टर सरदार खाँ कान्तिकारियों के नेता बन गये। इस स्थित को देखते हुए अंग्रेज बचने के लिए कांलिजर के रास्ते नागौद भाग निकले और कलेक्टर इलाहाबाद की ओर भाग निकले।

विद्रोहियों ने हमीरपुर में पेशवाराज घोषित किया अंग्रेज ईसाइ, पादरी, जर्मी को परिवार के साथ मौत के घाट उतार दिया और शहर में लूट-पाट किया। इस घटना को देखकर हमीरपुर के कलेक्टर लायड चरखारी बेरी बाउनी के सहयोगी शासको

से मदद की गुहार लगायी जिस पर चरखारी के राजा ने सबदल दौवा नामक विस्वासपात्र व्यक्ति कलेक्टर लायड की सुरक्षा के लिए भेजा लेकिन वह कलेक्टर लायड की सुरक्षा में न जाकर विद्रोहियों के साथ मिल गया। महोबा कलेक्टर मिस्टर कार्न को भी अपने दुर्ग में छुपाकर रखा और राठ, जैतपुर, पनवाड़ी क्षेत्र में व्यवस्था सम्भालने के लिए अपने सैनिक एवं कर्मचारियों को भेजा।

पूर्वी क्षेत्र में हुए विप्लव को देखते हुए विद्रोह को रोकने के लिए छतरपुर की रानी ने ईशा नगर, झींगन में, चरखारी के राजा ने जैतपुर महोबा, हमीर क्षेत्र में, अजयगढ़ की रानी, बाँदा क्षेत्र में तथा स्थानीय छोटे अपनी-अपनी सेनायें सुरक्षा के लिए तैनात कर दी। अजयगढ़ से बाँदा की सुरक्षा के लिए दो तोपे 200 सिपाही भेजे गये। चरखारी का दीवान अन्ना गोरेराव ठाकुर प्रसाद अंग्रेजो के सच्चे सहयोगी थे। जैतपुर की रानी ने राठ पनवाड़ी मौधा, महोबा, आदि क्षेत्रों पर अपना आधिपत्य जमा लिया।[13]

कैप्टन हिटलाक ने बाँदा क्षेत्र के समस्त विद्रोह को शान्त करने के बाद करवई में बाँदा के नबाब अली बहादुर को पराजित किया। तत्पश्चात् बाँदा नबाब की गोयरा मुगली में 8 तोप सहित 800 सैनिकों को नष्ट कर दिया। बाँदा नवाब हारने के बाद काल्पी पहुँचा। अप्रैल 1858 को कैप्टन हिटलाक बाँदा पहुँचा जहाँ से अगले दिन कलेक्टर मायने के साथ इलाहाबाद जा पहुँचा। बाँदा में शान्ति व्यवस्था स्थापित होने के पश्चात् इलाहाबाद से हिटलाक 1 जून 1858 को कर्वी जा पहुँचा। जहाँ पेशवा नारायण राव को जीतने के इरादे से लेकिन इसके पूर्व ही पेशवा कर्वी छोड़कर काल्पी में जाकर शरण लिया।[14]

रानी लक्ष्मी बाई कम्पनी के शासन से खुश नहीं थी वह झाँसी पर अपनी शासन सत्ता को प्राप्त करने के इरादे से विद्रोहियों का पूरा साथ दिया। इनमें असन्तुष्ट राजाओं में झाँसी क्षेत्र के मर्दन सिंह, खनियॉधाना आहार विद्रोही भी साथ आ गये लक्ष्मी बाई ने इनकी मदद से जुलाई 1858 को झाँसी में अपना अधिकार कर लिया।

झाँसी का शासन रानी लक्ष्मी बाई अंग्रेजो के रहमों करम पर ही कर रही थी लेकिन जब अंग्रेजी सेना के झाँसी पर आक्रमण करने का संदेश प्राप्त हुआ तो उन्हे बहुत ही घोर कष्ट हुआ। उन्होने अपना पक्ष अंग्रेजो के सामने रखना चाहा लेकिन यह संदेश अंग्रेजो तक नहीं पहुँच पाया। अंग्रेजो को यह शंका थी कि रानी भी अन्य विद्रोहियों के साथ बगावत पर उतर आयी है। रानी और अंग्रेजो से किसी भी प्रकार की बात न बनती दिखायी दिया तो अपने सैनिको को युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया। रानी लक्ष्मी बाई अपना एवं किले की सुरेक्षा सैनिक सामग्री इत्यादि पहले से ही एकत्र कर लिया था झाँसी में युद्ध 23 मार्च 1857 को हुआ। झाँसी के बाहर निकलने के सारे रास्तों का अनिवार्य रूप से अंग्रेजों के द्वारा बन्द कर दियागया और पास में पहाडिघ्यों पर अंग्रेजी सेना तैनात कर दी गयी। सबसे पहले युद्ध का आरम्भ किले के दक्षिण भाग से तोपों से हुआ जिसका मुकाबला किले की सेना नहीं कर सकी। झाँसी के घेरों का आखों देखा हाल दत्तात्रेय, बलवन्त ने अपनी पुस्तक लक्ष्मी बाई का चरित्र पेज नं0 187 में इस प्रकार वर्णन किया है-

''25 तारीख को दोनों ओर से युद्ध का आगाज हुआ अंग्रेजों की तोपे दिन-रात आग निकाल रही थी रात में किला और शहर में गोलों की बौछार होने लगी 50 से 60 पौण्ड वजनी गोला आग का दहकता हुआ अंगारे का सदृश्य लग रहा था जो दिन की धूप में भी अस्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। पर रात में खूब चकते हुए 26 तारिख को दोपहर को दक्षिणी द्वार की अपनी तोपे अंग्रेजो ने निकम्मी कर दी थी। एक भी व्यक्ति वहा नहीं टीक पता था सब धैर्य खो बैठे थे। तब पश्चिम द्वार की तोपची ने अपनी तोप का मुह घुमाया और अंग्रेजों पर गोले फेकने लगा। तीसरे गोले से अंग्रेजा का कुशल कोपची मारा गया और तोप बेकार हो गयी।''

रानी स्वयं ही किले का प्रबन्धन कर रही थी सर ह्यूरोज दूर्ग से पश्चिम में थे तथा सेना का संचालन मेजर गाल के द्वारा किया जा रहा था दक्षिण में फीडेल राबिन्सन् और स्टूअर्ट थे। उत्तर में मिस्टर लॉक सेना का नेतृत्व कर रहे थे अंग्रेजी सेना किले के तीनो दिशाओं से तोपों के गोलों की बरसात कर रहे थे जिससे किले की दिवारे क्षतिग्रस्त हो चुकी थी तात्या टोपे की हार से रानी को निराशा हुई लेकिन फिर भी उनका उत्साह वर्धन रानी के द्वारा निरन्तर किया जा रहा था। शनैः शनै अंग्रेजों की सेना दुर्ग के निकट आ पहुँची। अंग्रेजी सेना नायक डिक मिकली बोनस और फाक्स ने किले की दीवार के सहारे अन्दर प्रविष्ट होने की चेष्टा कर रहे थे लेकिन वे मृत्यु को प्राप्त हुए अंग्रेजो की सेना दुर्ग में आगे बढ़ती ही गयी अन्ततः रानी निराश होकर बाहर निकली और सेना के साथ शहर में भीषण युद्ध हुआ। अंग्रेजो ने पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया वहॉ के नागरिकों

की हत्या एवं सम्पत्ति को लूटकर ह्यूरोज ने रानी के महल पर आक्रमण किया। रानी ने बड़ी बहादुरी से लड़ी अंग्रेजो ने किले के अन्दर के लोगों और सैनिकों को मार डाला। किले में आग लगा दी रानी अपने अतिविश्वसनीय सिपाहियों के साथ दत्तक पुत्र दामोदर राव को पीठ में बाधकर पुरूष सैनिक वेश धारण करके तलवार चलाती हुई काल्पी की ओर 03 अप्रैल 1858 को भागने का निर्णय लिया। ह्यूरोज को रानी के भागने की सूचना मिली तो उसे बड़ा आश्चर्य हुआ और रानी को पकड़ने का प्रत्यत्न किया लेकिन असफल हुआ। अन्ततः किले पर ह्यूराज का अधिकार हो गया।[15]

विप्लव के परिणाम-

1. बुन्देलखण्ड में मराठा सत्ता की स्थापना का सपना चकनाचूर हो गया।
2. गैर क्षेत्रीय शासन प्रणाली के युग का अन्त हो गया।
3. मराठा शक्ति का साथ देने वाले राजा मर्दन सिंह का राज्य और बानपुर के वख्तअली का राज्य शाहगढ अंग्रेजी कम्पनी में मिला लिया गया।
4. शाहगढ़ बानपुर के राज्यों का विलय होने के बाद बुन्देलखण्ड में एकीकरण सम्पन्न हुआ।
5. कम्पनी का साथ देने वाले लोगों एवं राज्यों को कम्पनी की सरकार ने नजराना दिया।
6. ओरछा राज्य को मोहनगढ़ परगने की लगान शुल्क मुक्त कर दिया गया।
7. दतिया राज्य को कर से मुक्ति दी गयी वहाँ के बलदेव प्रसाद मोदी को दो हजार रूपये का इनाम एवं सनद प्रदान किया गया।
8. चरखारी के राजा को फतेहपुर मैरा की जमीन एवं विद्रोहियों द्वारा जब्त किया गया तीन लाख रूपये दिया गया।
9. पन्ना के राजा को बीस हजार का इनाम और सेमरिया परगना दिया गया।
10. सभी राज्यों को दत्तक पुत्र गहण करने का अधिकार दिया गया।
11. अजयगढ़ के राजा रजौर सिंह को मान्यता दे दी गयी।
12. विजयगढ़ राज्य को कटनी तहसील में शामिल किया गया तथा उसके 11 गांव नागौद के राजा को दे दिये गये।[16]

निकर्ष-

प्रथम जन आन्दोलन 1857 का प्रभाव देश के सम्पूर्ण क्षेत्रों ब्यापक रूप से हुआ। यह विप्लव अंग्रेजो की साम्राज्य वादी नीतियों का परिणाम थी। इसमें देश के सैनिक नवयुवक नबाबों सहित देशी राजाओं ने मिलकर अंग्रेजो की दमनकारी क्रूर नीतियों का डटकर विरोध किया। कुछ देशी राजा एवं रियासतों ने क्रान्ती को असफल बनाने में अंग्रेजों की ममद किया। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 1857 की विप्लव का केन्द्र झाँसी और काल्पी था। यह विप्लव बुन्देलखण्ड के समस्त क्षेत्रों में ब्यापक रूप से प्रभाव हुआ था। इसमें यहाँ के लोगों ने डटकर अंग्रेजो से मुकाबला किया। रानी लक्ष्मी बाई, तात्या टोपे, नाना साहब, राव साहब, झलकारी बाई, नबाब अली बहादुर आदि अनेको अनेक महान विभूतियों ने जन मानस को अपना नेतृत्व प्रदान किया जिससे अंग्रेजों को घबराहट हुई और अंग्रेजों को अपनी नीतियों में परिवर्तन करना पड़ा। जनरल ह्यूरोज ने रानी लक्ष्मी बाई की वीरता से इतना प्रभावित हुआ और कहा कि, ''यहाँ वह औरत सोई है जो विद्रोहियों में एक मात्र मर्द थी। क्रान्तिकारियें के पास अल्प साधन होते हुए भी विदेशी शासन से मुक्त होने के लिए एकता एवं संगठन का परिचय देते हुए मुकाबला किया भले ही वे इसमें सफल नहीं हुए एक अलग बात थी लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिए उनके द्वारा किया गया कार्य मार्ग दर्शक बनेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. बी0 एल0 ग्रोवर एस पाल आधुनिक भारत का इतिहासः एक नवीन मुल्यांकन, संस्करण 4 पृष्ठ सं0 275।
2. त्रिपाठी काशी प्रसाद बुन्देल खण्ड का बृहद इतिहास (राज तंत्र से जनतंत्र) समय प्रकाशन दिल्ली 2006 पृष्ठ संख्या 239।

3. फ्रीडम स्ट्रगल इन यू0 पी0 टव्स् प् पब्लिकेशन ब्यूरो लखनऊ पृष्ठ संख्या 395।
4. त्रिपाठी काशी प्रसाद बुन्देल खण्ड का बृहद इतिहास (राज तंत्र से जनतंत्र) समय प्रकाशन दिल्ली 2006 पृष्ठ सं0 343।
5. बी0 एल0 ग्रोवर एस पाल आधुनिक भारत का इतिहासः एक नवीन मुल्यांकन, संस्करण-4 पृष्ठ सं0 287-288।
6. त्रिपाठी काशी प्रसाद बुन्देल खण्ड का बृहद इतिहास (राज तंत्र से जनतंत्र) समय प्रकाशन दिल्ली 2006 पृष्ठ सं0 343।
7. बी0 एल0 ग्रोवर एस पाल आधुनिक भारत का इतिहासः एक नवीन मुल्यांकन, संस्करण-4 पृष्ठ सं0 288।
8. वही पृष्ठ सं0 289।
9. त्रिपाठी काशी प्रसाद बुन्देल खण्ड का बृहद इतिहास (राज तंत्र से जनतंत्र) समय प्रकाशन दिल्ली 2006 पृष्ठ सं0 346।
10. वही पृष्ठ सं0 346, 347, 348।
11. इम्पीरियल गजेटियर टव्स् 22 वर्ष 1908 पृष्ठ सं0 22।
12. मध्य प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम पृष्ठ सं0 63 ।
13. जिला गजेटियर बाँदा 1907 पृष्ठ सं0 184-1987
14. त्रिपाठी काशी प्रसाद बुन्देल खण्ड का बृहद इतिहास (राज तंत्र से जनतंत्र) समय प्रकाशन दिल्ली 2006 पृष्ठ सं0 360।
15. बुन्देली राधाकृष्ण बुन्देलखण्ड का ऐतिहासिक मुल्यांकन भाग 1 बुन्देलखण्ड प्रकाशन बाँदा 1989 पृष्ठ सं0 163।
16. त्रिपाठी काशी प्रसाद बुन्देल खण्ड का बृहद इतिहास (राज तंत्र से जनतंत्र) समय प्रकाशन दिल्ली 2006 पृष्ठ सं0 375।

अस्पृश्यता निवारण एवं नारी जागरण में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राधा बाई की भूमिका: छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में

विनोद कुमार जांगड़े

शोध छात्र, इतिहास अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छ.ग.

प्रो० आभा रूपेन्द्र पाल

विभागाध्यक्ष, इतिहास अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छ.ग.

सारांश - प्रत्येक समाज या राष्ट्र के विकास के लिए समाज के दो आधारभूत महत्वपूर्ण अंग स्त्री एवं पुरूष की समानता अत्यंत आवश्यक है। गांधी जी ने हमेशा न्याय समानता व शांति आधारित समाज की कल्पना की और इसके लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर देश भर के महिलाओं ने गांधी जी के द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

डॉ. राधा बाई भले ही स्वतंत्रता सेनानी के रूप में प्रसिद्ध हुई लेकिन नारी जागरण एवं अस्पृश्यता निवारण में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान सम्पूर्ण भारत में महिलाएं गांधी जी के विचारों से प्रभावित थी। इससे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं था। छत्तीसगढ़ के महिलाओं ने भी स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय रूप से बढ़ चढ़कर भाग लिया इनमें डॉ. राधा बाई प्रमुख थी, उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के स्वर्ण जाति के महिलाओं से लेकर साधारण परिवार की महिलाओं तथा वंचित एवं शोषित वर्ग के महिलाओं ने भी भाग लिया नि:संदेह छत्तीसगढ़ के अस्पृश्यता निवारण एवं नारी जागरण में डॉ. राधा बाई का उल्लेखनीय भूमिका रही है।

मूल शब्द: स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेविका, नारी उत्थान पिकेटिंग डिक्टेटर।

परिचय: किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास के लिए भेदभाव रहित समाज तथा अवसर की समानता का होना अत्यंत आवश्यक है। महात्मा गांधी जी ने जीवन पर्यन्त भेदभाव रहित समाज की कल्पना को साकार करने के लिए कार्य किया गांधी जी का मानना था कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जिसमें न्याय, समानता व शांति स्थापित हो। समाज के दो महत्वपूर्ण अंग स्त्री एवं पुरूष को अवसर की समानता मिले इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर रचनात्मक कार्यक्रम का सूत्रपात किया। गांधी जी के विचारों से देशभर की महिलाएं प्रभावित हुई इसका सीधा असर क्षेत्रीय स्तर पर प्रत्येक प्रांतो पर भी पड़ा। सन् 1920 से 1947 ई. तक राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास में गांधी युग के नाम से जाना जाता है इस आंदोलन के दौरान सम्पूर्ण भारत की महिलाओं की तरह छत्तीसगढ़ की महिलाएं भी गांधी जी के रचनात्मक कार्यक्रम में शामिल हुई। इनमें छत्तीसगढ़ के डॉ. राधा बाई का नाम विशेष रूप से आता है जिसके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में अस्पृश्यता निवारण, नारी जागरण, मद्य निषेध आंदोलन सहित गांधी जी के रचनात्मक कार्यक्रम एवं स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय रूप से

महिलाओं ने भाग लिया। गांधी जी के विचारों के अनुरूप डॉ. राधा बाई का मानना था कि केवल स्वराज प्राप्त करना नहीं है बल्कि देश में सामाजिक परिवर्तन भी लाना है।

डॉ. राधा बाई का जन्म सन् 1875 में मध्यप्रांत के नागपुर के इतवारी मोहल्ले में हुआ था। बाल अवस्था में ही उनकी विवाह कर दी गई और 9 वर्ष की आयु में ही वह विधवा हो गई। उनके माता पिता का पूर्व में ही निधन हो चुका था पति का देहांत होने के साथ ही वे बेसहारा और अकेली पड़ गई।[1]

कायस्थ परिवार में पैदा हुई राधा बाई को ब्राह्मण पड़ोसी परिवार का सहारा मिला और वे पड़ोसिन सहेली और उनके परिवार के साथ हिन्दी सीखने लगी।[2] बचपन बीतने के बाद उन्होंने अपने जीविकोपार्जन के लिए सेवाकार्य के रूप में दाई के कार्य को चुना और दाई के रूप में नागपुर नगर पालिका में कार्य करने लगी। सन् 1913 में वे रायपुर आई और स्थाई रूप से यहीं रहने लगी रायपुर के तात्यापारा में उनका मकान था रायपुर आने के साथ ही उन्होंने रायपुर नगर पालिका में भी दाई का कार्य करना प्रारंभ कर दिया।

राधा बाई ने अपने जीवन के संघर्षों को देखते हुए मिडवाइफ के रूप में सेवा कार्य को चुना था और इसी सेवाभाव त्याग, तपस्वी जीवन तथा राष्ट्रप्रेम की भावना के कारण लोग उन्हें डॉ. राधा बाई कहा करते थे और वह साधारण मिडवाइफ से डॉ. राधा बाई के रूप में प्रसिद्ध हो गयी।[3]

प्रत्येक परिवार चाहे वह अमीर हो या गरीब राधा बाई का सम्मान करते थे उनके पहुंचते ही प्रसव पीड़ा से पीडिघ्त मां और उनके परिवार वाले निश्चित हो जाते थे। वह अपना दाई का कार्य इतनी कुशलता के साथ करती थी कि सभी उन्हें डॉक्टर मानते थे और डॉ. राधा बाई कहकर सम्बोधित करते थे।

छत्तीसगढ़ में 20 दिसम्बर सन् 1920 को महात्मा गांधी का रायपुर आगमन हुआ, अपने रायपुर आगमन के दिन गांधी जी ने गांधी चौक मैदान पर एक विशाल जनसमूह को संबोधित किया। गांधी जी का रायपुर आगमन पं. सुन्दर लाल शर्मा के आग्रह पर कण्डेल नहर सत्याग्रह के समर्थन में हुआ था।[4]

गांधी जी मोटर कार से कुरूद होते हुए धमतरी गये। धमतरी मार्ग पर अनेक स्थानों पर ग्रामवासियों की अपार भीड़ ने उनका भरपूर स्वागत सम्मान किया। गांधी जी के कण्डेल पहुंचने से पहले ही नहर सत्याग्रह स्थगित हो गया था क्योंक ब्रिटिश शासन के हुक्मरानों के कहने पर उनके नौकरशाहों ने कण्डेल नहर सत्याग्रहियों की अपार भीड़ के सामने मजबूर होकर उनकी बात मान ली।[5]

फलस्वरूप गांधी जी धमतरी से ही वापस लौट आये और उनका कण्डेल जाना नहीं हो पाया रायपुर प्रवास के दौरान उन्होंने महिलाओं की अपार भीड़ को सम्बोधित करते हुए तिलक स्वराज फण्ड के लिए दान करने की अपील की उनके इस आह्वान पर महिलाओं ने तुरंत दो हजार रू. तक के गहने सहर्ष दान कर दिए।[6]

गांधी जी के विचारों का छत्तीसगढ़ के निवासियों, आदिवासियों, वंचित एवं शोषित वर्गों पर व्यापक प्रभाव पड़ा, इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। डॉ. राधा बाई भी गांधी जी के विचारों से बहुत प्रभावित थी वे स्वस्फुर्त इस आंदोलन में शामिल हो गई और सक्रिय कार्यकर्ता के रूप गांधी जी के रचनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होने लगी।

रायपुर में डॉ. राधा बाई के नेतृत्व में सत्याग्रही बहनों का एक समूह तैयार किया गया जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की मां श्रीमती केतकी बाई बघेल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मनोहर लाल श्रीवास्तव की मां श्रीमती फुलकुंवर बाई श्रीवास्तव, मनोहर लाल श्रीवास्तव की पत्नि श्रीमती पोची बाई, उनकी सहेली रूखमनी बाई शंकर राव गनौद वाले की पत्नि श्रीमती पार्वती बाई, श्रीमती रोहिणी बाई परगनिहा जमुना बाई और अनके महिलाओं ने स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय रूप से अनेक रचनात्मक कार्यों में भाग लिया।[7]

छत्तीसगढ़ में अस्पृश्यता निवारण एवं सामाजिक सुधार कार्यक्रम

गांधी जी के विचारों से प्रभावित दूसरा कार्यक्रम अछूतोद्धार कार्यक्रम था। छत्तीसगढ़ में जिसका शुभारम्भ छत्तीसगढ़ के गांधी के नाम से प्रसिद्ध पं. सुन्दरलाल शर्मा कर चुके थे। रायपुर नगर में इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. राधा बाई ने किया। अछूतोद्धार, अस्पृश्यता निवारण के इस समाज सुधार कार्य में स्वर्ण समाज के सम्पन्न परिवार के महिलाओं से लेकर साधारण एवं निम्न जातियों के महिलाओं ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। अछूतोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीमती केतकी बाई बघेल व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिलकर प्राय: प्रत्येक मोहल्ले में जाकर वहां के महिलाओं को स्वच्छता के संदेश के साथ जन जागरण का कार्य करती डॉ. राधा बाई स्वयं साफ सफाई करने में जुट जाती वहां के बच्चों को बड़े लाड-प्यार से नहलाती उन्हें स्वयं पढ़ाती। निम्न समझे जाने वाले जातियों के बीच कार्य करने में उन्होंने कभी संकोच नही किया।[8]

जेल में सत्याग्रही बहनों और अन्य महिला कैदियों के साथ सम्पर्क में आने पर उनके हितों के लिए आवाज उठाती उन्हें अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित करती थी जेल से बाहर निकलते ही उसी एकाग्रता व तनम्यता के साथ सेवा कार्य में जुट जाती। खादी और चरखा उनके नैतिक जीवन का प्रमुख हिस्सा बना रहा वह प्रतिदिन चरखा कातती और अन्य महिलाओं को भी चरखा कातने के लिए प्रेरित करती उन्होंने ही अनेक सत्याग्रही बहनों को चरखा कातना सिखाया।[9]

राधा बाई 1920-30 के दशक में समाज सेविका के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी थी दाई के रूप में किए गए सेवा कार्य के कारण सभी लोग उन्हें डॉ. राधा बाई पुकारते थे। सन् 1930 से लेकर 1942 तक सत्याग्रह व राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेती रही इसके साथ ही समाज सेवा व मानव सेवा उनका परम लक्ष्य बन चुका था। वे जातिगत भेदभाव रहित समाज के निर्माण पर जोर देती थी उन्होंने कभी भी किसी के साथ जाति, धर्म, सम्प्रदाय या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं किया। हमेशा छोटे बच्चों के लालन-पालन, उचित देखरेख व उन्हें शिक्षा देने के कार्य को महत्व देती थी और लोगों को प्रेरित करती थी।[10]

सन् 1930-32 में सम्पूर्ण रायपुर जिले में आंदोलन का केन्द्र बिन्दू रायपुर नगर था विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने के लिए विदेशी दुकानों तथा मद्य निषेध आंदोलन के अंतर्गत शराब दुकानों पर पिकेटिंग करने का निर्णय लिया गया था उस समय पं. सुन्दर लाल शर्मा तीसरे डिक्टेटर थे उन्हें 20 अप्रैल 1932 को रायपुर में गिरफ्तार कर लिया गया। परिणामस्वरूप आंदोलन का नेतृत्व डॉ. राधा बाई ने किया।[11]

डॉ. राधा बाई के नेतृत्व का महत्व इसी बात से स्पष्ट हो जाता है कि स्वाधीनता आंदोलन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जो युद्ध समिति गठित की गई थी, उस डिक्टेटरों की सूची में राधा बाई का नाम चौथा स्थान पर रखा गया था। गठित समिति का नियम था एक डिक्टेटर के गिरफ्तार हो जाने पर दूसरा डिक्टेटर उनका स्थान ले लेता और नेतृत्व करता था। इस प्रकार राष्ट्रीय आंदोलन का संचालन निरंतर चलता रहा।[12] पुरूष प्रधान समाज व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के बीच स्वाधीनता आंदोलन में पहचान स्थापित करना और नेतृत्व करना डॉ. राधा बाई के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी।

सन् 1932 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में रायपुर जिला से कुल 23 महिलाएं शामिल हुई, जिनमें से 11 सत्याग्रहियों को कारावास की सजा हुई, इनमें केतकी बाई बघेल रूखमणी बाई और रामबती ने दो-दो पिकेटिंग में भाग लिया। 23 मार्च 1932 को कीका भाई की दुकान के सामने धरना दे रही सत्याग्रहियों में जिनमें श्रीमती फुटेनिया बाई, मनटोरा बाई, केजा बाई तथा मुटकी बाई शामिल थी जिन्हें पुलिस बर्बरतापूर्ण व्यवहार करते हुए घसीटकर कोतवाली ले गया।[13]

कीका भाई की दुकान के सामने ही दूसरी घटना अप्रैल में घटी इस घटना के दौरान पिकेटिंग कार्य में शामिल कुंवर बाई, अमृत बाई, और रामबती को पुलिस गिरफ्तार करके घसीटते और गाली देते हुए कोतवाली तक ले जाया गया। इस घटना में शामिल अन्य महिलाओं को पुलिस ने बलपूर्वक धक्का देते हुए कोतवाली तक ले गये। इस घटना की शिकायत जब डॉ. राधा बाई से हुई तो उन्होंने पुलिस की इस बर्बरता की जानकारी आमसभा के माध्यम से जनता को दी आमसभा में महिलाओं के ऊपर पुलिस की इस बर्बरता की निंदा की गई। डॉ. राधा बाई को पिकेटिंग कार्य के दौरान गिरफ्तार करके उन्हें कारावास और 25 रूपये का जुर्माना की सजा दी गई थी।[14]

डॉ. राधा बाई के नेतृत्व में सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध भी आंदोलन हुए छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में एवं साधारण परिवार की महिलाओं में पर्दा प्रथा नहीं था मारवाड़ी समाज की महिलाएं पर्दा प्रथा के कारण घुटन महसूस करती थी वे सभी चाहते थे कि पर्दा प्रथा समाप्त हो जाए।[15] छत्तीसगढ़ के गांवों एवं कस्बों में सम्पन्न परिवारों के यहां किसबिन नाच हुआ करता था इसमें लगी महिलाएं बाद में वेश्यावृत्ति के धंधे में शामिल हो जाती थी। किसबिन नाच या वेश्यावृत्ति एक घिनौना कार्य था, छत्तीसगढ़ में किसबिन नाच को 'किसबिन नाचा' कहा जाता था डॉ. राधा बाई के नेतृत्व में इस प्रथा का विरोध पढ़े लिखे लोगों ने भी किया क्योंकि सभी इस प्रथा को घिनौना कार्य मानते थे।[16] पुरूष प्रधान समाज व सामंतवादी विचारों के बीच में डॉ. राधाबाई का कुप्रथाओं के विरूद्ध सफल आंदोलन उनकी कुशल रणनीति को दर्शाता है। सर्वप्रथम खरोरा नामक गांव में इस प्रथा की समाप्ति हुई। किसबिन नाच में लगे लोगों ने इस घिनौने कार्य को छोड़कर कृषि कार्य को अपना लिया। डॉ. राधा बाई के कारण यह क्रांतिकारी परिवर्तन हो सका था।

महिलाओं के लिए सबसे कठिन कार्य शराब बंदी आंदोलन के दौरान शराब दुकानों में जाकर धरना देना पिकेटिंग कार्य करना था साथ ही अपने ही समाज के बीच शराबियों से शराब छुड़वाना था। सत्याग्रहियों के आंदोलन का न केवल पुलिस के द्वारा बर्बरतापूर्ण तरीके से दमन करने की कोशिश होती बल्कि समाज के लोग भी शराब बंदी आंदोलन में शामिल महिलाओं को अच्छा नहीं समझते थे। लेकिन डॉ. राधा बाई के नेतृत्व में इस चुनौतीपूर्ण कार्य को किया जा सका।[17]

सन् 1932 में डॉ. राधा बाई 57 वर्ष की आयु पूरी कर रही थी लेकिन राष्ट्रीय आंदोलन, और समाज की सेवा करने में नवयुवकों की तरह कार्य कर अनुठा उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही थी। उनका उत्साह किसी भी रूप में युवाओं से कम नहीं थी उन्होंने अस्पृश्यता निवारण, सामाजिक एकता, समानता स्वाधीनता आंदोलन नारी उत्थान एवं मद्य निषेध आंदोलन के तहत शराब बंदी आंदोलन में अभूतपूर्व योगदान दिया। सदैव नि:स्वार्थ भाव से डॉ. राधा बाई समाज और राष्ट्र के की सेवा के लिए तत्पर रही। उन्होंने कभी भी पद या सम्मान की इच्छा नहीं की बल्कि एक साधारण महिला की तरह कार्य करती रही।

डॉ. राधा बाई अपने समर्पित जीवन में अनुठा उदाहरण पेश करते हुए एक साधारण मजदूर की तरह कांग्रेस भवन के निर्माण में (रेजा) के रूप में कार्य किया। जबकि उस समय में वे वृद्धावस्था 65 वर्ष के उम्र में थी।

कांग्रेस भवन के निर्माण में उन्होंने अपनी बहुत सी सम्पत्ति दान भी कर दी। गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन को वह राष्ट्रीय मंदिर समझती थी इस कारण उन्होंने अथक परिश्रम करते हुए कांग्रेस भवन के प्रति आस्था और विश्वास प्रकट किया।[18]

डॉ. राधा बाई का जन्म भले ही भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान हुआ हो लेकिन उन्होंने अपने जीवन में स्वतंत्रता प्राप्ति के सपने को पूरा कर लिया। सफल व सुन्दर राष्ट्र की कामना लिए 2 जनवरी सन् 1950 को 75 वर्ष के आयु में उनका देहांत हो गया। डॉ. राधा बाई के निधन से सम्पूर्ण रायपुर क्षेत्र उनके ममत्व व स्नेह से हमेशा-हमेशा के लिए वंचित हो गई।[19]

जब छत्तीसगढ़ एक नवीन राज्य के रूप में अस्तित्व में आया तब छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में तत्कालिन शिक्षा मंत्री श्री सत्यानारायण शर्मा जी ने सन् 1986 में स्थापित नवीन कन्या महाविद्यालय पुरानी बस्ती, रायपुर का नाम डॉ. राधा बाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय पुरानी बस्ती रायपुर कर दिया।[20]

निष्कर्ष -

छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय आंदोलन में स्वर्ण एवं सम्पन्न परिवारों की महिलाओं से लेकर साधारण महिलाओं एवं निम्न जाति के कहे जाने वाले महिलाओं ने भी अभूतपूर्व योगदान दिया। इनमें डॉ. राधा बाई ने अपने प्रारंभिक जीवन की कष्ट को भुलाकर छत्तीसगढ़ के नारी उत्थान, मद्य निषेध आंदोलन से लेकर अस्पृश्यता निवारण में महत्वपूर्ण योगदान।

डॉ. राधा बाई ने अपना सम्पूर्ण जीवन छत्तीसगढ़ गरीब, श्रमिक, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लिए समर्पित करते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने सभी लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। दाई के रूप में किए गये उनके सेवा कार्य, अनाथ व असहाय बच्चों के प्रति उनका वात्सल्य ने उन्हें डॉ. राधा बाई के रूप प्रसिद्ध किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को पद प्रतिष्ठा सब कुछ मिला लेकिन डॉ. राधा बाई का भौतिक रूप से वैसा सम्मान नहीं मिल पाया जिसकी वह सच्ची हकदार थी।

संदर्भ

1. ठाकुर हरि, छत्तीसगढ़ गौरव गाथा, सम्पादन विष्णु सिंह ठाकुर, आशिष सिंह ठाकुर, हरि ठाकुर स्मारक संस्थान रायपुर, 2003, पृ. 98
2. परमार, नारायण लाल, छत्तीसगढ़ के रत्न भाग-दो, सुधीर प्रकाशन रायपुर 2000 पृ. 45-46।
3. भूषण, केयूर, छत्तीसगढ़ के नारी रत्न, जन चेतना प्रकाशन रायपुर, 2005 पृ. 25-26।
4. शर्मा, प्रदीप कुमार, छत्तीसगढ़ के अनमोल रत्न, सरस्वती बुक्स भिलाई, विशाल कौशिक प्रिन्टर्स, नई दिल्ली 2020 पृ. 47
5. ठाकुर, हरि, छत्तीसगढ़ पर गांधी जी के व्यक्तित्व का प्रभाव, छत्तीसगढ़ में गांधी जी, सम्पादक ठा.भा. नायक, गांधी शताब्दी समारोह समिति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, 1970 पृ. 2।
6. भूषण, केयूर, पूर्वोक्त पृ. 53।

7. पाल, आभा आर. गांधीवादी जन आंदोलन में छत्तीसगढ़ की महिलाओं की भूमिका ैहं वद ूवउंद ीववकए म्कपजवते ळण्ब्ग् ैगमदं मजबण्ए ।दंउपबं च्नइसपेीमते ंदक क्पेजतपइनजवते छमू क्मसीपए 2011 पृ . 340
8. शुक्ल, अशोक, छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक चेतना का विकास, रायपुर 1988 पृ. 34।
9. भूषण केयूर पूर्वोक्त पृ. 54।
10. परमार, नारायण लाल, पूर्वोक्त पृ. 48।
11. वर्मा, आकांक्षा, आधुनिक काल में नारी उत्थान छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में, (1800 से 1950 ई. तक) शोध प्रबंध प.र.शु.वि.वि. रायपुर, 2005 पृ. 183।
12. ठाकुर, हरि, पूर्वोक्त, पृष्ठ 98।
13. पूर्वोक्त, पृ. 98
14. रायपुर नगर निगम रिपोर्ट, 1971-72, पृ. 40।
15. शर्मा, प्रदीप कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 37।
16. शर्मा, प्रदीप कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 38।
17. ठाकुर, हरि, पूर्वोक्त पृ.
18. मिश्र, प्रकाशवती, मेरी राष्ट्रीय चेतना के प्रणेता महात्मा गांधी जी, छत्तीसगढ़ में गांधी जी, संपादक ठा.भा. नायक, गांधी शताब्दी समारोह समिति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, 1970, पूर्वोक्त, पृ. 89।
19. परमार, नारायण लाल पूर्वोक्त, पृ. 48।
20. भूषण केयूर, छत्तीसगढ़ के नारी रत्न पूर्वोक्त पृ. 30।

डॉ० अनन्त सदाशिव अल्तेकर के द्वारा बिहार में किए गए पुरातात्विक कार्य

अराधना झा

शोधार्थी, प्रा. भा. इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना

प्रो० (डॉ०) नवीन कुमार

शोध पर्यवेक्षक, प्रा. भा. इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना

बिहार पुरातात्विक दृष्टि से काफी समृद्ध राज्य रहा है। यहां पर पुरातात्विक स्थलों की भरमार है, जिसके अन्वेषण एवं उत्खनन में कई संस्थानों एवं पुरातत्वविद्ों की प्रमुख भूमिका रही है, जिनमें डॉ. अनन्त सदाशिव अल्तेकर का नाम (1898-1959 ई.) अंतरराष्ट्रीय तौर पर काफी प्रसिद्ध है। वह एक पुरातत्वविद् के साथ-साथ एक मुद्राशास्त्री भी थे।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में कार्य करने के बाद डॉ. अल्तेकर वर्ष 1949 ई. में पटना विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के प्रथम विभागाध्यक्ष बनाए गए। वर्ष 1950 ई. में बिहार सरकार के प्रयत्न से काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान की स्थापना हुई, जिसके प्रथम निदेशक डॉ. अल्तेकर को बनाया गया। काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान में कार्य करने के दौरान उन्होंने बिहार में कई पुरातात्विक कार्य किए, जिनमें प्राचीन पाटलिपुत्र, कुम्हरार, करियन, सोनपुर एवं वैशाली, का उत्खनन प्रमुख है।[1]

वर्ष 1954 ई. में पटना विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष पद पर रहते हुए, उन्होंने चिरांद को छपरा के आर्किलॉजिकल सोसाइटी के विशेष आग्रह पर देखा। चिरांद उत्तर बिहार के सारण जिला में स्थित है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के कलाईल ने सन् 1877-78 ई. में चिरांद के टीले के ऊपर एक मस्जिद को देखा, जो संभवत बंगाल के शर्की राजवंश के सुल्तान अबुल मुजफ्फरशाह के द्वारा हिजरी सन् 909 (1503 ई.) में बनवाया गया था।

वर्ष 1954 ई. में डॉ. अल्तेकर ने सड़क की ओर मस्जिद का आड़ा काटा, जिसके परिणामस्वरूप जमीन की सतह के नीचे करीब 1.75 मीटर मोटी राख की परत प्राप्त हुई। उनके विचार में मस्जिद बनाने के पूर्व पहले की बनी हुई संरचनाओं को जलाकर नष्ट किया गया था किंतु कुछ स्तंभों को उपयोग में लाया गया था। स्तम्भों के बनावट की शैली से यह ज्ञात होता है कि वह 12वीं-13वीं शताब्दी की है। इसके निकट ही उत्तर पश्चिम की ओर तीन स्तंभ करीब-करीब पूरी तरह जमीन में दबे हुए थे। काट में यह वर्गाकार थे और 80 मीटर वर्ग के नाप में थे। इनमें सबसे लंबा स्तंभ करीब 2 मीटर का था। स्तंभ काले नीले पत्थर से बनाया गया था। ये स्तंभ शायद मंदिर के थे। सन् 1960 ई. में श्री वी. एस. वर्मा द्वारा जब इस स्थान को देखा गया था, तब ये स्तंभ वैसे ही थे परंतु इस मंदिर के बारे में यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह एक बौद्ध मंदिर था या हिंदू मंदिर? परंतु उन्होंने यह कहा है कि इस टीले के अन्वेषण में उन्हें ईटों के कुछ ऐसे टुकड़े मिले हैं जिनमें एक उन्नतोदर वक्रता दिखाई देते हैं जैसे कि वह किसी स्तूप को संकेत करते हो।[2]

चिरांद में सन् 1969-70 ई. में किए गए उत्खनन से भारतीय नवपाषाणकालीन संस्कृति पर नया प्रकाश पड़ा। चिरांद के उत्खनन से पांच सांस्कृतिक कालों का पता लगा जिसमें प्रथम काल तथा द्वितीय काल में उपकाल के भी चिन्ह मिलते है। इनका विभाजन मृदभांडों की विविधता के आधार पर किया गया है:-

प्रथम काल चिरांद का प्रथम काल नवपाषाणकालीन संस्कृति को प्रदर्शित करता है। इस काल को दो उपकालो में बांटा गया है: काल-1 अ (लगभग 2500-1600 ई. पू.) से लोहित मृदभांड के ठीकरे मिले हैं, जो अधिकांशत: हस्तनिर्मित है, परन्तु

कुछ ठीकरों से उनके घूम-चक्कर पर बनाए जाने का संकेत मिलता है। काल-1 ब के मृदभांडों में मार्जित तथा अमार्जित धूसर मृदभांड तथा धूसर और भूरे मृदभांड पहले के है जो बाद में कृष्ण लोहित मृदभांड के रूप में विकसित हो गए है। पकाने के बाद गेरूए रंग से चित्रकारी करना, इस काल की विशेषता थी।

काल-2 ''अ''(लगभग 1600-1000 ई. पू.) कृष्ण लोहित मृदभांड-सह-क्षुद्राश्म संस्कृति थी। परवर्ती काल के लाल एवं लोहित मृदभांड का विकसित रूप कृष्ण लोहित मृदभांड काफी अच्छी संख्या में मिले है। काल-2 ''ब'' (लगभग 1000-600 ई. पू.) के शवाधान से टूटे-फूटे कृष्ण लोहित मृदभांड मिले है।

काल-3 (लगभग 600-200 ई. पू.) में कृष्ण लोहित मृदभांड के साथ-साथ उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांडों का प्रयोग होने लगा। काल-4 (लगभग 200 ई. पू0-300 ई.) से दो निर्माण कालों की पकी ईटों की संरचना प्राप्त हुई है। साथ ही 88 कुषाण सिक्कों का ढ़ेर मिला है। काल-5 (लगभग 800-1200 ई.) में पालकालीन संस्कृति के अवशेष प्राप्त हुए हैं। चतुर्थ काल के बाद लम्बे समय तक यह स्थल विरान रहा। इस स्तर के ऊपरी सतह से मुस्लिमकाल के चमकीले मृदभांड मिलने लगते हैं।[3]

कुम्हरार

डॉ. ए. एस. अल्तेकर एवं वी. के. मिश्र द्वारा सन् 1951-55 ई. में पुनः कुम्हरार की खुदाई की गई। इस उत्खनन में भवन के पास आठ और स्तंभों का प्रमाण मिला, इसके अतिरिक्त प्रवेश द्वार के पास चार अन्य स्तंभ भी थे। इस प्रकार यह स्पष्ट हो गया कि यह भवन अस्सी स्तंभों पर आधारित था एवं इसके प्रवेश द्वार पर चार स्तंभ लगे। इस भवन के दक्षिण पूर्व में स्पूनर द्वारा लकड़ी से बना एक विशाल प्लेटफार्म खोज निकाला गया। स्पूनर, मार्शल एवं व्हीलर के अनुसार कुम्हरार का भवन पर्सिपोलस के इरानी भवनों के आधार पर बनाया गया था। भारतीय स्थापत्य में पाषाण स्तंभों के उपयोग का यह प्रथम उदाहरण है।

अस्सी स्तंभों वाले भवन से थोड़ी दूर पर एक बौद्ध विहार समूह के अवशेष प्राप्त हुए है। इनका अस्तित्व शुंग काल से लेकर गुप्तकाल तक रहा होगा। उत्खनन से एक मुहर प्राप्त हुई है, जिस पर ''श्री आरोग्य विहारस्य भिक्षु संघस्य'' उत्कीर्ण है। यह मुहर गुप्तकालीन है। यही से एक ईटों से निर्मित बहुकोणिय शिखर युक्त चौत्य भी प्राप्त हुआ है। इसका काल प्रथम से तीसरी शताब्दी निर्धारित किया गया है। अन्य महत्वपूर्ण अवशेषों में मृदभांड, आहत ताम्र सिक्के, मृण्मूर्तियां, मुहरें और कुछ लौह उपकरण है।[4]

उपर्युक्त खोजों के आधार पर कुम्हरार के सांस्कृतिक कालों को छह भागों में विभाजित किया गया है:-

प्रथम काल की सबसे विशिष्ट विशेषता मोटे फैबरीक के भूरे रंग के बर्तन आमतौर पर लाल बर्तन के साथ मिश्रित होते हैं। यहां से पंचमार्क और कास्ट सिक्के पाए गए हैं। द्वितीय काल में शुंग टेराकोटा, कौशाम्बी के लैंकी बुल प्रकार के सिक्के, कुछ तांबे के पंचमार्क और कास्ट सिक्के, एन.बी.पी. वेयर, रेड वेयर और ग्रे वेयर के कुछ टुकड़े मिले हैं। तृतीय काल में कुछ कुषाण सिक्के और कुषाण टेराकोटा मिले हैं। ग्रे वेयर और एन.बी.पी. वेयर का कोई निशान नहीं मिलता हैं। चतुर्थ काल में चंद्रगुप्त द्वितीय के तांबे के सिक्के, टेराकोटा सीलिंग, और विशिष्ट गुप्त टेराकोटा काफी बड़ी मात्रा में मिले हैं। पंचम काल में मोटे फैबरीक के लाल बर्तन, कुछ संरचनाएं और खुदी हुई सीलिंग और बर्तन मिले हैं। छठे काल में 17वीं शताब्दी ई. के पहले की अवधि का संकेत नहीं दिया।[5]

प्राचीन पाटलिपुत्र

वर्ष 1955-56 ई. में के. पी. जायसवाल शोध संस्थान, पटना के तत्वधान में श्री विजय कांत मिश्र एवं डॉ. अल्तेकर के द्वारा पाटलिपुत्र सिटी एवं गुलजारबाग के राजकीय प्रेस खेल मैदान, महावीर घाट, बेगम की हवेली, सदरगली एवं शाह कमाल रोड का उत्खनन कराया गया। उत्खनन का मुख्य उद्देश पूर्व मौर्य पाटलिपुत्र एवं मौर्य महल परिसर के अवशेषों का पता लगाना था। यहां से पांच कालो का प्रमाण मिला है:-

प्रथम काल (600 ई.पू.-150 ई.पू.) से उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड के कटोरे और थालिया, मोटे हल्के लाल बर्तन के बड़े जार, मोटे भूरे रंग के बर्तन, घुमावदार कटोरे, लोहित मृदभांड की थालिया और कटोरे एवं टेराकोटा का प्रमाण मिला है। इस काल के 6 फीट से 3 फीट तक के बलुआ पत्थर के नमूने मौर्यकालीन पॉलिश के साथ प्रतीत होते हैं। द्वितीय काल (100 ईसा पूर्व अवधि से पूर्व) से ईटों के संरचनात्मक अवशेष , टेराकोटा सोक-वेल, उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड और एक विशिष्ट लोहित मृदभांड और मोटे धूसर मृदभांड के कुछ टुकड़े के प्रमाण प्राप्त हुए हैं। पंचमार्क और ढले हुए सिक्कों, कई कौशांबी "लैंकी बुल" प्रकार के सिक्के, घर की छत की प्रकृति का संकेत देने वाली टाइलें आदि प्राप्त हुए हैं। तृतीय काल (लगभग 100-300 ई.) के बर्तन में कटोरे, रिमलेस कैरिनेटेड फूलदान, मोटे धूसर मृदभांड, लघु फूलदान इत्यादि है। तांबे की वस्तुएं जिसमें सुरमा-छड़ें और चम्मच होते हैं और सोने का एक खोखला ताबीज इत्यादि का प्रमाण प्राप्त हुआ है। चतुर्थ काल (लगभग 300-600 ई.) से सादे लोहित मृदभांड, जानवरों की मूर्तियों और विभिन्न आकृतियों के मोतियों इत्यादि का प्रमाण मिला है। पंचम काल (600 ई0 और बाद में) से चमकता हुआ बर्तन, शाह आलम का एक चांदी का सिक्का, मुस्लिम एवं मराठा सिर-पोशाक के साथ टेराकोटा की मूर्तियाँ, हाथीदांत डिस्क, कांच के मोती, तांबे और लोहे के विविध वस्तुएं इत्यादि प्राप्त हुए हैं।[6]

करियन

वर्ष 1955 ई0 में श्री विजय कांत मिश्र के द्वारा करियन का उत्खनन डॉ. अल्तेकर के पर्यवेक्षण में हुआ। करियन गांव समस्तीपुर जिला रोसरा अनुमंडल में अवस्थित है। यह गांव मिथिला के महान दार्शनिक एवं न्यायशास्त्री उदयनाचार्य की जन्मभूमि होने के कारण प्रसिद्ध है। करियन गांव की सीमित उत्खनन से यहां तीन सांस्कृतिक कालों का प्रमाण मिला है:-

प्रथम सांस्कृतिक काल से पकी हुई मिट्टी के गाड़ी के चक्के, पकी हुई मिट्टी के खिलौने एवं गुटका मुख्य सामग्रियों में उपलब्ध है। इस स्तर को ई. पूर्व दूसरी से 600 वर्ष के मध्य का माना गया है। द्वितीय सांस्कृतिक काल से लाल रंग के मृदभांड के टुकड़े ज्यादा संख्या में प्राप्त है। भूरे एवं धूसर रंग के मृदभांड के टुकड़े भी मिले हैं। इस स्तर का काल छठी सदी से 12 वीं सदी के मध्य माना गया है। तृतीय सांस्कृतिक काल मध्यकालीन युग से संबंधित है। इस स्तर से प्राप्त पुरासामग्रियों में मृण्मूर्तियां, गोला, गाड़ी का पहिया, शीशे के कंगन, लोहे की काठी प्रस्तर एवं शीशे के मनके इत्यादि महत्वपूर्ण है। इस काल की अवधि 1200 ई. के बाद का माना जाता है।

करियन से कई पालकालीन प्रस्तर मूर्तियां समय-समय पर प्राप्त हुए हैं। यहां का शिव मंदिर एवं भगवती मंदिर प्राचीन टीलों पर निर्मित है। यहां से प्राप्त प्रस्तर मूर्तियों में काले पत्थर से बने विष्णु की प्रतिमा है।[7]

सोनपुर

वर्ष 1956 ई. में के. पी. जायसवाल शोध संस्थान के तत्वधान में श्री विजय कांत मिश्र के द्वारा इसका उत्खनन प्रारंभ हुआ। श्री विजय कांत मिश्र के प्रतिवेदन को महत्व देते हुए डॉ. अल्तेकर ने सोनपुर के उत्तरी कृष्ण ओपदार स्तरों को लक्ष्य बनाकर, यहां के उत्खनन कार्य की योजना बनाई, किंतु इसका विस्तृत उत्खनन 1959-62 ई. के बीच कराया गया। उसके बाद फिर 1970-71 ई. में भी यहां कुछ उत्खनन कार्य हुए। सोनपुर गांव बेला रेलवे स्टेशन (गया जिला) से 3 मील पश्चिम में अवस्थित है। सोनपुर के पुराने टीले के उत्खनन से प्रमुख पांच सांस्कृतिक कालों का प्रमाण मिला जो निम्नलिखित हैं:-

प्रथम काल से मिट्टी के बर्तन सीमित मात्रा में प्राप्त हुए हैं, जिसमें काले एवं लाल रंग के बर्तनों में कटोरा, थालिया और फूलदान प्रमुख है। इस काल की एक अन्य वस्तु कच्चे बलुआ पत्थर का मनका है। द्वितीय काल से कृष्ण लोहित मृदभांड प्राप्त हुए हैं। इस काल के नए स्तर से धूसर मृदभांड एवं उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड के कुछ टुकड़े को पहचाना गया है। तृतीय काल से टेराकोटा की कई वस्तुएं प्राप्त हुई है, जिनमें चूड़ियां, नागा एवं जानवरों की टेराकोटा मूर्तियां प्रमुख है। चतुर्थ काल से काले और लाल बर्तन की गुणवत्ता में गिरावट आई और मोटाई की प्रवृत्ति द्वारा इन्हें चिन्हित किया गया है। पंचम काल से ईंटों को प्राप्त किया गया है। इसके अलावा टेराकोटा के गहने, पंचमार्क सिक्के और तांबे की छड़े एवं पत्थर का सेल्ट इत्यादि पाया गया है।

सोनपुर के उत्खनन से प्राप्त पुरावशेषों को देखकर यह कहा जा सकता है कि वहां के लोगों की स्थिति अच्छी थी।[8]

वैशाली

सन् 1959 ई. में के. पी. जयसवाल शोध संस्थान ने डॉ. ए. एस. अल्तेकर की देखरेख में वैशाली में उत्खनन कार्य पुनः आरंभ किया। इस उत्खनन के द्वारा किलेबंदी के अस्तित्व की समस्या का समाधान हुआ और यह कहा गया हैं कि डॉ. अल्तेकर बहुत हद तक किले की दीवारों के वास्तविक भग्नावशेषों को पता लगाने में सफल हुए। संभवत गढ़ के दक्षिण-पश्चिम की बौद्ध-स्तूप एवं मुस्लिम मकबरा को खोजा गया। यह आश्चर्य की बात है कि राजा विशाल का गढ़ के उत्खनन में बौद्ध धर्म से संबंधित कोई वस्तु का प्रमाण नहीं प्राप्त हुआ हैं एवं सैकड़ों मुहरों जो प्राप्त हुई है, उससे बौद्ध धर्म का कोई संबंध प्रकाश में नहीं आया है।

हेवन्सांग के विवरणों के अनुसार हीनयान बौद्ध संप्रदाय के मठ के निकट तीन स्तूप थे, जिनमें एक सबसे महत्वपूर्ण स्तूप वह था, जिसमें बुद्ध के अस्थि अवशेषों का भाग जो लिच्छवियो को प्राप्त था, वह दक्षिण पूर्व की ओर स्थित था। हेवन्सांग ने उस मठ एवं तीन स्तूपों का पता लगाया जो की गढ़ वाले टीले से 1 मील दूर उत्तर पश्चिम की ओर था। स्तूप के निकट एक तालाब था जो 'खरौना पोखर' के नाम से प्रचलित था। खरौना पोखर के पास के क्षेत्र में फिर से उत्खनन कार्य प्रारंभ हुआ। यह कार्य डॉ. अल्तेकर की निगरानी में वर्ष 1957-58 ई. में के. पी. जायसवाल शोध संस्थान के तत्वधान में हुआ। यह तालाब मूलतः 'अभिषेक पुष्कर्णी' के नाम से जाना जाता था। वर्तमान में यह सरोवर 1420 फीट लंबा और 660 फीट चौड़ा है। डॉ. अल्तेकर के द्वारा सरोवर के उत्तरी पूर्वी भाग में स्थित एक छोटे टीले का भी उत्खनन किया गया, जिससे एक स्तूप का अवशेष प्राप्त हुआ है।

डॉ. अल्तेकर के अनुसार मिट्टी के बने इस स्तूप को बाद में पके हुए ईटों की चिनाई से ढ़क दिया गया था। अतः मूल स्तूप मौर्यकाल के पहले लिच्छवियों द्वारा बनाया गया होगा। बुद्ध की मृत्यु के बाद उनके शरीरावशेष पर इस स्तूप का निर्माण किया गया होगा। स्तूप के केंद्रीय भाग का भी उत्खनन हुआ। इसके मध्य में, उस क्षेत्र में जहां पहले दरार थी, वहां एक सेलखड़ी से बनी मंजूषा प्राप्त हुई, जो ऊपरी दबाव के कारण चटकी हुई थी, इसके एक चौथाई भाग में राख एवं मिट्टी थी एवं उसमें दो शीशे के मनके, एक छोटा शंख, एक सोने की पत्ती का छोटा टुकड़ा एवं एक तांबे का पंचमार्क सिक्का भी साथ-साथ था परंतु इसमें ऐसी कोई अभिलेखयुक्त वस्तु प्राप्त नहीं हुई है, जिससे समय या तिथि की सटीक जानकारी मिल सके।[9]

वैशाली के उत्खनन का प्रारंभिक बिंदु राजा विशाल का गढ़ एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का था। बसाढ़ गांव के उत्तर में एक विशाल टीला था। कनिंधम ने इस टीले की पहचान राजा विशाल का गढ़ से की थी। वर्ष 1950 ई. में कृष्णदेव के द्वारा की गई खुदाई से गढ़ एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की प्राचीनता 600 ई. पू. तक चली जाती है।

के. पी. जायसवाल अनुसंधान संस्थान, पटना के द्वारा वर्ष 1958-62 ई. के दौरान वैशाली गढ़ एवं उसके आसपास के अन्य क्षेत्रों में सबसे व्यवस्थित एवं व्यापक उत्खनन कार्य संपन्न हुआ। यहां से पांच सांस्कृतिक कालों का प्रमाण मिलता है:-

प्रथम काल में उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड की अनुपस्थिति थी। कृष्ण एवं लोहित मृदभांड, फीके लोहित मृदभांड, कृष्ण एवं धूसर मृदभांड की उत्पत्ति 700 ई. पू.-600 ई. पू. मानी जाती है। द्वितीय काल से उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड, कृष्ण-लोहित, कृष्ण एवं लोहित मृदभांड मिलते है, यह काल 600 ई. पू.-150 ई. पू का माना गया है। तृतीय काल उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड के गायब होने और पूर्व शुंग एवं उत्तर कुषाण पुरावशेषों की उपलब्धता को दर्शाता है, इसे 150 ई. पू. - 300 ई. माना गया है। चतुर्थ काल से गुप्त काल की शुरुआत का प्रमाण मिलता है, इस काल का समय 300 ई. से 600 ई. है। पंचम काल गुप्त काल के अंत के साथ शुरू होता है, जो मुस्लिम काल के लिए 600 ई. के बाद माना जा सकता है।[10]

उपरोक्त विवरणों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बिहार के पुरातात्विक इतिहास में वैशाली एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

संदर्भः-

1. सिन्हा, डॉ. रश्मिः उत्तर बिहार में पुरातत्व का उद्‌भव एवं विकास, जानकी प्रकाशन, पटना-2010, अध्यायः-6, पृष्ठ संख्याः- 252-253,
2. सिन्हा, डॉ. रश्मिः उत्तर बिहार में पुरातत्व का उद्‌भव एवं विकास, जानकी प्रकाशन, पटना-2010, अध्यायः-4, पृष्ठ संख्याः- 92-93
3. सिन्हा, डॉ. रश्मिः उत्तर बिहार में पुरातत्व का उद्‌भव एवं विकास, जानकी प्रकाशन, पटना-2010, अध्यायः-4, पृष्ठ संख्याः- 96-99
4. श्रीवास्तव, अलखदेव प्रसाद पुरातत्व परिचयः बिहार के संदर्भ में, बिहार पुराविद परिषद्, पटना, 2009, पृष्ठ संख्याः- 85-86
5. कुमार, डॉ. नवीनः ARCHAEOLOGICAL EXCAVATION IN BIHAR Since Independence, जानकी प्रकाशन, पटना-1999, अध्यायः-3, पृष्ठ संख्याः- 53
6. कुमार, डॉ. नवीनः ARCHAEOLOGICAL EXCAVATION IN BIHAR Since Independence, जानकी प्रकाशन, पटना-1999, अध्यायः-3, पृष्ठ संख्याः- 49-50
7. सिन्हा, डॉ. रश्मिः उत्तर बिहार में पुरातत्व का उद्‌भव एवं विकास, जानकी प्रकाशन, पटना-2010, अध्यायः-4, पृष्ठ संख्याः- 154 -156
8. कुमार, डॉ. नवीनः ARCHAEOLOGICAL EXCAVATION IN BIHAR Since Independence, जानकी प्रकाशन, पटना-1999, अध्यायः-3, पृष्ठ सं. -53
9. सिन्हा, डॉ. रश्मिः उत्तर बिहार में पुरातत्व का उद्‌भव एवं विकास, जानकी प्रकाशन, पटना-2010, अध्यायः-4, पृष्ठ संख्याः- 130-132
10. प्रसाद, कामेश्वर, The Glory that was Vaisali (From the Earliest Times to C. 600 C.E.) Bihar Heritage Series-2, के. पी. जायसवाल अनुसंधान संस्थान, पटना-2015, अध्यायः-2, पृष्ठ संख्याः- 27, 29-30

किसान संघर्ष और मिथिलाः एक संक्षिप्त अध्ययन

विवेक कुमार 'अमर'

शोधार्थी, इतिहास विभाग, ल0 ना0 मि0 विश्वविद्यालय, दरभंगा

प्रो0 मो0 नैयर आजम

शोध पर्यवेक्षक, इतिहास विभागाध्यक्ष, ल0 ना0 मि0 विश्वविद्यालय, दरभंगा

सारः

संपूर्ण भारतवर्ष के इतिहास में कृषि प्राचीन काल से ही लोगों का महत्वपूर्ण पेशा रहा है, देश की बहुसंख्यक जनता इससे जुड़ी रही है। इसके बावजूद भी कृषकों को शायद ही तनावमुक्त जीवन जीने का अवसर प्राप्त हुआ। उनका जीवन हमेशा संघर्षमय रहा। हद तो तब हो गई जब आधुनिक काल में भारत में अंग्रेजी राज का आगमन हुआ। इन अंग्रेजों ने लगान वसूली के लिये कृषकों और अपने बीच एक दलाल वर्ग पैदा किया जो जमींदार कहलाते थें। इन जमींदारों को अंग्रेजों ने लगान न चूका पाने वाले किसानों की जमीन भी हड़पने का अधिकार दे दिया। कृषक दिनों-दिन लगान चुकाने के चक्कर में साहुकार व जमींदारों के कर्ज में दबते चले गये और उनके खून से जमींदारों ने अपने महलों को चमकाया। लेकिन हरेक जुल्म का प्रतिकार भी होता है और जब किसानों पर अत्याचारों की इंतिहा हुई तो किसानों ने संपूर्ण भारतवर्ष में प्रतिकार किया। बिहार की धरती इन किसान संघर्षों का अगुआ बनी और इसी बिहार के मिथिला क्षेत्र के पावन भूमि चंपारण से, गांधीजी ने अंग्रेजी राज के अंत के लिये अपने पहले सत्याग्रह नीलहे किसानों के लिए आंदोलन की सफल शुरूआत की। मिथिला में 1920 ई0 से 1950 ई0 तक कई सारे किसान संघर्ष हुए। इनमें स्वामी विद्यानंद का दरभंगा महराज के खिलाफ संघर्ष, बकाश्त संघर्ष, जमींदारी उन्मूलन के लिये संघर्ष आदि महत्वपूर्ण किसान संघर्ष थें। स्वामी सहजानंद सरस्वती, स्वामी विद्यानंद, राहुल सांकृत्यायन, कार्यानंद शर्मा, रामनंदन मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, भोगेन्द्र झा जैसे महान विभूतियों ने मिथिला में हुए विभिन्न किसान संघर्षों के सफल नेतृत्व का जिम्मा उठाया और सरकार को जमींदारी व्यवस्था समाप्त करने के लिए कानून बनाने को मजबूर किया।

विशेष शब्दः स्वामी विद्यानंद, बकाश्त संघर्ष, जमींदारी उन्मूलन, पंडौल, किशोरी प्रसन्न सिंह

1. किसान संघर्ष और मिथिलाः एक संक्षिप्त अध्ययन

किसान संघर्षों के इतिहास में बिहार की अग्रगण्य भूमिका रही है। स्वामी सहजानन्द, रामवृक्ष बेनीपूरी, कार्यानन्द शर्मा, राहुल सांकृत्यायन, यदुनंदन शर्मा, योगेन्द्र शुक्ल, स्वामी विद्यानन्द, किशोरी प्रसन्न सिंह, शीलभद्र याजी जैसे अनेक किसान नेताओं ने विभिन्न आंदोलनों द्वारा किसानों का दुःख दर्द दूर करने का प्रयास किया। इन्होंने न केवल कर्ज से दबे किसानों को उठाने का काम किया बल्कि उनपर हो रहे जुल्मों की सबसे बड़ी व्यवस्था जमींदारी व्यवस्था को ही लंका लगाने का पुनीत कार्य किया।

मिथिला में किसान संघर्षों कि बात करें तो नील विद्रोह, स्वामी विद्यानन्द के संघर्ष फिर बकाश्त जमीन के लिए संघर्ष और सबसे अंत में उपर्युक्त सारी कुव्यवस्थाओं की जड़ जमींदारी व्यवस्था को समाप्त करने हेतू किसानों के संघर्ष काफी महत्वपूर्ण है। चंपारण में 1860 के दशक से ही तीनकठिया व्यवस्था का हल्का-फुल्का विरोध आरंभ थाा। इस व्यवस्था में अंग्रेज नीलहे रामनगर, बेतिया व मधुबन के जमींदारों से जमीन का पट्टा लेकर उनकों अपनी जमीन के कुछ भाग में नील की खेती करने को मजबूर करते थे, वो भी बिना मजदूरी के। अतः 1900 ई0 के समय से जब कृत्रिम रंगो के वजहों से यह काम अंग्रेजों के हित में नहीं रहा तो उन्होंने कहा की किसानों को तब ही नील उगाने से मुक्ति मिलेगी जब वह मुझे पहले से ज्यादा लगान

दें। अतः मोतिहारी व बेतिया के इलाकों में 1905-08 ई0 के बीच इसका जोरदार प्रतिकार किया गया। कुछेक हिंसक घटनाओं के बाद भी यह विद्रोह चलता रहा। ये किसान उच्च स्थिति वाले समृद्ध किसान थें, इन्होंने इस विद्रोह को लगातार जारी रखा तथा नील उगाने की बाध्यता को इनके ही एक साथी राजकुमार शुक्ल ने चंपारण सत्याग्रह में गांधीजी की मदद से समाप्त किया।[1]

इसके बाद अब हम दरभंगा महराज की तरफ आते हैं। उनकी रियासत बिहार की सबसे बड़ी रियासत थी। वो संपूर्ण भारतवर्ष में एक बड़े जमींदार की हैसियत से देंखें जातें थे।[2] वैसे तो दरभंगा महाराज के खिलाफ पूर्व में भी विद्रोह हो चुकें थें लेकिन इन में सबसे बड़ा विद्रोह करने में स्वामी विद्यानन्द उर्फ विशूभूरण प्रसाद का नाम आता है। इन्होनें दरभंगा राज के रहिका सर्किल के नरार गाँव से 26 जून 1919 ई को महराज के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया।[3] इनकी प्रमुख मांगें लगान वृद्धि पर रोक के साथ अपनी जमीन की बिक्री पर 25 प्रतिशत सलामी का विरोध तथा बेगारी उन्मूलन व अपनी कायमी जमीन पर बिना जमींदार की अनुमति से कुआँ खोदने का अधिकार आदि थें। अब बताइयें की आप अपनी जमीन बेच रहें हैं, ये आपका निजी मामला हैं, इसके लिए भी आपको महराजा को 25 प्रतिशत दलाली देनी है। यह बहुत बड़ा शोषण था। स्वामी विद्यानन्द के आंदोलन से किसानों से भयभीत होकर दरभंगा महराज के नेतृत्व में 1922 ई में प्रांतीय किसान सभा अस्तित्व में आई। यह संस्था किसानों के हितैषी होने का फर्जी दावा करती थी। इतना ही नहीं किसानों को शांत करने के लिए महराज ने कुछ रियायतों की घोषणा की और इसके बाद स्वामी विद्यानन्द का आंदोलन समाप्त हो गया।[4]

अब स्वामी सहजानंद सरस्वती का दौर आता है। 4 मार्च 1928 ई0 को स्वामीजी ने बिहटा में औपचारिक रूप से किसान सभा का स्थापना की। इनलोगों ने किसानों के हक के लिये जोरदार आवाज उठाई। आगे चलकर 1936 ई0 में अखिल भारतीय किसान सभा की भी स्थापना हुई। 1885 ई0 के बिहार काश्तकारी अधिनियम में ही यह वर्णित कि कोई रैयत अगर 12 साल तक खेती कर रहे जमीन के लगान जमींदारों को 12 साल नियमित देता रहे तो वह भूमि उस रैयत की हो जाती। मगर किसानों को इस कानून का इल्म तक ना था। स्वामी सहजानंद सरस्वती, कार्यानंद शर्मा, यदुनंदन शर्मा, राहुल सांकृत्यायन, योगेंद्र शुक्ल जैसे किसान नेताओं ने उपर्युक्त चर्चित नियम के अंतर्गत आने वाली भूमि जो 'बकाश्त भूमि' कहलाती थी, उसके लिए जोरदार आंदोलन छेड़ दिया। अंग्रेजी राज में जमींदारों को अगर किसान जमीन की लगान न दे पाये तो जमीन छीनने का भी अधिकार था। अतः जमींदारों ने किसानों से मनमाने लगान की वसूले और लगान ने देने की स्थिति में धीरे-धीरे उनकी लगभग सारी जमीनें जब्त कर ली। बाद में ये हालत हो गई किसान की उनकी खुद की जमीन अब जमींदारों की हो गई तो उन्हीं जमीन पर खेती करने के लिए उन्हें जमींदारों को किराया देना पड़ता था। ये भूमि 'बकाश्त भूमि' कहलाती थी। 12 वर्ष वाले नियम का लाभ दिलाने के लिए जब स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में किसानों के लिये आंदोलन चला तो जमींदारों ने चालाकी की, वह यह साबित ही नहीं होने देना चाह रहे थे कि किसान फलाना जमीन पर 12 वर्षो से खेती कर रहे है। इसके लिये वो किसानों को बकाश्त जमीन का कोई कागज नहीं देते थे सारा काम मौखिक बोलके करवाते थे ताकि अदालत में उनके विरूद्ध कोई सबूत नहीं मिले। वैसे बकाश्त आंदोलन की शुरूआत 1936 ई0 में मुंगेर के बड़हिया टाल में कार्यानंद शर्मा के नेतृत्व में हुई। यहाँ किसानों को उनकी जमीन जमींदारों से बड़े संघर्ष के बाद वापस मिली। बकाश्त आंदोलन से मिथिला के मुजफ्फरपुर, चंपारण, दरभंगा, बेगूसराय, सहरसा, सुपौल जिले खूब प्रभावित रहे। यह आंदोलन 2 चरणों 1936 ई0 से 1939 ई0 तथा 1946-47 ई0 में चला। दूसरे चरण में बकाश्त आंदोलन अत्यंत हिंसक हो गया। क्योंकि नक्षत्र मालाकार जैसे किसान नेताओं ने अत्याचारी जमींदारों के करिंदों पर हिंसक हमला किए। एक बार तो मुजफ्फरपुर के जमींदार के दीवान के नाम-कान काट दिये।[5] जमींदारों ने भी जोरदार बदला लिया क्योंकि उनकों स्थानीय पुलिस सहयोग करती ही थी। अंततः सरकार 1947 ई0 में बकाश्त जमीन संबंधी विवादों के निपटारे हेतू कानून लायी पर यह आंदोलन बिहार जमींदारी उन्मूलन विधेयक 1948 के पारित होने के बाद ही बंद हो पाया।

अब हम आते है जमींदारी उन्मूलन पर इसके लिये जो संघर्ष हुए उसकी दास्तां बहुत बड़ी है। जमींदारी उन्मूलन एक बहुत ही कठिन लक्ष्य था। जब सारे किसान नेता बकाश्त आंदोलन में लगे थें तब उन्होंने इस यथार्थ का अनुभव किया कि किसानों के समस्याओं की असली वजह जमींदारी व्यवस्था है। जमींदारी व्यवस्था की बुनियाद ही किसानों के शोषण पर टिकी थी। क्योंकि जमींदारों का कार्य था किसानों से लगान वसूल कर उसका एक निश्चित हिस्सा अंग्रेजों को देना। लेकिन अंग्रेजों को कितना कर लेना है यह जमींदारों का मर्जी थी। अधिक लाभ के चक्कर में जमींदार बारंबार लगान की दरों में वृद्धि करते रहते थे। इससे किसानों के शरीर में मांस समाप्त होता जा रहा था। लगान न चुका पाने की स्थिति में जमीन जमींदार की हो जाती

थी, अतः किसान भूमिहीन होते गये या कर्ज के चक्कर में साहूकारों के गुलाम बनते गये। इस तरह अधिकांश जमीन जमींदारों की हो गयी। जमींदारों का उद्येश्य केवल लाभ कमाना था किसानों की उन्नति से उन्हें कोई मतलब नहीं था। स्वामी सहजानंद प्रारंभ में किसानों का हित चाहते हुए भी जमींदारी उन्मूलन नहीं चाहते थे, अतः मुजफ्फरपुर में जिला किसान सम्मेलन में जब किशोरी प्रसन्न सिंह पहली बार जमींदारी प्रथा के खात्में का प्रस्ताव लाये तो उन्होंने अपने साथियों के साथ इस प्रस्ताव का विरोध किया। बाद में भी कई सारे मौके पर उन्होंने जमींदारी प्रथा के खात्मे का विरोध किया। लेकिन जब बिहार में हृदयविदारक 1934 ई0 के भूंकप के बाद उन्होंने जमींदारों द्वारा भूंकप प्रभावित लाचार किसानों के प्रति भी निष्ठूर रवैया ही देखा तो स्वामीजी बदल गये। 1935 ई के हाजीपुर में हुए प्रांतीय किसान सम्मेलन में जमींदारी प्रथा के खात्मे की बात की। अब 'राजा आग लगे तोर जमींदारियाँ में' जैसे नारे आम हो गए।[6] 1946-47 ई0 में बकाश्त आंदोलन के दूसरे चरण में जमींदारी उन्मूलन की मांग आम हो गयी। क्योंकि जमींदारों ने 1947 ई0 में बकाश्त डिसपुट सेटलमेंट एक्ट 1947 बनने के बाद भी बहुत सारी जमीनों को बेनामी बना दिया। उन्होंने कई सारे अपने लोगों के नाम जमीन कर दिया और बोले की हमने बकाश्त जमीन रैयतों में बाँट दी। अतः ऐसे भ्रष्टाचारों के खात्में हेतु संपूर्ण जमींदारी व्यवस्था का खात्मा होना जरूरी था।[7] अब किसानों ने नक्षत्र मालाकार जैसे किसान क्रांतिकारी नेताओं के नेतृत्व में जबरदस्ती अपनी जमीन जमींदारों से छीनने लगे तो जमींदारों ने जोरदार अत्याचार किया। कितने सारे किरायेदार किसान मारे गये व कितने सारे घायल भी हुए जमींदारों का यह जुल्म बिहटा(बेगुसराय), रामगढ़वा(चंपारण), कुर्सेला(पुर्णिया), बल्लीपुर, मधेपुर(दरभंगा) जैसे मिथिला के जिलों में हुआ।[8] जमींदार इतने ही अत्याचारों से शांत नहीं हुए उन्होंने किरायेदारों किसानों के गाँवों पर हवाई बमबारी की भी धमकी दी।[9] इधर कसानों ने भी जमींदारों के अत्याचारों से घबड़ाने का काम नहीं किया। दरभंगा जिला तो बकाश्त आंदोलन के दूसरे चरण में जमींदारी प्रथा का डटकर विरोध किया। बहेड़ा थाना के जगदीशपुर में किसानों ने बलपूर्वक धान की जोरदार फसल काट ली। पंडौल के शिविर में जमींदारी उन्मूलन की मांग खुब बुलंद की गई। खैर जमींदारी उन्मूलन अधिनियम 1948 की बदौलत बिहार जमींदारी उन्मूलन हेतू कानुन बनानेवाला देश का पहला राज्य बना। इसके बाद बिहार भूमि-सुधार विधेयक 1950 पारित हुआ। जिसे दरभंगा महराज के नेतृत्व में न्यायालय में चुनौती दी गई पर कुछ संसोधनों के बाद यह कानून 1962 ई0 में राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृति प्राप्त कर लिया।

इस तरह हम देखते है कि मिथिला के किसानों ने 1920ई0 से 1950 ई0 के बीच अपने उपर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। दरभंगा, मुजफ्फरपुर, चंपारण, पूर्णिया, भागलपुर आदि जिलों के किसानों ने जमींदारों की खूब लाठियाँ खाई पर वो डरे नहीं, डटे रहे। स्वामी विद्यानंद ने दरभंगा महराज के खिलाफ किसानों के हक की लड़ाई लड़ी तो सहजानंद सरस्वती, योगेन्द्र शुक्ल, भोगेन्द्र झा, किशोर प्रसन्न सिंह, रामवृक्ष बेनीपूरी जैसे नेताओं ने बकाश्त संघर्ष व अन्य माध्यम से जमींदार व जमींदारी प्रथा के खात्मे का बिगुल फूंक दिया। कुछ वर्षों में किसानों को जमींदार व जमींदारी प्रथा से भी आजादी मिली। पर क्रूर सच तो यह है कि आज भी किसान अपने बेहतर दिनों का इंतजार ही कर रहे हैं।

संदर्भः

1. सरकार, सुमितः आधुनिक भारत का इतिहास, हि.अनु. सुशीला डोभाल, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2013, पृ0 175
2. शर्मा, के. के. व सिंह, प्रभाकर और कुमार, रंजनः पीजेन्ट स्ट्रगल इन बिहार, 1831-1992, जानकी प्रकाशन, पटना, 1994, पृ0 87
3. कुमारी, निभाः स्वामी विद्यानंद का उत्तर बिहार के किसान आंदोलन में योगदान, अभिलेख-बिहार, 2018, अंक-9, पृ0 221
4. वही, पृ0 222
5. द सर्चलाइट, 12 मई 1947 ई0, नक्षत्र मालाकार के साथ साक्षात्कार
6. कुमारी, पुनमः बिहार में किसान आंदोलन, लोकशक्ति प्रकाशन, पटना, 1988, पृ0 77
7. दास, अरविंद एनः अग्रेरियन अनरेस्ट एंड सोशियो-इकोनॉमिक चेंज इन बिहार, 1900-1980, मनोहर, दिल्ली, 1983, पृ0 187
8. वही, पृ0 189
9. वही

पूर्वमध्यकालीन आर्थिक स्थिति, सामन्तवादी व्यवस्था के सन्दर्भ में

संजय कुमार शुक्ल

शोध छात्र, इतिहास विभाग, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

पूर्व मध्यकाल में देश की आर्थिक स्थिति, विशेषकर व्यापार और वाणिज्य की स्थिति, इतिहासकारों के बीच विवाद का विषय है। कुछ इतिहासकार इसे विदेशी व्यापार तथा देश के अंदर लंबी दूरी का व्यापार दोनों के लिए जड़ता, पतन और ह्रास का काल, नगरों के पतन का काल तथा स्थानीयता और क्षेत्रवाद में वृद्धि का काल मानते हैं।[1] मध्यदेश, राजस्थान और गुजरात समेत उत्तर भारत में स्वर्णमुद्राओं का लगभग पूरा अभाव इसका प्रमाण माना जाता है। किंतु कुछ अन्य विद्वान इस बात को स्वीकार नहीं करते कि भारत के कुछ भागों में सोने और चाँदी की मुद्राओं का अभाव अर्थव्यवस्था के विमौद्रीकरण, लंबी दूरी के घरेलू व्यापार का पतन तथा स्थानीयता के बढ़ने का सूचक था।[2]

सातवीं सदी में अरब साम्राज्य के उदय के बाद, जैसा कि कहा जा चुका है, अरबों ने पश्चिम के व्यापार का प्रसार भारत के साथ, दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन के साथ किया। यह मानने का कोई कारण नहीं कि इस विस्तारित व्यापार से भारतीय व्यापारी बाहर कर दिए गए। इस तरह व्यापार का रुख भारत के अनुकूल होने के कारण यहाँ सोने और चाँदी का आना जारी रहा। यही कारण था कि भारत को सोने और चाँदी से भरा देश माना जाता रहा और इस कारण यह आक्रमण और व्यापार के लिए विदेशियों के आकर्षण का केंद्र भी बना रहा। सोने-चाँदी का उपयोग मंदिरों और महलों की सजावट के लिए या गहने बनवाने के लिए किया जाता रहा और भविष्य में उपयोग कि लिए उन्हें गाड़कर रखा जाता रहा। मगर सिक्के ढालने के लिए उनका उपयोग क्यों नहीं किया गया-यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका कोई संतोषजनक उत्तर उपलब्ध नहीं है। भारत में सोने और चांदी के सिक्कों की कमी तो थी पर भूमिदान के पत्रों में सिक्कों का उल्लेख मिलता है। इस अंतर का कारण स्पष्ट नहीं है। छोटे नगरों के साथ-साथ स्थानीयता या ग्रामीण आत्मनिर्भरता में वृद्धि नि:संदेह इसका एक महत्त्वपूर्ण कारण थी।[3] इससे स्थानीय कार्यों के लिए बड़े मूल्य वाले सिक्कों अर्थात सोने-चांदी के सिक्कों का उपयोग अनावश्यक हो गया। पर हर जगह ऐसा नहीं हुआ। बंगाल में चाँदी के सिक्कों का प्रयोग जारी रहा क्योंकि दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के साथ व्यापार का संतुलन अनुकूल था और चाँदी वहीं से आती थी। चोल साम्राज्य में भी सोने के सिक्के जारी होते रहे।[4]

इस काल में देश में अनेक छोटे-छोटे राज्यों का उदय हुआ तथा वैसे लोगों की शक्ति और सत्ता में वृद्धि हुई जिनको भूमि पर श्रेष्ठतर अधिकार प्राप्त थे। उनमें से अनेक राज्यों ने बाँधों, कुंओं आदि का निर्माण करके कृषि का प्रसार किया। बंगाल, सिंध और तमिल प्रदेश जैसे कुछ उदाहरणों में राजाओं ने अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए ब्राह्मणों को राजस्व-मुक्त भूमि दान देकर उन्हें अपने यहाँ बसने के लिए आमंत्रित किया। चूंकि ऐसी भूमि का बहुत बड़ा भाग अनजुता था, इसलिए आदिवासियों को जो घुमक्कड़, पशुपालक या खाद्य-संग्राहक थे, कृषि का व्यवसाय अपनाकर एक जगह बसने के लिए प्रेरित किया गया। कृषि के ऐसे प्रसार से स्थानीय सरदारों, सामंतों आदि की स्थिति और भी मजबूत हुई।

पश्चिमी क्षेत्रों के साथ तथा दक्षिण पूर्व एशिया और चीन के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ता रहा। इस व्यापार में अग्रणी भूमिका दक्षिण भारत, बंगाल और गुजरात की थी। यह इन क्षेत्रों की सुख-समृद्धि का एक महत्त्वपूर्ण कारण था।[5]

इस काल में वस्त्र, सोने-चांदी के कामों, धातुकर्म आदि भारतीय दस्तकारियों के ऊँचे स्तर में कोई गिरावट नहीं आई। भारतीय कृषि भी फलती-फूलती रही। मिट्टी की उर्वरता और भारतीय किसान की कुशलता की पुष्टि अनेक अरब यात्रियों ने की है।[6]

इस काल की सभी साहित्यिक रचनाएँ बतलाती हैं कि मंत्री, अधिकारी और सामंत शानो-शौकत के साथ रहते थे और दिखावापसंद थे। वे सुंदर मकान बनवाने में, जो कभी-कभी पाँच मंजिल ऊँचे होते थे, राजाओं की नकल करते थे। वे आयातित ऊनी कपड़ों, चीनी रेशम जैसे कीमती विदेशी वस्त्रों तथा शरीर को सजाने के लिए सोने-चाँदी के कीमती जेवरों का उपयोग करते थे। उनके घरों में स्त्रियों की बड़ी संख्या होती थी और उनकी देखभाल के लिए सेवकों और सेविकाओं की भरमार होती थी। कभी वे बाहर जाते तो सेवकों की एक बड़ी संख्या उनके साथ चलती थी। वे महासामंताधिपति जैसी भारी-भरकम उपाधियाँ धारण करते थे तथा उनके अपने विशिष्टतासूचक प्रतीक होते थे, जैसे ध्वज, सुसज्जित छत्र और मक्खियाँ भगाने के लिए चँवर।

बड़े व्यापारी भी राजा के तौर-तरीकों की नकल करते थे और उनका जीवन कभी-कभी राजसी ही होता था। चालुक्य साम्राज्य के एक करोड़पति (कोटीश्वर) के बारे में मालूम होता है कि उसके मकान पर बड़े-बड़े ध्वज लहराते थे जिनसे जुड़ी घंटिया बजती रहती थीं. और उसके पास बड़ी तादाद में हाथी-घोड़े थे। मुख्य इमारत तक जाने के लिए स्फटिक की सीढिघ्याँ थीं, तथा स्फटिक के फर्श और दीवारों वाला एक मंदिर था जिसकी दीवारें धार्मिक चित्रों से सुसज्जित थीं तथा अंदर स्फटिक की एक मूर्ति थी। कहते हैं कि गुजरात के मंत्री वस्तुपाल और तेजपाल इस काल के सबसे धनी व्यापारी थे।[7]

तो भी उपरोक्त बातों से हम यह नहीं मान सकते कि चारों ओर सुख-समृद्धि थी। खाने-पीने की वस्तुएं तो सस्ती थीं, पर नगरों में फिर भी बहुत-से निर्धन व्यक्ति थे जो भरपेट भोजन नहीं पाते थे। कश्मीर में बारहवीं सदी में लिखी गई राजतरंगिणी का लेखक कहता है कि दरबारी जहाँ तला हुआ मांस खाते थे तथा फूलों से सुगंधित ठंडी शराब पीते थे, वहीं साधारण जनता को चावल और उत्पल-शाक (खट्टे स्वाद वाली एक जंगली वनस्पति) पर संतोष करना पड़ता था। निर्धन स्त्री-पुरुषों के कठोर जीवन की अनेक कहानियाँ मिलती हैं। इनमें से कुछ ने तो विवश होकर डाकू और बटमार का जीवन अपना लिया था। लेकिन ज्यादातर लोग गाँवों में रहते थे जिनके जीवन के बारे में हमें साहित्य-रचनाओं, भूमिदान पत्रों, अभिलेखों आदि से सूचनाएँ प्राप्त होती हैं। धर्मशास्त्रों के टीकाकार बतलाते हैं कि किसानों से मालगुजारी के रूप में पहले की ही तरह उपज का छठा भाग माँगा जाता था। मगर कुछ भूमिदान पत्रों से इसके अतिरिक्त कई अन्य शुल्कों का भी पता चलता है, जैसे चराई कर, तालाब कर आदि। किसानों को ये कर मालगुजारी के अलावा देने पड़ते थे। साथ ही कुछ भूमिदान पत्रों में दान पानेवालों को किसानों से निर्धारित या अनिर्धारित, सही या गलत कर लगाने का अधिकार दिया गया है। किसानों को बेगार (विष्टि) भी देनी पड़ती थी। मध्य भारत और उड़ीसा जैसे कुछ क्षेत्रों में हम देखते हैं कि कुछ गाँव दान पानेवाले ब्राहमणों और अन्य व्यक्तियों को दस्तकारों, चरवाहों और किसानों समेत दे दिए गए थे जो मध्यकालीन यूरोप के सर्फों की तरह जमीन से बँधे होते थे।[8] हमें साहित्यिक कृतियों से पता चलता है कि कुछ सरदार जब भी अवसर पाते, पैसा वसूल किया करते थे। एक राजपूत सरदार के बारे में कहा गया है कि वह गौरेयों, मुर्दा चिडिघ्यों, सूअर की लेंड़ और मुर्दों के कफन से भी पैसा बनाया करता था। एक अन्य लेखक एक ऐसे गाँव के बारे में बतलाता है जो एक सांमत की कारगुजारियों के करण उजड़ गया था।

फिर इसमें बार-बार पड़नेवाले अकालों और होते रहने वाले युद्धों को भी जोड़ दें तो आम लोगों के व्यथित जीवन की तस्वीर पूरी हो जाती है। युद्धों में जलाशयों का विनाश, गाँवों का जलाया जाना, ताकत के बल पर मवेशियों या अन्नभंडारों में जमा अन्न का हथियाया जाना और नगरों का विध्वंस आम बातें थीं-इतनी आम कि इस काल के लेखकों ने इन कामों को वैध माना है।

इस तरह सामंती अथवा फ्यूड्ल कहे जाने वाले समाज के विकास ने साधारण जनता पर बहुत सारा बोझ लाद दिया था।[5]

सामन्तवादी व्यवस्था आर्थिक व्यवस्था के पतन का कारण -

पूर्व मध्य कालीन आर्थिक संस्थाओं के पतन का मुख्य कारण राजनैतिक अस्थिरता थी सम्राट हर्ष की मृत्यु के पश्चातऐसी कोई शक्तिशाली केन्द्रीय शक्ति नहीं थी जो उत्तरी भारत को अपनीसत्ता के अधीन संगठित कर सकती थी। प्रादेशिक शासकों तथा सामंत शासकों के मध्य प्राय झगड़े चलते रहते थे हूणों तथा महमूद गजनवी, गोरी के विदेशी हमलों से स्थिति और भी बिगड़ गई थी। ऐसी स्थिति मेंउद्योग तथा व्यापार का पिछड़ना स्वाभाविक था। जिसके फल स्वरूप लोगों का विश्वास अब

इन संस्थाओं से उठने लगा था तथा साथ ही साथ उनकी समृद्धि तथा प्रभाव जिसके कारण उनको उच्च सामाजिक स्तर प्राप्त हुआ था वह भी कम होने लगा था। इस प्रकार बिगड़ती हुई राजनीतिक परिस्थितियों ने आर्थिक संस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित किया और इनका पतन लाने में सहायक हुए।

छठीं शताब्दी ए0डी0 में निगमों, सार्थों तथा श्रेणियों पर कुलीन वर्ग अर्थात् सामन्तों का प्रभुत्व हो गया था। सामंतों ने श्रेणी तथा निगमों को छठी शताब्दी ए0डी0 के राजनीतिक प्रशासन के रूप में परिवर्तित कर दिया। धर्मादित्य के फरीदपुर ताम्रपत्र से यह बात स्पष्ट हो जाती है। क्योंकि वहा के 'वारिक मंडल' में 'नगर श्रेष्ठिन', 'सार्थवाह', 'प्रथम कुलिका' का कोई उल्लेख किये बिना इनके स्थान पर वायसराय, महाराजा तथा जिलाधिकारी (डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट) के नामों का उल्लेख मिलता है जिनकों की नियुक्ति किया गया था। साथ ही साथ आर्थिक संस्थाओं की गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए उन्होंने (सामंतों) ने एक सरकारी अधिकारी की नियुक्ति भी की। जिससे कि गुप्त शासकों द्वारा आर्थिक संस्थाओं को दी गई स्वायत्ता पर अंकुश लग गया था। अपेन इन अधिकारों तथा विशेषाधिकारों की रक्षा के लिए शिल्पकारें तथा व्यापारियों के इन संघों ने कड़ा संघर्ष किया। छठी शताब्दी ए0डी0 के अन्तिम वर्षों में इन्हें कुछ विशेषाधिकार प्रदान किए गए। अपने इन विषेष अधि कारों के अतिरिक्त इन व्यापारियों ने जमींदारी तथा कुछ सामंतीकरण सम्बन्धी कार्य करने भी शुरू कर दिए जिसके कारण वे अपने व्यापार पर अपना ध्यान केन्द्रित नहीं कर सके और इनका कार्यक्षेत्र प्रबन्ध तक ही समिति हो गया। प्रबन्ध अर्थात जमींदार या सामन्तीकरण के कार्यों तक ही रह गया। हालांकि इस समय व्यापारियों तथा व्यवसायियों की संस्थाओं ने काफी महत्ता प्राप्त कर ली थीं। उनको अपने मामले खुद निपटाने की स्वतन्त्रता प्राप्त थी। एक जगह वृतान्त मिलता है कि 8 गांव तथा एक मन्दिर की सम्पत्ति का प्रबन्ध व्यापारियों के संघ को सौंपा गया। तथा उसको ही वार्षिक जुलूसों के निरीक्षण का कार्य सौंपा गया एवं उनके ऊपर किसी भी प्रकार के कर नहीं लगाए गए थे। एक अन्य जगह इनको एक उजड़े हुए गांव को पुनः बसाने तथा तीन पड़ोसी गांव साथ में मिलाकर बसाने के प्रबन्ध का कार्य सौंपा गया। इस प्रकार ये कार्य व्यापारियों के विशेषाधिकारों के अतिरिक्त उनके सामन्तीकरण की ओर संकेत करते थे। इस सामंतीकरण के कारण पूर्व मध्य भारत में व्यापार तथा उद्योग का क्षेत्र सीमित हो गया। तथा आर्थिक संस्थाओं पर इसका एक गहरा प्रभाव पड़ा। यही कारण है कि इस काल में आर्थिक संस्थायें (श्रेणियां) अपने सदस्यों पर पूर्ण नियंत्रण न रख सकीं। जब श्रेणियां व्यापार में अपना ध्यान ठीक ढगसे केन्द्रित नहीं कर सकी, सामंतीकरण की भावना का अनुसरण करने लगी तब स्वाभाविक है कि उनके सदस्यों ने भी अपनी मनमानी शुरू कर दी और श्रेणियों के सभी प्रकार के नियमों की पूर्णतः अवहेलना की। देश में शान्ति एवं सुव्यवस्था का अभाव था। सामंत सदा आपस में लड़ते रहते थे। इस कारण देहात के लोग अपनी अधिकतर आवश्यकताएं गांव के कारीगरों से ही पूरी कर लेते थे। इन सामन्ती शासकों की प्रभावशाली शक्ति ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पिछड़ेपन का प्रमुख कारण थी। ये सामन्ती शासक किसानों से कर वसूल कर सरकार को दिया करते थे इस कारण किसानें की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो गई थी क्योंकि उन्हें साथ-साथ राज्य की मागों को भी पूरा करना पड़ता था। इस प्रकार सामन्ती प्रथा के कारण अतिरिक्त उत्पादन की सभी सम्भावनायें खत्म हो गई थीं। इस प्रकार स्पष्ट है कि पूर्व मध्य काल में आर्थिक संस्थाओं के पतन का मुख्य कारण सामंतवाद की भावना का पनपना था।

सामन्तवादी आर्थिक व्यवस्था के मुख्य बिन्दु-

सामन्तवादी समाज में आर्थिक व्यवस्था का ढांचा कुछ नए ताने-बाने के साथ बनने लगा था। इसके मुख्य बिन्दु निम्नलिखित थे-

(1) भूमि का बंटवारा उपसामन्तों में होने लगा।

(2) सामन्तों को भूमि का स्वामी स्वीकार किया गया। पहले उनके जीवन अवधि तक ही भू-स्वामित्व प्रदान किया जाता था पर वे इसका उपभोग वंशावलियों तक करते रहते थे।

(3) सामन्तों में दोनों उच्च वर्ग आर्थिक निष्क्रियता का शिकार बना क्योंकि बिना काम लिए ही इनके पास कृषकों से पर्याप्त आय होने लगी थी।

(4) कृषक अब उत्पादन आवश्यकता भर ही करने लगा था क्योंकि अधिक उत्पादन सामन्त ले लेते थे। इससे कृषक वर्ग अधिक उत्पादन बढ़ाने का प्रयास ही नहीं करता था।

(5) मुख्यतः विदेशी व्यापार घटने लगा था क्योंकि अधिक उत्पादन के अभाव के कारण यह सम्भव नहीं था।

(6) किसानों की आर्थिक अवस्था दयनीय होती गई और वे आर्थिक गुलामी के शिकार होने लगे थे।

सामन्तों की प्रतिस्पर्द्धा ने परस्पर झगड़ा खड़ा किया जिससे जन तथा धन की बड़ी हानि हुई और आपसी एकता को भी धक्का लगा। शहरों का जीवन भी कठिन हो गया। व्यापार और व्यवसाय को भी इसने पीछे किया। इनकी लूट-खसोट की प्रवृत्ति ने अन्तराजकीय व्यापार को बहुत क्षति पहुंचाई।

संदर्भ

1. काशी प्रसाद जायसवाल - दी इम्पीरीयल हिस्ट्री ऑफ इण्डिया, लाहौर, 1934
2. सतीश चन्द्र, मध्यकालीन भारत, ओरियण्ट लॉंग्मैन प्रा. लि., हैदराबाद, 2007, पृ0 34
3. ओमप्रकाश - प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास, नई दिल्ली, 1996, पृ0 152।
4. सतीश चन्द्र, मध्यकालीन भारत, ओरियण्ट लॉंग्मैन प्रा. लि., हैदराबाद, 2007, पृ0 35
5. सतीश चन्द्र, मध्यकालीन भारत, ओरियण्ट लॉंग्मैन प्रा. लि., हैदराबाद, 2007, पृ0 38
6. सतीश चन्द्र, मध्यकालीन भारत, ओरियण्ट लॉंग्मैन प्रा. लि., हैदराबाद, 2007, पृ0 38
7. पाण्डेय, वी0सी0: प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, इलाहाबाद, 1960, पृ0 34।
8. मैकमिलनः भारत का सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास, दिल्ली, 1975, पृ0 78।

भारत के विभाजन के दौरान साम्प्रदायिक दंगे एवं महात्मा गांधी की शांति स्थापना की नीति

सदीक

इतिहास विभाग, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र

शोधपत्र-सार

अनेक राष्ट्रव्यापी आन्दोलनों एवं बलिदानों के परिणामस्वरूप 15 अगस्त 1947 ई. को भारत को वर्षों पुरानी विदेशी दासता से मुक्ति और इसके साथ ही भारत जैसे विशाल देश का धार्मिक आधार पर विभाजन हुआ। जिसके कारण देश के अनेक स्थानों में साम्प्रदायिक हिंसा फैल गयी थी। जिसके कारण यह आनन्द एवं खुशी के पल बर्बरतापूर्ण साम्प्रदायिक दंगों की भेंट चढ़ गए। एक लम्बे समय से चली आ रही अलगाववादी हिन्दू-मुस्लिम कट्टरता से पैदा हुआ धार्मिक उन्माद एवं अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो की नीति' इन दंगों को भड़काने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार भी। महात्मा गांधी ने इन दोनों सम्प्रदायों के बीच शांति स्थापित करने के लिए अनेक प्रयास किये लेकिन धार्मिक कट्टरता का यह उन्माद समाज में इस कदर फैला था कि जिसे अकेले महात्मा गांधी के द्वारा नहीं रोका जा सकता था। क्योंकि अनेक धार्मिक रूप से कट्टर हिन्दू मुस्लिमों के शत्रु बन गए और मुस्लिम हिन्दुओं के। इस धार्मिक उन्माद में लगभग 10 लाख लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी तथा लगभग 1 करोड़ 45 लाख लोगों ने अपना घर बार छोड़कर अपने सम्प्रदाय बहुल क्षेत्रों में जाकर शरण ली। प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को दूसरे धर्म बहुल इलाकों में असुरक्षित महसूस कर रहा था। इस दौरान एकमात्र व्यक्ति जो निरन्तर अपनी अहिंसावादी नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रहा था वे महात्मा गांधी थे। प्रस्तुत शोधपत्र में मैंने भारत के विभाजन के दौरान शांति स्थापना के लिए महात्मा गांधी द्वारा किये गये प्रयासों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया है।

शोधपत्र

भारत के विभाजन के प्रारूप को '3 जून प्लान' या 'माउण्टबैटन योजना' का नाम दिया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा लंदन के वकील सर रेडक्लिफ ने तय की। हिन्दू बहुल क्षेत्र भारत और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को पाकिस्तान में शामिल किया गया। 18 जुलाई 1947 को ब्रिटिश संसद ने भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम पारित किया जिसमें विभाजन की प्रक्रिया को अन्तिम रूप दिया गया।[1] लेकिन इस धार्मिक आधार पर किए गए विभाजन के अन्दर बर्बरतापूर्ण हिन्दू-मुस्लिम दंगों के भी बीज मौजूद थे। बहुत से विद्वानों का मानना है कि ब्रिटिश सरकार ने विभाजन की प्रक्रिया को ठीक से व्यवस्थित नहीं किया क्योंकि भारत की स्वतन्त्रता की घोषणा पहले की गई थी और भारत के विभाजन की घोषणा बाद में की गयी। देश में शांति एवं व्यवस्था स्थापित करने की जिम्मेदारी भारत व पाकिस्तान की नवनिर्मित सरकारों पर थी। किसी भी देश की सरकार को यह अनुमान नहीं था कि इतने विशाल स्तर पर लोगों का पलायन होगा। दोनों ही देशों की सरकारों ने अपने क्षेत्र में मौजूद अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया लेकिन ये नव निर्मित सरकारें इसका प्रबन्धन करने में विफल रही। जिसके कारण धार्मिक दंगों ने उग्र रूप धारण कर लिया और जगह-जगह पर आगजनी, लूटपाट, बलात्कार आदि सामान्य घटनाये बन गयी।

15 अगस्त के बाद विभाजन के कारण होने वाली मारकाट को रोकने के लिए माउण्टबैटन ने 55000 सिपाहियों का एक सैन्य दल तैनात करने का निर्णय लिया। जिसमें ज्यादातर ऐसी टुकड़ियों के सैनिक थे जो साम्प्रदायिक उन्माद से अपेक्षाकृत मुक्त थे और जिनमें मुख्य रूप से गोरखे शमिल थे। लेकिन इस समय जो अव्यवस्था फैली हुई थी वो जिन्ना, नेहरू तथा

माउण्टबैटन के अनुमान से बहुत अधिक थी। डोमिनीक लैपियर और लॉरी कॉलिन्स के अनुसार, ''गांधी एकमात्र व्यक्ति था जिसे पता था कि कितना बड़ा संकट आने वाला है, वही व्यक्ति था जो विभाजन को रोकने के लिए आरम्भ से ही ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहा था।''[2] महात्मा गांधी ने पूरी शक्ति से दोनों ही धर्म के लोगों में फैले इस धार्मिक पागलपन को शान्त करने का प्रयास किया। उन्होंने अगस्त, 1947 ई. के प्रथम सप्ताह में ही शांति स्थापित करने के लिए अपनी यात्रा शुरू कर दी थी।

कलकत्ता में शांति स्थापना हेतु प्रयास

नोआखाली में अपने शांति मिशन को पुनः शुरू करने और वहां से बिहार रवाना होने से पहले 9 अगस्त को महात्मा गांधी कलकत्ता पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्हें प्रतीत हुआ कि लोगों का आपसी भाईचारे से विश्वास उठ चुका है। मुस्लिम आंतक के साये में रह रहे है जिसका प्रमुख कारण था कलकत्ता में 'सीधी कार्यवाही दिवस' के रूप में 16 अगस्त, 1946 को की गई मारकाट की स्मृति आज भी हिन्दूओं के मन में ताजा थी और महात्मा गांधी को सूचना मिली थी कि हिन्दू उस घटना का बदला लेने की सोच रहे हैं।[3] कलकत्ता जिला मुस्लिम लीग के सचिव सुहरावर्दी जिसने जिन्ना के नारे पर सीधी कार्यवाही दिवस के दिन छुट्टी की घोषणा करके कलकत्ता में कत्लेआम करवाया था वो हिन्दुओं के बदला लेने भय से भयभीत था और उसने इसीलिए 10 अगस्त को महात्मा गांधी से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि वे कलकत्ता में रूके रहे भले ही वे दो दिन के लिए ही ठहरें। महात्मा गांधी ने इसका उत्तर दिया कि मैं ठहरने के लिए तैयार हूँ लेकिन तब आपको नोआखली में शांति स्थापित करने की गारन्टी देनी होगी और महात्मा गांधी ने यह भी मत व्यक्त किया कि यदि वहां स्थिति खराब हो जाती है तो मुझे जीवित रहने का कोई अधिकार नहीं रह जाता। तब आपको मेरे आमरण अनशन का सामना करना होगा। मुस्लिम नेताओं ने महात्मा गांधी की इस बात को स्वीकार कर लिया। 11 अगस्त को अपनी प्रार्थना सभा में लोगों से विवेक से काम करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि, ''हमें किसी भी रूप में बदला लेने की आदत छोड़ देनी चाहिए। केवल अपने कार्यों में ही नहीं अपितु अपने विचारों में भी।''[4]

कलकत्ता के घटनाक्रम के विषय में 13 अगस्त 1947 ई. को महात्मा गांधी ने सरदार पटेल को पत्र लिखा कि, '' मैं यहाँ अटका हुआ हूँ और अब मैं एक बहुत बड़ा जोखिम उठाने जा रहा हूँ। सुहरावर्दी और मैं आज एक गड़बड़ी वाले क्षेत्र में ठहरने जा रहे है।''[5] इसके जवाब में सरदार पटेल ने महात्मा गांधी को पत्र लिखा कि, ''आप कलकत्ता में रूक गए और वो भी बूचड़खाने (कलकत्ता के उत्तेजनापूर्ण इलाके में स्थित हैदरी मेंशन) जैसे स्थान पर। आप बदमाशों की मांद में घुस गए हैं। और ऐसे बुरे के संग, (सुहरावर्दी के विषय में) यह बहुत जोखिमूपर्ण है। क्या आपका स्वास्थ्य यह बोझ उठाने में समर्थ होगा? वहां भयानक गंदगी है।''[6]

कलकत्ता की हिन्दू जनता बहुत ही उत्तेजित थी क्योंकि उनका विश्वास था कि 16 अगस्त 1946 को हुई भयंकर मारकाट के लिए सुहरावर्दी जिम्मेदार था। कलकत्ता पहुंचने पर पहले ही दिन उत्तेजित हिन्दू भीड़ ने अत्यंत उग्र प्रदर्शन किया। गांधी जी ने नेताओं को समझाया कि, ''मैं यहां केवल मुसलमानों की सेवा के लिए नहीं आया हूँ, बल्कि हिन्दू और मुसलमान तथा उसी तरह सबकी सेवा करने के लिए आया हूँ।''[7] माहौल में परिवर्तन उस समय आया जब 14 अगस्त को शाम के वक्त सुहरावर्दी ने भीड़ के सम्मुख आकर स्वीकार किया कि पिछले साल 16 अगस्त की भयंकर मारकाट के लिए वो जिम्मेदार थे और उसके लिए क्षमा प्रार्थी है। इस स्वीकारोक्ति के बाद महात्मा गांधी ने कहा कि, ''यह एक नया मोड़ है और इससे वातावरण शांत होगा।''[8]

कलकत्ता जहां एक साल पहले सीधी कार्यवाही दिवस मनाने के कारण अब सबसे ज्यादा विनाश की आशंका थी वहां आज हिन्दू और मुस्लिम मिलकर आजादी का उत्सव मनाने कि लिए जूलूस निकाल रहे थे। हिंदू एवं मुसलमान लड़कियों का जूलूस आधी रात में पैदल चलकर हैदरी हाऊस पर गांधी जी के दर्शन करने के लिए पहुंचा, जो इस बात का प्रमाण था कि कलकत्ता का वातावरण कितना शांत एवं जनजीवन कितना सुरक्षित था। गांधी जी के दर्शन एवं उनका आर्शीवाद लेने के लिए आए हुए राजनीतिज्ञों के दल को उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि, ''सत्ता से बचो। सत्ता भ्रष्टाचार फैलाती है। उसकी तड़क-भड़क के भ्रम में मत आओ। स्मरण रखो कि यह पद तुम्हें भारत के गांवों के गरीबों की सेवा के लिए मिला है।''[9]

पश्चिम की ओर से काफी सुखद सन्देश आया। ऐसा बताया गया कि जिन्ना ने कहा कि, ''अब हिन्दुओं और मुसलमानों में परस्पर कोई झगड़ा नहीं है।'' चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने भी इस कथन की पुष्टि की। महात्मा गांधी ने हिन्दुओं से अनुरोध

किया कि ''पाकिस्तान की नीति चाहे कुछ भी हो, हर कीमत पर मुसलमानों के साथ उचित व्यवहार करो। यही उचित होगा कि, हर बहुसंख्यक जाति नम्रता से अपना कर्तव्य निभाए और इस बात की परवाह करें कि दूसरे राज्य की बहुसंख्यक जाति क्या करती है।''[10] गांधी जी ने पुनः हरिजन में लिखा कि, ''हिन्दुस्तानी संघ और पाकिस्तान उन सभी का है जो अपने आपको इस देश की सन्तान कहते है फिर चाहे वे किसी धर्म या वर्ण के क्यों न हो।[11]

लेकिन दो सप्ताह बीतने के पहले ही महात्मा गांधी की आशंका सच साबित हुई। हालांकि कलकत्ता तथा बंगाल में सामान्य स्थिति बहाल हो रही थी कि पंजाब में महौल खराब होना शरू हो गया और कलकत्ता में रहने वाले पंजाबियों तक यह भावनाओं एवं अफवाहों का जवार पहुंच गया। महीने के अन्तिम दिनों में महात्मा गांधी यह मान कर कि कलकत्ता में स्थिति सामान्य हो गई नौआखली जाने की योजना तैयार की। इसके अतिरिक्त 28 अगस्त को जवाहर लाल नेहरू ने महात्मा गांधी को टेलीग्राम किया कि, ''पंजाब की समस्या अत्यधिक उग्र एवं भयावह है। अब मुझे लगता है कि पंजाब में आपकी उपस्थिति वांछनीय है और इस उन्माद को दूर करने और इस बर्बाद और हृदयविदारक प्रान्त को सात्वना देने में सहायक होगी।''[12]

इसके पश्चात् महात्मा गांधी कलकत्ता से नोआखाली जाने की तैयारी कर रहे थे कि उत्तेजित युवकों की भीड़ ने हैदरी भवन, जहां गाँधी जी ठहरे हुए थे, पर हमला कर दिया और वहां रहने वालों को डराना धमकाना शुरू कर दिया। दूसरे ही दिन शहर के कई अन्य भागों से आगजनी की खबरें मिलीं। गांधी जी ने अपना उपवास शुरू कर दिया और तभी समाप्त करने का निश्चय किया जब तक कलकत्ता में वातावरण सामान्य ना हो जाए।''[13]

हमेशा की तरह गांधी जी के सहयोगियों ने इस निर्णय का विरोध किया चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने गांधी जी से पूछा कि, ''क्या आप गुण्डों के खिलाफ उपवास कर सकते हैं?'' इस पर गांधी जी ने उत्तर दिया कि, ''उन्हें गुण्डा बनाने वाले हम ही हैं। हमारी सहानुभूति और मूक समर्थन के बिना गुण्डों को कोई आधार नहीं मिलता, जिसके सहारे वे खड़े रह सकें। मैं तो गुण्डों की पीठ पीछे जो लोग हैं उनके हृदय छूना चाहता हूँ।''[14] बल्लभ भाई पटेल की ओर से इसकी आलोचना का पूर्वानुमान होने पर महात्मा गाँधी ने कहा, ''अगर दंगा होता ही रहा तो केवल जी कर क्या करना है? मुझ में लोगों को शान्त करने की शक्ति भी न हो तो जीना बेकार है।''[15]

उपवास का सही प्रभाव पड़ा। फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता शरतचन्द्र बोस 2 सितम्बर को महात्मा गांधी से मिलने गए और उन्होंने विश्वास दिलाया कि, ''मैं शांति स्थापना के निमित्त आपकी पद्धति के अनुरूप कार्य करने की पूरी कोशिश करूँगा। हिन्दू महासभा के नेता श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने यह आश्वासन दिलाया कि कल से हिन्दू नेशनल गार्ड के स्वयं सेवक नेशनल गार्डो के दल के साथ मिलकर सड़कों पर गस्त लगायेंगे।''[16] इसके पश्चात् गांधी जी पंजाब के लिए तैयारी करने लगे।

दिल्ली में शांति एवं व्यवस्था स्थापना हेतु प्रयास

पंजाब जाने के दौरान रास्ते में महत्मा गांधी 9 सितम्बर 1947 को दिल्ली में ठहरे हुए थे। उस दौरान दिल्ली में साम्प्रदायिक दंगे चरम पर थे जिसके कारण उन्होंने पंजाब जाने की योजना स्थगित कर दी तथा दिल्ली में रहकर साम्प्रदायिक सद्भावना एवं शांति स्थापित करने का निश्चय किया। दिल्ली एक मुस्लिम शहर था जहां व्यापारी दस्तकार, तांगे वाले सभी मुस्लिम थे। सिख शरणार्थियों से सुनी आप बीती और अफवाहों ने माहौल को उग्र कर दिया जिससे दिल्ली में सिखों और हिन्दुओं ने कत्लेआम आरम्भ कर दिया जिसके कारण यहां कि प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गयी थी।

महात्मा गाँधी जिस भी क्षेत्र में जाते थे तो वे निर्धन लोगों की बस्तियों में ठहरते थे लेकिन नेहरू एवं सरदार पटेल के अनुरोध पर वो घनश्याम दास बिड़ला की हवेली में रूक गए थे जिसका मुख्य कारण था कि नेहरू और सरदार पटेल को उनकी सुरक्षा की चिन्ता थी। दिल्ली में इतने बड़े पैमाने पर हो रही हिंसक घटनाओं से गांधी जी को आश्चर्य भी हुआ और आघात भी पहुंचा था। महात्मा गांधी ने बिड़ला भवन में ठहरने की खबर मिलते ही अनेक मुस्लिम उनके पास एकत्रित होने लगे तथा अपनी सुरक्षा के लिए गुहार लगाने लगे। गांधी जी ने भी उनको आश्वासन दिया कि दिल्ली में आपसी भाईचारा स्थापित करने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूँगा। 10 सितम्बर 1947 को गांधी जी बिड़ला हाऊस के सामने जमा लोगों को भाषण देते हुए कांग्रेसी एवं मुस्लिम नेतृत्व की विफलता पर कहा कि, ''क्या हर डोमिनियन के हाकिमों ने यह मीठी बात दुनिया को यह दिखाना था कि हमारी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है और अपने वचन को पूरा करने के लिए हम जान भी दे देंगे? अगर ऐसा ही है तो मैं पूछता हूँ कि हिन्दुओं, सिखों, गौरव भरे आमिलों और भाईबन्धों को अपना घर

पाकिस्तान छोड़ने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा?''17 पण्डित नेहरू और सरदार पटेल के साथ कायदे आजम जिन्ना, लियाकत अली साहब और दूसरे पाकिस्तानी नेताओं ने यह एलान किया था कि हिन्दुस्तान संघ और पाकिस्तान में अल्पमत वालों के साथ वैसा ही बरताव किया जाएगा जैसा कि बहुमत वालों के साथ।''[18]

महात्मा गांधी ने दिल्ली में अपने भाषण के द्वारा साफ तौर पर कांग्रेस एवं मुस्लिम के सभी नेता जो यह दावा कर रहे थे कि भारत के विभाजन के पश्चात् साम्प्रदायिक दंगे नहीं होंगे, जनता आजादी के जश्न को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएगी यह उन सब के लिए एक आईना था। इसके अतिरिक्त उन तक यह संदेश भी पहुंचाना था कि उनका नेतृत्व खोखले आदर्शों पर टिका हुआ था। घृणा की धधकती ज्वाला से घिरे महात्मा गांधी को अहिंसा की सफलता पर शंका नही थी, लेकिन उनके नियमों की अपनी समझ के प्रति शंका अवश्य थी। कार्लस्त्रव को लिखे एक पत्र में उन्होंने विनम्रता पूर्वक स्वीकार किया कि, वे अब तक किसी ऐसी अहिंसा का प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं जो बड़ी वीरोचित अथवा शौर्यपूर्ण हो।''[19]

महात्मा गांधी ने अपने सभी आन्दोलनों में धार्मिक सद्भावना एवं भाईचारे की मिसाल कायम की तथा बिना किसी भेदभाव के हिन्दू, मुस्लिम व सिखों को अपने आन्दोलनों में शामिल करने में सफल रहे। महात्मा गांधी ने भारत के विभाजन की रूप रेखा तैयार होने के बाद भी भारत की अखण्डता को बनाए रखने के लिए अनेक प्रयास किये ताकि विभाजन के संकट को टाला जा सके लेकिन इसे टाला ना जा सका। विभाजन के उपरान्त महात्मा गांधी ने कलकत्ता में रहते हुए वहां शांति की स्थापना की तथा उसके पश्चात् दिल्ली में शांति एवं व्यवस्था की स्थापना हेतु अनेक प्रयास किये। उन्होंने बिना किसी सैन्य ताकत या बल के अपने अहिंसा और उपवास के मार्ग पर चलकर भारतीयों में फैले धार्मिक उन्माद को काफी हद तक शांत किया जिसके परिणामस्वरूप साम्प्रदायिकता की भेंट चढ़ने से अनेक निर्दोष लोगों की जान बचाई।

संदर्भ ग्रन्थ-सूची

1. कश्यप, सुभाष, भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन का इतिहास, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विद्यालय, दिल्ली, 2013, द्वितीय संस्करण, पृ. सं. 140-141 ।
2. डोमिनीक लैपियर एण्ड लॉरी कालिन्स, फ्रीडम एट मिडनाईट, विकास पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, सप्तम संस्करण, पृ. सं. 260 ।
3. हरिजन (अंग्रेजी) 17 अगस्त, 1947 ।
4. जयराम दास दौलतराम, मूलपत्र, (सी. डब्ल्यू- 9267)।
5. नीरजा सिंह (संपादक), गाँधी-पटेल पत्र और भाषण सहमति के बीच असहमति, राष्ट्रीय पुस्तक न्याय भारत, नई दिल्ली, 2011, पृ. सं. 158 ।
6. उपरोक्त, पृ. सं. 176 ।
7. बोस, निर्मल कुमार, माई डेज विद गांधी, इण्डियन एसोसिएट पब्लिशिंग कम्पनी लिमटेड, कलकत्ता, 1953, पृ. सं. 258-259 ।
8. प्यारेलाल, महात्मा गाँधी: दी लास्ट फेज, वोल्यूम-2, जितेन्द्रा टी देशाई, नवजीवन मुद्रणालय, अहमदाबाद, 1956, पृ. सं. 365-367 ।
9. डोमिनीक लैपियर एण्ड लॉरी कालिन्स, पूर्वोक्त, पृ. सं. 282 ।
10. हरिजन (अंग्रेजी), 24-8-1947 ।
11. वही ।
12. अर्जुन देव, गाँधी-नेहरू कोरेसपोन्डेस ए सेलेक्सन, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली, 2011, पृ. सं. 235 ।
13. हरिजन (अंग्रेजी) 31.8.1947 ।
14. वही ।
15. हरिजन (अंग्रेजी) 14.9.1947 ।
16. वही ।
17. मोहनदास करमचन्द गाँधी, दिल्ली डायरी, पृ. सं. 09 ।
18. उपरोक्त, पृ. सं. 4 ।
19. प्रार्थना प्रवचन, भाग-2, सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं. 263-267।

संयुक्त प्रांत में दलित आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकर्ता व उनके विचार

अरुणेश कुमार

शोध छात्र, इतिहास विभाग, हण्डिया पी0जी0 कॉलेज, हण्डिया, प्रयागराज

सारांश-

संयुक्त प्रांत में प्राचीन काल से ही दलितो के उत्थान के लिए समय-समय पर अनेक महापुरुषो ने अपना योगदान दिया जिसका प्रभाव आधुनिक काल में विचारकों पर पड़ा और इन विचारकों ने दलित समाज में जागृति के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह प्रांत महात्मा बुद्ध द्वारा चलाये गये बौद्ध धर्म से उत्पन्न निम्न वर्ग में चेतना का साक्षी रहा है। मध्यकाल में संत कबीर व संत रैदास ने सामाजिक समानता, बंधुत्व की अलखजगाई तथा ब्राह्मणवाद व अंधविश्वासों पर कुठाराघात किया। आधुनिक काल में स्वामी अछुतानन्द ने आदि हिन्दु आन्दोलन के माध्यम से संयुक्त प्रांत के दलितों में चेतना, धार्मिक अंधविश्वास, जाति प्रथा का विरोध करते हुए समाज में जागरुकता फैलाई। इसके साथ ही शिव दयाल सिंह चौरसिया, डॉ0 गया प्रसाद प्रशान्त, भदन्त बोधानंद, ललई सिंह यादव, चन्द्रिका र्प्रसाद जिज्ञासु जैसे अनेक महान समाज सुधारक रहे है जिन्होने दलितों के अधिकार की लड़ाई में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

परिचय-

संयुक्त प्रांत वर्तमान में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को मिलाकर ब्रिटिश काल में एक प्रांत था। जिसका गठन 1902 में ब्रिटिश सरकार ने किया था।इसकी प्राचीनता के विषय में हमें जानकारी प्रागैतिहासिक काल से ही मिलनी प्रारंभ हो जाती है। प्रमुख प्रागैतिहासिक कालीन स्थलों में प्रतापगढ़ जिले में महादहा, दमदमा और सराय नाहर राय[1], प्रयागराज जिले में चौपानीमांडो[2], मिर्जापुर जिले में लेखनिया प्रमुख स्थल इसी प्रांत में है। लहुरादेव[3] (संत कबीर नगर) नामक स्थल संपूर्ण संसार में चावल की खेती का प्राचीनतम स्थल के रूप में विख्यात है। वैदिक काल में इस संपूर्ण क्षेत्र का विशेष महत्व रहा है। महाकाव्य काल मे, रामायण में वर्णित भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या और उनके वन गमन के प्रमुख स्थल में से भरद्वाज ऋषि आश्रम (प्रयागराज) श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, आज उत्तर प्रदेश में ही हैं। महाभारत काल में हस्तिनापुर (मेरठ), बागपत (यहां से सिनौली 4 गांव से 2018 में उत्खनन में लगभग 4000 वर्ष पुराना तांबे का रथ मिला है। हालांकि इसकी तिथि के विषय में अभी इतिहासकारों में मतभेद है) गुरुग्राम और मथुरा जो कि भगवान श्री कृष्ण की जन्म स्थली के रूप में विश्व विख्यात है। सातवीं शताब्दी ईसा पूर्व में संयुक्त प्रांत का व्यवस्थित इतिहास प्रारंभ होता है। महाजनपद काल में 16 महाजनपदों में से कुछ सयुंक्त प्रान्त में ही थे। जिनके नाम इस प्रकार हैं-काशी (वाराणसी), कौशल(अयोध्या), कुरू(मेरठ, दिल्ली, थानेश्वर के आसपास का क्षेत्र), पांचाल (रुहेलखंड के बरेली, फैजाबाद, बदायूं के जिले) शूरसेन (मथुरा)[5]। तुर्को के आक्रमण के साथ ही सल्तनत काल में संयुक्त प्रांत पर अनेक तुर्की राजवंशों तथा सरदारों का अधिकार रहा जिनमें जौनपुर का शर्की राजवंश[6] प्रमुख रहा। मुगल काल में अकबर के समय से ही यहां आगरा का महत्व अधिक बढ़ गया उसने आगरा (इस शहर की स्थापना सिकंदर लोदी ने की थी और 1504 में अपनी राजधानी बनाया था[7]) को अपनी राजधानी बनाया और यहां पर अनेक महल व शहर बसाए जिनमें फतेहपुर सिकरी महत्वपूर्ण है। शाहजहां ने आगरा में ताजमहल8 का निमार्ण करवाया जो विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। मुगल साम्राज्य के पतन के पश्चात यहां पर छोटे-छोटे शासको ने अपने-अपने राजवंश स्थापित कर लिए जिनको ईस्ट इंडिया कंपनी तथा 1857 के बाद ब्रिटिश साम्राज्य ने विलय कर लिया। 1856 में कंपनी ने अवध पर अधिकार कर लिया9 और आगरा एवं अवध प्रांत को 1877 में पश्चिमोत्तर प्रांत में मिला लिया। 1902 में

दलित आंदोलन -

दलित शब्द के अर्थ से संबंधित विभिन्न विद्वानों के मध्य वैचारिक मतभेद प्रकट होते रहे हैं। कुछ विचारक इस शब्द को दलित आंदोलन के परिपेक्ष्य में उचित नहीं मानते तथा नए शब्दों का सुझाव देते हैं। जैसे महात्मा गांधी ने हरिजन शब्द, एनी बेसेंट ने डिप्रेस्ड शब्द और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सप्रेस्ड शब्द का सुझाव दिया। दलित शब्द का अर्थ दलन किया हुआ, खंडित किया हुआ, विनष्ट किया हुआ, पराजित किया हुआ, शोषित किया हुआ[10], कुचला हुआ, दरिद्र पीड़ित किया हुआ[11] जिसका दमन किया गया हो, जिसके टुकड़े-टुकड़े किए हो[12] आदिहोता है। दलित शब्द के अनेक अर्थ निकलते हैं इसमे किसी जाति विशेष का बोध नही होता है। वर्तमान समय में दलित शब्द का प्रयोग एक खास वर्ग से संबंधित माना जाने लगा है जिसे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नाम से जाना जाता है।

''दलित शब्द के विभिन्न अर्थो पर विचार किया जाए तो यह उस समाज को प्रस्तुत करता हैं जिसका आदिकाल से वर्तमान काल तक सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक आधार पर शोषण किया गया है। उस समाज के व्यक्तियों को धर्म के माध्यम से शुद्र, अछूत घृणित के रुप में देखा गया है। इन वर्गों के अपने पूजनीय देवी और देवताओं का बल पूर्वक विरोध किया गया तथा इनके द्वारा संपन्न किए जाने वाले लोक संस्कृतियों का विरोध किया गया। सामजिक रूप से उनका समाज से भेद किया गया है। यह भेद खानपान संबंधी विशेष आदतों व रीति-रिवाज व विवाह के माध्यम से किया गया है। राजनीतिक रुप से इन के अधिकारों का दमन करके उन्हें अधिकार विहीन बनाकर सिर्फ उच्च वर्ग की सेवा करने और श्रम करने तथा उस श्रम से प्राप्त फल या धन का उपयोग सिर्फ उच्च वर्ग के लिए निर्धारित किया गया है।'' इस प्रकार हमें इस विस्तृत अर्थ समेटे हुए दलित समाज की ऐतिहासिकता और उसकी विचार यात्रा पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में हमें यह समझने की आवश्यकता है कि उनकी इस स्थिति के जिम्मेदार कौन है?

वर्तमान समय में भारतीय समाज में विभिन्न जाति और प्रजाति, धर्म के लोग निवास करते हैं। यह सभी लोग अफ्रीका महाद्वीप से हुए प्रवसन के द्वारा विभिन्न समय अंतरालओं में दुनिया के भिन्न-भिन्न भागों में गए। उनमें से जो लोग भारत आए संभवत उनका समय वर्तमान से 65000 वर्ष पूर्व था[13]। इनका मिश्रण ईरान में रहने वाले अन्य लोगों से हुआ इसके बाद यह लोग हड़प्पा जैसी भव्य सभ्यता का निर्माण करते हैं[14]। हड़प्पा सभ्यता के पतन के बाद यासंभवत उसके पहले ही इन्हीं में से कुछ लोग भारत के पश्चिमी मार्ग होते हुए पश्चिमी समुद्र तट से दक्षिण भारत की ओर चले जाते हैं। वर्तमान समय में इस बात के विभिन्न प्रमाण भी उपलब्ध हुए हैं जिसके आधार पर कहा जा सकता हैं कि संभवत दक्षिण भारतीय लोग ही हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे[15]। उसके पतन के दौरान ही वहां से यह लोग दक्षिणी भाग में चले आते हैं उनके यहां आने के अनेक कारणों में से एक कारण यह भी था कि उस समय अफ्रीका से विभिन्न मानव समूहों का अभी भी आगमन हो रहा था जिससे पहले बसे लोगों से इन लोगों का टकराव होता रहता था। ईसा पूर्व 1500 के आसपास आर्य नामक नया कबीला भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवेश करता है। यह लोग ईरान में रहने वाले प्रथम भारतीयों तथा उसके बाद आने वाले अफ्रीका से मानव के मिश्रित प्रजाति के लोग थे। इनकी संस्कृति और समाज भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाले लोगों से भिन्न थी। इन्होंने सर्वप्रथम भारत के पश्चिमी भागों पर आक्रमण किए तथा वहां रहने वाले विभिन्न समूहों से इनका टकराव हुआ। इस बात के प्रमाण ऋग्वेद में भी उपलब्ध है कि यह लोग भारत के मूल निवासियो को दस्यु, चपटी नाक वाला, अनजानी भाषा का प्रयोग करने वाला और शिश्नदेवा (लिङ्ग पूजक) के नाम से पुकारते हैं। हड़प्पा सभ्यता में शिवलिंग की तरह कई आकृतियां भी मिली हैं जो इस प्रमाण की पुष्टि करती हैं। आर्यों का अपने कबीलों में तथा अन्य कबीलो से भी लगातार युद्ध चलते रहते थे। जिसका प्रमाण ऋग्वेद में वर्णित दसराज्ञ युद्ध है जिसमें आर्यों और दासो की सम्मिलित सेना का दूसरे आर्यो व दासो की सेना से युद्ध होता है। एक कबीले के प्रमुख पुरोहित वशिष्ठ (ब्राहमण) दूसरे कबीले के प्रमुख विश्वामित्र (क्षित्रय) थे। इससे यह बात भी स्पष्ट होती है कि या युद्ध मात्र आर्य और अनार्य का नहीं था बल्कि यह ब्राह्मणों और क्षत्रियों के वर्चस्व की लड़ाई भी थी। क्योंकि उस समय कृषि क्रांति के फलस्वरूप अतिरिक्त उत्पादन को लेकर उसमें हिस्सेदारी प्राप्त करने की लालसा से अनेक प्रकार के विधि-विधान बनाए गए जिसमें सर्वोच्च पद पर पुरोहित उसके बाद क्षत्रिय उसके बाद वैश्य वर्णो का स्थान था। अतः तत्कालीन समय तक सिर्फ तीन वर्णों का उल्लेख ऋग्वेद में है। परन्तु उत्तर वैदिक काल में ऋग्वेद में ही पुरुष सूक्त[16] को दसवें मंडल के रूप में जोड़ा गया। जिसमें कहा गया कि ब्राह्मणों का जन्म प्रजापति के मुख से, क्षत्रियों का जन्म भुजाओं से, वैश्यों का जन्म जॉघओ से और शूद्रों का जन्म प्रजापति के पैरों से हुआ है। इस प्रकार शूद्र की स्थिति सबसे नीचे निर्धारित की गई तथा बाहर से भी लोगों का आगमन जारी रहा पुरोहितों को समस्या उत्पन्न होने लगी कि बाहर

से आये लोगों का वर्ण क्रम में स्थान कहां रखें तथा यहां के जो मूल निवासी हैं उनसे तथा आर्यों से उत्पन्न पुत्र या पुत्री का वर्ण क्रम में स्थान कहां दे। क्योंकि उस समय पुरोहित वर्ग ही सामाजिक नियमों का स्वघोषित कर्ता-धर्ता था। स्पष्ट रूपसे यह बात प्रमाणित है कि आर्य कबीलों के पास स्त्रियों का अभाव था तथा उन्होंने यहां के मूल निवासियों की स्त्रियों के साथ कभी सहमति से और कभी-कभी बिना सहमति से ही विवाह करने लगे। इस प्रकार विवाह से उत्पन्न संतानों का वर्ण क्रम में स्थान निर्धारित करना भी एक समस्या थी। इस बात के स्पष्ट प्रमाण है कि उन्होंने यहां के मूल निवासियों की स्त्रियों से विवाह किया क्योंकि जब स्त्रियां आर्यों के घर में गई तो अपनी परंपरा व संस्कृति को भूल नहीं पाई जिसकी वजह से इनकी परंपरा और संस्कृति आर्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है जैसे कि बाद में आर्यों द्वारा लिंग पूजा का स्वीकार किया जाना अर्थात यहांके मल निवासियों के द्वारा भगवान शिव की पूजा की जाती थी किंतु आर्यों ने अनिच्छा पूर्वक भी शिव का आत्मसातीकरण अपनी परंपरा में किया[17] और उन्हें देवों को देव कहा जबकि शिव संभवत: प्रथम भारतीयों के देव के रूप में पूजनीय थे। इस प्रकार आर्यों ने धीरे-धीरे मूल निवासियों के सभ्यता व संस्कृति को नष्ट किया और जिसे नष्ट नहीं कर पाए उसे अपना बना कर अपने धर्म में शामिल कर लिया। बाद में जब शक, कुषाण, पहलव आदि कबीलो का आगमन हुआ तो पुरोहितों ने उन्हें ध्दितीय क्षत्रिय की संज्ञा दी और बाद में क्षत्रिय वर्ग में शामिल कर लिया। इसके बाद वर्णसंकर से उत्पन्न संतानों को इन्होंने अछूत की श्रेणी में डाल दिया जिससे इनके समाज के अन्य लोगों से अलगाव हो गया। समय-समय पर विभिन्न पुरोहितों तथा संस्थाओं ने समाज के नियमों के संचालन के नाम पर अनेक विधियों का निर्माण किया जो हमेशा पुरोहितों के लाभ के लिए होती थी। धीरे धीरे वर्ण व्यवस्था में जड़ताआने लगी और जिस व्यवसाय में जो व्यक्ति कार्य कर रहे थे वही उनकी जाति के नाम से प्रचलित हो गई अर्थात चमड़े का काम करने वाला चमार, लोहे का काम करने वाला लोहार, रथ बनाने वाला रथकार कृषि कर्म और पशुपालन करने वाला ग्वाला या अहीर केनाम से हमेशा के लिए एक जाति के नाम से जाने गए। इस प्रकार की व्यवस्था से मूल निवासियों और आर्यों में समय-समय पर टकराव होते रहें। कई बार आर्यों के मध्य उनके वर्णों में टकराव हुए। यह टकराव अक्सर क्षत्रिय और पुरोहित वर्ग में होते थे जो समाज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए लालायित रहते थे। मौर्य काल में गौतम बुद्ध तथा महावीर ने अपने धर्मों के माध्यम से इन ब्राह्मणवादी व्यवस्थाओं का जोरदार खंडन किया[18] और मूर्ति पूजा, जाति प्रथा आदि का विरोध किया तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समान माना इसकी वजह से अनेक जातियों का झुकाव बौद्ध और जैन धर्म के की ओर हुआ और उन्होंने इन दोनों धर्मों को स्वीकार किया। किंतु बाद के काल में ब्राहमणों ने एक नई चाल से गौतम बुद्ध को भी विष्णु का अवतार मानकर हिंदू धर्म में सम्मिलित कर लिया। इसी प्रकार का आंदोलन 14वीं-15वीं शताब्दी में भी हुआ जो भक्ति काल के नाम से विख्यात था[19]। जिसमें कबीर, रविदास, नानक आदि संतों ने समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा दिया तथा जाति प्रथा और मूर्ति पूजा की आलोचना की। इसी प्रकार का आंदोलन आधुनिक काल में ज्योतिबा फुले, पेरियार, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, स्वामी अछूतानंद तथा अन्य महान लोगों ने किया।

संयुक्त प्रांत के प्रमूख दलित नेतृत्वकर्ता और उनके विचार-

संयुक्त प्रांत में प्राचीन काल से ही दलितों के उत्थान और प्रगति के लिए समय-समय पर अनेक महापुरुषों ने अपना योगदान दिया। जिसका प्रभाव आधुनिक काल के विचारकों पर पड़ा और इन नेताओं ने दलित जागरण का आह्वान किया और दलितों में अंधविश्वास से मुक्ति और शिक्षा, समानता पर बल दिया। इसके लिए इन विचारकों ने कार्यक्रम चलाएं अपने-अपने संगठन बनाएं। इस प्रांत में महात्मा बुद्ध व महावीर द्वारा चलाए गए क्रमश: बौद्ध धर्म व जैन धर्म द्वारा ब्राहमण धर्म में व्याप्त यज्ञ, कर्मकाण्डी विधानों, ब्राह्मणवाद, जाति प्रथा आदि कुरीतियों का विशेष प्रभाव पड़ा। यह प्रांत संत कबीर व संत रविदास की जन्म स्थली भी रहा है जिन्होंने जात-पात के भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास किया और सभी धर्मों में प्रचलित अंधविश्वासों का जमकर विरोध किया और मानव में समानता व भाईचारे का प्रचार किया। इसी परंपरा व लोक संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए आधुनिक काल में अनेक संत, महात्मा, महापुरुष हुए जिन्होंने दलितों की स्थिति में सुधार के लिए कार्य किया। इन महापुरुषों के नाम की सख्या बहुत बड़ी है किंतु इतिहासकारों ने इन व्यक्तियों का व इनके द्वारा चलाये गये समाज सुधारों का वर्णन तक नहीं किया है। इतिहासकारों ने सिर्फ जाने-माने उच्च वर्ग का इतिहास लिखने का प्रयास किया।स्वामी दयानंद सरस्वती ने सन् 1875 में आर्य समाज की स्थापना की। इसकी कई शाखाएं देश के विभिन्न भागों में स्थापित की गई। आर्य समाज ने जाति प्रथा, मूर्ति पूजा, व बाल विवाह आदि का विरोध किया और हिंदू धर्म में सुधार का कार्य किया।आर्य समाज की स्थापना का एक उद्देश्य दलितों का अन्य धर्मों में धर्मांतरण रोकना भी था खास करके ईसाई धर्म में। सुधार आंदोलन की

वजह से अनेक दलित इस ओर आकर्षित हुए और आर्य समाज में शामिल हुए। इसकी वजह से दलितों में नई चेतना व शिक्षा का भी प्रसार हुआ। इसकी वजह से दलितों ने समाज में व्याप्त जाति पात, बाल विवाह, शराब पीने तथा गौ मांस खाने पर प्रतिबंध लगाया। इसी के साथ ही उन्होंने अपनी जाति से संबंधित विभिन्न संगठनों का गठन किया जैसे आगरा में जाटव महासभा, वाल्मीकि महासभा, चमार महासभा इसके उदाहरण है।

सयुंक्त प्रान्त के प्रमुख विचारक-

स्वामी अछूतानंद-

स्वामी अछूतानंद का जन्म 6 मई 1879 में फर्रुखाबाद जिले के सौरिख गांव में हुआ था।[20] इनके पिता श्री मोतीराम व माता श्रीमती रामप्यारी देवी थी। इनके चाचा का नाम मथुरा प्रसाद था। बाद में इनका परिवार सौरिख गांव को छोड़कर मैनपुरी जिले में उमरी गांव में बस गया। इनका पूरा परिवार सतनामी कबीरपंथी था। इसका प्रभाव स्वामी अछूतानंद पर भी हुआ। स्वामी अछूतानंद जी को कबीर दास जी के दोहे पूरी तरह से कन्ठस्थ थे। इनके पिता तत्कालीन ब्रिटिश सरकार में सेना में नौकरी करते थे, इसकी वजह से इनका नाम आर्मी स्कूल में लिखावाया गया। कुछ समय बाद विभिन्न संतो के विचारों के प्रभाव के कारण इनका मन घुमक्कड़ी में लग गया जिसकी वजह से यह देश के विभिन्न हिस्सों में साधुओं के साथ घूमने लगे। इसकी वजह से इन्होंने विभिन्न भाषाओं का ज्ञान अर्जित किया। इनको हिंदी, अंग्रेजी, गुरमुखी, संस्कृत, पाली, गुजराती और मराठी भाषाएं बोलनी आती थी। इसके बाद आर्य समाज में शामिल हो गए। आर्य समाज में आकर इन्होंने वेदों का अध्ययन किया और विभिन्न प्रकार के धार्मिक पुस्तकों को पढ़ा और जोर-शोर से निम्न जातियों में आर्य समाज का प्रसार-प्रचार करने लगे। किंतु कुछ समय के बाद वहां पर भी इन्होंने निम्न जातियों के साथ हो रहे भेदभाव व आर्य समाज के तथाकथित जातिविरोधी अभियान के विषय में जानकारी हुई। इसकी वजह से इन्होंने आर्य समाज को छोड़ दिया। इन्होंने आदि हिंदू सभा की स्थापना[21] की और अछूतों के उद्धार के लिए विभिन्न जगहों का भ्रमण किया और आदि हिंदू विद्यालय व आदि हिंदू पुस्तकालय की स्थापना की। 1917 में स्वामी अछुतानंद ने अखिल भारतीय अछूत सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया और यहीं पर विभिन्न विद्वानों ने इनका नाम स्वामी हरिहरानंद से स्वामी अछूतानंद परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की। इसी सम्मेलन में इनकी मुलाकात डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से हुई। इसके बाद दोनों में घनिष्ठ मित्रता हो गई और दोनों ने मिलकर दलित समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1919 में स्वामी जी ने लंदन में अछूतों से संबंधित एक पत्र प्रस्तुत किया जिसमें अछूतों के लिए पृथक शिक्षा, पृथक निर्वाचन व नौकरियों में आरक्षण की मांग की गई थी। जिसको 1919 के मांटेग्यू चेम्सफोर्ड एक्ट में स्वीकार कर लिया गया। यह दलितों के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ। इन्होंने लखनऊ में प्रिंस ऑफ वेल्स का स्वागत किया[22] और अछूतों से संबंधित समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तथा उन्होंने अपना मांग पत्र प्रस्तुत किया जो इस प्रकार थीं-

1. आदि हिंदुओं के लिए पृथक निर्वाचन, पृथक प्रतिनिधित्व की मांग।
2. अछूतों के लिए विद्यालय की मांग।
3. सवर्ण हिंदुओं की तरह समान सामाजिक अधिकार की मांग।
4. बेगार प्रथा की समाप्ति
5. शासकीय सेवा में सम्मिलित करने की मांग।
6. स्थानीय संस्थाओं में अछूत सदस्यों को मनोनीत किया जाए।
7. प्रत्येक क्षेत्र में संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व
8. व्यापार करने की स्वतंत्रता
9. चौकीदार के पद पर अछूतों की नियुक्ति।
10. दलितों को जमीन पट्टे पर दी जाए।
11. अछूत छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाए।
12. पुलिस तथा फौज में अछूतों की नियुक्ति।

इस प्रकार स्वामी जी ने अपना संपूर्ण जीवन दलितों के उत्थान व उनके हक के लिए समर्पण कर दिया। स्वामी अछूतानंद जी की मृत्यु 23 मई 1933 में कानपुर में हुई। उन्होंने साहित्य के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया तथा अनेक नाटक,

कविताओं की रचना की जिनमें शम्बूक बलिदान, मायानंद बलिदान, रामराज न्याय नाटक, आदि खंडकाव्य व अनेक कविताएं प्रमुख हैं[23]।

शिवदयाल सिंह चौरसिया-

इनका जन्म लखनऊ में पान दरीबा मोहल्ले मे सन् 1900 में हुआ। ये पेशे से वकील थे। इनकी मुलाकात 1928 में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से हुई। ये राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य थे। इन्होंने कमीशन के अन्य सदस्यों के विचार से असहमत होकर एक अलग रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में इन्होंने शुद्रों के साथ हो रहे अत्याचारों का वर्णन किया और कहा कि प्रारंभिक काल में समाज में सिर्फ दो वर्ग थे एक आर्य दुसरा अनार्य। अनार्य भारत के मूल निवासी थे जिनको आर्यों ने छल कपट के सहारे पराजित करके दास बना लिया। जिन लोगों ने आर्यों की दासता नहीं स्वीकार की वे जंगलों तथा पहाड़ों की ओर भाग गए जो आदिवासी कहलाए। इन्होंने शुद्रों को अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत अछूत जातियॉ कहा तथा सभी अछूत जातियों को अनुसूचित जाति तथा घुमंतू वन्य और पहाड़ों में रहने वाली जातियों को अनुसूचित जनजाति के रुप में परिभाषित किया। शिव दयाल सिंह जी राज्यसभा के सदस्य भी रहे[24]। इन्होंने बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के पद को भी सुशोभित किया। इनकी मृत्यु 1992 में हुई।

डॉ गया प्रसाद प्रशांत-

इनका जन्म भी लखनऊ में मई 1925 को हुआ। इन्होंने बाबासाहेब अंबेडकर को लखनऊ में आमंत्रित किया। इन्होंने दलितों में स्वतंत्रता, समानता, सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में एकता को बढ़ावा देने के लिए दलित आंदोलनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दलितों में जो लोग आर्थिक रुप से सशक्त हो गए हैं और दलितों की उपेक्षा करते हैं उनको फटकार लगाई और इनको दलित समाज के उत्थान के लिए प्रेरित करते हुए डॉक्टर गया प्रसाद जी ने नारा दिया-

भूल नहीं जाना अपनो को, खोकर अरमानों में।
किंतु सजग रहना, मत फसना झूठे सम्मानों में।।[25]

इन्होंने रेलवे डी. एस. ऑफिस अमरामऊ में सरकारी नौकरी की किंतु कुछ समय बाद छोड़कर लखनऊ में कलेक्शन इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी की। इन्होंने लखनऊ में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन के तहत 1945-46 में आंदोलन चलाया उसके बाद रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के तहत कार्य किया। इस पार्टी ने 1962 में डॉ गया प्रसाद के निर्देशन में चुनाव लड़ा और 11 एम. एल. ए उत्तर प्रदेश की विधानसभा में आर. पी. आई पार्टी से चुनकर आए[26]। डॉ प्रशांत जी एक साहित्यकार के रुप में भी प्रसिद्ध थे अन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की जिनमें अछूत कौन और क्यों? पंचायती समाज, शोषण के विरुद्ध संघर्ष, शोषितों का स्वतंत्रता सग्राम, जाति मिटाओ जनतंत्र बचाओ, जय भीम, गीतावली आदि र्प्रमुख है।

भदंत बोधानंद-

इनका जन्म एक ब्राहमण परिवार में हुआ था लेकिन हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों और अपनों से दुखी होकर बौद्ध धर्म अपना लिया और बौद्ध पुस्तकालय का निर्माण करवाया[27]। इन्होंने सामाज परिवर्तन के उद्देश्य से नवरत्न कमेटी की स्थापना की जिसके प्रमुख सदस्य इस प्रकार थे- भदंत बोधानंद, राय साहब रामसहाय पासी, एडवोकेट गौरीशंकर, महादेव प्रसाद धानुक, शिवदयाल सिंह चौरसियाबदलूराम रसिक, स्वामी अछूतानंद, डॉक्टर गया प्रसाद प्रशांत आदि। इन्होंने समाज में दलितों के उत्थान के लिए त्रिरत्नी आंदोलन चलाया। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की जिनमें स्थापित पुस्तकालय वर्तमान में भदंत बोधानंद बुद्ध विहार लखनऊ के नाम से आज भी समाज के एकीकरण में प्रयासरत है।

डॉक्टर मानिक चंद्र जाटव वीर-

आगरा में जाटव आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकर्ता थे। इनका जन्म सन 1897 राजा मंडी आगरा में हुआ था। इनके ऊपर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का बहुत प्रभाव था तथा उनके द्वारा चलाए गए दलित आंदोलन को इन्होंने आगरा मों प्रचार और प्रसार किया इन्होंने आगरा में जाटव वीर छात्रावास की स्थापना की जो आज भी है। 1937 में हुए चुनाव में ये आगरा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुने गए थे। इनकी मृत्यु 25 दिसंबर 1956 को हुई।

संयुक्त प्रान्त में अन्य प्रमुख विचारक इस प्रकार हैं- इलाहाबाद से राय साहब, रामचंद्र बनौधा, भोलानाथ जैसवार, एडवोकेट गुरुप्रसाद, बी.एल.चक्रवर्ती, कल्याण चंद्र बाल्मीकि, कानपुर से कैप्टन मोहनलाल कुरील, महंत प्रेमदास, ललई सिंह यादव, बाबू

गौरी शंकर अहरवार, हनुमान प्रसाद कुरील, लखनऊ से चंद्रिका प्रसाद जिज्ञासु, माता प्रसाद सागर, वैद्यजगदीश प्रसाद बाल्मीकि, अशर्फीलाल पासी, आगरा से डॉक्टरमानिक चंद जाटव, स्वामी प्रभुता नंद व्यास, कल्याण सिंह, करण सिंह केन, वाराणसी से मूलचंद सोनकर, प्रोफेसर चौथी राम यादव, संकठा प्रसाद शास्त्री आदि। इस प्रकार हम देखते हैं कि संयुक्त प्रांत में दलित आंदोलन कोई सामान्य आंदोलन नहीं था बल्कि इसने जनमानस में गहरा प्रभाव दिखाया तथा दलित जातियों में नवीन जागृति और प्रेरणा प्रदान की जिसका उदाहरण वर्तमान समय में विभिन्न क्षेत्रों में दलितों की उपस्थिति को देखकर लगाया जा सकता है। यह दलित आंदोलन का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री के रुप में सुश्री मायावतीचुनी जा चुकी हैं। इसके अलावा भारतीय सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में भी विभिन्न ऊंचे पदों पर दलित जातियों का चयन उनकी जागृति का प्रमाण है। किंतु इन सकारात्मक परिणामों के साथ ही अभी भी दलित जातियों की स्थिति में पिछड़ापन, जाति प्रथा, अंधविश्वास व्याप्त है। अभी भी कई लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं तथा उनकी जीवन दशा दयनीय है। ऊंची जातियों के द्वारा अभी भी कई क्षेत्रो में दलितों को हेय दृष्टि से देखा जाता है और आए दिन समाचार पत्रों में दलितों पर किए गए अत्याचार प्रकाशित होते रहते हैं जो इस बात को प्रमाणित करते हैं कि अभी भी दलितों के उत्थान के लिए बहुत कुछ किया जाना शेष है। किंतु समग्रता से अगर देखा जाए तो दलित आंदोलन का प्रभाव सकारात्मक ही कहा जा सकता है जिसकी वजह से दलितों में चेतना आई है तथा वे अपने हक के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं।

संदर्भग्रन्थ सूची

1. प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास- उपिंदर सिंह, पृष्ठ सख्या 80-90
2. उपर्युक्त एवं भारत का प्राचीन इतिहास- के.सी. श्रीवास्तव
3. प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास- उपिंदर सिंह, पृष्ठ सख्या 113
4. द टाइम्स आफ इंडिया एंड द हिंदू न्यूज पेपर 2018
5. अंगुत्तरनिकाय और भगवती सूत्र
6. मध्यकालीन भारत का बृहत् इतिहास (खंड 1) जे.एल.मेहता, पृष्ठ संख्या-310
7. मध्यकालीन भारत का बृहत् इतिहास (खंड 1), जे. एल. मेहता, पृष्ठ सख्या-295 और खण्ड 2
8. मध्यकालीन भारत-सल्तनत से मुगल तक-सतीश चंद्र, पृष्ठ सख्या-449
9. आधुनिक भारत का इतिहास-राम लखन शुक्ल
10. समानांतर हिंदी कोष नेशनल बुक टस्ट ऑफ इंडिया
11. प्रमाणिक हिंदी षब्दकोष लोकभारती प्रयागराज
12. मानक हिंदी कोश हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग
13. अर्ली इंडियंस-टोनी जोसेफ
14. प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास-उपिंदर सिंह
15. Journey of a civilization: Indus to vaigai-R Balakrishanan
16. ऋग्वेद 10,90
17. भारत का इतिहास श्रवण-ब्राहमण संस्कृतियों का संघर्ष-भागीरथ
18. भारत का प्राचीन इतिहास-के,सी,श्रीवास्तव
19. मध्यकालीन भारत-हरिश्चंद्र वर्मा
20. भारतीय दलित इंदोलन का इहिास खण्ड 2- मोहनदास नैमिषारण्य
21. भारत में दैनिक जागरण और उसके अग्रदूत - माता प्रसाद
22. उत्तर प्रदेश में दलित आंदोलन- प्रोफेसर आंगने लाल,डॉ राहुल राज
23. स्वामी अछूतानंद हरिहर और हिंदी नवजागरण- डॉक्टर कवंल भारत
24. उत्तराखंड सहित उत्तर प्रदेश के दलित जातियों का दस्तावेज- माता प्रसाद
25. उत्तर प्रदेश में दलित आंदोलन- प्रोफेसर आंगने लाल, डॉ. राहुल राज
26. उपर्युक्त

पूर्व प्राथमिक शिक्षाः समस्या एवं सामाधान

डॉ० अमित कुमार पाण्डेय

असिस्टेंट प्रोफेसर, बी0एड0 विभाग, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा, रतसर, बलिया (उ0प्र0)

पूर्व प्राथमिक शिक्षा उस शिक्षा को कहते हैं जिसे बच्चे स्कूल जाने की उम्र से पहले प्राप्त कर लेते हैं। पहले ऐसी शिक्षा की कोई व्यवस्थ नहीं थी। यद्यपि आज लोग इस वय के महत्व को समझकर नर्सरी स्कूलों, शिशु मंदिरों, किण्डरगार्टेन स्कूलों में बच्चों को भेजने लगे हैं लेकिन सभी माँ-बाप ऐसा नहीं कर पाते। शहरों केक धनी-मानी और बाजारों, कस्बों और गाँवों के समझकर लोग अपने बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा दे पा रहे हैं। फिर भी इनका प्रतिशत अभी अति अल्प है। कारण कि यह शिक्षा अधिक महँगी है। आज लगभग शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा देने के लिए प्राथमिक शिक्षा के साथ ही इस शिक्षा की भी व्यवस्था हो रही है। ऐसा प्रयास व्यक्तिगत ही है, सरकार का प्रयास अति अल्प है।

पहले के लोगों की अवधारणा थी कि पांच से सात वर्ष का हो जाने के उपरांत ही बच्चे स्कूल जाने के योग्य हो पाते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं है। आज शिक्षा वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि बच्चे छह साल तक की अवस्था में जो कुछ बनना होता है बन जाते हैं। इससे यह पता चलता है कि छह साल के पहले की उम्र बच्चों के विकास की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण होती है।

शिशु शालाओं में पूर्व प्राथमिक शिक्षा का प्रारंभिक प्रयास- पूर्व प्राथमिक शिक्षा का पहला प्रयास उन्नीसवीं शताब्दी में फ्रोबेल ने किया। इंग्लैंड में कुमारी मारगेट मैक मिलन ने नि:शुल्क शालाओं की व्यवस्था की जिसमें दो से चार वर्ष के बच्चों को पढ़ाया जाता था। फ्रोबेल के बालोद्यान से मारगेट मैकमिलन का बड़ी प्रेरणा मिली थी। रचेल मैकमिलन भी उनके साथ थी। बीसवीं शताब्दी में आगे चलकर इटली में डॉ. मारिया माण्टेसरी ने मांटेसरी स्कूल खोलां इनके माण्टेसरी स्कूल में दो से छह वर्ष तक के बच्चे उपकरणों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करते थे। जर्मनी में किण्डर गार्टेन, इंग्लैंड में नर्सरी स्कूलों तथा इटली में माटेंसरी स्कूलों ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में धूम मचा दी। भारत में पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सूत्रपात करने का श्रेय ईसाई मिशनरियों को दिया जाता है। सन् 1939-40 में मारिया मांटेसरी भारत आई थीं। उनके आगमन से भारतीयों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था के क्षेत्र में बड़ी प्रेरणा मिली। भारत में उसी समय से प्राथमिक शिक्षा की ओर ध्यान दिया गया। 'बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक वर्षों में किंडर गार्टेन नर्सरी स्कूल मिशनरियों के साथ ही संयुक्त थे। इसलिए शिशु विद्यालयों की लोकप्रियता को बढ़ाने में मिशनरियों का विशेष योगदान कहा जा सकता है।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा के प्रति राज्य का ध्यान आकृष्ट करने और शिक्षा की व्यवस्था करने की दिशा में सार्जेण्ट रिपोर्ट तथा कोठारी कमीशन का विशेष हाथ था। सार्जेण्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि 'नर्सरी स्कूल व कक्षाओं के रूप में पूर्व प्राथमिक शिक्षा की समुचित व्यवस्थ शिक्षाकी किसी भी राष्ट्रीय प्रणाली का एक अनिवार्य अंग है।[1]''

कोठारी कमीशन ने बालक के शारीरिक, मानसिक और संवेगात्मक विकास के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा की आवश्यकता बताकर यह सिफारिश किया कि- 'हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि 1986 तक 3 से 5 वर्ष के 5 प्रतिशत बच्चों के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध हो जाय। इससे 25 लाख बच्चों के लाभान्वित होने की आशा थी। पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए भी सुझाव दिये गये।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में पूर्व बाल्यकाल की शिक्षा पर अधिक बल दिया गया है। उनका कहना है कि बच्चों के विकास पर पर्याप्त विनियोग किया जाय। विशेष रूप से ऐसे वर्गों पर अधिक ध्यान दिया जाय जिनके बच्चों की पहली पीढ़ी शिक्षा प्राप्त कर रही है। बच्चों के विकास के विभिन्न पहलुओं को अलग-अलग करके न देखा जाय। बच्चों के सामाजिक,

शारीरिक, मानसिक, नैतिक और भावनात्मक विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जाय। बच्चों के पौष्टिक भोजन और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाय। संभव हो तो इस शिक्षा को समेकित बाल-विकास सेवा कार्यक्रम के साथ जोड़ा जाय।

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के सन्दर्भ में शिशुओं के देखभाल के केन्द्र खोले जायेंगे जिससे अपने छोटे भाई बहनों की देख भाल करने वाली लड़कियों को स्कूल जाने की सुविधा मिल सके। निर्धन वर्गों की स्त्रियों को भी केन्द्रों से सहायता मिल सकेगी। शिशुओं की देखभाल और शिक्षा के केन्द्र पूरी तरह बाल केन्द्रित होंगे। उनकी गतिविधियों खेल-कूद पर तथा बच्चों के व्यक्तित्व पर आधारित होंगी। इस अवस्था में औपचारिक रूप से पढ़ना-लिखना नहीं सिखाया जायेगा। इन कार्यक्रमों में स्थानीय समुदाय का पूरा सहयोग लिया जायेगा।''

'शिशुओं की देखभाल और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के कार्यक्रमों को पूरी तरह समेकित किया जायेगा जिससे प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा मिल सके और मानव संसाधन (Human Resources) विकास में सामान्य रूप से सहायता मिल सके। साथ ही स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम को सुदृढ़ किया जा सके।'

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में प्रारम्भिक बाल देखरेख तथा शिक्षा पर काफी महत्व दिया गया है। इसमें प्रारंम्भिक बाल देखरेख तथा शिक्षा को मानव संसाधन विकास की नीति में निम्नलिखित तीन रूपों मे स्वीकार किया गया है-

(1) प्राथमिक शिक्षा के लिए एक पोषक तथा सहायक कार्यक्रम के रूप में,

(2) समाज के वंचित वर्गों का कार्यरत महिलाओं के लिए सहायता सेवाओं के रूप में,

(3) महत्वपूर्ण निवेश के रूप में।

मानव संसाधन विकास की नीति में प्रारम्भिक बाल देखरेख तथा शिक्षा की प्रकृति को ध्यान में रखा गया है। बच्चों के चहुँमुखी विकास के लिए कार्यक्रमों को आयोजित करने की आवश्यकता का उल्लेख किया है।

(क) समेकित बाल विकास योजना- इसमें प्रयासों को जारी रखने तथा प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए अग्रलिखित कदम उठाये जायेंगे-

(1) प्रत्येक ऑगनबाड़ी प्रशिक्षण केन्द्र को कम से कम 20-25 ऑगनबाड़ी केन्द्रों के विकास की जिम्मेदारी सौंपना ताकि प्रशिक्षुओं (Trainees) को पर्याप्त क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जा सके।

(2) व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए ऑगनबाडिघ्यों को कम से कम एक माह के लिए प्रशिक्षुओं को तैनात करना।

(3) प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं के उपयोग के लिए शैक्षणिक सामग्री का विकास करना।

(4) सभी ऑगनबाडिघ्यों को बच्चों की सचित्र पुस्तकें, सचित्र पोस्टर, न्यूनतम अनिवार्य खेल सामग्री प्रदान करना तथा उन्हें आवधिक रूप से बदलते रहना।

(5) सी.डी.पी.ओ. (Child Development Programme officer's) कार्यालय को संसाधन केन्द्र के रूप में विकसित करना और उसे प्रशिक्षण सामग्री प्रदान करना।

(6) जहाँ कहीं संभव हो प्राइमरी स्कूलों के साथ समेकित बाल विकास योजना ऑगनबाडिघ्यों के समय को समन्वित करना।

(ख) प्रारम्भिक बाल शिक्षा केन्द्र- इस समय इस योजना में न तो पोषाहार का घटक है और न शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए प्रावधान। अतः इसमें सुधार के लिए तत्काल से कदम उठाये जायेंगे-

1. अभिभावक/सामुदायिक सहायता के साथ-साथ पोषाहार घटक को जोड़ना।
2. कार्मिकों के प्रशिक्षण का प्रावधान।
3. बच्चों के लिए शैक्षिक सामग्री की आपूर्ति।
4. खेल के तरीकों का पढ़ाई में उपयोग करना तथा प्रारम्भिक पढ़ाई में तीन 'आर' को समाप्त करना।

(ग) स्वैच्छिक एजेंसियों द्वारा चलाई जा रही बालवाडिघ्याँ- बालवाड़ी की पद्धतियों में विभिन्नता है। प्रत्येक योजना का अपना इतिहास तथा पृष्ठभूमि है। स्वैच्छिक एजेंसियों द्वारा चलाये जा रहे सभी बाल विकास कार्यक्रमों को एक समेकित दृष्टिकोण तथा एक विस्तृत पैकेज प्रदान करके उन्हें दोहराव से बचाकर तैयार किया जायेगा।

(घ) पूर्व-प्राथमिक विद्यालय तथा कक्षाएँ- इसमें अनिवार्य रूप से शिक्षा पर बल दिया गया है। अत: इनके सुधार के लिए निम्नलिखित बातों की आवश्यकता है-

1. समुदाय/अभिभावक सहभागिता के साथ पोषाहार का घटक जोड़ना।
2. शीघ्र शुरू किये जाने वाले तीन 'आर' को प्रोत्साहित न करना।
3. खेल के तरीकों का प्रयोग करना।
4. घर तथा समुदाय के बीच सम्बन्ध विकसित करनां
5. दाखिलों के लिए प्रवेश परीक्षा को प्रोत्साहन न देना।

ये कार्य किये जायेंगे-

1. जहाँ आवश्यक हो वहाँ अनुवर्ती तथ रैफरल सेवाओं के साथ-साथ बच्चों की नियमित चिकित्सा जाँच।
2. बच्चों की पौष्टिक स्थिति के अनुसार प्रतिदिन पूरक पोषाहार का प्रावधान।
3. मासिक/पाक्षिक रिकार्डों के माध्यम से कद तथा वनज की वृद्धि का अनुवीक्षण।
4. बाल-केन्द्रित तथा विकास एवं प्रगति घटक खेलकूद कार्यकलापों की आयोजना इस रूप में बनाई जाय ताकि बच्चे विभिनन प्रकार के अर्जित ज्ञान, आनन्द तथा जिज्ञासा उत्पन्न करने वाली भावनाओं की अभिव्यक्ति कर सकें।
5. सम्प्रेषण का माध्यम मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा हो। मातृभाषा तथा क्षेत्र की प्रमुख भाषा के बीच सम्पर्क होना चाहिए।
6. भाषा कौशल तथा ज्ञानात्मक क्षेत्र को बढ़ावा देना।
7. डमंग तथा सृजनशीलता और विश्वास की भावना भरना।
8. माँसपेशीय विकास को बढ़ावा देना।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा की समस्याएँ (Problems of Pre-Primary Education)

''यद्यपि हमारे देश में कुछ वर्षों से पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की प्रगति पर्याप्त तीव्र गति से हो रही है तथापि भारत की आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों के सन्दर्भ में इस प्रगति को सन्तोषजनक नहीं कहा जा सकता है। यदि हम इस शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर समग्र रूप में विचार करे तो यह हमको उनके कमियों एवं त्रुटियों की जटिल समस्याओं में उलझी हुई मिलती है। इन समस्याओं से मुक्त होकर ही यह प्रगति के पथ पर अपना अप्रतिबन्धित अभियान आरम्भ कर सकती है और तभी यह इस देश के विभिन्न वर्गों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूर्ण करके, भारतीय शिक्षा के इतिहास में अविस्मरणीय स्थान प्राप्त करने की अधिकारिणी बन सकती है। ये समस्याएँ कौन-सी हैं ?'' नीचे इन्हीं समस्याओं और उनके समाधान पर विचार किया गया है-

(1) साज-सज्जा और व्यवस्था के लिए धन की समस्या- भारत में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए विद्यालयों के संख्या में वृद्धि हो रही है। उनमें साज-सज्जा का अभाव तो है ही साथ ही शिक्षकों के वेतन आदि के लिए धन का अभाव है। साज सज्जा से यहाँ आशय है शिक्षकों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले सहायक साधन और बच्चों के शारीरिक विकास के साधन जैसे खेल-कूद और इन्द्रिय प्रशिक्षण के साधन। शिक्षकों को अति अल्प वेतन देकर उनसे अधिक कक्षाएं पढ़वाई जाती है। इससे शिक्षकों में असन्तोष बना रहता है और वे ठीक से अपना काम नहीं कर पाते।

समस्या का समाधान- शिक्षकों को प्रशिक्षण काल में सामग्रियां बनाने की प्रशिक्षण दिया जाये। छात्रों के सहयोग से वे सहायक सामग्रियों का निर्माण कुछ तो कर लें, शेष विद्यालय की ओर से व्यवस्था की जा सकती है। कोठारी कमीशन ने मद्रास के प्रयोग की जो बात की है वह सर्वथा की अव्यावहारिक और अस्थायी है। स्थायी हल यही है कि छात्रों की फीस से जो धन आता है उसका दुरूपयोग न करके शिक्षकों को वेतन के रूप में दिया जाये जिससे उनमें असन्तोष न व्याप्त हो। सरकार को चाहिए कि वह भी शिक्षकों की सेवाओं की सुरक्षा और अनुदान के सम्बन्ध में विचार करे।

(2) शिक्षिकाओं की समस्या- शिशुओं का सही विकास कठोरता से नहीं, कोमलता से होगा। नारी में कोमलता होती है। अत: इस स्तर पर अध्यापिकाओं द्वारा शिक्षा दिया जाना ही उचित होगा। प्रशिक्षित महिलाओं के अभाव के कारण ईक से लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पाती। प्रशिक्षित अध्यापिकाओं के अभाव के कई कारण हैं- जैसे अपने घर गांव को छोड़कर बाहर जाकर सेवा कार्य करने में अध्यापिकाओं के सामने अनेक समस्याएँ आती हैं। विवाह के बाद शिक्षा-कार्य बन्द कर देना होता

है। विद्यालय का अधिक बोझ होने के कारण वे अन्य कार्य करना पसन्द कर लेती हैं। शिक्षिकाओं के प्रशिक्षण की कोई अच्छी सुविधाजनक व्यवस्था नहीं है।

समाधान- विद्वानों द्वारा दिये गये सुझाव-

(1) अध्यापिकाओं को अपने स्थायी निवास-स्थानों के पूर्व-प्राथमिक विद्यालयों में कार्य करने की सुविधा प्रदान की जाये।

(2) उनको विवाह के पश्चात् निवास-स्थान की सुविध देकर और विद्यालय-समय में परिवर्तन करके अध्यापन कार्य में संलग्न रहने का प्रोत्साहन दिया जाये।

(3) शिक्षिकाओं पर कार्य भार न बढ़े इसके लिए अधिक अध्यापिकाओं की नियुक्ति की जाये। साथ ही उन्हें उनकी शिक्षा-दीक्षा के अनुसार उचित वेतन दिया जाये। उन्हें सेवा कालीन, अल्पकालीन दिया जाये। प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण विद्यालय डिप्लोमा के तरीके पर खोले जायँ।

(3) समस्या अभिभावकों के अज्ञानता की- हमारे देश के अधिकांश अभिभावकों को शिशुओं की शिक्षा कके महत्ता का ज्ञान नहीं है। वे बच्चों के विकास की जानकारी नहीं रखते और न इसके मनोवैज्ञानिक महत्व को समझते हैं।

समाधान- इस समस्या के समाधान के लिए जन जागृति की आवश्यकता होगी। पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व को समझाने के लिए जनान्दोलन करना होगा। ''ये आन्दोलन-सर्वोदय समाज, भारत सेवक-समाज एवं शिशु-शिक्षा से सम्बन्धित व्यक्तिगत संस्थाओं द्वारा तत्काल आरम्भ किए जाने चाहिए और इनको केन्द्रीय एवं राज्यों के समाज-कल्याण्ए-परिषदों को पूर्ण सहयोग प्राप्त होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, डॉ. मुकर्जी का एक सुझाव यह है- हमारे देश में समजा-शिक्षा का जो आन्दोलन चल रहा है, उसे अन्तर्गत अशिक्षित वयस्कों को बुद्धिमाता माता-पिता' (Wise Parenthood) में कर्तव्यों का ज्ञान प्रदान करने का नवीन कार्यक्रम सम्मिलित किया जाना चाहिए।''

(4) समस्या विभाजित उत्तरदायित्व- पूर्व प्राथमिक शिक्षा का दायित्व न तो केन्द्र सरकार पर है और न प्रान्तीय सरकार पर-न जिले पर और न किसी संस्था पर। फलतः ये विद्यालय व्यक्तिगत संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे हैं।

इस सम्बन्ध में 'पाँचवीं पंचवर्षीय योजना' में यह उल्लेख मिलता है- ''इस समय प्राग्विद्यालय शिक्षा की उपलब्ध सुविधाएँ शहरी क्षेत्र में गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा चलाए गए स्कूलों तथा समाज-कल्याण क्षेत्र के अन्तर्गत सरकारी तत्वाधान में चलाए गए कुछ हजार बालवाडिघ्यों तथा आंगनवाडिघ्यों तक ही सीमित हैं।'' किसी-किसी राज्य में कुछ आदर्श पूर्व-प्राथमिक विद्यालयों के संचालन का कार्य, सरकार द्वारा आरम्भ कर दिया गया है, पर इन विद्यालयों की संख्या नगण्य है।

पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का उत्तरदायित्व-केन्द्रीय सरकार, राज्य-सरकार एवं व्यक्तिगत संस्थाओं के मध्य विभाजित है। ''विभाजित उत्तरदायित्व किसी का भी उत्तरदायित्व नहीं होता है'- यह चिर-विख्यात लोकोक्ति है। अतः इस प्रकार का उत्तरदायित्व, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिए निश्चित रूप में विघ्नकारी एवं अनिष्ठकारी है। इसके परिणाम पर प्रकाश डालते हुए अदालत व उनियाल ने लिखा है- ''पूर्व प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था के विषय में यह कहना आवश्यक प्रतीत होता है कि भारतीय शिक्षा वह अकेला क्षेत्र है जिसके प्रति कोई उत्साह नहीं है, एक प्रकार की महत्वहीनता है, असम्बद्धता है और अनिश्चिता है। इसका सम्पूर्ण परिप्रेक्ष्य धुँधला है।''

समाधान- पूर्व प्राथमिक शिक्ष की भी जिम्मेदारी सरकार ले। ''पूर्व प्राथमिक शिक्षा के धुँधले परिप्रेक्ष्य को प्रकाशमान तभी किया जा सकता है, जब इसका उत्तदायित्व किसी एक पर हो। किन्तु किस पर ? इस विषय में पर्याप्त मतभेद है। कुछ व्यक्ति इसका उत्तरदायित्व, व्यक्तिगत संस्थाओं पर और कुछ सरकार पर चाहते है। कोठारी कमीशन' ने इसका उत्तरदायित्व दोनों पर रखा है। यद्यपि 'कमीशन' का प्रतिवेदन, सरकार के हाथ में 1966 में पहुँच गया था, तथापि उसने ''कमीशन'' के सुझाव के प्रति ध्यान न देकर ''चौथी पंचवर्षीय योजना'' (1969-1974) में अपना यह निर्णय प्रकाशित किया- ''पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को काफी हद तक निजी हाथों में छोड़ दिया गया है।''

''पाँचवीं पंचवर्षीय योजना'' में राज्य-सरकार पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का उत्तरदायित्व वहन करने की दिशा में उन्मुख हो रही है- ''यद्यपि रेष्ठ किस्म की किसी प्राग्विद्यालय शिक्षा की व्यवस्थ करना कठिन होगा, लेकिन स्थिति की माँग यह है कि कुछ प्रारम्भिक प्रयत्न तत्काल किए जाने चाहिए।[2] इसलिए पाँचवीं योजना में यह परिकल्पना की गई है कि 3-6 आयु-वर्ग

के बच्चों के खेल-केन्द्रों को कुछ चुने हुए प्रारम्भिक विद्यालयों के साथ सम्बद्ध कर दिया जाय। इन केन्द्रों के अतिरिक्त गैर-सरकारी अभिकरणों को प्राग-प्राथिमक विद्यालयों को चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा तथा राज्य सरकार अध्यापक-प्रशिक्षण, अध्यापक-निर्देशिकाएँ (Teacher Guides) तैयार करने तथा हमारी अवस्थाओं के अनुकूल प्राग-विद्यालय क्रिया-सम्बन्धी कार्य-पद्धति को तैयार करने के लिए अनुसंधान प्रगति हेतु महत्वपूर्ण क्षेत्रों में और आगे सहायता देगी। कुछ समेकित (Integrated) बाल-कल्याण-सेवा-केन्द्रों में प्राग्विद्यालय-शिक्षा प्रायोगिक आधार पर प्रारम्भ की जायेगी।''

(5) समस्या है पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सीमित विस्तार की- यह सत्य है कि अन्य देशों की अपेक्षा पूर्व प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भारत में विस्तार कम हुआ है। इसके अनेक कारण है।

(1) तीन से पाँच वर्ष की आयु के सीमित बच्चों को यह शिक्षा पाने का अवसर मिल पाता है। शायद एक हजार में से एक को। सबको अवसर नहीं मिलता।

(2) नगरों में सुविधाएं हैं पर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं।

समाधान- कोठारी कमीशन के सुझाव-

1. पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के विस्तार से सम्बन्धित प्रत्येक अनुसंधान को और विशेष रूप से कम खर्चीली विधियों के प्रयोग को राज्य-सरकारों द्वारा पूरा-पूरा प्रोत्साहन दिया जाये।
2. प्राथमिक विद्यार्थियों में बच्चों के क्रीड़ा-केन्द्र स्थापित किये जाये। इनका संचालन प्राथमिक विद्यालयों के प्रशिक्षित अध्यापकों या पृथक् अध्यापकों द्वारा विद्यालयों से पूर्व की कक्षाओं के रूप में प्रतिदिन दो घण्टे किया जाये। इनके कार्यक्रम में सामूहिक संगीत, कहानी कहना, खेलकूद और वैयक्तिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को सम्मिलित किया जाये।
3. राज्य-सरकारों द्वारा पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के लिए आवश्यक साहित्य एवं सामग्री तैयार करवाने में सहायता दी जाये।
4. राज्य-सरकारों द्वारा शहरी गन्दी बस्तियों या देहाती क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने क लिए या आदर्श संस्थाओं के रूप में कार्य करने के लिए पूर्व-प्राथमिक विद्यालयों का स्वेच्छा से शिलान्यास एवं संचालन किया जाये।

(6) बाल विकास के उद्देश्यों में स्पष्टता नहीं- किसी भी योजना की सफलता उसके उद्देश्यों पर निर्भर होती है। ये उद्देश्य स्पष्ट हों तो अच्छा है। निरूद्देश्य संख्यात्मक वृद्धि ठीक नहीं। इन विद्यालयों में थोड़ा ज्ञान भले मिल जाये पर ये छात्रों को कोई दिशा या विकास का कोई मार्ग नहीं दे पाते।

समाधान- भारत के आदर्शों, आर्थिक दशाओं एवं सामाजिक परिस्थितियों के सन्दर्भ में पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के समान स्पष्ट उद्देश्यों का निर्धारण किया जाये। इस दृष्टि से ''कोठारी कमीशन'' ने उद्देश्यों की जो निम्नलिखित सूची प्रस्तुत की है, यह स्वीकार किए जाने के योग्य है।

1. बालक में अच्छी स्वस्थ आदतों का विकास करना।
2. बालक में व्यक्तिगत समायोजन के लिए वस्त्र पहनने, नहाने-धोने, भोजन करने, स्वच्छ रहने आदि की आवश्यक योग्यताओं का विकास करना।
3. बालक में वांछनीय सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार के प्रतिमानों का विकास करना।
4. बालक को दूसरों के अधिकारों एवं विशेषाधिकारों के प्रति सजग रखने के लिए उसमें स्वस्थ सामूहिक साझेदारी की भावना का विकास करना।
5. बालक को अपने संवेगों को अभिव्यक्त करने, समझने, स्वीकार करने और नियंत्रित करने का निर्देशन देकर, उसके संवेगों की परिपक्वता का विकास करना।
6. बालक को अपनी आस-पास की दुनियाँ को समझने में सहायता देना।
7. बालक को खोज, पड़ताल और प्रयोग के अवसर देकर, उसमें नवीन अभिरूचियाँ पल्लवित करना।
8. बालक को आत्म-अभिव्यक्ति के पर्याप्त अवसर देकर, उसे स्वतंत्रता एवं सृजनशीलता के लिये प्रोत्साहित करना।
9. बालक की अपने विचारों एवं भावनाओं को शुद्ध, स्पष्ट एवं धारावाहिक भाषा में प्रकट करने की योग्यता का विकास करना।

(7) कार्यक्रम दोषपूर्ण और पाठ्यक्रम की समस्या पूर्व प्राथमिक शिक्षा के स्थायित्व के मार्ग में बाधक है। इस स्तर पर उनके लिए क्रिया कलापों के कार्यक्रमों का निर्माण और निर्धारण किया जा सकता है। कोठारी कमीशन ने भी इसका समर्थन किया है। 'हमने देखा है कि कार्यक्रम बहुधा अनुलंघनीय एवं सत्तापूर्ण बन जाते हैं। बच्चों को अपने वातावरण को सझने के लिए पूर्ण अवसर नहीं दिये जाते। बच्चों की आवश्यकताओं के बजाय सामूहिक कार्य पर अधिक बल दिया जाता है और मध्यान्ह भोजन एवं अल्पाहार की व्यवस्था की शैक्षिक समस्याओं का पूर्ण उपयोग नहीं किया जाता है।

समाधान- कार्यक्रमों को भली प्रकार समझ लेना एक आवश्यक बात है। बालक को स्वस्थ, स्वच्छंद एवं परिष्कृत वातावरण देना आवश्यक कार्य है जिससे सीखने के उसके सभी अवयव पृष्ट हों। उसका गामक, ऐच्छिक, शारीरिक, मानसिक एवं स्नायुविक विकास इस प्रकार करें कि उसे भविष्य में किसी भी कठिनाई का अनुभव न हो।[3] यदि इस उद्देश्य को ध्यान में रखा जाये, तो समस्त कार्यक्रम को ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहिए, जिसमें बालक अपनी इच्छा के अनुसार विभिन्न क्रियाओं में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हो, उस पर किसी प्रकार का दबाव न हो और उसे कुछ पूर्व-निश्चित बातों को सीखने के लिए विवश न किया जाये। इस दृष्टि से ''कोठारी कमीशन'' ने 'शिशु-सुरक्षा-समिति' (Committee of Child Care) द्वारा प्रस्तावित की जाने वाली क्रियाओं के अधोलिखित कार्यक्रम का अनुमोदन किया है-

1. स्वतंत्र खेल, जिनमें अग्रलिखित को सम्मिलित किया जाये- शैक्षिक एवं रचनाकारी खिलौने, घर के अन्दर के खेल (Indoor Games) और दूसरे बच्चों के साथ घर के बाहर की क्रियाएँ (Outdoor Activities)।
2. विभिन्न अंगों और माँसपेशियों का संचालन करने वाली शारीरिक क्रियाएँ।
3. शारीरिक, पारिवारिक एवं सामाजिक वातावरण का सम्पर्क, परिचय, अनुकरण और अनुभव कराने वाले खेल।
4. संगठित एवं निर्देशित खेल और सामूहिक क्रियाएँ।
5. खेल के मैदान के उपकरणों का उपयोग करके, खेल के मैदान की क्रियाएँ।
6. स्रल व्यायाम, नृत्य और लययुक्त खेलों को शामिल करते हुए शारीरिक प्रशिक्षण।
7. बगवानी, सरल गृहकार्य एवं सरल सामुदायिक श्रम-प्रयासों को शामिल करते हुए शारीरिक श्रम और खेल।
8. प्राकृतिक पदार्थों और विशेष रूप से बनाये गये उपकरणों का प्रयोग करते हुए इन्द्रिय ज्ञान की शिक्षा।
9. उंगलियों की प्रवीणता एवं औजारों के उपयोग वाले हस्तकार्य एवं कार्यकलाप।
10. गीत, संगीत, नृत्य, ड्राइंग और चित्रकला, जैसे-कार्यकलाप।
11. भाषा-ज्ञान सहित अधिगम क्रियायें, वैयक्तिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के नियम, भौतिक, वनस्पति एवं पशु-जगत से सम्पर्क रखने वाला प्रारम्भिक प्राकृतिक अध्ययन और गिनती, गणित आदि।
12. नौकरों और वयस्क सहायकों की आवश्यकता का अनुभाव न किए जाने के लिए विद्यालय में स्वयं-सेवा (Self Servic) की शिक्षा।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए उचित सोच और जनजागृति की आवश्यकता है। जन सामान्य इस स्तर की शिक्षा के महत्व को समझें और इसमें अपना पूर्ण सहयोग दें। सरकार भी इस शिक्षा के महत्व को समझे और इसकी समुचित व्यवस्था के लिए धन खर्च करे। सबमें इस शिक्षा के विकास के लिए सहभागिता, लगन और सच्ची निष्ठा होनी चाहिए।

संदर्भ

[1] **ect Educational Quality Improvement Program (EQUIP) 2. (2007)** Free primary education and school fees in developing countries: Knowledge map. Washington, DC: EQUIP and USAID.**." Journal of Educational Planning and Administration 7(2): 197-214.**

[2] **Lockheed, M. & Verspoor, A. (1990)** Improving primary education in developing countries: A review of policy options.Washington, DC: World Bank.

[3] **Ayyar, R. V. Vaidyanathan. 1993a. "Educational Planning and Administration in India: Retrospect and Prosp Abu-Duhou, I. (1999)** School-Based Management. Paris: UNESCO IIEP.

उच्च शिक्षा की स्थिति व प्रभाव

अनिल कुमार यादव

असिस्टेंट प्रोफेसर, बी0एड0 विभाग, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा, रतसर, बलिया (उ0प्र0)

भारत में परंपरागत शिक्षा व्यवस्था का एक लंबा इतिहास रहा है लेकिन औपनिवेशिक शिक्षाप्रणाली परंपरागत शिक्षा व्यवस्था को कोई आधुनिकीकृत रूपांतरण नहीं थी।[1] शैक्षिक परिदृश्य पर इसका आविर्भाव ऐतिहासिक रूप से विकसित भारतीय ढांचे के बाहर और इसके प्रभाव से मुक्त रह कर हुआ था। जहां एक तरफ हजरों साल के बौद्धिक अनुभव को जड़ बना दिया गया तथा इस प्रक्रिया में वह निष्प्राण, क्षीण और रूढिघ्वादी हो गया, वहीं दूसरी तरह इस नष्टप्रायः परंपरा की रिसती हुई सतह पर सात समुंद्र पार से आयातित आधारहीन आधुनिकता की एक पतली तह चढ़ा दी गई।[2]

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में उसकी उच्च शिक्षा-पद्धति का बहुत बड़ा भाग होता है। शिक्षित वर्ग ही राष्ट्र के जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नेतृत्व करता है और उसकी प्रगति या अवनति के लिए उत्तरदायी होता है। भारत में भी उच्च शिक्षा का भारतीय समाज और राष्ट्र पर प्रभाव स्पष्ट है और यह कहना अनुचित नहीं है कि भारत का नव जागरण औपनिवेशिक शिक्षा पद्धति और उसके नवीन आदर्शों के कारण ही संभव हुआ है।

1772 ई. में बंगाल में भारत में प्रत्यक्ष अंग्रेजी शासन का आरंभ हुआ। परन्तु एक लम्बे समय तक कम्पनी के डायरेक्टरों ने भारतीयों की शिक्षा के लिए कोई भी कदम उठाना अपना उत्तरदायित्व नहीं माना। जो कुछ भी प्रयत्न हुआ वह भारत में निवास करने वाले अंग्रेज अधिकारियों के प्रयत्नों से हुआ। वारेन हेस्टिंग्स ने 1781 ई. कलकत्ता मदरसा की स्थापना की जहाँ फारसी और अरबी भाषा का शिक्षा का प्रबंध किया गया। 1791 ई. में अंग्रेज-रेजीडेण्ट जानथन डनकन के प्रयत्नों से बनारस के संस्कृत कॉलेज की स्थापना हुई। वैलेजली ने अंग्रेज कर्मचारियों को भारतीय भाषाओं और रीति-रिवाजों की शिक्षा प्रदान के लिए 1800 ई. में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की परन्तु 1802 में डायरेक्टरों के आदेश के कारण उसे बंद कर दिया गया। 1813 ई. के आदेश पत्र में यह निश्चित किया गया कि भारतीयों की शिक्षा के लिए कम्पनी की सरकार प्रतिवर्ष एक लाख रुपया व्यय करेगी परन्तु उस धन का उपयोग भी वर्षों तक नहीं किया गया। इसका एक मुख्य कारण हय रहा कि सरकार यह निश्चय न कर सकी कि इस धन का उपयोग भारतीय भाषाओं और ज्ञान की वृद्धि के लिए किया जाय अथवा भारत में पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली को आरंभ किया जाय। अंग्रेज विद्वान् और शासन अधिकारी ही नहीं बल्कि भारतीय विद्वान् का भी इस विषय में पारस्परिक मतभेद था। राजा राममोहन राय भारत में अंग्रेजी शिक्षा को आरंभ किये जाने के पक्ष में थे। विभिन्न ईसाई पादरी और उदार भारतीय भी उसी पक्ष में थे। उदार भारतीयों के स्वयं के प्रयत्नों से 1817 ई. में कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना की गयी थी तथा ईसाई पादरियों ने भी अंग्रेजी भाषा की शिक्षा के लिए विभिन्न स्थानों पर स्कूल खोले थे। परन्तु अनेक भारतीय और अंग्रेज ऐसे भी थे जो भारतीय भाषाओं और ज्ञान की शिक्षा पर ही सरकारी धन का व्यय चाहते थे। पर्याप्त समय तक इन दो पक्षों में वाद-विवाद चलता रहा।

1854 ई. में बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल (अधिकार-सभा) के सभापति चार्ल्स बुड ने भारतीय शिक्षा के संबंध में विस्तृत रूप से अपने सुझाव भेजे। उनको भारत में अंग्रेजी शिक्षा का मैग्ना-कार्टा पुकारा गया है। उसके सुझावों की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखिल थीं:

1. अंग्रेजी भाषा और अंग्रेजी शिक्षा पद्धति पूर्ववत् रही। परन्तु भारतीय भाषाओं के ज्ञान को भी अंग्रेजी भाषा के माध्यम से विकसित करने पर बल दिया गया।
2. गाँवों में प्राईमरी वर्नाक्यूलर स्कूल स्थापित किये जाएँ और जिले में ऐंग्लोवर्नाक्यूलर माध्यमिक विद्यालय और कॉलेज स्थापित किये जाएँ।

3. व्यक्तिगत प्रयत्नों से स्कूल और कॉलेज स्थापित किये जाने को प्रोत्साहन दिया जाय और सरकार उनको आर्थिक अनुदान प्रदान करे।
4. प्रत्येक प्रान्त में एक डायरेक्टर के अधीक्षण में एक शिक्षा विभाग खोला जाय जो प्रान्त की शिक्षा-व्यवस्था की देखभाल करे और उस संबंध में सरकार को प्रतिवर्ष अपनी रिपोर्ट दे।
5. लंदन विश्वविद्यालय के समकक्ष कलकत्ता, बम्बई और मद्रास में विश्वविद्यालय खोले गये।
6. इंग्लैण्ड की भाँति की वृद्धि के लिए पृथक् स्कूल और कॉलेज खोले जाएँ।
7. इंग्लैण्ड की भाँति अध्यापकों की शिक्षा के लिए पृथक ट्रेनिंग स्कूल खोले जाएँ।
8. स्त्री शिक्षा का विस्तार किया जाय।

चार्ल्स वुड के शिक्षा सुझावों को तत्कालीन लार्ड डलहौजी ने कार्य रूप में परिणत करने का प्रयत्न किया। 1855 ई. में एक पृथक् शिक्षा विभाग की स्थापना की गयी, प्रान्तों में शिक्षा-डायरेक्टरों की नियुक्ति की गयी और अन्य सुझावों के आध ार पर भी कार्य आरंभ कर दिया गयां 1858 ई. कलकत्ता, बम्बई और मद्रास में विश्वविद्यालय स्थापित किये गये जिनमें शिक्षा की व्यवस्था न थी परन्तु जिन्होंने परीक्षा लेने तथा डिग्री प्रदान करने के उत्तरदायित्व को करना आरंभ कर दिया। आगे आनेवाले कुछ दशकों में इन्हीं सुझावों के आधार पर कार्य किया गया जिसके फलस्वरूप भारत की शिक्षा का ढाँचा पाश्चात्य शिक्षा पद्धति के आधार पर विकसित हो गया और प्राचीन शिक्षा पद्धति नष्ट हो गयी।[3]

1858 ई. में सरकार ने अपनी ओर से आर्थिक अनुदान दिये जाने की व्यवस्था को केवल स्कूल और कॉलेजों तक ही सीमित कर दिया जिससे प्राथमिक शिक्षक का विकास कम हुआ। 1870 ई. में शिक्षा को प्रांतीय विषय बना दिया गया जिससे सरकारी आर्थिक सहायता में कमी हो गयी और शिक्षा की उन्नति में बाधा आयी।

1882 ई. में डब्लू. डब्लू. हंटर की अध्यक्षता में 'वुड्स डिस्पैच' के कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए एक कमीशन की नियुक्ति की गयी। यद्यपि उसका मुख्य लक्ष्य प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिए सुझाव प्रस्तुत करना था परन्तु उच्च शिक्षा के लिए भी सुझाव दिये। उसके मुख्य सुझाव निम्नलिखित थे:

1. स्रकार को उच्च शिक्षण संस्थाओं के प्रत्यक्ष संचालन तथा प्रबंध से धीरे-धीरे हट जाना चाहिएं इसके स्थान पर सरकार द्वारा कॉलेजों तथा माध्यमिक स्कूलों के लिए वित्तीय सहायता तथा विशेष अनुदान की व्यवस्था की जानी चाहिए। कॉलेजों और माध्यमिक स्कूलों की स्थापना मुख्यता सामाजिक संस्थाओं और व्यक्तिगत प्रयत्नों के द्वारा की जानी चाहिए। सरकार उन पर नियंत्रण रखे और उन्हें आर्थिक सहायता दे।
2. स्रकार को मुख्यतया प्राथमिक शिक्षा के विस्तार और सुधार पर ध्यान देना चाहिए। स्थानीय जिला परिषदों और नगरपालिकाओं की देख-रेख में प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए।
3. माध्यमिक शिक्षा दो प्रकार की होनी चाहिए- 1. साहित्यिक, 2. व्यावसायिक। दोनों के लिए भिन्न-भिन्न शिक्षालय होने चाहिए।
4. स्त्री शिक्षा पर बल दिया जाना चाहिए।

हंटर कमीशन की रिपोर्ट के पश्चात् दो दशकों में माध्यमिक और कालेजों की शिक्षा का तीव्रता से

विकास हुआ। उसी समय ऐसे विश्वविद्यालय स्थापित किये जो केवल परीक्षा ही नहीं लेते थे बल्कि जहाँ शिक्षा की व्यवस्था भी की गयी। 1882 ई. में पंजाब विश्वविघ्द्यालय स्थापित हुआ और 1887 ई. में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। परन्तु प्राथमिक शिक्षा पर सरकार ने अधिक ध्यान नहीं दिया। माध्यमिक और कालेजों की शिक्षा के विस्तार में भी सरकार का योगदान कम रहा। उनका विकास भी मुख्यतया सामाजिक संस्थाओं और व्यक्तिगत प्रयत्नों से हुआ।

लार्ड कर्जन शिक्षालयों को सरकारी नियंत्रण में लाने के लिए उत्सुक था। उसका विचार था कि भारत की शिक्षा संस्थाएँ मुख्यता विश्वविद्यालय राजनीतिक दलबन्दियों अथवा षड्यंत्रों के केन्द्र बन गये थे। निश्चय ही शिक्षित भारतीयों में राष्ट्रीयता की भावना का प्रादुर्भाव हो गया था और वे अंग्रेजी साम्राज्यवाद के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकते थे। इन कारण कर्जन का मुख्य आशय शिक्षा संस्थाओं को सरकारी नियंत्रण में लेकर भारतीयों की राजनीतिक क्रियाओं को दुर्बल करने का था यद्यपि

बहाना उसे यह लिया कि शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा था और उसमें सुधार की आवश्यकता थी। अपने आशय की पूर्ति के लिए उसने 1901 ई. में शिमला में सरकारी शिक्षा अधिकारियों और विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की एक सभा बुलायी। उस सभा ने शिक्षा के संबंध में 150 प्रस्ताव स्वीकार किये। कर्जन ने 1902 ई. में सर थॉमस रैले की अध्यक्षता में एक शिखा कमीशन की नियुक्ति की। उसका मुख्य कार्य भारतीय विश्वविद्यालयों की शिक्षा क संबंध में सुझाव देना था। उसकी रिपोर्ट के आधार पर 1904 ई. का भारतीय विश्वविद्यालय कानून बनाया गया उसकी मुख्य धाराएँ निम्नवत् थीं:

1. विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा और अनुसंधान पर ध्यान दें। वे योग्य प्रोफेसरों और अध्यापकों की नियुक्ति करें तथा उचित पुस्तकालयों और विज्ञान की प्रयोगशालाओं की स्थापना का प्रबंध करें।
2. विश्व विद्यालय की सीनेट के सदस्यों की संख्या कम से कम 50 और अधिक से अधिक 100 निश्चित की गयी। उनके कार्यकाल की अवधि 6 वर्ष निश्चित की गयी। सीनेट के अधिकांश सदस्यों की नियुक्ति सरकार करने लगी। कलकत्ता, मद्रास और बम्बई विश्वविद्यालय की सीनेट के सदस्यों में से 20 निर्वाचित सदस्य रखे गये और अन्य विश्वविद्यालयों के केवल 15। अन्य सभी सदस्य सरकार के द्वारा नियुक्त किये जाने लगे। इसके अतिरिक्त सरकार को सीनेट द्वारा बनाये गये नियमों में परिवर्तन करने अथवा उनको अस्वीकार करने का भी अधिकार दिया गया।
3. विश्वविद्यालयों के अधिकार क्षेत्रों को निश्चित करने, उनके अंतर्गत कॉलेजों को स्वीकृति प्रदान करने आदि का अधि कार भी सरकार ने अपने हाथों में ले लिया।
4. विश्वविद्यालयों का नियंत्रण अपने अधीन कॉलेजों पर बढ़ा दिया गया।

इस प्रकार इस कानून के द्वारा सरकार ने विश्वविद्यालयों को पूर्णतया अपने अधीन कर लिया और उनके माध्यम से कॉलेजों को भी अपने अधीन कर लिया। कर्जन का उद्देश्य उच्च शिक्षा को सरकारी नियंत्रण में लाना था। इस कानून ने उसके इस उद्देश्य की पूर्ति कर दी परन्तु भारतीयों ने इसका तीव्र विरोध किया। इस कानून से शिक्षा पद्धति पर कोई लाभदायक प्रभाव भी नहीं पड़ा।

1906 ई में बड़ौदा राज्य ने अपनी सीमाओं के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा को नि:शुल्क और अनिवार्य कर दिया। भारतीय राष्ट्रीय नेताओं ने भारत सरकार से यह माँग की कि वह प्राथमिक शिक्षा का उत्तरदायित्व इसी भाँति अपने हाथों मे ले ले। भारत सरकार इस बात के लिए तो तत्पर नहीं हुई परन्तु फरवरी 1913 ई. में उसने एक प्रस्ताव स्वीकार किया जिसके द्वारा उसने निरक्षरता को समाप्त करना सरकार का दायित्व स्वीकार किया। इस प्रस्ताव में यह भी सुझाव दिया गया कि प्रत्येक प्रान्त में कम से कम एक विश्वविद्यालय अवश्य हो।

1917 ई. में भारत सरकार ने विश्वविद्यालयों की शिक्षा में सुधार लाने के लिए सर माईकेल सेडलर की अध्यक्षता में एक कमीशन की नियुक्ति की। इस कमीशन ने विश्वविद्यालय शिक्षा संबंधी ही नहीं अपितु माध्यमिक शिक्षा संबंधी सुझाव भी दिये। 1929 ई. में सर फिलिप हरटोग की अध्यक्षता में शिक्षा संबंधी सुझाव देने के लिए एक सीमित की स्थापना की गयी। इस समिति ने अपने सुझाव दिये। रिपोर्ट के आधार पर 1953 ई. में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना की गयी और 1956 में पार्लियामेंट के एक कानून के द्वारा उसे एक स्वतंत्र संस्था का स्वरूप प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय शिक्षा अब इसी आयोग की देख-रेख में है।

आधुनिक अर्थव्यवस्था का आधार आधुनिक शिक्षा है। आधुनिक शिक्षा धर्म और साहित्य की शिक्षा तक सीमित नहीं है। आधुनिक शिक्षा में भौतिक विज्ञान, चिकित्सा शास्त्र, इंजीनियरिंग और सामाजिक शास्त्रों में मनोविज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे नवीन विषय सम्मिलित हैं। इस कारण इस शिक्षा से न केवल विज्ञान का सहारा लेकर विभिन्न उद्योगों, मशीनों और उत्पादन के विभिन्न साधनों का ही निर्माण किया गया है बल्कि अन्य भी विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को जन्म दिया गया है। गाँवों तक में खेती के नवीन यंत्र और सिंचाई के नवीन तरीके पहुँच गये हैं। फिर उद्योगों के बारे में तो कहा ही क्या जा सकता है ? जीवनोपयोगी अनेक नवीन वस्तुओं का उत्पादन हुआ है और सम्पूर्ण भारत का आर्थिक ढाँचा बदल गया है और बदलता जा रहा है। यह सभी कुछ आधुनिक शिक्षा प्रणाली के कारण हैं।

विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्य का निर्माण भी आधुनिक शिक्षा और नवीन पद्धति के कारण है। इसका कारण केवल यही नहीं है कि आधुनिक समय में शिक्षा सार्वजनिक रूप से दी जाती है। बल्कि यह भी है कि इस शिक्षा पद्धति के द्वारा

ज्ञान का प्रचार सरलता से संभव है। देखा जाय तो प्रायः भारतीय भाषाओं के निर्माण का आरंभ अंग्रेजी शासनकाल से आरंभ हुआ है।

ललितकलाओं के क्षेत्र में भी आधुनिक शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय परंपरा के अनुसार कलाओं के विकास का आधार शिक्षा पद्धति न थी बल्कि विभिन्न व्यक्ति हुआ करते थे। विद्यार्थी विभिन्न कलाकार गुरुओं से कला की शिक्षा प्राप्त करते थे और कला पर केवल कुछ व्यक्तियों का एकाधिकार था। आधुनिक शिक्षा पद्धति के अनुसार ललितकलाओं के स्कूल और विद्यालय स्थापित किये गये हैं और उनके द्वारा स्थापत्य कला, चित्रकला, मूर्तिकला, गान विद्या और नृत्यकला की शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ-साथ प्राचीन कला के नमूनों और प्राचीन कला की पद्धतियों को भी खोजने का प्रयत्न किया गया है। इस सभी कार्यों से विभिन्न भारतीय ललितकलाओं की उन्नति में सहायता प्राप्त हुई है।

आधुनिक शिक्षा ने भारत की राष्ट्रीयता के निर्माण, राजनीतिक विचारों और राजनीतिक आंदोलन को प्रभावित किया। राष्ट्रीयता, स्वतंत्रता, समानता, जनतंत्र, समाजवाद, साम्यवाद आदि सभी प्रकार की विचारधारा, आधुनिक शिक्षा की देन है। निःसंदेह, अंग्रेजी भाषा और पाश्चात्य देशों से सम्पर्क ने भी इन विचारों को प्रोत्साहन दिया है परन्तु इन विचारों को स्थायी स्वरूप प्रदान करने का श्रेय आधुनिक शिक्षा को है। भारत की स्वतंत्रता का राजनीतिक आंदोलन भी बहुत कुछ आधुनिक शिक्षा के प्रभाव की परिणति था। हमारे राजनीतिक आंदोलन का नेतृत्व अधिकांशतः उन्हीं व्यक्तियों ने किया जो आधुनिक शिक्षा प्राप्त थे। शिक्षित विद्यार्थी और अध्यापक वर्ग ने भी राजनीतिक आंदोलन में महत्वपूर्ण भाग लिया था। उसके पश्चात् भी संवैधानिक शासन, जनतंत्र व्यवस्था, स्थानीय स्वशासन अधिकार और कर्तव्य आदि सभी की शिक्षा हमें आधुनिक शिक्षा और शिक्षा पद्धति से प्राप्त होती है।

इस प्रकार देखा जाय तो भारत के नव जागरण में आधुनिक शिक्षा और शिक्षा पद्धति ने महत्वपूर्ण भाग लिया है। धर्म, समाज, अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग व्यवस्था, राजनीतिक साहित्य आदि जीवन के सभी क्षेत्रों में जागृति और उन्नति आधुनिक शिक्षा के कारण हैं। इस प्रकार, आधुनिक भारत में निर्माण में नवीन शिक्षा का महत्वपूर्ण भाग रहा है।

संदर्भ

[1] Kapur, Devesh, and Pratap Bhanu Mehta. 2004. Indian Higher Education Reform: From Half-baked Socialism to Half-baked Capitalism. Cambridge, MA: Harvard Center for International Development. https://www.hks.har -vard.edu/centers/cid/publications/faculty-working-papers/cid-working-paper-no.-108.

[2] Kapur, Devesh. 2010. Indian Higher Education. In Clotfelter

[3] Ministry of Human Resources Development. 2010. Report of Committee to Advise on the Renovation and Rejuvenation of Higher Education (CARHE). New Delhi: Government of India.

स्वतंत्रोत्तर भारत में विभिन्न शिक्षा समितियाँ एवं उच्च शिक्षा का प्रसार

अरविन्द कुमार मिश्रा

असिस्टेंट प्रोफेसर, बी0एड0 विभाग, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा, रतसर, बलिया (उ0प्र0)

किसी भी राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अच्छी अर्थव्यवस्था या प्रतिव्यक्ति की उच्च आय ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि इन सबसे बढ़कर शिक्षा है। क्योंकि शिक्षा के द्वारा ही यह सम्भव है। शिक्षा के अभाव में विकास की कल्पना करना दिन में तारे देखने के समान है। किसी भी सुदृढ़ समाज के निर्माण में शिक्षा मजबूत नींव की भूमिका निभाती है। कमजोर नींव के आध ार पर मजबूत मकान नहीं बनाया जा सकता। शिक्षा के द्वारा मनुष्य का आत्मिक विकास सामाजिक चेतना एवं मानकिस विकास तीनों ही सुचारु रूप से होता है यदि हम कहें शिक्षा के माध्यम से एक मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है।[1] यह कथन असत्य नहीं होगा।

भारत में उच्च शिक्षा का महत्व आदि काल से रहा है। प्राचीन काल में तक्षशिला, नालन्दा आदि विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए विद्यार्थी देश-विदेश से आते थे और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने ज्ञात से लोगों को लाभान्वित करते थे। आध ुनिककाल में उच्चशिक्षा का गढ़ कहे जाने वाले विश्वविद्यालय इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं, जहाँ पर विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम, शोधकार्य, सांस्कृतिक गतिविधियां और प्रबुद्ध वातावरण विद्यार्थियों में उपलब्ध होता है। माधव सप्रे के अनुसार, जो शैक्षिक संस्थान तथा शिक्षा विद्यार्थियों का पूर्ण विकास नहीं करते उनकी शिक्षा का कोई अभिप्राय नहीं है। विद्यालयी वातावरण, भारतीय संस्कृति, शैक्षिक, आवश्यकताओं, व्यक्ति विशेष के नजरिए का सकारात्मक विकास के संदर्भ में लाइफ टाइम एक्सपीरिएंस के साथ उच्च शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालयों की भूमिका प्राचनी काल से ही कुछ ऐसी रही है, जो युवाओं में बेहतर भविष्य के साथ स्वाभिमान पैदा करती है। यही आज के जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। इसके बिना विकसित मानव की कल्पना नहीं की जा सकती।

शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है तथा यह किसी भी व्यक्ति, समाज अथवा देश की प्रगति को निर्णायक दिशा देती है। गुणवत्तापरक शिक्षा के प्रचार-प्रसार द्वारा ही देश के विकास को वांछित गति एवं दिशा दी जा सकती है। अत: यह आवश्यक है कि शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो, जो सतत् परिवर्तशील समाज की वैविध्यपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके।

स्वतंत्र भारत में उच्च शिक्षा

स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार की ओर से सर्वप्रथम उच्च शिक्षा की ओर ही गम्भीरतापूर्वक ध्यान दिया गया। 1948 में प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ0 राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक विश्वविद्यालय आयोग नियुक्ति किया गया । इस आयोग ने उच्च शिक्षा के उद्देश्य, संगठनात्मक संरचना, प्रशासन व वित्तीय प्रबन्ध, पाठ्यक्रम, शिक्षा का माध्यम, शिक्षक का स्थान व महत्व, शिक्षण स्तर, छात्र कल्याण, शिक्षक कल्याण, तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा, ग्रामीण विश्वविद्यालय, परीक्षा प्रणाली, स्त्री शिक्षा तथा धार्मिक-नैतिक-चारित्रिक शिक्षा आदि लगभग समस्त पहलुओं पर विस्तार पूर्वक अध्ययन किया। इसके कुछ सुझावों को लागू भी कर दिया गया था। राधा कृष्णन कमीशन के बाद भारत की सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था में व्यापक तथा राष्ट्रीय स्तर पर सुध ार के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (कोठारी कमीशन) की नियुक्ति 1964 में की गयी। इस आयोग ने भारतीय शिक्षा के लिये एक राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता बताते हुए उच्च शिक्षा के संगठन, प्रशासन, वरिष्ठ विश्वविद्यालय, महाविद्यालय,

उद्देश्य, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली, शैक्षिक स्तर का उन्नयन तथा व्यवसायिक शिक्षा आदि पक्षों का गहन अध्ययन करते हुए अनेक बहुमूल्य सुझाव दिये।[2]

1966 से लेकर 1986 तक भारतीय उच्च शिक्षा ने राजनीतिक उलट फेर के कारण अनेक उतार चढ़ाव देखे, किन्तु 1986 में राजीव गांधी सरकार द्वारा घोषित की गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने इसे एक स्थायित्व प्रदान किया। इस शिक्षा पर कोठारी आयोग के सुझावों का पर्याप्त प्रभाव पड़ा था। अतः विश्वविद्यालयी शिक्षा पर भी राष्ट्रीय आधार पर विचार करते हुए इस नयी शिक्षा नीति में शैक्षिक अवसरों की समानता, जनतंत्र और शिक्षा, यू.जी.सी. मुक्त विश्वविद्यालय, एकेडमिक स्टाफ कॉलेज, स्तर का उन्नयन आदि क्षेत्रों में नवीन महत्वपूर्ण परिवर्तन किये गये है। यू.जी.सी. द्वारा पिछले दो वर्षों में भारत के समस्त विश्वविद्यालयों के लिये एक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम भी लागू किया गया है। इस प्रकार भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था आज तीव्र गति से विकास की ओर उन्मुख हो रही है।

स्वतंत्रोत्तर भारत में विभिन्न शिक्षा समितियाँ तथा सिफारिश का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है

1, विश्वविद्यालय आयोग (1948-49)

देश की स्वतंत्रता के पहले से ही भारतीय नेताओं का ध्यान शिक्षा में अमूल सुधारों की ओर गया था। यह इसी धारणा का परिणाम था कि गाँधी जी ने देश की आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर बेसिक शिक्षा योजना का प्रतिपादन किया था। स्वतंत्रता प्राप्त होते ही यह अनुभव किया जाने लगा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का स्तर बहुत निम्न है। इसमें अनेक सुधारों की आवश्यकता है।[3] इसी बात को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने भारत सरकार के समक्ष एक अखिल भारतीय विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा। भारत सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया तथा 4 नवम्बर सन् 1948 को विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की नियुक्ति की। इस आयोग के अध्यक्ष प्रसिद्ध दार्शनिक तथा शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे जो बाद में भारत के उपराष्ट्रपति तथा फिर राष्ट्रपति बने। डॉ. राधाकृष्णन के नाम से इस आयोग को डॉ. राधाकृष्णन आयोग भी कहा जाता है। प्रोफेसर निर्मलकुमार सिद्धान्त आयोग के सचिव थे। सदस्यों में डॉ. ताराचन्द, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. लक्ष्मण स्वामी मुदालियर, डॉ. मेघनाद साहा, डॉ. कर्मनारायण बहल जैसे दिग्गज विद्वान थे। दो अमरीकी तथा एक अंग्रेज विद्वान भी इसके सदस्य थे।

माध्यमिक शिक्षा आयोग की रिपोर्ट

माध्यमिक शिक्षा आयोग ने विभिन्न राज्यों का भ्रमण किया। शिक्षाविदों तथा शिक्षा से जुड़े वर्गों से साक्षात्कार किया। विस्तृत प्रश्नावली जारी की। आयोग को अनेक प्रतिवेदन तथा सुझाव प्राप्त हुए। तदुपरान्त 28 अगस्त 1953 को आयोग ने अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को प्रेषित की। आयोग ने माध्यमिक शिक्षा के प्रत्येक पक्ष का अध्ययन करके उस पर अपने विचार दिए तथा संस्तुतियाँ की।

21.3 माध्यमिक शिक्षा के दोष

1. स्कूलों मे दी जाने वाली शिक्षा का जीवन से कोई सम्बन्ध नहीं है।
2. स्कूलों से शिक्षा प्राप्त छात्र वास्तविक जीवन में अपने को असहाय समझते हैं।
3. शिक्षा बच्चे का सर्वांगीण विकास नहीं करती है।
4. माध्यमिक शिक्षा का पाठ्यक्रम जीवन की समस्याओं से कोसों दूर है।
5. माध्यमिक शिक्षा संकीर्ण है।
6. माध्यमिक शिक्षा एक पक्षीय है।
7. माध्यमिक शिक्षा का छात्रों की रुचि से कोई लेना-देना नहीं है।
8. माध्यमिक पक्ष चरित्र निर्माण के पक्ष की ओर कोई ध्यान नहीं देती है।
9. अंग्रेजी भाषा को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाता है और यह शिक्षा का माध्यम भी है। अतः इस का प्रभुत्व छात्रों पर रहता है। जो छात्र इस भाषा का समुचित ज्ञान नहीं रखते, वे अन्य विषयों में भी पीछे रह जाते हैं।

10. शिक्षण विधियाँ नीरस है।
11. शिक्षण विधियाँ छात्रों को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में भागीदार नहीं बनाती है।
12. कक्षाओं में छात्रों की अधिक संख्या होने के कारण अध्यापकों तथा छात्रों में व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित नहीं हो पाता है।
13. परीक्षा प्रणाली में अनेक दोष है।
14. उच्च शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन
15. आमतौर पर यह माना जाता है कि आधुनिक विचारों का आविर्भाव सामाजिक प्रतिवाद और धार्मिक मतभेद का विकास 19वीं शताब्दी में भारत में यूरोपीय विचारों और संस्थाओं के आगमन के कारण हुआ है। ब्रिटेन के औपनिवेशिक और प्रशासक इतिहासकारों के लिए यह प्रभाव अनुक्रिया-आरेख ब्रिटिश शासन की भारतीयों को सभ्य बनाने वाली भुमिका और पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों के लिए वरदान प्रमाणित करने वाली भूमिका और पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों के लिए वरदान प्रमाणित करने वाली भूमिका से प्रचार का एक उपयोगी चौखट था। यह फार्मूला बहुत आसान था। इन फार्मूलों के अनुसार यूरोपीय इतिहास, संस्थाओं और भाषाओं से परिचय प्राप्त करना और स्वाधीनता, बुद्धिवाद तथा मानवतावाद के यूरोपयी विचारों के सहवर्ती प्रभाव ग्रहण करना भारतीयों के लिए एक ऐसे जादुई दरवाजे का खुलना था, जिसके फलस्वरूप वे अपनी संसथाओं के प्रति आलोचनात्मक हो उठे और अंतत: सुधार के पथ पर आगे बढ़े।[4] इस सोच के तहत बहुत सी परिकल्पनाओं ने भारतीय इतिहासकारों के लेखन को काफी प्रभावित किया है, यद्यपि इस दृष्टि के भीतर अंतर्निहित ब्रिटिश शासन के औचित्य को वे नहीं स्वीकारते हैं। कुछ इतिहासकार सामाजिक-धार्मिक आन्दोलनों के उदय को भारतीयों के सांस्कृतिक जीवन के लिए मिशनरियों का अवदान मानते हैं,[5] कुछ दूसरे लोग आधुनिक विचारों के विकास का कुल श्रेय पाश्चात्य शिक्षा को देते हैं।[6] पाश्चात्य् प्रभाव का अवमूल्यन किए बिना, यह कहा जा सकता है कि यह विवेचन न केवल 19वीं शताब्दी में सामाजिक तथा बौद्धिक परम्परा में प्रतिवाद और मतभेद के तथ्यों को तथा ब्रिटिश हस्तक्षेप के पूर्व 18वीं शताब्दी के सामाजिक विकास की संभवनाओं को भी नजर अंदाज कर देता है और सबसे बढ़कर तो यह कि जिन भौतिक परिस्थितियों में विकास संभव हुए उनकी यह पूर्ण उपेक्षा करता है।[7]
16. 19वीं शताब्दी में प्राय: सभी बौद्धिकों की मान्यता थी कि उस शताब्दी में प्रचलित सामाजिक प्रथाओं और धार्मिक विश्वासों ने प्रगति के रास्ते में रोड़े अटकाएँ हैं।[8] बहुदेववाद और मूर्तिपूजा ने व्यक्तित्व के विकास को बाधित किया और अलौकिकतावाद तथा धार्मिक गुरुओं के प्रभुत्व के कारण लोगों में ऐ भयजनित रूढिघ्वादिता ने अपनी जड़ें जमाई।[9] जातिवाद से न केवल नैतिकता और आचार के सिद्धांतों के आधार पर घृणा की जाती थी, बल्कि इसलिए भी कि इससे समाज विभाजित होता था और लोगों में देशभक्ति की भावना नहीं पनप पाती थी। सती प्रथा और शिशुहत्या को प्रत्येक शास्त्र की दृष्टि में हत्या माना जाता था। साथ ही यह भी स्वीकार किया गया था कि दुनिया में किसी भी देश ने जिसकी नारियाँ अज्ञान में डूबी हुई हों, कभी भी पर्याप्त प्रगति नहीं की हैं।[10] इस प्रकार 19वीं शताब्दी के भारत की सामाजिक तथा धार्मिक प्रथा एक पतनशील समाज के लक्षणों के रूप में देखी जाती थी, जिनकी विशेषता थी प्रतिबंध, अंध विश्वास, सामाजिक ओहदा, प्राधिकार, धर्मांधता और अंध नियतिवाद।[11] इसके स्थान पर स्वाधीनता, विश्वास, अनुबंध , तर्क, सहनशीलता और मानवीय गौरव की स्थापना की कोशिश की जा रही थी। संक्षेप में सामंती समाज के प्रभुत्वपूर्ण मूल्यों की विरोध करते हुए वे पूँजीवादी समाज व्यवस्था की विशेषता वाले मूल्यों की स्थापना और स्वीकार पर बल दे रहे थे। 19वीं शताब्दी के बौद्धिकों का सबसे प्रमुख सरोकार था, किन साधनों और उपायों से इस परिवर्तन और रूपान्तरण को प्रभावी बनाया जाए। विविध सामाजिक तथा धार्मिक समस्याओं में उनकी संबद्धता की जड़ में यही सरोकार था। इन बौद्धिकों के अनुसार भारतीय समाज की सभी बुराइयों के स्रोत, जिनमें धार्मिक अंधविश्वास तथा सामाजिक रूढिघ्वादिता शामिल है, आम जनता के अज्ञान में निहित थे। इसलिए इस कार्यक्रम का केन्द्र बिन्दु था ज्ञान का प्रचार प्रसार।[12] इनके शिक्षा संबंधी विचार औपनिवेशिक शासकों से लक्ष्य और विवरण दोनों दृष्टियों से भिन्न थे जबकि ब्रिटिश सरकार की शिक्षा नीति के दो लक्ष्य थे, औपनिवेशिक सिद्धांतों का प्रचार और प्रशासनिक आवश्यकताओं की उपयोगिता। भारतीय बौद्धिकों के शैक्षिक ध्येय था- देश को पुनर्जीवित करना। इसाई धर्मप्रचारकों के लिए शिक्षा रूप

से सुसमाचार के प्रचार का एक औजार था। सरकारी हलकों में शिक्षा पर वाद-विवाद का सरोकार इस बात में नहीं था कि भारतीयों को शिक्षित करने का सर्वोत्तम तरीका क्या है, बल्कि इसका पहला सरोकार इस बात से था कि प्रशासनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कैसे शिक्षा नीति को सर्वाधिक उपयोगी बनाया जाए,[13] और इसका दूसरा, कहीं अधिक महत्वपूर्ण सरोकार इस बात से था कि भारतीयों के मन में औपनिवेशिक सिद्धांतों को सर्वाधिक प्रभावी ढंग से कैसे घुमाया जाए। विदेशी शासन केवल पुलिस और सेना के बल पर नहीं टिका था, बल्कि इसके पिछे सैद्धांतिक प्रभावों द्वारा उत्पन्न विभ्रम भी काम कर रहे थे। इस विभ्रम को बनाए रखने के लिए शिक्षा को सर्वाधिक उपर्युक्त साधन माना गया, जिससे ब्रिटिश संस्थानों और मूल्यों को आदर्श रूप में स्थापित किया जा सके। अतएव सरकार के शिक्षा सम्बन्धी उद्यम, चाहे वह देशी भाषाओं की शिक्षा हो या प्राथमिक शिक्षा, विश्वविद्यालय की शिक्षा, हमेशा औपनिवेशिक आवश्यकताओं और हितों के दायरे में होते थे।

संदर्भ

1. Baltimore Education Research Consortium. (2011). Destination Graduation: Sixth Grade Early Warning Indicators for Baltimore City Schools: Their Prevalence and Impact. Baltimore, MD: Author. Available: http://baltimore-berc.org/pdfs/SixthGradeEWIFullReport.pdf [January 2019]
2. Blazar, D., and Kraft, M. (2017). Teacher and teaching effects on students' behavior and attitudes. Educational Evaluation and Policy Analysis, 39(1), 146-170.
3. Conger, D. (2005). Within-school segregation in an urban school district. Educational Evaluation and Policy Analysis, 27(3), 225-244. Available: https://doi.org/10.3102/01623737027003225 [April 2019].
4. पर्सीवल स्पियर, 'ए हिस्ट्री ऑफ इंडिया', 1968, पृ0- 160
5. बी0 सी0 भट्टाचार्य, डेवलपमेंट ऑफ सोशल एण्ड पोलिटिकल आइडियाज इन बंगाल, 1858-85, अप्रकाशित पी-एच0डी0 शोध प्रबंध, लंदन वि0वि0, 1934 पृ0-13
6. चार्ल्स हीम सैथ, हिन्दू सोशल रिफार्म एण्ड इंडियन नेशनलिज्म, 1986, पृ0-18
7. Domina, T., McEachin, A., Penner, A., and Penner, E. (2015). Aiming high and falling short: California's eighth-grade algebra-for-all effort. Educational Evaluation and Policy Analysis, 37(3), 275-295.
8. सोफिया डाब्सन कालेट, ''लाइफ एण्ड लेटर्स ऑफ राममोहन राय'', 1913, पृष्ठ-124
9. जे0 सी0 घोष (सं0), दि इंगलिश वर्क्स ऑफ राजा राममोहन राय, 1906, पृ0-945-46
10. के0 सी0 मेन, प्रोमोशन ऑफ एजुकेशन इन इंडिया।
11. एम0 जी0 राणाडे, दि मिसलेनिअस राइटिंग्स, 1915, पृ0-166
12. नाग और वर्मन, इंगलिश वर्क्स ऑफ राममोहन राय, 1945, 1 पृ0-9
13. डेविड काण्क, ब्रिटिश ओरियंटलिज्म एण्ड इंडियन रिनेसों, 1969, पृ0-13-21

प्राथमिक शिक्षा का महत्व एवं उद्देश्य

अरविन्द कुमार यादव

असिस्टेंट प्रोफेसर, बी0एड0 विभाग, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा, रतसर, बलिया (उ0प्र0)

शिक्षा क्षेत्र में भारत जैसे विकासशील देश के लिए इस शताब्दी का यह सबसे महत्वपूर्ण विषय है, आवश्यकता है। ''जब तक इन्सान अनपढ़ होगा, उसका शोषण होता रहेगा'', ये थे गांधी जी के शब्द।

किसी भी व्यक्ति, समाज, राष्ट्र के विकास में शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारे देश के संदर्भ में यह बात और भी सच है। स्वतंत्रता के बाद नीति निर्माताओं ने अंग्रेजों द्वारा निर्मित कुलीनतावादी शिक्षा प्रणाली को जन सामान्य की उस शिक्षा प्रणाली में बदलने के लिए कठिन परिश्रम किया, जो समानता एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर खड़ी थी। वर्ष 2009 में शिक्षा के अधिकार का विचार देते हुए इसे मौलिक अधिकार बना दिया गया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा भी की गई। उसके बाद से नीति निर्माताओं ने सर्व शिक्षा अभियान और मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। आज भारत को तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के रूप में ही नहीं बल्कि उपयुक्त एवं शिक्षित व्यक्तियों वाले शक्तिशाली मानव संसाधन के विशाल समूह के रूप में भी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। उच्च शिक्षित, तकनीक को समझने वाले और वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षित भारतीय नागरिक दुनिया के कोने-कोने में विभिन्न प्रकार के काम कर रहे हैं और भारत का मान बढ़ा रहे हैं।

इस तथ्य को सभी मानते हैं कि किसी भी व्यक्ति, समाज, राष्ट्र के विकास में शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। अब यह जानने की आवश्यकता है कि भारत में बुनियादी शिक्षा की वास्तविक स्थिति क्या है, इसका प्रसार करने, इसमें सार्थकता, सुदृढ़ता एवम् गुणवत्ता लाने के मार्ग में कौन-कौन सी रुकावटें रही हैं, और कैसे उन्हें दूर किया जा सकता है।

भारत में प्राथमिक शिक्षा का महत्व

यह प्रसिद्ध उक्ति बताती कि शिक्षा का कितना अधिक महत्व है। हमारे देश के संदर्भ में यह बात और भी सच है। एक युवा लोकतंत्र के तौर पर भारत शिक्षा के मोर्चे पर बहुत तेजी से प्रगित कर रहा है। राष्ट्र की बुनियाद रखने वालों ने शैक्षिक विकास को पर्याप्त महत्व प्रदान कर जो दूरदर्शिता दिखाई थी, उसका भरपूर लाभ हमें मिला है। शिक्षा का भारत में ऐतिहासिक रूप से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है।[1] प्राचीन भारत में पुरोहित वर्ग ज्ञान प्राप्त करने के लिए अध्ययन करता था, जबकि क्षत्रिय एवं वैश्य विशिष्ट उद्देश्यों के लिए जैसे विमान, युद्धकला अथवा व्यापार सीखने के लिए अध्ययन करते थे। प्राचीन शिक्षा प्रणालियों का उद्देश्य जीविकोपार्जन था। विदेशों से उच्च शिक्षा हेतु आने वाले छात्रों के लिए भी भारत शीर्ष स्थल था। सबसे बड़े शिक्षा केंद्रों में से नालंदा में ज्ञान की सभी शाखाएं थीं और अपने चरमोत्कर्ष काल में उसमें 10,000 तक छात्र रहते थे।

स्वतंत्रता के बाद नीति निर्माताओं ने अंग्रेजों द्वारा निर्मित कुलीनतावादी शिक्षा प्रणाली को जन सामान्य की उस शिक्षा प्रणाली में बदलने के लिए कठिन परिश्रम किया, जो समानता एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर खड़ी थी। वर्ष 2009 में शिक्षा के अधिकार का विचार देते हुए इसे मौलिक अधिकार बना दिया गया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा भी की गई। उसके बाद से नीति निर्माताओं ने सर्व शिक्षा अभियान और मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। आज भारत को तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के रूप में ही नहीं बल्कि उपयुक्त एवं शिक्षित व्यक्तियों वाले शक्तिशाली मानव संसाधन के विशाल समूह के रूप में भी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। उच्च शिक्षित, तकनीक को समझने वाले और वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षित भारतीय नागरिक दुनिया के कोने-कोने में विभिन्न प्रकार के काम कर रहे हैं और भारत का मान बढ़ा रहे हैं। साक्षरता के स्तर में वृद्धि पिछले कुछ वर्षों में स्मरणीय उपलब्धियों में

शामिल रही है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की साक्षरता दर केवल 12 फीसदी थी। 2011 की जनगणना के अनुसार आज हमारी साक्षरता दर 74.4 फीसदी है। 93.1 फीसदी के साथ केरल और 91.58 फीसदी के साथ मिजोरम सबसे आगे हैं और दूसरे राज्यों को भी ऊँचाई तक पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस यात्रा में चुनौतियां भी रही हैं और कमियां भी रही हैं। शिक्षा प्राप्त करना कई लोगों के लिए अभी तक सपना ही बना हुआ है, विशेषकर सुदूर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए, जहां स्कूल की इमारत नहीं होतीं अथवा बारिश या बर्फवारी होने पर स्कूल पहुचंने की संभावना भी नहीं होती। आदिवासियों, हाशिये पर धकेले गए लोगों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति को शिक्षा की उचित सुविधा उपलब्ध कराना उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में शामिल करने का प्रयास कर रहे नीति निर्माताओं के लिए चिंता का बड़ा विषय है। दुर्गम स्थानों पर स्कूल होने के कारण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के लिए शौचालयों की कमी के कारण सुरक्षा संबंधी चिंता पैदा होती है, जिसके परिणामस्वरूप स्कूल छोड़ने वालों की दर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। शिक्षा संबंधी योजना बनाते समय उन बच्चों को एकदम भुलाया जाता रहा है, जिन्हें विशेष देखभाल की जरूरत है या जिनकी विशेष आवश्यकताएं हैं। अब इन मामलों को स्वीकार किया जा रहा है और सरकार समाज के इन वर्गों को प्राथमिकता देते हुए उनकी समावेशी वृद्धि के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है। ज्ञान, स्वयं तथा नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग हो रहा है। अंतर्निहित निगरानी एवं प्रभावी मूल्यांकन प्रणालियों की तथा हाईस्कूल एवं कॉलेज के स्तरों पर व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता अनुभव की गई है।

शिक्षा में तेजी ने तथा बेहतर करने की इच्छा ने एक चिंताजनक स्थिति भी उत्पन्न कर दी है, जहां विद्यार्थियों पर उपलब्धि यों एवं प्रदर्शन का बड़ा दबाव हो गया है। बच्चे को मशीनी शिक्षा प्रणाली के उत्पाद के रूप में देखे जाने के कारण व्यक्तिगत विकास एवं जीवनोपयोगी कौशल विकास के महत्व को अनदेखा किया गया है। जो व्यक्ति तैयार किए जा रहे हैं, वे स्वयं विचार करने अथवा जिम्मेदारी लेने एवं स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में असमर्थ हैं। शिक्षा प्रणाली द्वारा स्कूली पाठ्यक्रम में जीवनापयोगी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समावेश करते हुए बच्चे को समाज की चुनौतियों के साथ प्रभावी तरीके से निपटने योग्य बनाया जाना चाहिए। सीबीएसई ने 2012 में जीवनोपयोगी कौशल कार्यक्रम को सतत एवं समग्र मूल्यांकन के अंश के रूप में शामिल किया था, जिसका लक्ष्य 10 से 18 वर्ष के बीच की आयु वाले किशोर विद्यार्थी थें सर्व शिक्षा अभियान की कार्य सूची में भी गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा प्रदान कराने के साथ ही उच्च प्राथमिक कक्षाओं की लड़कियों को जीवनोपयोगी कौशलों का प्रशिक्षण देना भी शामिल है। देश के नागरिक के रूप में बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यक हो गई है, जिसे स्कूल एवं कॉलेज के स्तर पर मूल्य सिखाकर, उनका पोषण एवं विकास कर प्राप्त किया जा सकता है।

मीलों लंबी यात्रा पहले ही की जा चुकी है और सरकार का ध्यान लगातार बना रहा तो देश ऐसे व्यक्तियों के निर्माण में सफल होगा, जो स्वयं में विश्वास करें तथा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करें अर्थात् राष्ट्र का निर्माण करें एवं हमारी भावी पीढिघ्यों को गढ़ें।[2]

शिक्षा यदि मनुष्य व समाज का विकास करने में तथा जीवन के सभी पक्षों को सबल बनाने में समर्थ नहीं होती है तो उसकी सार्थकता पर प्रश्न चिह्न लग जाता है। गिजू भाई वर्तमान शिक्षा की इन्हीं दुर्बलताओं की ओर संकेत करते हुए कहते हैं कि जिस कारण से विद्यालयों में दी जाने वाली बौद्धिक शिक्षा से हमारे हृदयों को बल नहीं मिल पाया, धार्मिक शिक्षा लेने के बावजूद भी हम में धार्मिक संकीर्णता विद्यमान रही है, जिस कारण से हम में मनुष्य-मनुष्य के बीच, धर्म-धर्म के बीच, जाति-जाति के बीच और देश के विभिन्न राज्यों के बीच अभेद्य अलगाव उत्पन्न हो रहा है, उस कारण को, यानी हम में व्याप्त रूढिघ्वादिता को कैसे तोड़ा जाए, यह प्रश्न वर्तमान शिक्षा शास्त्रियों के सामने विचारणीय है। गिजू भाई की आशायें शिक्षा शास्त्रियों पर टिकी हैं। वे कहते हैं कि ''शिक्षा प्रदान करने वाले लोग समाज के नेता हैं। वे समाज के स्मृतिकार हैं, समाज की जीवन डोर उन्हीं के हाथ में है और समाज में कल्याणकारी कार्य करना भी उन्हीं के हाथ में है। आज का समाज एक अंधेरे कुएं मे पड़ा सड़ रहा है। उसे वहां से बाहर निकालकर स्वच्छ करना और उसका कल्याण करना शिक्षा शास्त्रियों का परम धर्म है।''

आज प्रत्येक शिष्ट कहलाने वाले तथा गिने जाने वाले मनुष्यों से सत्य कहलवाएं तो उन्हें कहना ही पड़ेगा कि इतनी अधिक शिक्षा मिलने के बावजूद उसमें से ग्राम्यता तो क्या, अश्लीलता भी नहीं गई। अगर वे भलीभाँति आत्मनिरीक्षण करें तो उन्हें

पता लगेगा कि वे तो अपनी ग्राम्यता और पामरता को ढँक कर बैठे हैं, वह अब भी उनमें से नष्ट नहीं हुई। जब दबाववश नीच वृत्तियों पर उच्च वृत्ति का चोला पहनना पड़ता है तो नीच वृत्तियाँ किसी न किसी एकान्त स्थल से, किसी छिद्र में से निकलने का प्रयास करती हैं। शिष्ट माने जाने वाले और कहे जाने वाले लोगों से एक ही प्रश्न है कि वे अपने निजी जीवन में कितने ग्राम्य, कितने अशिष्ट और कितने अश्लील हैं ? जैसे-जैसे सुधारने का दंभ बढ़ता है, जैसे-जैसे दंभ की परत और मोटी होती है, वैसे-वैसे गुप्त ग्राम्यता का बल प्रबल होता है- गुप्त अश्लीलता में अधिक रस आता है। जिन लोगों की जाहिर ग्राम्यता स्वाभाविक है, वे लोग व्यवहार में या जीवन में कुछ ही ग्राम्य हैं। गिजू भाई मानते हैं कि जो लोग अपने स्वाभाविक जीवन में अश्लील नही ंतो बहुत असभ्य लगते हैं वे अपने नीतिगत जीवन में बहुत शुद्ध होते हैं।

अफ्रीका के जंगली लोगों में कम से कम विकार हैं, लेकिन हमारे सुशिक्षित एवं पैरों से सिर तक वस्त्रों से ढंके रहने वाले लोग विकारों से भरपूर हैं, यह बात सिद्ध करने के लिए प्रमाण की जरूरत नहीं है। ग्राम्यता में पलने वाले गांव के लोग और कई कारीगर तो ऐसे हैं कि जिनके होठों पर अश्लील शब्द और गंवारू भाषा सूखती तक नहीं। ऐसे तमाम लोग निश्चय ही हल्के और नीति की दृष्टि से पतित हैं, ऐसा नहीं है। सच्चाई तो यह है कि इन लोगों पर शिक्षा का दंभी आवरण चढ़ा हुआ नहीं होता, अतः वहां किसी दुराव-छिपाव की जरूरत नहीं पड़ती, उनके हृदय में स्वयं जो बोलते हैं, उसका अर्थ अति परिचय के कारण कुछ नहीं रहता। गिजू भाई के अनुसार इतना तो स्वीकार कर ही लेना चाहिए कि ग्रामीण लोग शिष्ट नागरिकों की तुलना में अधिक निर्दोष होते हैं।

इस प्रवृत्ति का उद्‌गम हमारे भीतर से है। उद्‌गम का मूल है अंतरात्मा की भूख। कोई आदमी किसी को सिखा नहीं सकता। विकास की आधारशिला है अनुभव। अनुभव स्वतंत्र क्रिया में निहित है, और क्रिया बाहरी अविरोध में एवं भीतर के यथेच्छ, अनवरत, प्रतिहत आविष्कार में निहित है। नयी दृष्टि शिक्षा में इसी आविष्कार का पोषण करेगी, मार्ग के अवरोधकों को हटाकर व्यक्ति के समक्ष अपने जीवन उद्देश्य को सिद्ध करने की अनुकूल स्थितियाँ जुटाएगी।

शिक्षा के उद्देश्य

शिक्षा एक सौद्देश्य प्रक्रिया है। विभिन्न शिक्षा-दार्शनिकों के पारस्परिक दृष्टि भेद के कारण उनके द्वारा निर्धारित शिक्षा के उद्देश्यों में कुछ भिन्नता भले ही दृष्टिगोचर होती हों, परन्तु वे उद्देश्यों की चर्चा न करें ऐसा कदापि संभव नहीं है। जीवन की प्रत्येक गतिविधि का कोई न कोई पूर्व-उद्देश्य अवश्य होता है। अतः शिक्षा जैसी अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया निरुद्देश्य हो, यह कैसे संभव है। शैक्षिक प्रक्रिया को दिशा, क्रमबद्धता व गति प्रदान करने का कार्य सुविचारित, सुनिश्चित व स्पष्ट शैक्षिक उद्देश्यों के बल पर ही हो पाता है।[3]

उद्देश्यों का निर्धारण अनेक कारणों से प्रभावित होता है। दार्शनिक-सामाजिक-आर्थिक दर्शन एवं देश-काल परिस्थितियों का प्रभाव शैक्षिक उद्देश्यों पर पड़ता है।

शिक्षा क्या है, इसे जान लेने के पश्चात् हमें शिक्षा के उद्देश्य पर विचार करना है। जैसा कि पहले कहा जा चुका है, शिक्षा एक क्रिया है जिसे अच्छे या बुरे उद्देश्य से किया जा सकता है। अतः शिखा वही अच्छी होती है जिसके उद्देश्य अच्छे होते हैं। इसलिए शिक्षा का महत्व उसके उद्देश्य पर निर्भर रहता है। पर जब हम उद्देश्य को निश्चित करने चलते हैं तब हमें विभिन्न विचार के दर्शन होते हैं। अतः शिक्षा के उद्देश्य को ठीक-ठीक समझने के लिए यह आवश्यक है कि हम विभिन्न विचारों से परिचित हो जाएँ।

जीविकोपार्जन का उद्देश्य

शिक्षा के उद्देश्य के सम्बन्ध में जन सामान्य का यह विचार है कि शिक्षा जीविका-निर्वाह में सहायता प्रदान करे। जीवन, जो संघर्षों का दूसरा नाम है, इस प्रकार की परिस्थितियाँ उत्पन्न कर देता है जिनके लिए व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से मुकाबला करना पड़ता है। एक व्यक्ति चाहता है कि वह दूसरे से बढ़ जाए। इस तरह के मुकाबले और छीना-झपटी की दशा में शिक्षा को एक ऐसा साधन बनाया जाता है जो इस काम में सहायता पहुँचाए। इन कारणों से जन-साधारण की दृष्टि में शिक्षा का उद्देश्य जीविका-निर्वाह में सहायता प्रदान करना है।

लेकिन जीवन तो केवल खाने-पाने के लिए नहीं है। यदि शिक्षा केवल रोटी कमाने का साधन बन जाएगी तो मनुष्य का विकास रुक जाएगा और उसकी मानसिक और नैतिक उन्नति न हो सकेगी। इसलिए शिक्षा के उद्देश्य में वे बातें भी निहित

हों जिनसे व्यक्ति का मानसिक और नैतिक विकास भी होता है। यदि मनुष्य का मानसिक और नैतिक विकास न होगा वह उस समय क्या करेगा जब उसे रोटी कमाने के काम से फुर्सत मिल जाती है। वास्तव में अच्छी शिक्षा वह होती है जो मनुष्य को यह भी सिखाती है कि समय का उपयोग कैसे करना चाहिए। जो व्यक्ति समय का उपयोग करना जानता है वह शिक्षित व्यक्ति है। लेकिन समय के उपयोग के लिए कुछ विद्वानों ने शिक्षा का उद्देश्य उन कामों का सिखाना ही रख दिया है जिनसे मनुष्य अपना जीविका-निर्वाह कर सकता है। इस प्रकार का उद्देश्य उद्योग-धन्धों का सिखाना हो गया है। जो देश उद्योग-धन्धों की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं और जहाँ सामान की कमी इसलिए है कि बनाने वाले नहीं हैं उस देश में शिक्षा का उद्देश्य उद्योग-धन्धों का सिखाना रखा जा सकता है। लेकिन ऐसा करने में अक्सर यह होता है कि उद्योग-धन्धों का महत्व अधिक हो जाता है और शिक्षा की उपेक्षा होने लगती है। मनुष्य मशीन की तरह काम करने लगता है, उसके व्यक्तित्व का विकास रुक जाता है और वह परिवर्तित होती हुई परिस्थितियों के अनुसार अपने जीवन में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाता। फल यह होता है कि पेट की समस्या सुलझती है तो मानसिक समस्या उलझती है। एक बहुमूल्य वस्तु को खोकर दूसरी साधारण वस्तु को पाना बुद्धिमानी नहीं है।

शिक्षा का उद्देश्य जब जीविका-निर्वाह के लिए उद्योग-धन्धों का सिखाना हो जाता है तो एक हानि और होती है, जिसका परिणाम संकुचित दृष्टिकोण में दिखाई पड़ता है। इस प्रकार की शिक्षा से मनुष्य की दृष्टि का विस्तार नहीं होता। फल यह होता है कि उन बातों में उलझा रहता है जिनका कोई स्थायी मूल्य नहीं होता।

बौद्धिक उद्देश्य

जीविका-निर्वाह की प्रतिक्रिया शिक्षा का बौद्धिक उद्देश्य है। जीविका-निर्वाह के उद्देश्य के कारण शिक्षा उस व्यावहारिकता और कार्य में उलझी रही जिससे बुद्धि का विकास रुक गया। इस कमी को पूरा करने के लिए शिक्षा का उद्देश्य बौद्धिक बना दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि शिक्षा से व्यावहारिकता हट गई। अब शिक्षा केवल बुद्धि का विकास हो गई। इस प्रकार शिक्षा केवल ज्ञानोपार्जन के उद्देश्य से दी जाने लगी। बुद्धि का विकास व्यावहारिकता से विद्रोह करके होने लगा। इसका प्रभाव यह पड़ा कि शिक्षा का बौद्धिक उद्देश्य मन को भोजन भले ही दे सका लेकिन तन सूखने लगा। यदि बौद्धिक उद्देश्य में इस बात का ध्यान रखा जाता कि मनुष्य को भोजन की आवश्यकता पड़ती है और भोजन प्राप्त करने के लिए कार्य करना पड़ता है तो बौद्धिक उद्देश्य सफल होता। इस प्रकार शिक्षा का केवल बौद्धिक उद्देश्य भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सांस्कृतिक उद्देश्य

प्राचीन काल में शिक्षा सार्वजनिक नहीं थी। समाज के कुछ इने-गिने लोगों को ही शिक्षा मिलती थी। इसका एक कारण यह भी है कि केवल सम्पन्न परिवार के लोग ही शिक्षा के व्यय का भार उठा सकते थे। समाज में इस बात की आवश्यकता महसूस की गयी कि मानव जाति के अनुभव को सुरक्षित रखा जाए। इतना ही नहीं, उस अनुभव की वृद्धि की बात भी सामने आयी। समाज के भावी सदस्यों को पूर्वजों के अनुभवों और परम्पराओं में शिक्षित करने का प्रश्न उत्पन्न हुआ। क्योंकि समाज का अस्तित्व बनाए रखने के लिए यह आवश्यक था कि भावी पीढ़ी को सामाजिक रीति-रिवाजों, परम्पराओं, नियमों तथा अनुभवों से परिचित कराया जाए।

समाज के भावी सदस्यों को प्राचीन संस्कृति से अवगत कराने का सर्वोत्तम साधन शिक्षा थी। अतः इस बात पर बल दिया गया कि शिक्षा का उद्देश्य सांस्कृतिक है। शिक्षा के सांस्कृतिक उद्देश्य के समर्थकों का यह विचार था कि शिक्षा के माध्यम से समाज के भावी सदस्यों को मानव जाति के अनुभवों तथा संस्कृति से परिचित कराया जाए जिससे कि वे समाज के उपयोगी प्राणी बन सकें। दूसरे शब्दों में, समाज की संस्कृति को अक्षुण्य बनाने तथा उसके विकास के लिए शिक्षा को सर्वोत्तम साधन माना गया। शिक्षा के सांस्कृतिक उद्देश्य का निर्धारण करके समाज के अस्तित्व की रक्षा की गयी।[4]

लेकिन शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्कृति का हस्तांतरण करना है इस विचार से बहुत से विद्वान सहमत नहीं हैं। इस सम्बन्ध में यह कहा जाता है कि जिस तरह से केवल जीविकोपार्जन या ज्ञानार्जन शिक्षा का उद्देश्य नहीं हो सकता उसी प्रकार केवल संस्कृतिक का हस्तांतरण भी शिक्षा का उद्देश्य नहीं हो सकता। क्योंकि शिक्षा का कार्य क्षेत्र बहुत ही व्यापक है। यह भी तर्क दिया जाता है कि यदि केवल संस्कृति के हस्तांतरण और विकास को शिक्षा का उद्देश्य मान लिया जाए तो व्यक्ति गौड़ हो जाता है और समाज प्रमुख। आधुनिक शिक्षा शास्त्री इस बात से सहमत नहीं हैं कि केवल व्यक्ति या केवल समाज को प्रमुखता दी जाए। आज-कल प्रायः सभी विद्वान व्यक्ति तथा समाज को एक दूसरे का पूरक मानते हैं। अतः शिक्षा का सांस्कृतिक उद्देश्य

एकांगी है। क्योंकि यह व्यक्तित्व के अन्य पक्षों के विकास की तरफ ध्यान नहीं देता। संस्कृति का हस्तांतरण शिक्षा के अनेक उद्देश्यों में से एक हो सकता है किन्तु सर्वप्रमुख नहीं।

सार संक्षेप यह है कि इस समय हमारे देश में प्राथमिक शिक्षा के उद्देश्य भी निश्चित एवं स्पष्ट हैं और उसकी आधारभूत पाठ्यचर्या का निर्माण भी कर दिया गया है। इस बीच प्राथमिक विद्यालयों हेतु शिक्षण की अनेक प्रभावी विधियों का विकास भी हुआ है और प्रशिक्षित शिक्षकों की फौज भी तैयार कर दी गई है। साथ ही शिक्षा के माध्यम की समस्या का भी समाधान कर दिया गया है। भारत में किसी भी स्तर की शिक्ष की व्यवस्था करने में जन सहयोग आवश्यक है और निजी संस्थाओं द्वारा स्थापित संस्थओं में स्पर्धा होना स्वाभाविक है। हमारे देश में तो निजी संस्थाओं द्वारा एक ओर एकदम साधनविहीन प्राथमिक स्कूल चलाए जा रहे हैं और दूसरी ओर सम्पूर्ण साधन सम्पन्न चमक-धमक वाले पब्लिक स्कूल चलाए जा रहे हैं। सरकार को इनके बीच के भारी अन्तर को भी कम करना चाहिए। साथ ही उसे प्राथमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण पर भी नियंत्रण करना चाहिए। परन्तु यह सब केवल नियम एवं कानून बनाने से नहीं किया जा सकता, इसके लिए जनचेतना जागृत करना आवश्यक हैं।

संदर्भ

[1] **Lockheed, M. & Verspoor, A. (1990)** Improving primary education in developing countries: A review of policy options.Washington, DC: World Bank.

[2] **Bhushan, Satya, and Y. P. Aggarwal. 1993. "Towards Project Sustainability in Primary Education: The Indian Experience." Prashasnika 20(1-2):137-56.**

[3] **ect Educational Quality Improvement Program (EQUIP) 2. (2007)** Free primary education and school fees in developing countries: Knowledge map. Washington, DC: EQUIP and USAID.**." Journal of Educational Planning and Administration 7(2): 197-214.**

[4] **— . 1994. Educating Scheduled Castes. New Delhi: National Institute of Educational Planning and Administration.**

अमेरिकी प्रवासी साहित्यकार सुदर्शन प्रियदर्शिनी कृत 'पारो उत्तरकथा उपन्यास' : स्त्री के समर्पण का दस्तावेज

सदफ इश्त्याक

(शोध छात्रा) हिंदी विभाग, कला संकाय, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, (डीम्ड यूनिवर्सिटी), आगरा

शोध सार

साहित्य जगत में सुदर्शन प्रियदर्शिनी किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। आपकी प्रवासी साहित्यकार के रूप में एक विशिष्ट पहचान है। आप विदेश की धरती पर रहते हुए भी अपनी मातृभूमि से जुड़ी हुई हैं। आप अपनी रचनाओं के माध्यम से पाठक के संवेदनशील मन को झकझोर देती हैं। आपने अपने कथा-साहित्य के माध्यम से प्रवासी जीवन के तमाम अनकहे व अनछुए पहलुयों को छुआ है। आप प्रवासी भारतीयों की समस्याओं को तो चित्रित करती ही हैं, साथ में भारतीयों व उनके समाज को कदापि नहीं भूलती हैं। आप भारतीय समाज में व्याप्त रुढ़ियों पर भी प्रहार करती हैं।

आप भारतीय संस्कारों में लिपटी स्त्री की दयनीय स्थिति का मार्मिक वर्णन करती हैं। 'पारो: उत्तरकथा' उपन्यास में आप एक स्त्री की मन:स्थिति को उजागर करती हैं। यूँ तो हम सभी लोगों ने शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास में वर्णित देवदास और पारो की प्रेम कहानी सुनी है। इन दोनों की प्रेम कहानी पर कई फिल्में भी बनी लेकिन सुदर्शन प्रियदर्शिनी ने देवदास की मृत्यु के बाद पारो की कथा को उपन्यास में वर्णित किया है। देव की तो मृत्यु हो जाती है लेकिन उसके बाद पारो ने अपना जीवन किस तरह काटा। उसे कौन-कौन सी समस्याओं से जूझना पड़ा। उसने अपने मन की गुत्थियों को सुलझाने में क्या खोया और क्या पाया? इन्हीं सब प्रश्नों का उत्तर 'पारा: उत्तरकथा' उपन्यास में, लेखिका द्वारा गहरी संलग्नता व जज्बातों के साथ बेबाकी से मुखरित किया गया है।

बीज शब्द- प्रवासी, साहित्यकार, सुदर्शन प्रियदर्शिनी, पारो, उत्तरकथा, उपन्यास, देवदास, कथाख्रसाहित्य, स्त्री

मूल आलेख-

कथानक का प्रारंभ पारो द्वारा देवदास को खोजने से होता है। पारो देवदास से बात करना चाहती है, उससे मिलना चाहती है, अपनी व्यथा बताना चाहती है, अपने मन की पीड़ा को उजागर करना चाहती है। देवदास के कंधे पर अपना सर रखकर अपने मन का बोझ हल्का करना चाहती है लेकिन देवदास का वजूद न पाकर पारो कहती है कि 'देवदास तुम दिखाई क्यों नहीं दे रहे हो?' इस पर देवदास कहता है-"तुम्हारे और मेरे बीच यह आत्म-अनात्म का पर्दा है पारो! यह अंतरिक्ष और वह पृथ्वी! यह पूरी कायनात हमारे बीच प्रहरी बनकर खड़ी है पारो! कैसे आऊँ तुम तक?"[1]

ऐसी विवशता व ऐसी अनेक बाधाएँ एक प्रेमिका को अपने प्रेमी से मिलने नहीं देती और उसके जीवन जीने के अर्थ को बदल देती हैं। ऐसी विरह वेदना में आत्मा तभी तड़पती है, जब वह परमात्मा से नहीं मिल पाती है। यहाँ पर उपन्यासकार प्रेमी व प्रेमिका के मिलन की तड़प को न दिखाकर आत्मा को परमात्मा से मिलने की चाह में तड़पता दिखाती हैं।

इस आध्यात्मिक प्रेम की चरम सीमा के साथ-साथ सामाजिक ताना-बाना भी बुना गया है। जिस समय पारो अपने इष्टदेव

(देवदास) से बंद आँखों के सहारे मिलन की अनुभूति प्राप्त करती है तभी रायसाहब (पारो के पति) के द्वारा पारो को प्रताड़ना देने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। उसे भूखा रखना, बात-बात पर जलील करना, कटु बातें बोलना, तीखे व्यंग्य कसना, गरीबी का ताना देना और हर वक्त आलोचना करके यह एहसास दिलाना कि तुम जैसी गरीब, असहाय, लाचार महिला से शादी करके हमने एहसान किया है और तुम उस एहसान के तले दबी रहो व कभी सर ऊपर उठाकर बात न करो।

इस पर लेखिका रायसाहब की माँ के द्वारा ही सवाल दागती है कि क्या गरीब हो जाने से स्त्री की मर्यादा कम हो जाती है? क्या गरीबी उसके सारे अधिकार खत्म कर देती है? पितृसत्तात्मक समाज में सिर्फ पुरुषों को ही सारे अधिकार होते हैं। महिलाओं की थोड़ी सी सुगबुगाहट भी उन्हें पसंद नहीं होती, तभी तो अपनी माँ की बात सुनकर रायसाहब कहते हैं कि "मैं पुरुष हूँ.... पराए मर्द का अस्तित्व क्यों सहूँ.....?"[2] इसलिए रायसाहब पारो को पत्नी का अधिकार नहीं देते।

रायसाहब के इस दुर्व्यवहार के कारण लीलामई (रायसाहब की माँ) सोचती है कि वह भी कितने सालों से इस महल में एक अतृप्त आत्मा सी भटकती रही है। उन्होंने हमेशा यही अनुभव किया है कि वह एक सोने के पिंजरे में बंद है। पितृसत्ता समाज ने उनको अपने ही घर में कैदी बना कर रख दिया है।

पिंजरे से मुक्त होने को आतुर लीलामयी के माध्यम से सुदर्शन प्रियदर्शिनी यह बताने का प्रयास करती हैं कि आत्मतत्व सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर परम सत्ता में विलीन होना चाहता है। परमात्मा तक पहुँचने का मार्ग तय करने में सदियाँ लग जाती हैं। इसे चाहे कर्म की लीला, जन्म की लीला कहें या फिर जन्म और मरण के बीच अभिशप्त समय के बीत जाने देने की लंबी प्रतीक्षा कहें। इस सांसारिक दीवारों के पार तक पहुँचने के बीच शताब्दियाँ लग जाती हैं। इन पीड़ा के पहाड़ों पर न जाने कितना चढ़ना, उतरना और लांघना होता है। इस संसार से उस संसार तक पहुँचने के लिए कई बार लहूलुहान भी होना पड़ता है।

अपनी लहूलुहान भावनाओं को समेट कर स्त्री हर रोज मरकर भी नहीं मर पाती। ढीठतायी की हद तक जीती चली जाती है। स्त्री को बचपन से ही स्त्रीत्व की घुट्टी पिलाकर उसे एक स्थिति विशेष में गढ़ दिया जाता है कि वह सिर्फ दासी है। उसके लिए विवाह के पश्चात पति के घर की चौखट लांघना नरक के समान है। पति कुछ भी कहे या करे लेकिन स्त्री को कुछ बोलना नहीं है बल्कि अपनी सहनशीलता का परिचय देना है।

सदियों से स्त्री की इस त्रासदी के कारण ही पुरुष अपने सत्ता के आतंक से औरत का तन ही नहीं लूटता बल्कि मन-मानस प्राण सब कुछ खसोटता है। यही बात उपन्यास में रायसाहब की माँ के मुख से कुँवर साहब (पति) के लिए विवशता के स्वर में मुखरित होती है कि "क्या उन्होंने कभी मेरी इच्छायें जानी या मेरे प्यार को समझा? कभी मेरी ओर आँख भर कर देखा तक नहीं। जब कभी देखते तो केवल अपनी किल्लोलों के लिए, अपनी भूख के लिए, वह भी कभी-कभी अपनी उस ऊदबिलाव सी आँखों वाली छन्नों के सामने मुझे निरावरण करके मेरा उपहास उड़ाने के लिए।"[3]

कहते हैं कि प्यार तो स्त्री और पुरुष में अंतर नहीं करता। प्यार समाज की बनी बनाई इबारतों पर नहीं लिखा जाता। उसका तो अपना एक फलक होता है, फिर ये पुरुषों ने प्यार के कौन से तरीके अपनाए हैं? इन्हीं सवालों के साथ उपन्यास में पारो के 'अस्तित्व का संघर्ष' चित्रित किया गया है।

देवदास तो अपने कर्तव्य पथ पर चलकर अपना दायित्व पूरा करता है। "वह पारो को लेकर जिया व पारो को लेकर मरा। यही तो जीवन का मुक्ति मार्ग होता है। जब व्यक्ति अपने निर्धारित मार्ग पर चलकर अंतिम पड़ाव पर पहुँच जाता है, तब उसकी मुक्ति हो जाती है। प्यार की मुक्ति... प्यार से मुक्ति.... मोह से मुक्ति.... संसार से मुक्ति।"[4]

लेखिका कहती है कि उस पारो का क्या? जो अपनी माँ के अहं के सामने अपना जीवन न्यौछावर कर देती है, जो अपने हाथों ही अपने प्रेम की बलि चढ़ा देती है। देवदास अपना दायित्व निभा कर अमर हो जाता है लेकिन पारो पूछती है-''यह कौन सा दायित्व था प्यार का देव कि मेरी चौखट पर आकर अपने प्यार का बलिदान करना? कैसी प्रताड़ना है यह प्यार की?

कैसी अवहेलना है यह नैतिकता की? जिस पारो की मान-मर्यादा तुम्हारे लिए सब कुछ थी, उसी को रौंद दिया-लोगों के पैरों तले।''[5]

इतना सुनते ही देव की आत्मा कुछ क्षणों के लिए तिरोहित होने लगी और सोचने लगी कि यही नियति में लिखा था। प्रेम को तो देवत्व का स्थान दिया गया है पर युगों-युगों से इस प्रेम की भावना को ताड़ना ही मिली है, तिरस्कार ही मिला है। सच्चे प्रेम को हमेशा नकारा ही जाता रहा है। भले ही शरीर गौण हो जाए लेकिन प्रेम को अवहेलना ही मिलती है। पारो भी यही सोचने लगती है कि जिस तरह से माँ ने अपने स्वत्व का अहं रखने के लिए उसके प्रेम को ठुकराया है, शायद यही सत्य है। प्यार एक छलावा है जिसे हाथ में मसलख्रमसलकर भी कुछ हाथ नहीं आएगा। उस पर देव का आग्रह बार-बार उसके मानस पर दस्तक देता है और कहता है "पारो ख्र रम जा! अपने नये जीवन में, अपना ले रायसाहब को।"[6]

लेखिका यहाँ पर इस प्रसंग से यह दिखाने का प्रयास करती है कि जब तक आत्मा सांसारिक बंधनों से मुक्त नहीं होती, तब तक वह परमात्मा के लिए भटकती रहती है। साथ ही यह भी दिखाने का प्रयास किया गया है कि पुरुष तो हमेशा पुरुष ही होता है। अगर वह पुरुष तत्व प्रकृति में विलीन हो भी गया, फिर भी वह स्त्री के ऊपर अपना वर्चस्व बरकरार रखने की चेष्टा रखता है। देव का पारो की चौखट पर आकर मरना और अब पारो की रक्त धमनियों में बहकर उसकी हर सांस को महकाना, जिससे वह जी कर भी नहीं जी पा रही है। सांस लेती हुई एक बेजान पुतला बन गई है।

लेखिका यह भी बताने का प्रयास करती है कि क्या स्त्री का अपना कोई वजूद नहीं है? क्या वह स्वयं कोई निर्णय नहीं ले सकती है? इन्हीं सब ज्वलंत प्रश्नों से तंग आकर पारो आधुनिक स्त्री के स्वर में कहने लगती है कि मुझे अब किसी की भी बात नहीं सुननी। मुझे अब सिर्फ अपने अंदर की आवाज सुननी है।

पारो के अंतर्मन से यही आवाज आती है कि क्या सपने कभी पूरे होते हैं? क्या सारी इच्छाएँ पूर्ण होती हैं- कदापि नहीं। "सभी की पतंग कभी न कभी कटती तो ही है? मैं कोई अपवाद नहीं हूँ। फिर भी मुझे घर मिला है, पति मिला है, माँ जैसी साँस मिली है और बच्चे.... मैं उन सबको अपनाकर एक घर बना सकती हूँ, अपना सपना पूरा कर सकती हूँ, क्या हुआ जो मेरे सपनों की मेहराब यथार्थ से हटकर है।"[7]

पारो अपने अतीत को भूलकर वर्तमान में एक नए जीवन की राह पर चलना तो शुरु कर देती है लेकिन उस राह पर काँटों की चुभन उसे फिर अतीत में वापस लाकर खड़ा कर देती है क्योंकि रायसाहब (पारो के पति) व पारो के बीच एक अनचाही दूरी थी, रोष था, उलाहने थे और एक चिंता जो किसी शिष्टाचार की सीमा को लांघकर हाथ लपकाकर एक दूसरे को अपने नजदीक नहीं खींच सकती थी।

कहते हैं कि स्त्री त्याग की मूरत होती है। पारो भी यही सोचती है कि उसे भी इन विरोधाभासों के बीच से राह निकालनी है। आखिरकार एक स्त्री ही समर्पण रूपी पतवार से जीवन की नौका को बढ़ाने में अपने स्व को अर्पित कर देती है। अपने अरमानों को दफन कर देती है और जुट जाती है- परिवार बनाने में। उपन्यासकार पारो के द्वारा स्त्री की अस्मिता पर सवाल उठाती हुई पारो के मुख से कहलवाती हैं कि ''सारी स्त्री जाति की क्या एक ही दिनचर्या है? घर, पति और बच्चे, कितना परंपरागत और घिसा पिटा व्यसन है-सदियों से चला आ रहा है। उस पर पति को प्रसन्न रखने के लिए उसकी तरह-तरह से मान मनौतियां, चिरौरियां-क्या है यह जिंदगी? कहाँ है उसमें मित्र सा साथ, सौहार्द, प्यार या अपनापन?"[8]

सच तो यही है कि सदियों से स्त्री को पुरुष की दासी ही समझा जाता रहा है। उसे हमेशा पुरुषों से कमतर ही आंका जाता है। उसे प्रयोग की वस्तु समझकर हेय दृष्टि से ही देखा जाता रहा है। इन सभी के बीच स्त्री धीरे-धीरे अपनी गरिमा खोती गई और एक समय के बाद पुरुषों ने उसे अपने 'पैरों की जूती' समझना शुरु कर दिया। पुरुषों ने यह सोच विकसित कर ली कि स्त्री का शरीर जितना सुंदर होगा, उतना ही उसे छूने में आनंद आएगा। पुरुषों की इस मनोवृत्ति ने स्त्री की बाहरी चमड़ी की कीमत लगाना शुरु कर दी, जिसके कारण वह तमाम अवहेलनाओं एवं अत्याचारों की भुक्तभोगी बनती चली गयी।

इस कोमल हाड़-मांस के पुतले के बीचो-बीच कहीं मानव नाम का जीता जागता हृदय भी होता है जो आहें भर सकता है, जो दु:ख सकता है, अकेले में रो सकता है या अपनी पीड़ा में सिसकियाँ भी भर सकता है, पर यह वेदनाएँ पुरुष के वर्चस्व के नीचे गौण हो जाती हैं। उपन्यास में स्त्री के आत्मसम्मान पर पुरुष (रायसाहब) के द्वारा चोट करता यह प्रसंग बड़ा ही मार्मिक प्रतीत होता है-जब रायसाहब पारो से कहते हैं कि हमने तुम्हारी कीमत लगाकर तुम्हें इस हवेली की ठकुराईन बनाया है। इतना सुनते ही पारो तिलमिला उठती है। उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुँचती है। वह रोती है, बिलखती है और सोचती है कि ''वह सिर्फ एक खरीदी हुई गुड़िया है और एक किराये की आया है, बाकी सब आडंबर है। ''[9]

उपन्यास में पारो की यह बात सुनकर मन अंदर से यह सोचने पर विवश हो जाता है कि स्त्री इस स्तर तक कैसे पहुँची? किसने पहले पहल उसको माँ की उच्चता से नीचे लाया होगा? किसने पैरों से दुतकारा होगा? किसने 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' जैसी उक्ति को सर्वप्रथम नकारा होगा? किसने उसे खरीद-फरोख्त की वस्तु बनाकर सर्वप्रथम कोठे पर सजाया होगा? क्यों उसे किसी शिला का अभिशाप देकर अहिल्या बना कर छोड़ा गया। बात सिर्फ यहीं तक खत्म नहीं होती। अपने वैवाहिक जीवन की सार्थकता भी उसे बच्चा पैदा करके सिद्ध करनी पड़ती है अन्यथा वह वहाँ से भी अपदस्थ कर दी जाती है।

इन्हीं सब उधेड़बुन के बीच पारो अपने आप को जीतने की खातिर सारा गरल पी लेने का साहस जुटाती ही है कि तभी रायसाहब कुछ न कुछ ऐसा कह देते हैं कि उसकी साधना, उसका धैर्य, उसका अपनापन मिट्टी में मिल जाता है। आज भी रायसाहब ने उसे कौड़ियों के मोल खरीदी हुई बताकर उसके अस्तित्व की जड़ें फिर से भुरभुरी कर दीं।

इस समाज की यही दास्तां है कि अगर स्त्री सब कुछ भूलकर आगे बढ़ना भी चाहे तो समाज उसे ताने दे देकर जीने नहीं देता है बल्कि उसके आत्मसम्मान को भी चोट पहुँचाता है। आज पारो भी यही महसूस कर रही है कि ''वह आज के इस पड़ाव पर किस पारो को जिए, वह पारो-जो देवदास के साथ मर चुकी है या उस पारो के साथ जिसने देव की माँ का दंभ तोड़ने के लिए या अपनी माँ की झूठी अहमन्यता के समक्ष अपनी बलि दे दी थी-या उस पार्वती के साथ जिसे पहले ही दिन पति ने अपनी नकार का निर्णय दे दिया था।''[10]

इतना सब सहने के बाद पारो एक चट्टान बन जाती है जो हर तूफान से टकराने को तैयार है। हर परिस्थितियों का सामना करने को तैयार है। यहाँ तक कि रायसाहब के अहं के भ्रम को तोड़ने को भी तैयार है। जब रायसाहब देव के बारे में पूछते हैं तब पारो कहती है कि मैं अपने देव को उतना ही जानती हूँ जितना कि आप अपनी राधा (रायसाहब की प्रथम पत्नी) को जानते हैं। इतना सुनते ही रायसाहब हतप्रभ हो जाते हैं और कहते हैं कि ''राधा मेरी पत्नी थी। मेरे और राधा के बीच पवित्रता थी। मुझे उस प्यार की कोई ग्लानि नहीं है बल्कि वह आज तक मेरी शक्ति है। पार्वती, तुम कैसी अवैध बातें करती हो?''[11]

किस तरह से एक क्षण में ये पुरुष वैध और अवैध का निपटारा कर देते हैं। किस तरह से रायसाहब अपने पुरुषत्व के अहं में अपने प्रेम को बुलंदी की हुँकार से स्वीकार करते हैं और पारो के प्रेम को नकारते ही नहीं बल्कि उसे रत्ती बराबर अहमियत न देते हुए बहुत ही निष्ठुरता के साथ अपमानित करते हैं। कहते हैं कि नियति का लिखा कोई नहीं टाल सकता। नियति को कुछ और ही मंजूर था। तभी तो एक दिन रायसाहब पार्वती से कहते हैं कि 'पार्वती ! तुम मेरी कंचन (रायसाहब की बेटी) को बचा लो। उसे उस नर्क से निकाल लो। उसके जीवन में खुशियाँ भर दो। इतना कहते-कहते रायसाहब पारो के नजदीक आ जाते हैं। पारो भी रायसाहब की नजदीकियों से अचंभित होकर पीछे हट जाती है। रायसाहब पारो का हाथ थामना चाहते हैं लेकिन पारो कंचन के पास चली जाती है। उधर कंचन भी अपनी जिंदगी में बहुत उथल-पुथल देख चुकी है। उसके अंदर भी दु:खों का भँवर मंडरा रहा है। उसे बचपन में पिता ने त्याग दिया। उसके बाद माँ की मृत्यु के कारण वह माँ का ममत्व भी नहीं पा सकी और अब पति के जाने का गम। कंचन को इतनी छोटी उम्र में बहुत कुछ झेलना पड़ा।

इन्हीं ज्वलंत मुद्दों को लेकर उपन्यास की कहानी आगे बढ़ती है और संवेदनाओं के धरातल पर खड़े होकर पारो अपने कर्तव्य मार्ग पर चलने को तैयार हो जाती है और कहती है कि ''मैं सीप में मोती की तरह संजोकर रखूँगी कंचन को। जो

प्यार, जो मनुहार इसकी माँ इसे नहीं दे सकी, जिस नकार की नोक पर इसके पिता ने इसे रखा। उन सबका अस्तित्व मैं नगण्य कर दूँगी।''[12] इस तरह पारो अपने वर्तमान को नियति मानकर स्वीकार कर लेती है।

सुदर्शन जी स्त्री सशक्तिकरण का समर्थन करते हुए यह प्रसंग लिखती हैं कि देव के माता-पिता को उनकी ऊँचाई की खोखली गरिमा का एहसास कराने हेतु पारो की माँ अलभ्य संपदा, मान और गरिमा वाला घर ढूँढती है। जब लड़के वाले अपने बेटे की बोली लगा सकते हैं-''नकदी, गहने, सोना, चाँदी, आदरभाव, आवभगत और उस पर उम्र भर लड़की वालों को नीचा दिखाने का लाइसेंस उन्हें हासिल हो सकता है तो फिर इसके उलट अगर बेटी बेच दी तो बेटी वाले अधम हो जाते हैं।''[13] इसी तरह पारो भी विगत कल की स्त्री से आगे बढ़ते हुए सोचती है कि उसकी माँ ने कोई गलत काम नहीं किया है। अगर माँ ने उसे बेच दिया तो क्या हुआ? सदियों से चली आ रही रुढ़ियों को बदल दिया तो क्या हुआ? लड़के व लड़की के भेद को खत्म कर दिया तो क्या हुआ? अगर लोग ईश्वर से पुत्र प्राप्ति की कामना करते हैं तो पुत्री की प्राप्ति के लिए भी कारण पैदा हो जाना चाहिए।

उधर रायसाहब सोच रहे थे कि जिंदगी के इस मोड़ पर भी फूलों की सेज पर उतरा जा सकता है। पार्वती को जैसे चाहे नचाया जा सकता है। जब पार्वती की माँ बेटी बेच सकती है तो उन लोगों का स्तर भी कितना निम्न होगा। यही सोचकर रायसाहब पार्वती को अपने कब्जे में करना चाहते हैं लेकिन पार्वती उन आम लोगों में से नहीं है। उसमें चरित्र की गरिमा है। वह अपने कर्तव्य को बड़े धैर्य और प्यार से निभाती है इसलिए आज रायसाहब पारो के सामने मूकदर्शक बनकर अपने परिवार व बच्चों के लिए भीख माँगते हैं।

पुरुष भी कितना स्वार्थी होता है कि उसे जब जिस कंधे की आवश्यकता हुई-उसे अपना लिया और जब आवश्यकता नहीं तो उसे नकार दिया। पता नहीं हमारे समाज में यह कैसी विडंबना है? "एक स्त्री के यातना शिविर से गुजरने पर शरीर, मन और आत्मा सब के सब छिलते ही हैं। हर नए पीड़ा-क्षण का भोग भोगे हुए दु:ख से कम पीड़ा नहीं देता। पीड़ा का हर क्षण अपने आप में पीड़ादायक होता है। सह जाने की क्षमता से आँसुओं का खारापन कम नहीं हो जाता। घुटने में चोट लगे या बाजू में उनकी पीड़ा अपने समय में वैसी ही होगी जैसी पहली बार हुई।"[14]

पारो की सहनशीलता देख, रायसाहब भी एकाएक उसे मन ही मन सराहने लगते हैं। उसकी विवेक शक्ति का लोहा मानने लगते हैं। पार्वती कितनी बुद्धिमत्ता और भावनाओं से ओतप्रोत है कि वह अपने विवेक से किसी को भी पटखनी दे सकती है। इस तरह उपन्यासकार ने यहाँ पर स्त्री के विवेक की सराहना की है। सदियों से चली आ रही मानसिकता को तोड़ते हुए स्त्री को बुद्धिमान व विवेकपूर्ण दिखाने का भरसक प्रयास किया है। साथ ही कंचन (रायसाहब की बेटी) के द्वारा बेमेल विवाह तथा विधवा विवाह की पारंपरिक मान्यताओं का खंडन किया है। समाज की रूढ़िवादिता व अंधविश्वास के चोंचलों पर भी करारा प्रहार किया गया है। अत: स्त्री को दासता की बेड़ियों से आजाद कराकर उसके सपनों को पंख देने का प्रयास सराहनीय है। तभी तो पारो अपने त्याग व कर्तव्य पथ पर चलकर रायसाहब को अपना मुरीद बना लेती है। एक समय जिस रायसाहब ने उसे पत्नी का दर्जा देने से नकार दिया था, आज वही खुली बाँहों से उसका स्वागत करने को तैयार हैं।

इस पर सुदर्शन प्रियदर्शिनी लिखती हैं कि यह खेल मनसा-वाचा-कर्मणा का है। इस खेल में केवल बाहरी निर्णय नहीं लिए जा सकते बल्कि इसके लिए तो आंतरिक निर्णय लेने की जरूरत होती है और पारो अपने निर्णय के साथ रायसाहब के कमरे की देहरी पर पाँव रख देती है-''तभी हवा में घुंघरू बज उठते हैं। देव की आँखों में, रायसाहब के आँगन में आलता लगे पाँव की झलक झिलमिलाने लगती है। हर श्रृंगार के फूल झर-झर झिलमिलाने लगते हैं और एक महक सन्नाटे में खिलखिला उठती है। रायसाहब अपनी बाँहें फैलाकर मुस्कुराते हुए कहने लगते हैं-'आओ पार्वती, आओ!''[15]

निष्कर्ष-

इस तरह सुदर्शन प्रियदर्शिनी द्वारा यही दिखाया गया है कि पारो के भाग्य में यही लिखा था। यही उसकी नियति थी, जो हुआ उसके अतिरिक्त कुछ और हो ही नहीं सकता था। रायसाहब के प्रति वितृष्णा भी निर्धारित थी। देव से अलग होना भी

उसका अपना भाग्य था। जो होना होता है, वह होकर रहता है। जो भाग्य में मिलना होता है, मिलकर रहता है। पारो के भाग्य में वैभवशाली जीवन लिखा था–''वह देव के माध्यम से नहीं तो रायसाहब के माध्यम से मिला। प्यार के माध्यम से नहीं, अधिकार के माध्यम से मिला। प्रारब्ध लिखने वाले की कलम की स्याही में प्यार के कतरे सूख गए थे। उसकी जगह स्याही की कालिमा में इस जन्म के लिए विरह का विष घुल गया था।''[16]

इस विष का घूँट पीकर ही पारो को अपना जीवन जीना है क्योंकि इसी से देवदास को निर्वाण मिलेगा और रायसाहब को नए जीवन का वरदान। पारो को अपने पैरों में चुभे हुए काँटों को निकालकर रायसाहब को समझाना होगा कि स्त्री का प्यार या पुरुष का प्यार किसी तराजू का मोहताज नहीं होता बल्कि यह आत्मा परमात्मा का मिलन होता है।

उपन्यासकार यह सभी बातें पारो के द्वारा समझाने में सफल होती हैं जिससे 'पारो–उत्तरकथा' उपन्यास की सार्थकता आज के समय में सिद्ध हो जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. सुदर्शन प्रियदर्शिनी, पारो–उत्तरकथा उपन्यास, सभ्या प्रकाशन नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2019, पृष्ठ– 5
2. वही, पृष्ठ–7
3. वही, पृष्ठ–23
4. वही, पृष्ठ–35
5. वही, पृष्ठ–40
6. वही, पृष्ठ–60
7. वही, पृष्ठ–62
8. वही, पृष्ठ–76
9. वही, पृष्ठ–79
10. वही, पृष्ठ–112–113
11. वही, पृष्ठ–121
12. वही, पृष्ठ–159
13. वही, पृष्ठ–198
14. वही, पृष्ठ–220
15. वही, पृष्ठ–330
16. वही, पृष्ठ–81–82

भारत में राष्ट्रवाद के विकास में समाचार पत्रों का योगदानः एक ऐतिहासिक अवलोकन

नीति वर्मा

एम.ए. (इतिहास) आर.बी. कक्कलेज, दलसिंहसराय, ल.ना. मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

शोध का सारतत्त्व

भारत में राष्ट्रवाद की अवधारणा के विकास में राजनीतिक एवं सामाजिक आन्दोलन की भूमिका महत्वपूर्ण रही है तथा इन आन्दोलन की पृष्ठभूमि में समाचार पत्रों का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं रहा है। वस्तुतः भारत में राष्ट्रीयता के उत्कर्ष में समाचार पत्रों का योगदान प्राथमिक एवं महत्वपूर्ण रहा है। राजनीतिक एवं सामाजिक सुधार आन्दोलन का प्रभाव हिन्दी भाषा-भाषी क्षेत्र पर भी पड़ा। इस क्षेत्र को राष्ट्रीय धारा से सम्बद्ध करने की आकांक्षा एवं बलवती प्रेरणा के फलस्वरूप हिन्दी पत्रकारिता का जन्म हुआ। हिन्दी पत्रकारिता का विकास प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम तक, यद्यपि उतनी तेजी से नहीं हुआ जितनी कि अपेक्षा थी। फिर भी भारतीय पत्रकारिता की कहानी राष्ट्रीय विकास की कहानी का रूप ले चुकी थी। यद्यपि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की असफलता से राष्ट्रीय जीवन में एक प्रकार की शिथिलता सी आ गई और भारतीय जनमानस एक अनुत्साही, उदासी और अवसाद की स्थिति में था। परन्तु यह स्थिति अधिक दिनों तक स्थिर नहीं रही और पुनः राष्ट्रीय विचारधारा का संचार भारतीय जनमानस में तेजी के साथ होने लगा। इस प्रक्रिया में बंगाल के नेतृत्व में पुनः राष्ट्रीय जीवन में जागृति और चेतना उत्पन्न की। राजा राम मोहन राय, केशवचन्द्र सेन, स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, महादेव गोविन्द रानाडे आदि नेताओं के द्वारा संचालित सांस्कृतिक आन्दोलन पुनः भारतीय जनमानस को उद्वेलित करने में सहायक सिद्ध हुआ।

प्रमुख शब्दावलीः राष्ट्रवाद, सामाजिक सुधार आन्दोलन, सजग पत्रकारिता, राजनीतिक चेतना, सामाजिक सुधार, सांस्कृतिक आन्दोलन।

प्रस्तावनाः

स्वतंत्रता चाहे व्यक्ति की हो, समाज की हो या फिर राष्ट्र की- समाचार पत्र उनसे सीधा जुड़ा होता है। आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक हर तरह की स्वतंत्रता का पाठ समाचार पत्र-पत्रिकाओं के पन्नों पर होता है और हाल में तेजी से उभरे एक नये शब्द 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का तो पूरा अस्तित्व ही समाचार पत्र-पत्रिकाओं पर निर्भर है। इन पत्र-पत्रिकाओं में अनेक विषयों पर सम्पादकीय लेख लिखे जाते थे जिनमें लम्बे-लम्बे तर्कपूर्ण विवाद हुआ करता था और उनसे ठोस निष्कर्ष निकाले जाते थे। इस प्रकार के कार्यों का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य में राजनीतिक चेतना जागृत करना होता था। इस युग के अधिकांश प्रकाशक, सम्पादक एवं पत्रकार स्वयं राष्ट्रवादी भी थे जिनका वास्तविक लक्ष्य देश को पराधीनता से मुक्ति दिलाना था।

विश्व के अनेक देशों में हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आन्दोलन-परिवर्तनों के पीछे भी समाचार पत्र-पत्रिकाओं की अहम् भूमिका रही है और उसी परम्परा में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक मजबूत और व्यापक आयाम देने का काम किया, विशेषतः हिन्दी समाचार पत्र-पत्रिकाओं ने। भारतीय राष्ट्रीय जागरण में तत्कालीन पत्रकारिता ने राष्ट्रीय जागरण के स्पंदन को न केवल स्वर दिया अपितु उसे उचित गति एवं दिशा प्रदान करने का भी प्रयास किया। उन्नीसवीं शताब्दी भारतीय इतिहास में राष्ट्रीयता के विकास की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। बंगाल से राजा राम मोहन राय एवं अन्य सुधारवादी नेताओं के नेतृत्व में किए गए उन्नीसवीं शताब्दी के उतरार्द्ध में भारतेन्दु युगीन हिन्दी पत्रकारिता के धरातल को ऊँचा उठाने और राजनीतिक चेतना को विकसित करने में हिन्दी भाषी समाचार पत्रों का योगदान महत्वपूर्ण है। 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में राष्ट्रीय जागरण से प्रभावित होकर हिन्दी तथा अन्य दूसरी भारतीय भाषाओं में अनेक दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक समाचार

पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित होने लगीं। इस काल की प्रमुख हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं में बनारस अखबार, सितारे हिन्द, सुधाकर, बुद्धि प्रकाश, सर्वहित कारक, उदन्तमार्तण्ड, दिग्दर्शन, ब्रहेनिकल मैगजीन, संवाद रत्नाकर, तत्वबोधिनी पत्रिका, संवाद कौमुदी, मीरात-उल-अखबार आदि प्रमुख थीं।

बीसवीं शताब्दी के आरम्भिक दो दशकों की भारतीय भाषायी समाचार पत्रों का मूल स्वर साहित्यिक होने के साथ-साथ राष्ट्रीयता के उन्नयन की दृष्टि से ब्रिटिश सरकार के प्रति प्रहारात्मक और राष्ट्रभक्ति परिपूर्ण होता था। इस युग के पत्रकारों ने जो कि मूल रूप से साहित्यकार भी थे, भारतीयों के आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए समाचार पत्र-पत्रिकाओं में समय - समय पर भारत की प्राचीन गौरव पर अनेक लेख प्रकाशित किए। सरस्वती एवं इन्दु जैसी पत्रिकाओं ने प्राचीन भारत के गौरवमय अतीत को स्पष्ट करते हुए; सांकेतिक ढंग से यह स्पष्ट करने का प्रयास किया था कि आज की तुलना में प्राचीनकाल की राज्य तथा शासन व्यवस्था थी। इसकी झलक हमें महावीर प्रसाद द्विवेदी के 'प्राचीन भारत की झलक', गोविन्दरामतीर्थ के 'भारतीय पुरातन राजनीति', शिवदास गुप्ता के 'प्राचीन शासन पद्धति और राजा' तथा गंगाधर मिश्र के 'सम्राट् अशोक का राज्य शासन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। परशुराम मेहरोत्रा के 'इतिहास का महत्व', श्री सम्पूर्णानन्द के 'सच्चे ऐतिहासिक ज्ञान की आवश्यकता' आदि लेखों में इतिहास दर्शन को स्पष्ट करते हुए भारतीय गरिमा का वर्णन किया गया है, वहीं दूसरी और ऐसे अनेक लेखों का उद्देश्य इतिहास की उपयोगिता दर्शाना था। तत्कालीन पत्र-पत्रिकाओं में देश की आर्थिक दुर्दशा पर भी अनेक समाचार एवं लेख प्रकाशित किए गए। इन लेखों के विषय अधिकांशत: कृषकों की दुर्दशा, सरकार की लगान नीति, अकाल नीति, व्यापार एवं वाणिज्य व्यर्थ सरकारी खर्चे, स्वदेशी उद्योग-धन्धों के प्रति सरकारी की नीति, सरकारी कर्जे आदि पर होते थे। कृषि से संबंधित लेखों में जहाँ एक ओर गाँवों में रहने वाली जनता और उनके मुख्य व्यवसाय कृषि की दयनीय दशा को स्पष्ट किया जाता था तो वहीं दूसरी ओर कृषि के आधुनिक साधनों तथा किसानों की कृषि संबंधी जटिलताओं को दूर करने के लिए सुझाव भी दिए जाते थे। जुलाई 1908 की सरस्वती में इसी प्रकार का लेख प्रकाशित हुआ था जिसमें बताया गया कि - 'कला-कौशलों' की सफलता के लिए कृषि कर्म प्रधान है। परंतु जब हम देखते हैं कि भारतवासियों का मुख्य जीवनाधार खेती ही है और यहाँ 100 में 80 मनुष्य खेती से ही निर्वाह करते हैं, तब यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि कृषि कर्म में करने की यहाँ बड़ी ही आवश्यकता है। हमारे देश के अर्थशास्त्रियों का कथन है कि जब तक कृषि में यथेष्ट सुधार न होंगे तब तक 7 करोड़ भारतवासियों को दिन में दो बार भोजन न प्राप्त होगा। यदि कला कौशलों की इतनी वृद्धि हो जाए कि 3 करोड़ आदमी कृषि को छोड़कर अन्य व्यवसायों में प्रवृत्त हो जाएँ भी सौ पीछे सत्तर आदमी खेती से ही जीवन निर्वाह करेंगे। अस्तु भारतवर्ष जब तक कृषि में उन्नति न करेगा तब तक उनकी पूरी उन्नति न होगी।'' इसी प्रकार महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'खेती की बुरी दशा' और 'कृषि विद्या में अद्भुत आविष्कार' जैसे लेख में कृषि एवं कृषकों की दयनीय स्थिति तथा आधुनिक कृषि के महत्त्व को अलग-अलग ढंग से विश्लेषित किया। उन्होंने देश में अनाज की कमी के कारणों का उल्लेख करते हुए बताया कि- '1913 में 1,13,15,800 टन गेहूं यहाँ पैदा हुआ।' इसमें से 8427000 टन यहाँ से विदेश चला गया। बस कोई 30 लाख टन यहाँ हमारे खर्च के लिए रह गया। इसी कमी के कारण ही वह महँगा होकर रूपये का 6 सेर बिकने लगा था।

सरस्वती पत्रिका में भारतीयों की दरिद्रता को तुलनात्मक रूप में प्रस्तुत करके यह बताने का प्रयास किया गया कि कृषि उन्नति से ही अकाल एवं महामारी से छुटकारा पाया जा सकता है- 'अमेरिका के संयुक्त प्रदेशों की समस्त गेहूं की फसल की कीमत सन् 1905 में 1,48,30,00,000 पौण्ड थी : परंतु भारत वर्ष के लोगों की साल भर की आमदनी से ज्यादा से ज्यादा 59,00,00000 पौण्ड थी।' अमेरिका की जनसंख्या भी भारतवर्ष से बहुत कम है। अतएव भारत जैसे कंगाल और जनबहुल देश में महामारी और अकाल आदि का होना बहुत ही सम्भव है। इसका मूल कारण कृषि की अवनति ही है। कृषि के ही सुधार से यहाँ उन्नति हो सकती है।

ब्रिटिश शासकों की लगान व्यवस्था से सभी किसान पीड़ित थे। इसके कारण उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस पर प्रकाश डालते हुए महावीर प्रसाद द्विवेदी ने लिखा कि यदि मालगुजारी ज्यादा नहीं तो फिर क्या कारण है जो हजारों, लाखों कृषकों ho are for जाते हैं और लाखों एकड़ जमीन नीलाम हो जाती है। आप देहात में जाकर देखिए, सौ पचास किसानों में कहीं एकाध आपको ऐसा मिलेगा जिसे रोटी कपड़े की तकलीफ न हो। यह हम सुकाल की बात कहते हैं। अकाल में तो जो दृश्य देहात में दिखाई पड़ता है वह बहुत ही द्रावक होता है।

प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान इंग्लैण्ड की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही थी। इसलिए वहाँ की सरकार व्यर्थ के खर्चे न करने के लिए दबाव बना रही थी। भारत में भी कुछ इसी तरह के प्रयासों की आवश्यकता थी। इसी की चर्चा करते हुए सरस्वती ने फरवरी 1916 के अंक में 'विलायत और भारत के बड़े राज कर्मचारियों के वेतन' नामक लेख प्रकाशित किया,

जिसमें यह बताने का प्रयास किया कि जिस भारत में दरिद्र देव का अटल आवास है, जिस भारत की अधिकांश जनता को दिन में एक बार रूखी-सूखी रोटियां भी मयस्सर नहीं, वह राजकर्मचारियों को अनाप-शनाप वेतन देने का सामर्थ्य रखता है, यह कौन स्वीकार करेगा? इसमें संदेह नहीं कि इस मद में यहाँ बहुत अधिक खर्च होता है। फल यह हो रहा है कि निरक्षरता दूर करने और स्वास्थ्यवर्द्धक कार्य विस्तार के लिए यथेष्ट रूपया नहीं मिलता। हैजा और प्लेग पिण्ड नहीं छोड़ता। लेखक ने इस तुलनात्मक अध्ययन में आगे बताया कि इस देश के प्रत्येक निवासी की औसत आमदनी 30 रू. सालाना भी नहीं है, उसी देश की सरकार किस प्रकार प्रशासनिक व्यय में फिजूल खर्ची कर अपने उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को बड़े-बड़े वेतन प्रदान करती है। लेखक ने इन वेतनों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए इस मद में बचत करने की आवश्यकता पर बल दिया। वेतन के आंकड़े इस प्रकार हैं-

1. गवर्नर जनरल : 250800
2. बम्बई, मद्रास और बंगाल के गवर्नर प्रत्येक: 12000
3. संयुक्त प्रांत, बिहार, उड़ीसा, पंजाब प्रत्येक : 100000
4. गवर्नर जनरल की मंत्री सभा : 80000
5. असम और मध्यप्रदेश के चीफ : 62000
6. पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत के चीफ कमिश्नर : 54000
7. अजमेर, मेरवारा, ब्लूचिस्तान और कुर्ग के चीफ कमिश्नर प्रत्येक : 48000
8. रेवन्यू बोर्ड के मेम्बर प्रत्येक : 42000

यह भी उल्लेखनीय है कि इसी प्रकार मार्च 1916 के अंक में 'बड़े अफसरों के वेतन' नामक लेख प्रकाशित हुआ। यह लेख 'मार्डन रिव्यू' में प्रकाशित लाला लाजपत राय के लेख का पुनः प्रकाशन था। इस लेख में लाला लाजपत राय ने भारत के गवर्नर जनरल, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रेसिडेंट, संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय सभा के मेम्बर, जापान की राजकीय सभा के मेम्बर तथा भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारिणी कौंसिल के मेम्बरों के वेतनों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए उनके वेतनों के आंकड़े प्रस्तुत किए -

1. संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रेसिडेंट: 225000 (भत्ता नहीं)
2. भारत के गवर्नर जनरल : 250000 (भत्ता भी)
3. संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय सभा के मेम्बर : 36000
4. जापान की राजकीय सभा के मेम्बर: 12000
5. भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारिणी कौंसिल के मेम्बर: 80000

उपर्युक्त आंकड़ों को प्रकाशित करते हुए 'सरस्वती' के संपादक का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को यह बताना था कि भारतीय कोष से गवर्नर जनरल, उसकी कार्यकारिणी तथा प्रांतीय गवर्नर को ऊँचे वेतन देना भारत से 'धन निष्कासन' का ही भाग था। 'धन निष्कासन' के इस रूप का राष्ट्रवादी आर्थिक चिंतक दादा भाई नौरोजी, रमेशचन्द्र दत्त आदि ने पूर्व में अपने लेखों में अभिव्यक्त किया था।

सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित एक अन्य लेख में बताया गया कि किस तरह अपने अनाप शनाप खर्चे को पूरा करने के लिए सरकार कर्ज लेती है। इस प्रकार इन कर्जों और हम पर लगने वाले ब्याज के कारण भारतीयों पर कर्जे का बोझ दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है- यहाँ की गवर्मेंट को अरबों रूपया कर्ज लेना पड़ा है। यह कर्ज समय-समय पर लिया गया है। किसी पर तीन रूपया सैकड़ा, किसी पर साढ़े तीन, किसी पर चार और किसी पर कुछ अधिक सूद देना पड़ता है। इस तरह असल कर्ज के अतिरिक्त करोड़ों रूपया सूद का उसके खजाने से हर साल निकल जाता है। 30 सितम्बर 1916 को इस भूखे भारत पर 1,62,18,86,300 रूपया कर्जा था। इस पर कुछ कम साढ़े पांच करोड़ रूपया सूद हर साल देना पड़ता है। इसके सिर पर इतना ही कर्ज नहीं और भी है। यह कर्ज तो वह है जो इसी देश में लिया गया है। इसके अतिरिक्त भारत के लिए 31 मार्च 1917 तक 2612170860 रूपया विलायत में भी कर्जा लिया गया है। जिस पर साढ़े आठ करोड़ से भी अधिक रूपया सूद देना पड़ता है। इस प्रकार भारत के कुल कर्ज का टोटल 4.5 अरब के करीब पहुँचता है। और कुल सूद का टोटल कोई 14 करोड़ रूपया वार्षिक! इस प्रकार इस काल की पत्र-पत्रिकाओं ने अंग्रेजी सरकार की कथित आर्थिक नीति के दोहरे मानदण्ड का खुलासा करते हुए उसके व्यर्थ के अपव्यय का कच्चा चिट्ठा प्रस्तुत किया। साथ ही यह बताया कि वह अपने अपव्यय की

पूर्ति के लिए किस प्रकार के कर्जे लेती है जिसके एवज दरिद्र देश के ऊपर कर्जे का भार दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है।

भारत से 'धन निष्कासन' पर प्रकाश डालते हुए सरस्वती पत्रिका में वैद्यनाथ नारायण शर्मा के लेख 'भारत का वाणिज्य' प्रकाशित किया गया जिसमें बताया गया कि तत्कालीन भारत का विदेश व्यापार उसके पक्ष में नहीं था। सन् 1906-07 के भारतवर्ष के वाणिज्यिक ब्यौरे को सरस्वती में आँकड़ों सहित प्रकाशित किया गया। इन आँकड़ों में बताया गया कि 1 अरब 35 करोड़ 50 लाख 85 हजार रूपये की वस्तुएँ भारत में विदेशों से आयात की गई और 1 अरब 82 करोड़ 27 लाख 94 हजार रूपये की वस्तुएँ विदेशों को निर्यात की गई। इसी प्रकार सरकारी काम की वस्तुएँ 26 करोड़ 31 लाख 34 हजार रूपये की आयात की गई और 11 लाख 31 हजार की निर्यात की गई। आयात और निर्यात के तुलनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि 46 करोड़ 77 लाख 9 हजार रूपये की वस्तुएँ अधिक निर्यात की गई अर्थात् यदि भारत से 100 रूपये की वस्तु निर्यात की गई तो बाहर केवल 74 रूपये की वस्तु आयात की गई। सैकड़ा पीछे हम लोगों को 26 रूपये का घाटा उठाना पड़ता है। अर्थात् हम लोग 74 रूपये की वस्तु 10 रूपये में लेते हैं।

ब्रिटिश आर्थिक नीतियों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के अतिरिक्त इस काल की पत्र-पत्रिकाओं में बंगाल विभाजन जैसे आंदोलन को विषय-वस्तु बनाया गया। बंगाल विभाजन तथा इसके विरोध में हुए स्वदेशी आंदोलनों की पूर्ण अभिव्यक्ति तत्कालीन पत्र-पत्रिकाओं में हुई। उदाहरणार्थ कर्जनाना नामक कविता की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं- किसने बंगभूमि को दो टुकड़े करके दिखलाया, किसने बेरहमी से भाई-भाई को बिछड़ाया? बोले कर्जन 'इसका कर्ता हूँ मैं ही अकेला, हाथ हैं मेरे लोहे के दिल है पत्थर का ढेला, किसने देशी चीजों से संचय प्राण कराया, किसने सब तूफान बवेड़ों को यहाँ भगवाया। किसने सब बाबू लोगों का नेशन एक बनाया किया तो है पर इच्छा से नहीं कर्जन ने फरमाया।

'भारत मित्र' में बंगाल विभाजन के विरोध में अनेक रचनाएँ छपती थीं ऐसी एक कविता द्रष्टव्य है-

देख देश को अपने ख्वार, बंग निवासी उठे पुकार।
आंगन में दीवार बनाई,
अलग किए भाई से भाई। भाई से भाई किए दूर,
बिना विचारे बिना कसूर।। आओ एक प्रतिज्ञा करें,
एक साथ सब जीवे मरे द्यद्य चाहे बंग हो सौ भाग,
पर न छूटे अपना अनुराग। भोग विलास सभी को छोड़,
बाबूपन से मुँह लो मोड़।।

स्वदेशी तथा बहिष्कार आंदोलन को सफल बनाने हेतु तत्कालीन पत्र-पत्रिकाएँ स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार कार्यक्रम के समर्थन में अनेक लेख तथा कविताएँ प्रकाशित होती थीं। उदाहरणार्थ-

धराधर धार रूपयों की बही है, विलायत की ओर सीधी जा रही है। न कश्मीरा न मवमल छोड़ते हम, न फलैनल, फ्यल्ट से मुख मोड़ते हम। स्वदेशी वस्त्रों का स्वीकार कीजै, विनय हमारा इतना हमारा मान लीजै? इस काल में उदारवादियों और उग्रवादियों की तरह एक अन्य विचारधारा क्रांतिकारियों की भी थी। जो हिंसात्मक कार्यवाहियों के माध्यम से अंग्रेजी शासन को समाप्त करना चाहते थे। इस विचारधारा को बंगाल विभाजन से और अधिक हवा मिली। इस विचारधारा से प्रभावित लोगों ने क्रांतिकारी विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए अनेक पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन किया। ये पत्र जहाँ एक ओर क्रांतिकारी विचारधारा का समर्थन करते थे तो दूसरी ओर ऐसे उत्तेजक लेख प्रकाशित करते थे जिन से सामान्य जन भी उद्वेलित हो जाएँ। ऐसे समाचार पत्रों का जीवन बड़ा अल्प होता था क्योंकि इन पर सरकार की पैनी दृष्टि होती थी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए कड़े दण्ड दिए जाते थे। लेकिन ये पत्र फिर भी प्रकाशित होते थे। उदारहणार्थ- 1907 में प्रकाशित 'स्वराज्य' नामक पत्र देशभक्ति की कसौटी का पत्र था जिसके सम्पादक होने का अर्थ ही था कालेपानी की सजा भुगतना। 'स्वराज्य' के सम्पादक-पद पर नियुक्ति हेतु ये विज्ञप्ति प्रकाशित होती थी- ''चाहिए स्वराज्य के सम्पादक। वेतन दो सूवी रोटियाँ, एक गिलास ठंडा पानी और हर सम्पादकीय के लिए दस साल जेल।''

क्रांतिकारी विचारधारा से प्रभावित पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन अत्यंत गोपनीय रूप से होता था, कुछ देश के बाहर से मुद्रित हो कर देश में गुप्त रूप से आती थीं क्योंकि इन पर कड़ा प्रतिबन्ध होता था। 'गदर' क्रांतिकारी विचारों को पुष्ट करने वाला पत्र था, यह छः भारतीय भाषाओं हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, गुजराती, बंगला और पाश्तों में छपता था। जो विदेशों में छपता था और गुप्त रूप से भारत आता था। इस पर अंग्रेजी शासन ने प्रतिबंध लगा रखा था क्योंकि यह स्पष्ट रूप से अंग्रेजों के विरूद्ध

हथियार उठाने का नारा गाता था। यथा- ''आवश्यकता है वीर सिपाहियों की। वेतनः मृत्यु। पुरस्कारः दहशत। पेन्शनः स्वतंत्रता। युद्धस्थलः भारत।''

इन क्रांतिकारी विचारों से प्रभावित पत्रों में राष्ट्रीय भावना की वृद्धि करने वाले लेख, सम्पादकीय एवं अपीलें प्रकाशित होती थीं। यथा- 6 जनवरी 1914 के 'गदर' में लाला हरदयाल ने अपने सम्पादकीय में लिखा- ''क्रांति के साथियों! तैयार हो जाओ। देश और विदेश में अपने प्रचार को संगठित करो। सेवा और बलिदान के नए व्रत लो। मुट्ठी भर अंग्रेजों ने जोर जबरदस्ती से हमें गुलाम बना रखा है। हमें कुचल देना चाहते हैं। हिन्दुस्तान के नौजवान स्त्री-पुरुषों को इसका उत्तर देना चाहिए।'' 'कर्मयोगी' उग्र राष्ट्रवादी विचारों को पुष्ट करने वाला पत्र था। इस पत्र में क्रांतिकारी चेतना को प्रोत्साहित करने वाले लेख प्रकाशित होते थे। उदाहरणार्थ- 'ओ राष्ट्रवादियों! कायरों से कोई आशा न करो। साथियों का शिकार करते गीदड़ कभी भी शेरों का साथ नहीं दे सकते, यद्यपि वे शेरों की अपेक्षा शिकार मरने पर मांस अधिक खा सकते हैं। ओ वीरो! अपने पैरों पर खड़े हो और अपने कर्तव्य का पालन करो।'

निष्कर्षः

निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि इस काल की पत्र-पत्रिका में मुख्यतः राष्ट्रवाद, सामाजिक बुराई के प्रति उद्वेग, ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत भारत के आर्थिक शोषण पर प्रकाश डाला गया। इस काल की पत्रकारिता ने बंग-भंग एवं स्वदेशी आंदोलन से प्रेरणा ग्रहण कर अपने आपको अधिक प्रखर बना लिया था। तत्कालीन समाचार पत्रों में देश की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक अवस्थाओं से संबंधित विभिन्न समाचार एवं विस्तृत लेख प्रकाशित होते थे जिनमें लम्बे-लम्बे तर्कपूर्ण विवाद हुआ करते थे जिनसे ठोस निष्कर्ष निकाले जाते थे और जिनका एकमात्र उद्देश्य देश की सामान्य जन में जागरूक का उत्पन्न करना होता था। इस प्रकार पत्रकारिता ने राष्ट्रीयता की भावना के प्रचार-प्रसार में अपना गुरू तक दायित्व निभाया। साथ ही इन पत्र-पत्रिकाओं ने ब्रिटिश सरकार की शोषणकारी नीतियों को अभिव्यक्त करते हुए राष्ट्रवाद का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का भी कार्य किया जिसके फलस्वरूप भारतीय जनता राष्ट्रीय आंदोलन के आगामी चरण के लिए और अधिक परिपक्व हुई।

संदर्भ ग्रन्थों की सूची :

1. कमलापति त्रिपाठी, पत्र और पत्रकार, पृ. 6
2. सुशीला अग्रवाल, प्रेस पब्लिक ओपिनियन एण्ड गवर्नमेंट, पृ. 4
3. रोलैण्ड ई. बुएजले, जर्नलिज्म इन माडर्न इंडिया (हिन्दी अनुवाद), पृ. 8
4. रामरतन भटनागर, दि राईज एण्ड ग्रोथ ऑफ हिन्दी जर्नलिज्म, पृ. 21
5. इन्द्र विद्या वाचस्पति, लोकमान्य तिलक और उनका युग, पृ. 120
6. महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्राचीन भारत की झलक सरस्वती, मार्च 1911, भाग-12, संख्या 3, पृ. 123
7. गोविन्द रामतीर्थ, भारतीय पूरातन राजनीति सरस्वती-1918
8. शिवदास गुप्ता, प्राचीन शासन पद्धति और राजा, इन्दू दिसंबर 1914
9. गंगा मिश्र, सम्राट अशोक का राज्य शासन, इन्दू अगस्त 1914
10. परशुराम मेहरोत्रा, इतिहास का महत्व, मर्यादा, मई 1919
11. सम्पूर्णानंद, सच्चे ऐतिहासिक ज्ञान की आवश्यकता, मर्यादा, अक्टूबर, 1919
12. गोविन्द वल्लभ पंत, कृषि सुधार सरस्वती, जुलाई 1908, भाग-9, पृ. 110-12
13. गेहूं की महँगी, विविध विषय, सरस्वती, अप्रैल 1912 भाग-16, पृ. 248
14. जासूस, 01 अप्रैल 1906, अंक
15. अर्जुन तिवारी, पत्रकारिता और राष्ट्रीय चेतना का विकास, पृ. 88
16. वही, पृ. 96
17. वही, पृ. 96
18. वही, पृ. 103

प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की वस्तुस्थिति -रोहतक शहर का एक अध्ययन

डॉ० जोगेन्द्र सिंह खोखर

असोसियेट प्रोफेसर, भूगोल विभाग, ए.आई. जाट एच.एम. महाविद्यालय, रोहतक

सारांश -

वर्तमान में विश्व के अधिकांश देश तीव्र जनसंख्या वृद्धि का सामना कर रहे हैं। अधिकांश अविकसित एवं विकासशील देश जहां धनात्मक जनसंख्या वृद्धि का सामना कर रहे हैं वहीं अनेक विकसित देश अपनी निरंतर कम हो रही जनसंख्या के प्रति चिन्तित हैं। भारत भी जनसंख्या वृद्धि की इस गम्भीर समस्या से अछूता नहीं है। अब तो यह स्वीकारने में भी कोई अतिशयोक्ति नहीं हो रही है कि देश की अधिकांश समस्याएं कहीं न कहीं जनसंख्या वृद्धि से ही जुडी हैं और देश में जनसंख्या वृद्धि एक प्रकार से समस्या वृद्धि बन चुकी है। इससे न केवल देश का विकास अवरूध हो रहा है बल्कि प्रत्येक नागरिक का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। अत: अविलम्ब जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण की आवश्यकता है। जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण जन्मदर पर नियंत्रण से ही सम्भव है। जन्मदर पर नियंत्रण परिवार नियोजन कार्यक्रम से ही सम्भव है क्योंकि यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो जनसंख्या वृद्धि की गति को न केवल मन्द कर सकता है बल्कि उसे कुन्द भी कर सकता है। भारत में उच्च तथा मध्यम सामाजिक- आर्थिक स्तर वाले व्यक्तियों ने अवश्य ही इस कार्यक्रम को स्वीकार किया हुआ है किन्तु श्रम कार्यों से सम्बन्धित निम्न आय वाले व्यक्ति अभी भी इस कार्यक्रम से दूरी बनाए हुए हैं।

परिचय -

आज विश्व के सभी देश किसी न किसी प्रकार से जनसंख्या वृद्धि की समस्या से अवश्य प्रभावित हो रहे हैं। आरम्भ से ही पृथ्वी को अपने अनुकूल बनाने के लिए किए गए प्रयासों के कारण अनियन्त्रित जनसंख्या अब स्वयं की शरणस्थली 'पृथ्वी' के विनाश का कारण बनती जा रही है (शाह, अनूप, 2002)। ईसा से पूर्व कठोर जलवायु, संघर्षपूर्ण जीवन, खाद्यान का अभाव तथा कुपोषणता के प्रभावाधीन मृत्युदर काफी उच्च थी जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या वृद्धि भी काफी मन्द थी। उस समय विश्व की जनसंख्या केवल पाँच मिलियन थी। तत्पचात् मानव ने अपनी क्षमताओं का प्रयोग करते हुए आखेट तथा वस्तुसंग्रह के साथ -साथ कृषि तथा पशुपालन का कार्य आरम्भ किया। कृषि से खाद्य सामग्री तथा पशुओं से मांस व दुग्ध उत्पाद प्राप्त होने लगे तो मनुष्य के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ। फलस्वरूप जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ-साथ मानवीय संख्या में भी बढोतरी होने लगी। यूरोप की औद्योगिक क्रान्ति तथा 20वीं शताब्दी में चिकित्सा सुविधाओं, जीवनदायिनी औषधियों तथा कीटाणुनाशकों के आविष्कार से विभिन्न प्राणघातक महामारियों तथा बीमारियों पर नियन्त्रण के फलस्वरूप मृत्युदर में तीव्रता से आई कमी के कारण मानवीय संख्या तीव्रता से बढ़कर वर्ष 1950 में 255 करोड़, वर्ष 2000 में 601 करोड, वर्ष 2011 में 700 करोड़ तथा वर्ष 2021 में लगभग 785 करोड होने का अनुमान है (रोसनबर्ग,मैट, 2011)। तीव्रता से बढतीघ जनसंख्या कें कारण आज विश्व में औसतन प्रत्येक नाड़ी की घ्धड़कन पर दो बच्चे, एक टोस्ट पर मक्खन लगाने तक सौ बच्चे, प्रत्येक घण्टे में सात हजार बच्चे तथा प्रतिदिन दो लाख बच्चे विशुद्ध रूप से विश्व परिवार में शामिल हो रहे हैं। अब तो स्थिति यह है कि प्रति तीन मिनट में एक जम्बो जैट की क्षमता से अधिक तथा प्रतिदिन जापान की परमाणु त्रासदी में मारे गए लोगों से

अधिक व्यक्ति विश्व परिवार में जुड़ रहे हैं। आज विश्व जनसंख्या इतनी तीव्रता से बढ़ रही है कि प्रतिवर्ष एक नए जर्मनी का जन्म हो जाता है और स्थिति यह है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी सम्पूर्ण आयु में विश्व जनसंख्या को एक पंक्ति के रूप में अपनी आँखों के सामने से गुजरते हुए देखने की इच्छा रखता हो तो भी वह अपनी मृत्यु तक उस पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति को देखने का सौभाग्य प्राप्त नहीं कर सकता।

भारत एक विपुल जनसंख्या का देश है। जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में चीन के पश्चात् भारत दूसरा बड़ा देश है। यहां विश्व के मात्र 2 प्रतिशत क्षेत्रफल पर विश्व की 17.31 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या 121 करोड़ है और यह 1.58 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्विशील है। यदि जनसंख्या वृद्वि दर यही रही तो वर्ष 2030 में देश की जनसंख्या डेढ़ सौ करोड़ से भी अधिक हो जाएगी और उस समय विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का ताज भारत के सर पर होगा (इण्डियाज पॉपुलेशन, 2011)। उच्च जन्मदर और निम्न मृत्यु दर भारतीय जनसंख्या वृद्धि की एक प्रमुख विशेषता है। भारत में प्रतिवर्ष 27 मिलियन बच्चे जन्म लेते हैं और केवल 8 मिलियन मरते हैं। इस प्रकार 19 मिलियन बच्चे प्रतिवर्ष भारतीय जनसंख्या में शामिल होते हैं। उच्च जन्मदर के कारण इस समय विश्व में जन्मे कुल बच्चों में से प्रत्येक पांचवां बच्चा भारतीय होता है। इसी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए जैम्स रैस्टन ने कहा है कि, ''भारत में जनसंख्या वृद्धि का खतरा आणविक शक्ति के खतरे से भी अधिक विनाशकारी है' (ओझा,आर,1993)।

इस समय भारत ऐसे जनांकिकीय चरण से विचरणशील है जिसमें जन्म दर उच्च और मृत्युदर सामान्य है। फलस्वरूप जनसंख्या में तीव्र वृद्धि हो रही है और जनसंख्या नियन्त्रण भारत के सामने एक चुनौती बनी हुई है। ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण राष्ट्रीय विकास तथा गरीबी उन्मूलन के प्रयासों की सफलता सन्देहास्पद बनी हुई है। जनसंख्या को नियन्त्रित करके राष्ट्र को नए युग में ले जाने के लिए भारत सरकार ने अपने यहां वर्ष 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। किन्तु जनांकिकीय, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक तथा अन्य अनेक अवरोधों के कारण यह कार्यक्रम अभी तक जनसंख्या को नियन्त्रित करने में पूर्णत: सफल नहीं हो सका है। कार्यक्रम के महत्व को समझते हुए उच्च तथा मध्यम सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम के द्वारा अपनी जनन क्षमता को अवश्य ही नियंत्रित किया है किन्तु कामगार श्रेणी के निम्न आय वाले व्यक्ति आज भी परिवार में बच्चों की अधिकता को आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से भविष्य के लिए पूंजि निवेश मानते हैं। इसी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रस्तुत शोधपत्र में हरियाणा राज्य के रोहतक शहर के प्रवासी श्रमिकों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की वस्तुस्थित को जानने का प्रयास किया गया है।

उद्देश्य -

इस शोधकार्य का प्रमुख उद्देश्य अन्य राज्यों से रोहतक शहर में प्रवास करने वाले सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से अति पिछड़े कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की वास्तविकताओं तथा इसे स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किए जाने के लिए उतरदायी प्रमुख कारणों का पता लगाना है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा स्थापित स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन अवसंरचना द्वारा शोध क्षेत्र के प्रवासी कामगारों को दी जाने वाली सहायता एवं सुविधाओं का पता लगाना है।

शोध विधि-

प्रस्तुत शोध रोहतक शहर के प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की वस्तुस्थिति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए किया गया है। यह शोध कार्य संकलित प्राथमिक समंकों पर आधारित है। प्राथमिक समंक संकलन के लिए उद्देश्यीय निदर्शन प्रणाली का प्रयोग किया गया है। इसके लिए रोहतक शहर के कुछ ऐसे स्थानों का चयन किया गया है जहां पर प्रवासी कामगार सबसे अधिक संख्या में रहते हैं। इसी के दृष्टिगत सैक्टर चार के हाउसिंग बोर्ड, आई.एम.टी. एवं पुराना औधोगिक क्षेत्र तथा झज्जर चुंगी क्षेत्र का चयन किया गया है। रोहतक शहर के ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर सर्वाधिक संख्या में प्रवासी कामगाार रहते हैं और इन तीनों क्षेत्रों के कामगारों की व्यवसायिक संरचना में भी काफी भिन्नता है। सैक्टर चार के हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले अधिकांश कामगार भवन निर्माण के कार्यों में, आई.एम.टी. एवं पुराना औधोगिक क्षेत्र के कामगार वस्तु निमार्ण से सम्बन्धित कार्यों में तथा झज्जर चुंगी क्षेत्र के कामगार दुकानों पर काम करने के साथ साथ रंग रोगन के कार्यों में निपुण हैं। व्यवसायिक संरचना प्रत्यक्षत: आय से सम्बन्धित होती है। अलग-अलग व्यवसायिक संरचना वाले व्यक्तियों की आय भी अलग अलग होती है। आय व्यक्ति के सामाजिक आर्थिक स्तर को इंगित करती है। यही कारण है कि यहां भिन्न भिन्न

व्यवसायिक संरचना वाले कामगारों के क्षेत्रों का चयन किया गया है। शोध से सम्बन्धित सूचनाओं के संकलन के लिए चयनित क्षेत्रों से 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग तथा कम से कम दो जीवित बच्चों वाले कुल 146 उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। उत्तरदाताओं में स्त्री तथा पुरूष दोनों को ही शामिल किया गया है। इसका प्रमुख कारण यह है कि इस कार्यक्रम को स्वीकारने अथवा नकारने में पति पत्नी दोनों की ही सहभागिता होती है। चयनित उत्तरदाताओं से साक्षात्कार अनुसूची की सहायता से आवश्यक सूचनाएं संकलित की गयी हैं। संकलित सूचनाओं से परिणामों की प्राप्ति के लिए तालिकाकरण, प्रतिशतता तथा आवश्यकतानुरूप अन्य सांखिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र

हरियाणा राज्य के रोहतक जिले का प्रशासनिक मुख्यालय एवं प्रमुख शहर प्रस्तुत अध्ययन का वास्तविक कार्य क्षेत्र है। राज्य की राजनीतिक गतिविधियों में यहां के लोगों की प्रभावशाली भूमिका के कारण इसे हरियाणा की राजनीतिक राजधानी भी कहा जाता है। शैक्षणिक गतिविधियों एवं संस्थानों की प्रचूरता के कारण इसे शैक्षणिक नगरी भी कहा जाता है। रोहतक शहर जिले के दक्षिण-पश्चिम में 28.89^{0}09" उत्तरी अंक्षाश तथा 76.57^{0}96" पूर्वी रेखांश के मध्य स्थित है। यह शहर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उत्तर पश्चिम में 70 किलोमीटर तथा प्रदेश की राजधानी चण्डीगढ के दक्षिण में पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 10 पर स्थित है। रोहतक शहर हरियाणा राज्य का छटा सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है। 2011 की जनगणना के आंकडों के अनुसार इसकी कुल जनसंख्या 3.73 लाख, जनसंख्या वृद्वि दर 2.67 प्रतिशत तथा घनत्व 5186 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। शहर की जनसंख्या वृद्वि तथा घनत्व में प्रवासी कामगारों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। पिछले कुछ वर्षों में शहर के अव्यस्थित विकास एवं बाह्य क्षेत्रों की ओर अनियन्त्रित प्रसार के प्रभाव से भवन निर्माण के क्षेत्र में हुई अप्रत्यासित वृद्वि से मुख्य रूप से प्रवासी कामगारों के लिए रोजगारों की सम्भावनाएं बढ़ी हैं। इसी प्रकार शहर के सबसे बड़े औधोगिक क्षेत्र आई. एम. टी. में बड़ी-बड़ी औधोगिक इकाईयों के स्थापित होने से कुशल व अकुशल कामगारों के लिए रोजगारों की सम्भावनाएं बढ़ रही हैं। इसी के दृष्टिगत वर्तमान शोधकार्य के लिए रोहतक शहर का चयन अध्ययन क्षेत्र के रूप में किया गया है।



प्रमुख प्राप्तियां -

रोहतक शहर में निवसित प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की वास्तविक स्थिति के अध्ययन के लिए कार्यक्रम की जानकारी, स्वीकृति, कार्यक्रम के किसी विशेष तरीके के प्रचलित अथवा अप्रचलित होने तथा कार्यक्रम की स्वीकृति का उपयुक्त समय आदि पर सूचनाएं संकलित की गयी हैं। संकलित सूचनाओं के विश्लेषण से प्राप्त प्राप्तियों का क्रमवार विवरण निम्नलिखित है-

तालिका 1.0 क्षेत्रवार चयनित उतरदाता

क. सं.	चयनित क्षेत्र	उत्तरदाताओं का विवरण		कुल उत्तरदाता
		पुरूष उत्तरदाता	स्त्री उत्तरदाता	
1	सैक्टर क्षेत्र	23(32.81)	32(38.10)	55(37.67)
2	झज्जर चूंगी क्षेत्र	21(39.06)	27(32.14)	48(32.88)
3	औधोगिक क्षेत्र	18(28.13)	25(29.76)	43(29.45)
	योग	62(100)	84(100)	146(100)

स्त्रोत: गणना संग्रहित प्राथमिक समंकों पर आधारित कोष्ठक में प्रतिशत मात्रा दर्शायी गई है।

प्रस्तुत अध्ययन रोहतक शहर में प्रवास करने वाले सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से अति पिछड़े कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की भूमिका को जानने के लिए सम्पन्न किया गया है। अत: प्राथमिक समंक संकलन के लिए रोहतक शहर के तीन क्षत्रों से कुल 146 प्रवासी कामगारों का चयन किया गया है। प्राथमिक समंक संकलन में पुरूष तथा स्त्री दोनों को शामिल किया गया है। क्षेत्रवार उत्तरदाताओं के चयन में सबसे अधिक योग्य 55 उत्तरदाता सैक्टर क्षेत्र से, 48 उत्तरदाता झज्जर चूंगी क्षेत्र तथा सबसे कम 43 उत्तरदाता औधोगिक क्षेत्र से थे। चयनित उत्तरदाताओं में 42.47 प्रतिशत पुरूष उत्तरदाता तथा शेष 57. 54 प्रतिशत स्त्री उत्तरदाता थे। तीनों ही क्षेत्रों में पुरूषों की तुलना में स्त्री उत्तरदाताओं की संख्या अधिक थी। इसका प्रमुख कारण पुरूषों का प्रतिदिन काम के लिए घर से बाहर रहना तथा स्त्रीयों का घरों में रहना अथवा घर के आस पास ही काम करना था।

परिवार नियोजन कार्यक्रम की जानकारी -

किसी भी कार्यक्रम की सफलता एवं असफलता व्यक्तियों को उसकी जानकारी पर निर्भर करती है। परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रत्यक्षत: व्यक्तियों से जुडा हुआ कार्यक्रम है। अत: इसकी पूर्ण सफलता के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को इसकी जानकारी हो। यह कार्यक्रम पूर्णत: पति, पत्नी अथवा दोनों की सहभागिता एवं सहयोग से ही स्वीकार किया जा सकता है। अत: कार्यक्रम की सफलता के लिए स्त्री-पुरुष तथा पति-पत्नी दोनों को कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है अन्यथा कार्यक्रम के लक्ष्य से भ्रमित होने की सम्भावना प्रबल रहती है। इसी के दृष्टिगत अध्ययन क्षेत्र के चयनित स्त्री तथा पुरुष उत्तरदाताओं से कार्यक्रम की जानकारी पर सूचनाएं संकलित की गई हैं। सूचनाओं को विश्लेषण के लिए निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका - 2.0 उत्तरदाताओं को परिवार नियोजन कार्यक्रम की जानकारी

क्र. सं.	चयनित क्षेत्र	उत्तरदाताओं का विवरण			
		कुल पुरूष उत्तरदाता	कार्यक्रम को जानने वाले पुरूष उत्तरदाता	कुल स्त्री उत्तरदाता	कार्यक्रम को जानने वाली स्त्री उत्तरदाता
1	सैक्टर क्षेत्र	23	9(39.13)	32	4(12.5)
2	झज्जर चूंगी क्षेत्र	21	11(52.38)	27	7(25.92)
3	औधोगिक क्षेत्र	18	14(77.78)	25	2(8.00)
	योग	62	34(54.83)	84	13(15.48)

स्त्रोत: गणना संग्रहित प्राथमिक समंकों पर आधारित कोष्ठक में प्रतिशत मात्रा दर्शायी गई है।

तालिका के विवरणानुसार रोहतक शहर के कुल उत्तरदाताओं में से केवल 32 प्रतिशत उत्तरदाता यह जानते थे कि परिवार नियोजन कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक ऐसा कार्यक्रम है जिसकी सहायता से बच्चों के जन्म को नियन्त्रित किया जा सकता है। क्षेत्र के दो तिहाई से भी अधिक उत्तरदाता ऐसे थे जो इस कार्यक्रम को नाम से नहीं जानते थे किन्तु वे

सन्तानोत्पति नियन्त्रण के किसी न किसी तरीके को अवश्य जानते थे। स्त्री उत्तरदाताओं की तुलना में पुरूष उत्तरदाताओं को कार्यक्रम की अधिक जानकारी भी थी और किसी न किसी तरीके को भी अवश्य जानते थे। अध्ययन क्षेत्र के जहां आधे से अधिक पुरूष उत्तरदाता इस कार्यक्रम को जानते थे वहीं क्षेत्र की मात्र 15 प्रतिशत स्त्रीयां ही इस कार्यक्रम को नाम से जानती थी। इससे स्पष्ट होता है कि प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की जानकारी का स्तर काफी कम है। कार्यक्रम की जानकारी के स्तर को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का प्रचार प्रसार तथा इससे जुडी सेवाओं की पहुंच को प्रवासी कामगारों तक सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विभाग ने नर्स, परिचारिका, एएनएम, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं द्वारा उपयुक्त स्त्रियों को व्यक्तिगत रुप से सम्पर्क स्थापित करके उनको कार्यक्रम की जानकारी देने का कार्य निर्धारित किया हुआ है किन्तु निर्धारित लक्ष्यों एवं क्षतिपूर्ति के प्रभावाधीन इन सभी कार्यकर्त्ताओं का अधिकांश ध्यान बन्ध्याकरण योग्य स्थानीय स्त्रियों पर ही केन्द्रित रहता है।

कार्यक्रम की स्वीकृति का स्तर -

परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रतीति और स्वीकृति में गहन धनात्मक सहसम्बन्ध है। ऐसी आशा की जाती है कि अधिक प्रतीति वाला कार्यक्रम लोगों में तीव्रता से प्रचलित होता है और उसकी स्वीकृति दर स्वत: ही बढ़ जाती है। कार्यक्रम से अनभिज्ञ व्यक्ति से कार्यक्रम की स्वीकृति की आशा कम ही होती है। इसी के दृष्टिगत शोध क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के स्वीकारकर्त्ताओं पर समंक संकलन किया गया है। संकलित समंकों का सम्पूर्ण विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

तालिका - 3.0 परिवार नियोजन कार्यक्रम को स्वीकारने वाले उत्तरदाता

स्रोत- गणना संग्रहित प्राथमिक समंकों पर आधारित कोष्ठक में प्रतिषत मात्रा दर्शायी गई है।

तालिका के विवरण अनुसार शोध क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से लगभग 42 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को किसी न किसी रूप में अवश्य अपनाया हुआ था और शेष उत्तरदाताओं ने कार्यक्रम को स्वीकार नहीं किया था। कुल पुरूष उत्तरदाताओं में से लगभग 37 प्रतिशत पुरूषों ने तथा कुल स्त्री उत्तरदाताओं में से लगभग 45 प्रतिशत स्त्रीयों ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को किसी न किसी रूप में अवश्य अपनाया हुआ था। दो तिहाई प्रवासी पुरूष तथा आधे से अधिक प्रवासी स्त्री उत्तरदाताओं ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया था। यहां एक रोचक तथ्य यह भी था कि क्षेत्र मे अनेक स्त्री पुरूष ऐसे भी थे जिन्हें कार्यक्रम के बारे में कोई समुचित जानकारी तो नहीं थी किन्तु फिर भी उन्होंने कार्यक्रम को अपनाया हुआ था। उत्तरदाताओं से गहन वार्तालाप के पश्चात् उन्होनें बताया कि वे ऐसे किसी कार्यक्रम को तो नहीं जानते परन्तु कुछ तरीकों को अवश्य जानते है जिनके उपयोग से बच्चों के जन्म को नियन्त्रित किया जा सकता है। क्षेत्रवार अध्ययन से स्पष्ट होता है कि झज्जर चूंगी क्षेत्र के सबसे अधिक तथा सैक्टर क्षेत्र के सबसे कम उत्तरदाताओं ने कार्यक्रम को अपनाया हुआ था। इसका प्रमुख कारण झज्जर चूंगी क्षेत्र एक बाजारयुक्त क्षेत्र होना है जो कार्यक्रम से जुड़ी सभी प्रकार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में परिवार नियोजन के लिए आवश्यक सुविधाओं से युक्त एक बडा अस्पताल भी है। इसके विपरीत शहर के बाहरी क्षेत्र में बसे सैक्टर क्षेत्र में इस प्रकार की सुविधाओं का सवर्था अभाव है। यहां न तो कोई बडा बाजार है और न ही अस्पताल है। इनके निवास स्थान से काफी दूर एक पोलिक्लिनिक अवश्य है किन्तु इसमें इस प्रकार की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध नहीं हैं।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के विभिन्न तरीके-

भारतीय परिवार नियोजन कार्यक्रम एक कैफेटेरिया अप्रोच के अन्तर्गत कार्यक्रम के स्वीकारकर्त्ता को स्थायी, अस्थायी तथा आकस्मिक अनेक प्रकार के तरीके चुनने का विकल्प देता है। कार्यक्रम का स्वीकारकर्त्ता इनमें से अपनी पसंद का कौई भी तरीका चुनकर अपने परिवार को नियोजित कर सकता है। इसी के दृष्टिगत शोध क्षेत्र के उत्तरदाताओं द्वारा अपनाए गए परिवार नियोजन कार्यक्रम के विभिन्न तरीकों पर सूचनाएं संकलित कर उन्हें निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका - 4.0 उत्तरदाताओं द्वारा अपनाए गए कार्यक्रम के विभिन्न तरीके

Ø-l-	ifjokj fu;kstu d fofHkUu rjhd	mrjnkrkvk dk fooj.k		dy mrjnkrk
		i:"k mrjnkrk	L=h mrjnkrk	
1	i#"k cU?;kdj.k	05 (21.74)	.....	05 (8.20)
2	L=h cU?;kdj.k	.....	28 (73.68)	28 (45.90)
3	xHkikr	.....	03 (7.89)	03 (4.92)
4	fujk/k	13 (56.52)	.....	13 (21.31)
5	vkbZ;Mh	.....	07 (18.42)	07 (11.47)
6	xkfy;k	.....	.....	.....
7	xkfy;k 72	.....	.....	.....
8	lqjf{krdky	.....	.....	.....
9	vkRela;e	05 (21.74)	.....	05 (8.20)
	;kx	23(100)	38(100)	61(100)

स्त्रोत- गणना संग्रहित प्राथमिक समंकों पर आधारित कोष्ठक में प्रतिशत मात्रा दर्शायी गई है।

समंक विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि शोध क्षेत्र के सर्वाधिक 45.90 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्त्री बन्ध्याकरण, 21.31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने निरोध तथा 11.47 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कार्यक्रम के आईयूडी नामक तरीके को अपनाया हुआ था। शेष सभी प्रकार के तरीकों के प्रयोगकर्त्ताओं की संख्या काफी कम थी। स्थायी तरीके के रूप में स्त्री उत्तरदाताओं ने बन्ध्याकरण को ज्यादा पंसद किया था। एक सीमित संख्या में पुरुषों ने भी बन्ध्याकरण को अपनाया हुआ था। क्षेत्र में निरोध पुरुष उत्तरदाताओं का सबसे मनपसंद तरीका था और इसे लगभग 57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया था। इनमें से सभी उत्तरदाता स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क अथवा कम कीमत पर उपलब्ध होने वाले निरोध का ही उपयोग कर रहे थे। क्षेत्र में स्त्री उत्तरदाताओं ने सुरक्षितकाल, आपातकालीन गर्भनिरोधकों में गोलियां-72, गोलियां तथा आत्मसंयम आदि किसी भी तरीके का प्रयोग नहीं किया था। निरोध की अनुपलब्धता पर ही पुरुष उत्तरदाता आत्मसंयम नामक तरीके का प्रयोग करते थे।

जहां स्त्री उत्तरदाताओं का स्त्री बन्ध्याकरण सर्वाधिक पसंदीदा तरीका था वही निरोध पुरुष उत्तरदाताओं का पसंदीदा तरीका था। कुछ स्त्री उत्तरदाताओं ने गर्भ धारण की आशंका के चलते घरेलू तरीकों जैसे- गाजर, मेथी तथा तिल आदि के बीजों से तैयार काढ़े के प्रयोग से समस्या का निवारण किया था। यहां एक रोचक तथ्य यह भी था कि आज के आधुनिक युग में भी उत्तरदाताओं की एक सार्थक संख्या आत्मसंयम तथा कुछ संख्या सुरक्षितकाल जैसे प्राचीन तरीकों का प्रयोग कर रहे थे। सारांशस्वरूप कहा जा सकता है कि अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाता अपने परिवार को नियोजित करने के लिए स्त्री बन्ध्याकरण, निरोध तथा आईयूडी नामक तीन प्रकार के तरीकों को प्रमुख रुप से प्रयोग कर रहे थे। शेष तरीकों के प्रयोगकर्त्ताओं की संख्या काफी कम थी। शोध क्षेत्र के अधिकांश उत्तरदाताओं ने तीन तथा चार बच्चों के जन्म के बाद ही कार्यक्रम को अपनाया था। दो बच्चों के पश्चात् कार्यक्रम को अपनाने वाले उत्तरदाता क्षेत्र में एक भी नहीं था। कार्यक्रम के स्थायी तरीके बन्ध्याकरण को परिवार में कम से कम चार जीवित एवं सुरक्षित बच्चों के बाद ही स्वीकार था।

निष्कर्ष -

विभिन्न राज्यों से रोहतक शहर में आकर निवास करने वाले प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की वस्तुस्थिति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से यह शोध कार्य किया गया है। यह शोध कार्य पूर्णत: प्राथमिक समंकों पर आधारित है। प्राथमिक समंक संकलन के लिए रोहतक शहर के सैक्टर चार के हाउसिंग बोर्ड, आई.एम.टी. एवं पुराना औधोगिक क्षेत्र तथा झज्जर चुंगी आदि क्षेत्रों का चयन किया गया है। शोध से सम्बन्धित सूचनाओं के संकलन के लिए चयनित क्षेत्रों से 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग तथा कम से कम दो जीवित बच्चों वाले कुल 146 उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। उत्तरदाताओं में स्त्री तथा पुरूष दोनों को ही शामिल किया गया है। संकलित सूचनाओं के विश्लेषणार्थ क्षेत्र के बड़ी संख्या में उत्तरदाता कार्यक्रम को नाम से नहीं जानते थे किन्तु वे सन्तानोत्पति नियन्त्रण के किसी न किसी तरीके को अवश्य जानते थे। ऐसे उत्तरदाताओं में पुरूषों की संख्या अधिक थी। इससे स्पष्ट होता है कि प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की जानकारी का स्तर काफी कम था। प्रवासी कामगारों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की स्वीकृति दर भी सामान्य थी। कार्यक्रम को स्वीकार करने में पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों की सहभागिता सराहनीय थी। चयनित उत्तरदाताओं में कार्यक्रम की स्वीकृति पर क्षेत्र में स्थापित विभागीय अवसंरचना का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता था। यही कारण था कि झज्जर चूंगी क्षेत्र के अधिक तथा सैक्टर क्षेत्र के कम उत्तरदाताओं ने कार्यक्रम को कम स्वीकार किया था। क्योंकि झज्जर चूंगी क्षेत्र एक ऐसा बाजारयुक्त क्षेत्र है जो कार्यक्रम से जुड़ी सभी प्रकार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है और यहां परिवार नियोजन के लिए आवश्यक सुविधाओं से युक्त एक बड़ा अस्पताल भी है। इसके विपरीत शहर के बाहरी क्षेत्र में बसे सैक्टर क्षेत्र में इस प्रकार की सुविधाओं का सर्वथा अभाव है। यहां न तो कोई बड़ा बाजार है और न ही अस्पताल है। काफी दूरी पर स्थित एक पोलिक्लिनिक अवश्य है जो इस इस प्रकार की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है। प्रवासी कामगारों में स्त्रियों में कार्यक्रम के स्थायी तरीकों का तथा पुरुषों में अस्थायी तरीकों का प्रचलन था। कुछ स्त्री उत्तरदाताओं ने गर्भ धारण की आशंका के चलते घरेलू तरीकों जैसे- गाजर, मेथी तथा तिल आदि के बीजों से तैयार काढ़े के प्रयोग से समस्या का निवारण किया था। यहां एक रोचक तथ्य यह भी था कि आज के आधुनिक युग में भी उत्तरदाताओं की एक सार्थक संख्या आत्मसंयम तथा कुछ संख्या सुरक्षितकाल जैसे प्राचीन तरीकों का प्रयोग कर रहे थे। परिवार नियोजन कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है। समय पर स्वीकार नहीं किए जाने पर कार्यक्रम की प्रासंगिकता संदेहास्पद हो जाती है। इसके ठीक विपरीत शोध क्षेत्र के अधिकांश उत्तरदाताओं ने तीन तथा चार बच्चों के जन्म के बाद ही कार्यक्रम को अपनाया था। दो बच्चों के पश्चात् कार्यक्रम को अपनाने वाले उत्तरदाता क्षेत्र में एक भी नहीं था। कार्यक्रम के स्थायी तरीके बन्ध्याकरण को परिवार में कम से कम चार जीवित एवं सुरक्षित बच्चों के बाद ही स्वीकार किया था।

उपर्युक्त के आधार पर कहा जा सकता है कि 70 वर्ष से अधिक आयु वाला परिवार नियोजन कार्यक्रम सामाजिक आर्थिक स्तर के अन्तिम पायदान पर बैठे प्रवासी कामगारों में अभी तक पूर्णत: अपना प्रभाव बनाने में सफल नहीं हुआ है। इसे सफल बनाने के लिए सरकारी, गैरसरकारी, सामाजिक, आर्थिक, सामूहिक तथा व्यक्तिगत प्रत्येक स्तर पर और अधिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

ग्रन्थानुक्रमणिका

- अग्रवाल, एस. एन. (1966), सम प्रॉब्लम्स ऑफ इण्डियाज पॉपुलेशन, वोहरा पब्लिकेशंस, मुम्बई, भारत।
- किंग्सले डेविस;(1986)द हिस्ट्री ऑफ बर्थस एण्ड डेथस ए बुलेटिन ऑफ द एटोमिक सांइटिसट, अप्रेल, पृष्ठ 20-21
- चन्द्रशेखर (1972), इन्फैन्ट मोरटालिटी, पॉपुलेशन ग्रोथ एण्ड फैमली प्लैनिंग इन इण्डिया, चौपल हील, यूनिवर्सिटि ऑफ नार्थ कारोटीन प्रेस।
- कुमार, अशोक एण्ड एन.एन. सिंह (1982), फैमली प्लैनिंग इन ए स्लम एण्ड ऑर्गेनाइज्ड लोकलिटी ऑफ लखनऊ, सोशल वैलफेयर 29(8), नवम्बर, पृ. 22-35.
- ओझा, आर;1993द्धए जनसंख्या भूगोल, प्रतिभा प्रकाशन, कानपूर, पृ. 346

- बर्मन, बी. के. (1994), शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राईब्स एण्ड अदर डिसएडवान्टेज पीपल ऑफ इण्डिया, मित्तल पब्लिकेशन्स नई दिल्ली।
- रॉय, टी. के. (1995), डीमाण्ड फार फैमली प्लैनिंग अमंग शेड्यूल्ड कास्ट्स एण्ड शेड्यूल ट्राइब्स, इन द फैमली प्लैनिंग प्रोग्राम इन इण्डिया, एडिटिड बाय माथुर हरीमोहन, विकास पब्लिशिंग हाऊस प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली।
- हेलेन, एच. ए. एम. खान व वाई. एल. ठाकरे (1995), इन्कम जेनेरेटीड एक्टीविटीज एण्ड फैमली प्लैनिंग बिहेव्यिर इन रूरल एरियाज आफ उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा, डिपार्टमेंट ऑफ सोशल साइंसिज, कीवोर्डस।
- राजु, एम. लिंगा, (1998), मैसूर जिले में पिछड़ी जातियों में एम. सी. एच. तथा परिवार नियोजन सेवाओं का उपयोग, परिवार कल्याण मासिक पत्र, वाल्यूम 44, नं. 2, पृ. 28-36.
- शाह, अनूप, (2002), डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यूण्ग्लोबस इस्यूज.ओरग/इस्यूज/198/हूमन पॉपुलेशन.जून /13/2002
- दास, मनोसी (2009), इफैक्ट ऑफ सोश्यो-ईकनॉमिक एण्ड डिमोग्रैफिक वेरीयेबल्स ऑन फर्टिलीटी ऑफ द रूरल वूमन इन त्रिपुरा, मैन एण्ड लाईफ, वाल्यूम-35 (3-4), आई.एस. आर.ए.ए., बीदिसा, पृ. 15-30
- रोसनबर्ग,मैट(2011),करन्ट वर्ल्ड पॉपुलेशन, एचटीटीपी/:ज्योग्राफी.अबाउट.कॉम/ओडी/ओबटेन पॉपुलेषन डाटा/ए/वर्ल्ड पॉपुलेषन. एचटीएमएल
- द बिग प्रोब्लम, डबल्यू डबल्यू डबल्यू. एमविलेटी.ओरग/पालिटिकस/बिगपरोब 1-एचटीएमए, 5 / 1 / 2011

दौसा जिलें में भूजल स्तर का बदलता स्वरूप

तुलसी राम सैनी

शोधार्थी, भूगोल विभाग, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर, राजस्थान

डॉ. जगफूल मीना

सह-आचार्य, भूगोल विभाग, राजकीय स्ना. महाविद्यालय राजगढ़, अलवर, राजस्थान

जल प्रकृति का अनुपम उपहार है। यह केवल मनुष्य ही नही अपितु हर प्राणी के लिए आवश्यक है। मानव जाति का कर्तव्य बनता है कि मानव ऐसी व्यवस्था करें ताकि सभी को यह उपहार आवश्यकतानुसार मिल सकें।

ऐसी कहावत है "जल ही जीवन है" और "बिन पानी सब सूना"

वर्तमान समय में पानी इतना महत्वपूर्ण हो गया है कि चिकित्सक पानी को एक दवा के रूप में मानते है चिकित्सक बीमार व्यक्तियों को सलाह देते है कि पानी खूब मात्रा मे पीना चाहिए। छोटे बच्चों को जल में इलेक्ट्रोल पाउडर एवं ग्लूकोज मिलाकर पिलाने की सलाह देते हैं।

सारांश

जल एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन है, जिस पर न केवल मानव जाति अपितु सम्पूर्ण जीव जगत तथा वनस्पति भी निर्भर है।

राजस्थान भारत देश का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है। इसका अधिकांश भाग मुख्यतः शुष्क व अर्द्धशुष्क है, जहाँ वर्षा की औसत मात्रा 25 से.मी. से भी कम है। इस प्रकार राज्य में जल संसाधनो का महत्व व संरक्षण ओर अधिक बढ़ जाता है।

स्वस्थ जीवन के लिए पेयजल का साफ व सुरक्षित होना अनिवार्य है, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 28 जुलाई 2010 को स्वच्छ जल और सफाई की सुविधा तक पहुँच प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है।

शब्दकोशः जल पुनर्भरण, जल संरक्षण, जल बजट, अनुकूलम उपयोग, पर्यावरण, लवणीय सान्द्रता

प्रस्तावना

पृथ्वी का लगभग 97.2 प्रतिशत जल सागरें, महासागरों में खारें पानी के रूप में पाया जाता है। बर्फ के रूप में 2.15 प्रतिशत तथा 0.01 प्रतिशत नदियों एवं झीलों में एवं वायुमण्डल में 0.0001 प्रतिशत पाया जाता है।

पृथ्वी पर जल 386×10^6 कि.मी. जल भण्डार पाया जाता है। सन् 1954 में यूनेस्कों की एक रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया है, कि पृथ्वी पर स्वच्छ जल की मात्रा केवल 35.03×10^6 घन कि.मी. है। इस प्रकार पृथ्वी पर ताजे जल के भण्डार का केवल मात्र 0.1 प्रतिशत हैं, जो मानव जाति के लिए अपर्याप्त हैं। शेष जल में लवणता की मात्रा अधिक पायी जाती है, जो कृषि कार्य व पीने के योग्य नही है।

भारत के पास सम्पूर्ण विश्व के जल का मात्र 4 प्रतिशत जल हैं। भूमिगत जल अत्यधिक दोहन के कारण लगातार नीचें गिरता जा रहा हैं। एक आंकडे के अनुसार भारत में प्रतिदिन लगभग 175 अरब घन मीटर भूमिगत जल निकाला जाता हैं, जोकि सम्पूर्ण विश्व जगत में सबसें ज्यादा हैं। लेकिन एक विडम्बना एक यह भी हैं कि भूमिगत जल के रिचार्ज की कोई व्यवस्था नही हैं।

भारत की आबादी, दिन-प्रतिदिन तीव्र गति से बढ़ रही है। जनसंख्या अधिक होने के कारण जल की आवश्यकता भी बढ़ रही हैं। एक आंकडे के अनुसार सन् 2000 में जल की आवश्यकता 750 अरब घन मीटर (750 जीसीएम मिलियम क्यूबिक मीटर) थी। सन् 2050 तक जल की आवश्यकता 1180 बीसीएम तक बढ़ जाएगी।

वर्ष 1950 में देश मे प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 5000 घन मीटर प्रतिवर्ष थी। जो उपलब्धता 5000 घन मी. प्रतिवर्ष रह गयी हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता सन् 2050 तक 1000 घन मीटर प्रतिवर्ष से भी कम रहने के अनुमान हैं। जनसंख्या अधिक होने के कारण जल की माँग भी बढ़ रही हैं। 21वी सदी में गिरता भू-जल एक विकट समस्या बन गयी हैं।

जनसंख्या की अधिकता के कारण प्रतिवर्ष जल की माँग बढ़ गई हैं। देश में प्रति व्यक्ति जलापूर्ति प्रतिवर्ष 16589 घन मीटर हैं, जबकि राजस्थान के कई हिस्सो में 360 घन मीटर प्रतिवर्ष से भी कम हैं।

भूजल का अधिक दोहन के कारण न केवल भूजल स्तर गहरा होता जा रहा हैं, बल्कि गहरें होते भूजल मे लवणीयता सान्द्रता भी उच्च होते जा रही हैं।

राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य हैं। राज्य का क्षेत्रफल देश के कुल क्षेत्रफल का 10.4 प्रतिशत हैं तथा राज्य भी जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 5.5 प्रतिशत है। राज्य में कुल सतही जल देश में कुल उपलब्ध सतही जल का मात्र 1.16 प्रतिशत ही हैं।



देश में कुल 142 रेगिस्तानी ब्लॉक स्थित है। जिसमे से 85 ब्लॉक राज्य मेंस्थित हैं, जिससे जल की समस्या और विकराल हो जाती हैं।

राज्य में भू जल की स्थिति अत्यन्त चिन्ताजनक हैं। पिछले दो दशकों में इस समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है।

सन् 1984 में भूजल दोहन का स्तर 35 प्रतिशतथा जो वर्ष 2008 में बढ़कर 138 प्रतिशत के स्तर तक पहुँच गया हैं।

विगत 50 वर्षो से राज्य में लगातार सूखे व अकाल की स्थिति बनी हुयी है। राज्य हमेशा से जल कमी वाला राज्य रहा है। यहाँ वर्षा भी अनियमित होती है तथा वर्षा के प्रतिमान मे भी काफी अन्तर पाया जाता हैं। जैसलमेर मे वार्षिक वर्षा का औसत 100 मि. मी. तथा झालावाड़ में 800 मि. मी. वार्षिक वर्षा का औसत अन्तर होता हैं। राज्य की वार्षिक वर्षा का औसत भी बहुत कम है यहाँ लगातार अकाल व सूखे की स्थिति रहती हैं।

राज्य के बहुत बड़े भाग के लिए पेयजल हेतु भूजल उपलब्ध नही हैं। कभी-कभी तो पानी लोगो तक ट्रेनों, ट्रकों तथा अन्य तरीको से पहुँचाया जाता है।

अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि व अन्य प्रकार की जल आवश्यकताओ की वृद्धि ने राज्य को अत्यधिक जलसंकट की ओर अग्रसित कर दिया हैं।

जुलाई, वर्ष 2009 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर राज्य में प्रति व्यक्ति वार्षिक जल उपलब्धता लगभग 780 घन मी. हैं, जबकि न्यूनतम आवश्यकता 1000 घन मी. आंकी गई हैं। ऐसी आशंका है कि वर्ष 2050 तक यह उपलब्धता कम होकर 450 घन मी. ही रह जायेगी। अर्न्तराष्ट्रीय मानको के आधार पर 500 घन मी. से कम जल उपलब्धता अत्यधिक जल संकट का द्योतक है।

वर्ष 1995 में कृषि कार्यो मे जल की माँग 3.28 बिलियन घन मी. थी जो वर्ष 2045 तक 8.07 बिलियन घन मी. होने की संभावना हैं। जनसंख्या में अत्यधिक वृद्धि तथा स्वच्छता के प्रति बढती जागरूकता के कारण पेयजल की माँग में तीव्र वृद्धि हुई हैं।

अध्ययन क्षेत्र

अध्ययन क्षेत्र राजस्थान राज्य का दौसा जिला है जिसकी अवस्थिति 27 डिग्री 5 मिनट उत्तरी अक्षांश से 28 डिग्री 50 मिनट उत्तरी अक्षांश तक तथा देशान्तरीय विस्तार 75 डिग्री पूर्वी देशान्तर से 76 डिग्री पूर्वी देशान्तर तक फैला हुआ हैं।

दौसा जिले का कुल क्षेत्रफल 3432 वर्ग कि.मी. हैं। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार दौसा जिलें की कुल जनसंख्या 1317063 थी जो वर्ष 2011 में बढ़कर 1634409 हो गई। दौसा जिला में भूमिगत जल के अभाव के कारण अतिसंवेदनशील क्षेत्र हैं। जिलें में वर्ष 2001 में भूजल की मात्रा 2236 मिलियन घन मीटर थी जो अब घटकर 1448 मिलियन घन मीटर रह गई है। जिलें में भूजल का अत्यधिक शोषण के कारण पानी की विकट समस्या बन गई हैं।

सामान्यतया ऐसा माना जाता है कि भूमि के नीचे गहराई में अथाह पानी स्थित हैं लेकिन यह भ्रम हैं। वर्षा जल ही भूजल का एक मात्र स्त्रोत है। ऐसा अनुमान है कि जितनी वर्षा होती है उसका 12 से 15 प्रतिशत जल ही भूगर्भ के अन्दर जाता है एवं जो हमें पेयजल व कृषि के रूप मे प्राप्त होता हैं।

जिलें में औसत वार्षिक वर्षा 605 मिली मीटर हैं। शुष्क क्षेत्रों में वार्षिक वर्षा का लगभग 12 प्रतिशत एवं 7 प्रतिशत जल चट्टानी क्षेत्रों में जमा हो जाता हैं। अनुमानत: 252 मिलियन घन मीटर भूजल जमा हो जाता हैं। लेकिन प्रतिवर्ष 399 मिलियन घन मीटर भूजल का दोहन किया जाता है।

जिलें में सबसे अधिक पानी लगभग 92 प्रतिशत कृषि कार्यो मे पेयजल में 7 प्रतिशत एवं शेष औद्योगिक कार्यो व अन्य गतिविधियों मे दोहन किया जाता हैं।

जिलें में दो तरह के भूजल क्षेत्र हैं। रेतीलें क्षेत्र 2612 वर्ग कि.मी. एवं 474 वर्ग कि.मी. चट्टानी क्षेत्र।

खारे पानी का क्षेत्र 180 वर्ग कि.मी. है।

वर्ष 1995 में भूजल दोहन 82 प्रतिशत था जो वर्तमान में 158 प्रतिशत हो गया हैं। इस प्रकार दौसा जिला डार्क जोन श्रेणी में आ गया हैं।

जिलें में वर्ष 1984 में औसत भूजलस्तर 8.00 मीटर जो वर्ष 2010 में घटकर 48.00 मीटर तक हो गया है। इससे जिलें में पेयजल की समस्या तथा कृषि कार्यो हेतु भू जल की विकट समस्या उत्पन्न हो गयी हैं। जिलें में बाँध व कूप तथा तालाब सूख चुके हैं। भूमिगत जल बहुत अधिक गहराई के स्तर पर पहुँच गया हैं। जिसमें लवणीय सान्द्रता तथा फ्लोराइड की मात्रा बहुत ज्यादा पाई जाती है।

District	Block	Total Areao fAsses sment Unit(Ha)	Rech arge Wor thyA rea(Ha)	Rechar gefrom Rainfal l- Monso onSeas on	Rech argef rom Othe rSou rces - Mon soon Seas on	Rech argef rom Rainf all - Non Mon soon Seas on	Recha rgefro mOth erSou rces- NonM onsoo nSeas on	Total Annu alGro undW aterR echar ge	Total Natur alDisc harge s	Annual Extract ableGr oundW aterRes ource	Groun dWate rExtra ctionfo rIrriga tionUse	Grou ndW aterE xtrac tionf orIn dustr ialUs e	Grou ndWa terExt ractio nforD omesti cUse	TotalE xtraction	Ann ualG W Alloca tionfo rforD omest icUse ason2 025	NetGr ound Water Avail ability forfut ureus e	Stage ofGr ound Wate rExtr actio n	Catego rizatio n
		(h a)										(h a m)					%	
DAUSA	BANDIKUI	63294	52890	3966.73	66.66	0.26	576.06	4609.71	460.97	4148.74	8858.92	0.00	642.34	9501.26	642.34	0.00	229.02	OE
DAUSA	DAUSA	78311	73409	4604.62	87.47	0.00	483.86	5175.95	517.60	4658.35	6206.31	0.00	985.81	7192.12	985.81	0.00	154.39	OE
DAUSA	LALSOT	87124	78036	6908.98	19.55	0.00	857.21	7785.74	778.57	7007.17	16556.18	0.00	1012.35	17568.53	1012.35	0.00	250.72	OE
DAUSA	LAWAN	16065	16065	1153.57	0.23	0.00	104.37	1258.17	125.82	1132.35	2091.98	0.00	209.10	2301.08	209.10	0.00	203.21	OE
DAUSA	MAHWA	47000	44200	3458.73	64.03	59.75	538.16	4120.67	412.07	3708.60	8206.80	0.00	611.45	8818.25	611.45	0.00	237.78	OE
DAUSA	SIKRAI	50223	43962	4061.19	11.94	5.99	401.27	4480.39	448.04	4032.35	7562.03	0.00	460.78	8022.80	460.78	0.00	198.96	OE

Source:- Dynamic Ground Water Resources, Rajasthan as On 31.03.2020

जनसंख्या जनाधिक्य तथा अन्य आवश्यकताओं की वृद्धि से जिला अत्यधिक जल संकट की तरफ बढ़ रहा है।

यदि वर्तमान गति से ही भूजल का शोषण होता रहा तथा सार्थक प्रयास नही किये गये तो उपलब्ध भूजल भण्डार अगले आने वाले कुछ वर्षो में प्राय: समाप्त हो जायेगें।

वर्ष 1977 में औसत वार्षिक वर्षा 945.9 मि.मी. थी जो वर्ष 2014 में गिरकर 685.6 मि.मी. हो गयी हैं।

जिलें की तहसीलों में बसवा 32.21 प्रतिशत, महवा 44.3 प्रतिशत, दौसा 36.7 प्रतिशत, लालसोट 34.31 प्रतिशत तथा सिकराय 47.2 प्रतिशत विगत 5 दशकों का औसत अनुपात रहा हैं।

जिलें में भूमिगत जल संसाधन की उपलब्धता 254.3359 एम. सी. एम तथा भूमिगत जल का विदोह 415.7716 एम. सी. एम हैं।

अत: इस बात की ओर स्पष्ट संकेत है कि जल संसाधन उपलब्धता की तुलना में मे विदोन अधिक किया जा रहा है।

वर्ष 2004 से 2013 के आंकडे बताते है कि जिले में 0.5 से 2.86 मीटर प्रतिवर्ष की दर से भूजल स्तर घट रहा हैं।

इस प्रकार जिलें में गिरते भूमिगत जल स्तर तथा बढ़ती जल आवश्यकताओं, प्रदूषित जल की समस्याओं तथा पेयजल संकट ने अध्ययन क्षेत्र में भूमिगत जल के संरक्षण, पुनर्भरण का उचित प्रबन्ध तथा भावी जल संसाधनों का नियोजन हेतु दौसा जिलें को अध्ययन के रूप में चुना गया है।

जिलें में वर्ष 2004 में जल पुनर्भरण 260 डब्डथा जो वर्ष 2013 में घटकर के 250डब्डहो गया।वर्ष 2004 में जल का दोहन 325 डब्डथा जो वर्ष 2013 में बढ़कर 410 डब्डहो गया हैं। अत: इससे स्पष्ट होता है कि जिलें में जल पुनर्भरण की तुलना में जल का दोहन तीव्र गति से हो रहा हैं।

सभी आँकडें (एम. सी. एम.)

वर्ष	2004	2009	2011	2013
जल पुनर्भरण	260	250	240	250
जल निकासी	325	400	400	410



Souce: Central Ground Water Board, New Delhi



अध्ययन क्षेत्र का उद्देश्य

- गिरते भूजल स्तर के कारणों की व्याख्या करना।
- भू-जल स्तर निम्न हो जाने से मानवीय स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को जानना।
- भूमिगत जल के संरक्षण की विवेचना।

शोध विधि

प्रस्तुत शोध प्रबंध मुख्यत: द्वितीयक आकडों पर आधारित हैं अत: आँकडों का संकलन विभिन्न कार्यालय से प्राप्त दस्तावेज, प्रलेखो, पुस्तकों एवं अन्य प्रकाशनों से किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र में प्रभाव

जनाधिक्य, वर्षा की कमी तथा अनियमिता, प्रति व्यक्ति जल खपत में वृद्धि, अनियंत्रित वनों की कटाई, बढ़ता औद्योगिकीकरण तथा नगरीकरण विद्युत यंत्रों द्वारा भूमिगत जल का दोहन तथा कृषि कार्यों में प्राचीन विधि द्वारा सिंचाई आदि कारणों से जिलें का भूमिगत जल, भूजल स्तर अतिदोहन के कारण भूजल स्तर काफी गहराई पर चला गया है। इससे भूजल के खारे क्षेत्र में वृद्धि होती जा रही हैं।

जिलें के बहुत सारें गाँव कोलवा बिवाई तथा आसपास के गाँवों में फ्लोरोइड व लवणीय सान्द्रता बढ़ती जा रही हैं।

फ्लोराइड युक्त जल पीनें से, हड्डी में टेडापन दंत जनित बीमारियाँ, त्वचा संबंधी कैंसर, तथा जलजनित बीमारियाँ आदि से मानव जीवन प्रभावित हुआ हैं।

सुझाव एवं उपाय

1. परम्परागत जल स्त्रोतों का संरक्षण व मरम्मत।
2. भूमिगत जल के रिचार्ज की व्यवस्था होनी चाहिए।
3. दौसा जिला डार्क जोन में शामिल होने के बावजूद सरकार के उदासीनता के कारण भूजल का दोहन तीव्र गति से किया जा रहा हैं।
4. सरकार द्वारा भूजल दोहन से संबंधित कानून को शक्ति से लागू करना।
5. अवैध बजरी खनन पर रोक।
6. किसानों को आधुनिक तकनीकी पर आधारित कृषि जैसे फव्वारा, ड्रिप सिंचाई हेतु प्रोत्साहित तथा प्रशिक्षण देना चाहिए।
7. किसानों को उन्नत किस्म के बीज, वितीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए तथा शुष्क कृषि पद्धति के तहत फसलों के चयन हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
8. वर्षाजल को एकत्रित करने के हेतु बाँध बनाने चाहिए ताकि भूमिगत जल का बढ़ाया जा सकें।
9. अधिक फ्लोराइड सान्द्रता वाले क्षेत्रों में भूजल दोहन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।
10. सरकारी जलनीति व कार्यक्रमों का सही रूप में क्रियान्वयन होना चाहिए।
11. जल प्रबंधन कार्य हेतु जल उपयोग मापनकार्यक्रमों को सभी महत्वपूर्ण जल स्त्रोत अथवा जल स्वामित्व वाले उपभोक्ताओं पर लागू करना।
12. अधिक बहाव वाली नदियों पर क्रियाशील बाढ़ पूर्वानुमान तंत्र स्थापित करना।
13. उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुये, प्रशासनिक स्तर पर सामाजिक स्तर पर तथा व्यक्तिगत स्तर पर सामुहिक व पारस्परिक जल संरक्षण तकनीकी व कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। जिससे शोध क्षेत्र में तीव्र गति से निम्न होते भूजल स्तर को रोका जा सके। समाज में जल संरक्षण हेतु जनचेतन व सहभागिता को बढाना चाहिए जिससे भूमिगत जल संकट का समाधान हो सके।

निष्कर्ष

शोध क्षेत्र के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिलें में भूजल स्तर दिन-प्रतिदिन लगातार गिरता जा रहा हैं जिससे जल की गुणवता भी लगातार गिरती जा रही हैं। मानव जीवन व स्वास्थ्य पर जलजनित बीमारियों के मामलों में वृद्धि हुयी हैं। जिलें

में वर्षा की कमी तथा अवैध बजरी खनन वाले क्षेत्रों में भूमिगत जल में तेजी से गिरावट हो रही हैं। जल संकट के कारण पर्यावरण असन्तुलन के साथ-साथ वन जीव जन्तु तथा वनस्पति पर भी प्रतिकूल पड़ा हैं।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

- राजस्थान जनगणना रिपोर्ट, 2011
- दौसा सांख्यिकीय विभाग, दौसा
- राज्य आर्थिक समीक्षा प्रतिवेदन, 2016-17
- राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग, राजस्थान, जयपुर, फरवरी, 2010
- राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान
- केन्द्रीय आर्थिक समीक्षा प्रतिवेदन, 2016-17
- Dynamic Ground Water Resoures of Rajasthan 2020
- Ground Water Department Jodhpur
- AbuZ eid, M.k~ & M.A.k~ Rady _1992¼ : Water Resources Mangement and Policies in Egypt World Basic Technical Paper.
- कुमार, सुदर्शन कपूर (1974) "भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था" राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
- रोड्ड़ी के. (1984), भोम जल विज्ञान, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
- जल ही जीवन है (जून 2008), कुरूक्षेत्र, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
- सिंह, सविन्द्र (2010), पर्यावरण भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
- पाण्डेय, भगवते (2008), गांवों में जल के बिना कल, कुरूक्षेत्र।
- सक्सेना, हरिमोहन (2012), राजस्थान का भूगोल, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
- शर्मा, बी. एल. (1991), मृदा विज्ञान, वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर।

प्रतिरोधकता की अवधारणा और सुरक्षा प्रतिमान के रूप में उसकी समीक्षा

डॉ० रजवन्त सिंह

Dr. Rajwant Singh, Associate Professor, MDPG Collage , Pratapgarh.

भूमिका: मानव जाति अपने विकास क्रम में सदैव सुरक्षा की तलाश में रही है। मानव द्वारा प्रारम्भिक सामूहिक जीवन मनुष्य की सामाजिकता के अलावा शिकार (खाद्य सुरक्षा) एवं वाह्य हमले से बचाव के लिए अपनाया गया था। व्यवस्थित एवं संगठित राजनीतिक आर्थिक एवं सामाजिक जीवन के उदय के उपरान्त सुरक्षा के लिए एक दूसरे के मुकाबिले बराबर की शक्ति (शक्ति सन्तुलन) अथवा बेहतर शक्ति की तलाश होती रही जिससे उत्तरोत्तर संहारक साधनों का जन्म हुआ। साम्राज्यवादी काल में अनेक राज्यों ने सुरक्षा के लिए शक्ति के बजाय वर्चस्व के लिए शक्ति को अपना लक्ष्य बना लिया क्योंकि साम्राज्यवादी युग में शक्ति के माध्यम से राज्य विस्तार, आर्थिक दोहन एवं सामाजिक सांस्कृतिक प्रसार सब कुछ संभव था। द्वितीय महायुद्ध के अंतिम चरण में परमाणु हथियारों के विकास ने युद्ध के औचित्य पर ही प्रश्न खड़ा कर दिया। इस स्थिति में बराबर अथवा बेहतर शक्ति के बजाय विनाशक अथवा भयावह शक्ति के माध्यम से सुरक्षा की तलाश प्रारम्भ हुई। इससे युद्ध लड़ने बजाय भय अथवा धमकी आधारित प्रतिरोधकता प्रतिमान का जन्म हुआ।

एक सिद्धान्त के रूप में प्रतिरोधकता का उदय:

Raymon Aror ने अपनी पुस्तम Peace and War में लिखा है कि ''प्रतिरोधकता दो व्यक्तियों या समूहों के सम्बन्ध स्थापित करने का एक तरीका है जो उतना ही पुराना है जितना कि मानव जाति।" वह अपनी पुस्तक The Concept of Deterrence में लिखता है कि प्रतिरोधकता भय के कारण शांति है।"(1) द्वितीय महायुद्ध तक बेहतर अथवा बराबर शक्ति (शक्ति सन्तुललन) को सुरक्षा के प्रतिमान के रूप में विश्व के अधिकांश देशों द्वारा अपनाया गया। हिरोशिमा और नाकाशाकी पर परमाणु हथियारों के 1945 में प्रयोग के उपरान्त युद्ध को शांति के बजाय महाविनाश के साधन के रूप में देखा जाने लगा। इस दृष्टिकोण परिवर्तन से युद्ध से बचने अथवा सुरक्षा के साधन के रूप में परमाणु शक्ति आधारित प्रतिरोधकता के सिद्धान्त का उदय हुआ। महाशक्तियों ने एक दूसरे की सापेक्षता में विभिन्न परमाणु रणनीतियों के माध्यम से एक दूसरे को भयभीत कर शीतयुद्ध काल में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित की।

प्रतिरोधकता का अर्थ एवं (उसे सुनिश्चित करने हेतु) आवश्यक तत्व:

प्रतिरोधकता अंग्रजी शब्द Deterrence का हिंन्दी रूपान्तरण है। Deterrence शब्द क्मजमत से बना हुआ है। विभिन्न शब्दकोषों में प्रतिरोधित (Deter) करने का अर्थ भयभीत करना अथवा हतोत्साहित करना अथवा कार्यवाही करने वाले के मन में भय, संदेह या दुविधा उत्पन्न करके उसे कार्यवाही से रोक देना बताया गया है।"(2) परमाणु हथियारों में निहित विनाशक क्षमता ने भय आधारित प्रतिरोधकता की सफलता को असंदिग्ध बना दिया है। इससे युद्ध लड़ने के बजाय युद्ध की धमकी के माध्यम से शत्रुओं को आक्रमण के निर्णय से रोका जाता है। यह सुरक्षा के लिए युद्ध लड़ने के बजाय युद्ध को प्रतिरोधित करने का सिद्धांन्त है। एन0 पामर ने अपनी पुस्तक ''स्त्रातेजिक वेपन्स इन इन्ट्रोडक्शन" में लिखा है कि ''आज नाभिकीय एवं ताप नाभिकीय शस्त्र राष्ट्रीय सैन्य शक्ति के मुख्य आधार बन गये हैं।"(3) युद्ध के बारे में यह दृष्टिकोण परिवर्तन विभिन्न श्रेणी के परमाणु हथियारों की देन है। जान0जे0 मियर के अनुसार ''व्यापक अर्थ में भयावदोहन (प्रतिरोधकता) किसी विरोधी को कोई निश्चित कार्यवाही प्रारम्भ करने से यह कारण बता कर रोकना है कि उसके द्वारा प्रत्याशित लाभ (कार्यवाही करने से होने वाला लाभ) परिकल्पित मूल्य एवं जोखिम (कार्यवाही व्यय एवं कार्यवाही का जोखिम) के सापेक्ष सार्थक व उचित

प्रमाणित नहीं होंगे।"[4]

प्रतिरोधकता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तत्वः

I. धमकीः प्रतिरोधकता सिद्धान्त में धमकी अनिवार्य शर्त है। यह धमकी प्रत्यक्ष रूप से ही जा सकती है अथवा प्रकरान्तर में निहित रहती है। यदि धमकी परम्परागत हथियारों पर आधारित होती है तो उसे परम्परागत प्रतिरोधकता कहते हैं और यदि धमकी का आधार परमाणु हथियार है तो उसे परमाणु प्रतिरोधकता कहते हैं। परमाणु हथियारों का होना मात्र ही धमकी के रूप में परोक्ष रूप से क्रियाशील है रहता है। परमाणु शक्ति धारक राष्ट्र जब स्वयं पर होने वाले आक्रमण के भय का निवारण करता है तब यह प्रत्यक्ष अथवा निष्क्रिय (Direct or Passive) प्रतिरोधकता कहलाता है। अप्रत्यक्ष अथवा सक्रिय (Indirect or Active) परमाणु प्रतिरोधकता तब जन्म लेते है जब शक्ति का प्रयोग मित्र राज्यों के भय निवारण के लिए किया जाता है।"[5] घोषित तौर पर सैन्य संधि के माध्यम से परमाणु सुरक्षा प्रदान करना इस श्रेणी में आता जिसे विस्तारित भय निवारण (Extended Deterrence) भी कहा जाता है। अमेरिकी नेतृत्व में बना नाटो (NATO) इसका जीवंत उदाहरण है।

II. संचारः धमकी के सिद्धान्त में दो पक्ष होते हैं एक धमकी देता है (Deterrer) और दूसरे को धमकी दी जाती है (Deterred) यहाँ एक पक्ष की धमकी दूसरे तक पहुँचन आवश्यक है। इस धमकी का माध्यम जितना सीधा होगा, धमकी पाने वाला उसे उतना गंभीरता से लेगा। धमकी हाट लाइन पर दी गई है, या संसद में कही गयी बात के रूप में है, या अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर दी गई है, अथवा मीडिया के सामने, बयान के रूप में है, इन सब का असर अलग-अलग होगा। धमकी देने वाला कौन है? यह भी महत्वपूर्ण है। धमकाने वाला राष्ट्राध्यक्ष है या शासनाध्यक्ष या फिर सेना का जनरल, है इसकी गंभीरता भी पृथक-पृथक होगी।

III. विश्वसनीयताः धमकी की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि धमकी देने की क्षमता एवं शक्ति प्रयोग की उसके इरादे पर धमकी पाने वाला कितना विश्वास करता है। विश्वसनीयता शक्ति प्रयोग की क्षमता और शक्ति प्रयोग के इरादे का गुणनफल है।

(अ). क्षमताः अपनी शक्ति को क्रियान्वित करने की धमकीदाता की योग्यता को क्षमता कहते हैं। यह बहुत हद तक हथियारों एवं उपकरणों की संख्या उसकी गुणवत्ता व विविधता पर निर्भर है। प्रक्षेप प्रणाली उसकी मारक क्षमता तथा गतिशीलता, शस्त्रों की अभेदयता व उत्तरजीविता, विखराव एवं गोपनीयता शस्त्रों की बचाव प्रणाली, चेतावनी एवं निगरानी व्यवस्था तथा कमान व नियंत्रण की योग्यता एवं अभेदयता, सेना की तैयारी, ट्रेनिंग अनुभव आदि ये सभी मिलकर क्षमता का निर्माण करते हैं। क्षमता न होने की दशा में धमकी पाने वाला आसानी से धमकियों को नजरंदाज कर देता है। क्षमता में यदि परमाणु हथियार शामिल हैं तो धमकियों को हल्के में लेना किसी भी राष्ट्र के लिए घातक हो सकता है। व्होल स्टेटर को उद्धृत करते हुए डा0 शेखर अधिकारी ने लिखा है कि ''भय निवारण की प्रमाणिकता विध्वंस क्षमता की मात्रा के समानुपाती होती है। इस धारणा को परिष्कृत करते हुए उसने (व्होल स्टेटर) भय निवारण को, अधिक सही रूप में प्रथम आक्रमण झेलने के बाद बचे प्रभावी शस्त्रों की क्षमता की मात्रा के फलन के रूप में माना है।"[6] प्रतिरोधकता के सिद्धांन्त में प्रथम प्रहार क्षमता से कहीं ज्यादा प्रथम प्रहार को झेलकर द्वितीय प्रहार करने की क्षमता का महत्व है।

(ब). इरादाः धमकी दिये जाने पर धमकी प्राप्तकर्ता इस बात का मूल्यांकन करता है कि धमकी वाले का शक्ति प्रयोग का इरादा पक्का है अथवा नहीं। 'हेनरी किसिंजर को यह विश्वास था कि भय निवारण को न केवल भौतिक बल्कि मनोवैज्ञानिक सम्बन्ध के रूप में भी प्रस्तुत किया जाता है। भय निवारण की महत्ता तभी अधिक होती है जब सैन्य शक्ति के साथ उसके प्रयोग की इच्छा जुड़ी हुई होती है, इसे तभी प्राप्त किया जाता है, चाहे सैन्य क्षमता कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो।"[7]

इरादा को समझने के लिए अनेक तत्वों पर ध्यान देना जरूरी है। अगर किसी देश में गैरलोकतांत्रिक तानाशाही सरकार है और देश का नेता आक्रमक एवं विस्तारवादी है तो उसकी धमकियों पर अविश्वास करना मुश्किल होता है। आक्रामक राष्ट्रीय चरित्र तथा युद्ध के प्रति जनमत का रूझान और उस देश की पूर्व की सरकारों अथवा वर्तमान सरकार द्वारा आक्रमण

का इतिहास, इस बात पर जोर देता है कि आक्रमण करने के उसके इरादे पर संदेह किया जाय। लोकतांत्रिक एंव शांति प्रिय जनता व सरकारों वाले देशों की धमकियों का उतना असर नहीं होता जितना कि तानाशाही आक्रमक व विस्तारवादी देशों की धमकियों का असर होता है।

(IV). तार्किकता: तार्किकता का सम्बन्ध धमकी देने तथा धमकी पाने वाले दोनों तरह के देशों से है। जहाँ के लोग तार्किक हैं, सरकारें युद्ध से मिलने वाले लाभ एवं हानि का ठीक-ठीक मूल्यांकन करने में समर्थ हैं, उनकी धमकियाँ उतनी प्रभावशाली नहीं होतीं क्योंकि उनके युद्ध इरादे पर सहजता से विश्वास प्रतिरोधित नहीं करता। अतार्किक सरकारों का व्यवहार एवं दी जाने वाली धमकियाँ खतरनाक हो सकती हैं। अत: प्रतिरोधित उन्हें नजरंदाज नहीं कर सकता। जहाँ तक धमकी पाने वाले की तार्किकता का प्रश्न है, यदि वहाँ निर्णय तर्कसंगत आधार पर लिये जाते हैं तो धमकियों के सफल होने की संभावना ज्यादा है क्योंकि कोई तर्क संगत सरकार युद्ध का खतरा मोल नहीं लेना चाहेगी। अत: प्रतिरोधित का तर्क संगत होना प्रतिरोधकता की सफलता की अनिवार्य शर्त है। सामान्यतया युद्ध का खतरा उस समय बढ़ जाता है जब प्रतिरोधक एवं प्रतिरोधित दोनों अतार्किक व्यवहार करते हैं। ऐसे में युद्ध की घटनाएँ घट जाती है और प्रतिरोधकता का सिद्धांन्त निष्फल हो जाता है। युद्ध की संभावना न होने पर धमकियाँ विफल हो जाती हैं किन्तु युद्ध की घटना भी प्रतिरोधकता की विफलता को प्रदर्शित करती है। इस तरह युद्ध की प्रबल संभावना प्रतिरोधकता के लिए जरूरी है, न कि युद्ध।

(V). विकल्प: जब भी कोई देश किसी अन्य देश को युद्ध के बदले कुछ करने अथवा न करने की धमती देता है तो वह प्रतिरोधित को विकल्प देता है। यदि विकल्प सम्मानजनक होता है तो प्रतिरोधित युद्ध का खतरा मोल लेना बेहतर नहीं समझता और प्रतिरोधक की बात मान लेता है किन्तु विकल्प अपमानजनक होने की दशा में किसी तार्किक देश के लिए भी युद्ध टालना मुश्किल हो जाता है। प्रतिरोधकता की सफलता के लिए जरूरी है कि प्रतिरोधित को युद्ध के बदले सम्मानजनक विकल्प दिया जाय ताकि उसे स्वीकार करने में वह देश अपमान का अनुभव न करे।

प्रतिरोधकता के प्रकार:

माइकल जे0 मजार ने अपने लेख Understanding Deterrence में विभिन्न प्रकार के प्रतिरोधकता की चर्चा की है:-

I. वंचन बनाम दण्ड पर आधारित प्रतिरोधकता:- सैन्य शक्ति आधारित धमकी के माध्यम से प्रतिद्धन्दी को इस बात के लिए कायल करना कि उसका प्रयास किसी भी दशा में सफल नहीं होगा। इस तरह लाभ से वंचित करने धमकी को वचन आधारित प्रति नाम दिया जाता है। जब परमाणु हमले अथवा कठोर आर्थिक प्रतिबंध की धमकी के माध्यम से प्रतिद्धन्दी को किसी प्रयास से रोका जाता है तब यह दण्ड आधारित प्रति रोधकता है। वंचन पर आधारित प्रतिरोधकता की सफलता ज्यादा देखी गई है।

II. प्रत्यक्ष बनाम विस्तारित प्रतिरोधकता: प्रत्यक्ष प्रतिरोधकता में उस प्रयास को शामिल किया जाता है जब कोई राज्य अपने भू क्षेत्र पर हमले को रोकने हेतु धमकी देता है जबकि विस्तारित प्रतिरोधकता में किसी तीसरे पक्ष अथवा मित्र राज्य पर हमलों को रोकने हेतु धमकी का प्रयोग किया जाता है। शीत युद्धकाल में अमेरिका ने अपने भू क्षेत्र पर सोवियत हमले को रोकने हेतु प्रत्यक्ष एवं नाटो देशों पर हमले को रोकने हेतु विस्तारित प्रतिरोधकता का सहारा लिया।

III. सामान्य बनाम तात्कालिक प्रतिरोधकता: सामान्य प्रतिरोधकता के अन्तर्गत वह प्रयास आता है जब कोई राज्य अनवरत अपने विरूद्ध किसी आवंछित कार्य को लम्बे समय तक रोकन की चेष्ठा करता है इसमें किसी तात्कालिक संकट का होना जरूरी नहीं होता। सोवियत संघ को पश्चिमी यूरोप पर हमलों से रोकने हेतु अमेरिका ने सामान्य प्रतिरोधकता का प्रयोग किया। तत्कालिक प्रतिरोधकता में अचानक किसी संकट के उत्पन्न होने पर शत्रु को हमला न करने की धमकी दी जाती है। बर्लिन संकट के समय सोवियत संघ को हमले से रोकने हेतु अमेरिका ने तत्कालिक प्रतिरोधकता का प्रयोग किया।

IV. संकीर्ण बनाम विस्तृत प्रतिरोधकता: जबकि किसी प्रतिद्धन्दी को रोकने हेतु केवल सैन्य शक्ति के प्रयोग की धमकी दी जाती है तब उसका स्वरूप संकीर्ण होता है जबकि इसी कार्य हेतु सैन्य शक्ति के अलावा आर्थिक प्रतिबंध, राजनयिक व सूचना संबंधी गतिविधियों को रोकने की धमकियाँ शामिल करने पर उसका स्वरूप विस्तृत प्रतिरोधकता का बन जाता

है।"[8] माइकल जे0 मजार के लेख में जिसे प्रत्यक्ष प्रतिरोधकता नाम दिया गया है उसे निष्क्रिय प्रतिरोधकता के अलावा मूल भय निवारण (Core Deterrence) भी कहा जाता है। इसी तरह अप्रत्यक्ष प्रतिरोधकता को सक्रिय प्रतिरोधकता के नाम से भी जानते हैं सामान्य एवं तात्कालिक प्रति को सीमित (केवल सैन्य शक्ति वह भी सीमित मात्रा व क्षेत्र में) एवं पूर्ण (परमाणु हथियारों सहित सभी साधनों के प्रयोग की धमकी) प्रतिरोधकता का नाम दिया जाता है।

सुरक्षा प्रतिमान के रूप में समीक्षा: पूरे शीतयुद्ध काल में दोनों महाशक्तियों ने एक दूसरे के विरूद्ध प्रतिरोधकता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न रणनीतियाँ बर्नाइं जिसका नतीजा यह हुआ कि विभिन्न क्षेत्रों में तनाव के बावजूद दोनों सीधे आपस में नहीं टकराई और तृतीय विश्वयुद्ध अथवा महाविनाश के भय से दुनिया बची रही। यहाँ तक कि अनेक स्थानों पर महाशक्तियों ने मित्र राज्यों में भी हस्तक्षेप किया परन्तु दूसरी महाशक्ति ने मित्र राज्यों अथवा संघर्षरत समूहों को मदद करने का प्रयास तो किया किन्तु सीधे हस्तक्षेप नहीं किया। प्रतिरोधकता का ही परिणाम था कि कोरिया संकट, क्यूबा संकट, वियतनाम संकट आदि विश्वयुद्ध में परिवर्तित नहीं हुए।

प्रतिरोधकता की अवधारणा में क्षेत्रीय संघर्षो को फैलने से रोकने में सफलता पाई है यथा भारत-पाक, हिन्द चीन, अरब-इजराइल जैसे क्षेत्रीय विवाद जिसमें महाशक्तियों की परोक्ष भूमिका थी किन्तु परमाणु युद्ध के भय ने उन्हें सीधे शामिल होने से रोके रखा। परमाणु युग में पूर्ण पराजय का भय एवं युद्ध की लागत के चलते परम्परागत प्रतिरोधकता का आस्तित्व देखने को मिल रहा है। लम्बा चलने वाले संघर्षो/युद्धों यथा वियतनाम संघर्ष, अफगान संघर्ष I एवं II ईरान-ईराक युद्ध आदि ने देशों को यह संदेश दे दिया है कि यदि कोई युद्ध का जोखिम मोल लेगा तो वह बर्बाद हो जायगा। शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद वैश्विकरण ने देशों के हितों को इस कदर आपस में जोड़ दिया है कि अब जिम्मेदार देश चाहे वह छोटे हों अथवा बड़े, कमजोर हों अथवा शक्तिशाली युद्ध की तैयारी करते हुए भी स्वत: के स्तर पर युद्ध से बचना चाहते हैं।

प्रतिरोधकता ने नि:संदेह विश्वयुद्ध को रोके रखा है किन्तु गैर राज्य कर्ताओं की गतिविधियों के विरूद्ध उसकी भूमिका नगण्य हैं। महाशक्तियों के विरूद्ध उग्रवादी व आतंकवादी संगठनों ने हमले किये हैं और उन्हें लम्बे युद्ध में फंसाकर पीछे हटने के लिए बाध्य किया है। वियतनाम संकट में अमेरिका, प्रथम अफगान संकट में सोवियत संघ एवं द्वितीय अफगान संकट में अमेरिका जैसी महाशक्ति को लम्बी लड़ाई के बाद वहाँ से विफल होकर न केवल बाहर निकलने का निर्णय लेना पड़ा बल्कि उनकी अर्थव्यवस्था दबाव में आ गई। आज सुरक्षा के अन्तर्गत केवल राज्य की सुरक्षा का संदर्भ नहीं ग्रहण किया जाता बल्कि उसके तहत अब खाद्य, पेय, स्वास्थ्य, तस्करी, आतंकवाद, मानवाधिकार, पर्यावरण आदि को भी शामिल किया जाता है, जिसका कोई हल प्रतिरोधकता के पास नहीं है। राज्य सुरक्षा में प्रतिरोधिकता की उपयोगिता है किन्तु सुरक्षा के पूरे संदर्भ को प्रतिरोधकता अपने में समाहित नहीं करती।

संदर्भ:-

1. राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा, लेखक-डॉ लल्लन जी सिंह, प्रकाशक: प्रकाश बुक डिपो, बरेली, संस्करण 2017 पृष्ठ सं0-37 एवं 38
2. युद्ध एवं शांति का अध्ययन, लेखक- सिंह टंण्डन एवं अग्रवाल, प्रकाशक: शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, संस्करण 2005 पृष्ठ सं0-48
3. आधुनिक स्त्रातेजिक चिंतन, लेखक-डॉ शेखर अधिकारी, प्रकाशक: एस0पी0 जे पब्लिकेशन्स, इलाहाबाद, संस्करण: 2011, पृष्ठ सं0-321
4. आधुनिक स्त्रातेजिक विचारों का इतिहास, लेखक: डॉ डी0एन0 सिंह, प्रकाशक: लोक प्रिय प्रकाशन मेरठ, संस्करण 2004, पृष्ठ सं0-83
5. आधुनिक स्त्रातेजिक चिंतन, लेखक-डॉ शेखर अधिकारी, प्रकाशक: एस0पी0 जे पब्लिकेशन्स, इलाहाबाद, संस्करण: 2011, पृष्ठ सं0-330
6. वहीं: पृष्ठ सं0-323
7. वहीं: पृष्ठ सं0-324
8. Michael J.K Mazarr का लेख: Understanding detrrence (2018) WWW.rand.org. नामक वेब साइट पर उपलब्ध।

अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम में नई तकनीकि का समावेश करने में शिक्षकों की वर्तमान स्थिति का अध्ययन

सुनील कुमार

असिस्टेन्ट प्रोफेसर, डिपार्टमेन्ट ऑफ फाइनेन्स एण्ड बिजिनेस, इकोनॉमिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली

डॉ० योगेश कुमार

असिस्टेन्ट प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षा विभाग, राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय, सिंगरामऊ, जौनपुर

सारांश

इलेक्ट्रॉनिक सीमा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे शिक्षा ने खुले हाथों से अपनाया है। काम करने के नए तरीकों का विरोध करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। शैक्षिक वातावरण में आधुनिक तकनीक की धीमी स्वीकार्यता के लिए हमारे अर्थशास्त्र शिक्षकों का रवैया जिम्मेदार है। यह पेपर प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन में शिक्षक की वर्तमान स्थितियों का पता लगाता है और कक्षाओं में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए सुझाव देता है। यद्यपि अध्ययन जौनपुर जिले तक ही सीमित है, लेकिन निष्कर्ष संपूर्ण अर्थशास्त्र शिक्षा के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं।

परिचय

परिवर्तन आज की आवश्यकता है। जिस तीव्र गति से प्रौद्योगिकी कई देशों में सीखने की प्रक्रिया को बदल रही है वह लगभग अविश्वसनीय है। शिक्षा के क्षेत्र में काम करते समय प्रौद्योगिकी के इंजनों द्वारा एकत्रित की गई अगोचर गति अगले कुछ वर्षों के दौरान पूरे सीखने के परिदृश्य को बदल देगी। वास्तव में आश्चर्यजनक बात यह है कि विकास को कम से कम समय अवधि में देखा जा रहा है और यही इस मामले की जड़ है। परिणामस्वरूप, बच्चों के नियंत्रण में सीखने के उपकरण अधिक प्रभावी और परिष्कृत होते जा रहे हैं। इस क्रांति के मूल में पर्सनल कंप्यूटर, टेलीविजन सेट, वीडियो कैसेट, सैटेलाइट नेटवर्क और न जाने क्या-क्या है। और जैसे-जैसे दुनिया 21वीं सदी के करीब पहुंच रही है, परिवर्तन के इस हिमस्खलन को रोकना संभव नहीं है। हमारे अर्थशास्त्र शिक्षक इन परिवर्तनों से दूर नहीं रह सकते।

पिछले दशक के दौरान कॉलेजों में सुधार करने और शिक्षकों पर शिक्षा के तरीके को बदलने का दबाव बढ़ा है। जब तक शिक्षक कंप्यूटर का उपयोग नहीं करते और कंप्यूटर का उपयोग करने में सहज और आश्वस्त नहीं हो जाते, तब तक कंप्यूटर एक अलग उपकरण बना रह सकता है, जिसमें या तो छात्रों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने की क्षमता है। या इसके द्वारा एकत्र होने वाली धूल की मात्रा में वृद्धि की संभावना (डेबोराह, 2000)। जब शिक्षक कंप्यूटर का उपयोग नहीं करते हैं, तो छात्रों के कंप्यूटर का उपयोग करने और साक्षर बनने की संभावना काफी प्रभावित होती है। किसी को तो पूछना ही चाहिए, 'शिक्षकों को निर्देश देने के तरीकों में बदलाव लाने के लिए शिक्षकों को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्या किया जा सकता है?; यहीं समस्या है।

यह प्रपत्र अर्थशास्त्र कक्षा में नई तकनीक को लागू करने में शिक्षकों के सामने आने वाली वास्तविक और कथित कठिनाइयों के बारे में बताता है। कॉलेजों में प्रौद्योगिकी के उपयोग ने कई शिक्षकों को काफी उलझन में डाल दिया है।

समस्या के पाँच भाग है-

1. वे कौन से कारक है जो एक अर्थशास्त्र शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते है?
2. वे कौन से कारक हैं जो अर्थशास्त्र शिक्षक को कंप्यूटर के उपयोग में बाधा डालते हैं?
3. वे कौन सी व्यक्तिगत जरूरते है जो एक अर्थशास्त्र शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करती है?

4. क्या 'नए', 'अनुभवी' और 'वरिष्ठ' अर्थशास्त्र शिक्षकों के वर्षों के अनुभव और उन कारकों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर है जो एक शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं?
5. क्या 'नए', 'अनुभवी' और 'वरिष्ठ' अर्थशास्त्र शिक्षकों के वर्षों के अनुभव और व्यक्तिगत जरूरतों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर है जो एक शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है?

शैक्षिक प्रशासक और सिंडिकेट बैंक के पूर्व अध्यक्ष के0के0 पई ने कहा, 'आपको कंप्यूटर दिए जा सकते हैं, लेकिन अगर आपके पास उन्हें इस्तेमाल करने की क्षमता और क्षमता नहीं है, तो यह निराशाजनक हो सकता है।' वर्षों तक किया गया, व्यवसाय, समुदाय और माता-पिता शिक्षकों से कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वे छात्रों को कंप्यूटर का उपयोग करना सिखाएं, जब संकाय स्वयं कंप्यूटर का उपयोग नहीं करते हैं? संकार्यों को कंप्यूटर साक्षर बनाने में क्या लगेगा? पिछले अध्ययनों से, उन कारकों के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है जो शिक्षकों को पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित और बाधित करते हैं। इस बारे में बहुत कम शोध किया गया है कि संकाय सदस्यों को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए क्या करना पड़ता है।

क्या वास्तव में दोष उन शिक्षकों का है जो सोचते हैं कि माउस एक ऐसी चीज है जिसे आप कक्षा में नहीं देखना चाहेंगे? कॉलेजों में कंप्यूटर होना समस्या का समाधान नहीं है। हमारी सबसे बड़ी बाधा शिक्षकों को यह समझाना है कि प्रौद्योगिकी कैसे शिक्षा की सेवा कर सकती है और प्रशिक्षण तक पहुंच कैसे प्रदान कर सकती है। जौनपुर जिले के चयनित कॉलेजों में एक सर्वेक्षण करके इस पहलू की जांच करने का प्रयास किया गया है।

अध्ययन का महत्व

यह अनुमान लगाया गया था कि उपरोक्त प्रश्नों से प्राप्त जानकारी से वह डेटा प्राप्त होगा जो वर्तमान में कॉलेजों और शिक्षकों के लिए उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी पाठ्यक्रम निर्माणकर्ताओं के लिए यह निर्धारित करने में भी सहायक होगी कि कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए शिक्षकों को किस प्रशिक्षण की आवश्यकता है। अधिक शिक्षकों द्वारा कंप्यूटर का उपयोग करने से, शिक्षकों की दक्षता का स्तर बढ़ेगा और अधिक छात्रों को कंप्यूटर साक्षर बनने का अवसर मिलेगा। कंप्यूटर का उपयोग करके प्रभावी शिक्षण और सीखने की रणनीतियों के साथ हमारे अर्थशास्त्र कॉलेजों को इक्कीसवीं सदी में बदलने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

साहित्य की समीक्षा

आई.सी.टी. और कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों पर कई अध्ययन किए गए। उन शोधकर्ताओं द्वारा पहले ही बहुत काम किया जा चुका है जिन्होंने स्वयं आई.सी.टी. के प्रयोगों में आने वाली बाधाओं और संबंधित विषयों पर मौजूदा शोध का मूल्यांकन और विश्लेषण किया है। एल्बॉघ, (1997) ने सुझाव दिया कि शिक्षकों द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रभावित करने वाले कारकों में शामिल है: हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की पहुँच, प्रशासनिक अपेक्षाएं, कार्यान्वयन के लिए समर्थन, और कक्षा तथा कार्य सेटिंग्स की अनुकूलनशीलता। व्यावहारिक पेशेवरों के रूप में, शिक्षक अक्सर प्रभावशीलता के प्रमाण के बिना नए दावों और नए विचारों के कार्यान्वयन पर संदेह करते हैं। शिक्षक किसी नई तकनीक को तब अपनाते हैं जब वह तकनीक उन्हें वह काम करने में मदद करती है जो वे वर्तमान में बेहतर ढंग से कर रहे हैं; इस प्रकार, उन्हें यथास्थिति को मजबूत करने के रूप में देखा जा सकता है।

वाइल्ड (1996) की टिप्पणी है कि जहाँ कुछ शोध प्रमुख कारणों के रूप में प्रौद्योगिकी तक खराब पहुँच और अवसर की कमी को उजागर करते हैं, वहीं अन्य रिपोर्टें स्कूलों में खराब समर्थन, सीखने की प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने में व्यक्तिगत आत्मविश्वास की कमी और सेवा-पूर्व शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों की प्रकृति का सुझाव देती हैं।

एक व्यापक साहित्य समीक्षा में, (कॉटन, 1992) ने पाया कि कंप्यूटर- सहायता प्राप्त निर्देश के परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों के दृष्टिकोण में सुधार हुआ है। इन क्षेत्रों में शिक्षार्थी के रूप में स्वयं के प्रति बेहतर दृष्टिकोण, शिक्षा में कंप्यूटर का उपयोग और सामान्य रूप से कंप्यूटर के प्रति, पाठ्यक्रम विषय वस्तु, शिक्षा की गुणवत्ता और सामान्य रूप से स्कूल शामिल हैं। कॉटन द्वारा उद्घृत अध्ययनों से यह भी संकेत मिलता है कि कंप्यूटर-सहायता प्राप्त सीखने से उच्च स्तर की आत्म-प्रभावकारिता, उच्च विद्यालय उपस्थिति दर, कार्य पर समय में वृद्धि और सामाजिक समर्थक व्यवहार में वृद्धि होती है।

बियांची (1996) ने शिक्षकों को पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए प्रेरित करने वाले कारकों की पहचान करने वाला शोध प्रस्तुत किया। इन कारकों में स्टाफ विकास, प्रौद्योगिकी की उपलब्धता, जिला और स्कूल साइट समर्थन, छात्र रुचि और प्रेरणा शामिल हैं।

उन लेखकों द्वारा किए गए प्रयासों को देखते हुए, यह उचित है कि बाधाएँ अभी भी स्पष्ट हैं, लेकिन ये बाधाएँ धीरे-धीरे अपनी भयावहता और महत्व को कम कर रही हैं, शिक्षकों ने कक्षा में नई तकनीक के महत्व और प्रभावशीलता को पहचानना

शुरू कर दिया है। यह अध्ययन उडुपी जिले के शिक्षण संकाय के सामने आने वाली कठिनाइयों और संस्थागत बाधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

उद्देश्य

इस अध्ययन के दो उद्देश्य हैं। वे हैं

(i) अपनी कक्षाओं में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने में असमर्थता के बारे में एकोनॉमिक्स टीचिंग कॉलेज के शिक्षकों की राय जानना और

(ii) अपनी कक्षाओं में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए इन बाधाओं को दूर करने के लिए सुझाव और तरीके पेश करना।

कार्यप्रणाली

न्यादर्श में जौनपुर जिले से संबंधित 20 कॉलेजों के 76 अर्थशास्त्र शिक्षण कॉलेज व्याख्याता शामिल थे। न्यादर्श यादृच्छिक प्रतिदर्शन विधि पर आधारित है। न्यादर्श में 46 पुरुष (60.53%) और 30 महिलाएँ (39.47%) शामिल थे, केवल कला, विज्ञान और अर्थशास्त्र और कंप्यूटर विज्ञान प्रदान करने वाले प्रथम श्रेणी के कॉलेजों को शामिल किया गया था। सरकारी और निजी दोनों कॉलेजों का चयन किया गया।

हमने अर्थशास्त्र विषय के शिक्षकों से उनकी कक्षा में प्रौद्योगिकी को अपनाने के बारे में उनकी मान्यताओं के बारे में साक्षात्कार लिया। इस विषय पर चर्चा को प्रेरित करने के लिए, शिक्षकों ने एक खुली प्रश्नावली का उत्तर दिय। इस सर्वेक्षण में शिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले कॉलेजों में कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक की उपलब्धता, और इन कंप्यूटरों और आधुनिक तकनीक के उपयोग की मात्रा, वे कारक जो एक शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं, वे कारक जो अर्थशास्त्र (कला संकाय) के उपयोग में बाधा डालते हैं, के बारे में प्रश्न पूछे गए। कंप्यूटर, वे आवश्यकताएँ जो एक शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करती हैं, इत्यादि। ई-मेल, पावर प्वाइंट, इंटरनेट, कंप्यूटर ग्राफिक्स, एलसीडी प्रोजेक्टर, ओ.एच.पी., कंप्यूटर साक्षरता, विभिन्न एप्लीकेशन पर प्रश्न पूछे गए। प्रश्नावली आइटम प्रौद्योगिकी अपनाने के बारे में शिक्षकों की व्यक्तिगत मान्यताओं को जानने के लिए लिखे गए थे। इन प्रश्नावलियों और साक्षात्कारों के परिणामों को प्रतिलेखित किया गया।

तीन-चौथाई शिक्षकों (57 या 75%) के पास कंप्यूटर उपयोग में कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं था। हालाँकि, 19(25%) शिक्षकों के पास कुछ कंप्यूटर अनुभव था। इससे पता चलता है कि वे शिक्षक इस मामले में सक्रिय हैं कि उन्होंने आवश्यक कंप्यूटर पाठ्यक्रम लेने के लिए इंतजार नहीं किया; इसके बजाय, उन्होंने अनौपचारिक रूप से कंप्यूटर का उपयोग करना सीखा। शिक्षकों के बीच कंप्यूटर का स्वामित्व कम था। केवल एक-तिहाई शिक्षकों के पास कंप्यूटर था। उनमें से अधिकांश (62, या 81.57%) का मानना था कि कॉलेज प्रबंधन अपने कर्मचारियों की कंप्यूटर साक्षरता में सुधार के प्रयासों में सहायक नहीं है।

अनुसंधान प्रश्न

शोध प्रश्न एक

वे कौन से कारक हैं जो अर्थशास्त्र संकाय को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं?

सबसे पहले, चार कारक थे जो अर्थशास्त्र (कला संकाय) के लिए कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए अनुकूल साबित हुए। कक्षा में स्थिर कम्प्यूटर व एल.सी.डी. प्रोजेक्टर का होना पहला कारक था। हर बार कक्षा में कंप्यूटर और एल.सी.डी. लाने से शिक्षक हतोत्साहित होते हैं। दूसरे, उनका मानना था कि कंप्यूटर से समय की बचत होती है। तीसरा, फैकल्टी कंप्यूटर में रुचि रखते हैं और अंततः, वे जानना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर उन्हें सहायता (तकनीकी सहायता) मिलेगी। जो शिक्षक कंप्यूटर का उपयोग शुरू कर रहे हैं उनके लिए शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण और समर्थन आवश्यक है। दूसरे शोध प्रश्न में उन कारकों की जांच की गई जो कंप्यूटर के उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

शोध प्रश्न दो

कौन से कारक हैं जो अर्थशास्त्र शिक्षक को कंप्यूटर के उपयोग में बाधा डालते हैं?

इस अध्ययन में शिक्षक द्वारा कंप्यूटर के उपयोग में बाधा डालने वाले कुल चार कारक थे। एक शिक्षक जो कारक मिले कंप्यूटर उपयोग में बाधा डालने के लिए ये थे-

1. कॉलेज ने अर्थशास्त्र व्याख्याताओं को कंप्यूटर का उपयोग करने के बारे में कोई प्रशिक्षण आयोजित नही किया।
2. शिक्षक के पास कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए आवश्यक समय नहीं है।
3. कंप्यूटर का उपयोग करना सीखने के लिए अतिरिक्त वेतन जैसा कोई वित्तीय प्रोत्साहन नहीं है।
4. शिक्षक को अपने कार्यों को पूरा करने के लिए कंप्यूटर की आवश्यकता नहीं होती है। भाषा पढ़ाने वाले कुछ शिक्षकों का मानना था कि चॉक और टॉक विधि शिक्षण की सबसे अच्छी विधि है।

शोध प्रश्न तीन

वे कौन सी व्यक्तिगत जरूरतें हैं जो एक शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करती हैं?

संगठनात्मक लक्ष्यों पर विचार करने से पहले शिक्षक व्यक्तिगत और छात्र हितों से प्रेरित होते हैं। कंप्यूटर का स्थान शिक्षकों द्वारा कंप्यूटर के उपयोग की कुंजी थी। शिक्षक चाहते हैं कि कक्षा में कंप्यूटर उनके लिए सुलभ हो।

शोध प्रश्न चार

क्या 'नए', 'अनुभवी' और 'वरिष्ठ' शिक्षकों के वर्षों के अनुभव और उन कारकों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर है जो शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं?

इस शोध प्रश्न ने जांच की कि क्या प्रेरणाओं और व्यक्तिगत जरूरतों से संबंधित तीनों समूहों में से किसी की प्रतिक्रियाओं में कोई महत्वपूर्ण अंतर था। शोध के निष्कर्षो से पता चलता है कि चार कारकों में से तीन के लिए 'नए', 'अनुभवी' और 'वरिष्ठ' शिक्षकों के वर्षों के अनुभव के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

शोध प्रश्न पांच

क्या 'नए', 'अनुभवी' और 'वरिष्ठ' शिक्षकों के वर्षों के अनुभव और व्यक्तिगत जरूरतों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर है जो एक शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है?

दस प्रेरक कारकों में से केवल तीन ने निर्धारित किया कि 'नए', 'अनुभवी' के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर था। और 'वरिष्ठ' शिक्षकों के वर्षों के अनुभव और व्यक्तिगत जरूरतें जिन्होंने एक शिक्षक को कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इन तीन कारकों के लिए शोध प्रश्न का उत्तर 'हाँ' है। समूहों के बीच महत्वपूर्ण अंतर को पहचानने वाले तीन कारक थे- (1) 'मैं ग्रेडिंग में सहायता के लिए कंप्यूटर का उपयोग करना चाहता ह'ू- (2) 'मुझे कंप्यूटर के बारे में अपना ज्ञान दूसरों के साथ साझा करना पसंद है'; और (3) 'मुझे कंप्यूटर का उपयोग करने वाले व्यक्ति के रूप में पहचाना जाना पसंद है।' शिक्षकों के तीन समूहों के बीच सबसे मजबूत सहमति वाला कारक यह था कि 'कंप्यूटर का उपयोग करने की क्षमता इक्कीसवीं सदी के लिए एक आवश्यक कौशल है।'

अन्य निष्कर्ष

1. जब शिक्षकों की कक्षा में कंप्यूटर उपलब्ध होता है तो वे कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित होते हैं।
2. मजबूरी का एक तत्व प्रक्रिया को तेज कर सकता है। वर्तमान में, जौनपुर जिले के अर्थशास्त्र शिक्षकों की ओर से अध्ययन करने और कक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने की कोई बाध्यता नहीं है। एक उत्तरदाता ने टिप्पणी की, 'मुझे कक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग किए बिना अपना वेतन मिलता है।'
3. कई शिक्षकों का मानना है कि कॉलेजों में पर्याप्त कंप्यूटर की कमी नई तकनीक के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। यहाँ तक कि शिक्षकों को आई.सी.टी. हासिल करने के लिए उचित प्रशिक्षण सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। दो महाविद्यालयों के महाविद्यालय में कोई कम्प्यूटर नहीं है।
4. कॉलेजों में कंप्यूटर की पहुंच भी इस ज्ञान को प्राप्त करने में एक निर्धारक कारक है। हालाँकि, यह जरूरी नहीं है कि कम पहुंच वाले कॉलेज में पर्याप्त उपकरण न हो; यह हो सकता है कि कॉलेज में उपकरणों की मात्रा पर्याप्त हो लेकिन अनुपयुक्त ढंग से व्यवस्थित हो। उपकरण को इस तरह से व्यवस्थित किया जाना चाहिए कि सभी उपयोगकर्ताओं के लिए अधिकतम पहुंच सुनिश्चित हो सके। एक शिक्षक ने महसूस किया कि शिक्षकों के लिए उन कंप्यूटरों तक पहुंच पर बहुत सारे प्रतिबंध हैं।
5. कॉलेजों में इंटरनेट की पहुंच का अभाव कई कॉलेजों में एक बाधा है। जौनपुर जिले से पता चला कि 70 प्रतिशत कॉलेजों में इंटरनेट की सुविधा नहीं है, 80 प्रतिशत सरकारी कॉलेजों में पर्याप्त कंप्यूटर नहीं हैं। जौनपुर जिले के किसी भी कॉलेज में शिक्षकों के लिए मुफ्त इंटरनेट की सुविधा नहीं है। इंटरनेट वाले कॉलेजों में से अधिकांश कॉलेजों में धीमा डायल अप कनेक्शन है, जिसका उपयोग कंप्यूटर विभाग के उद्देश्यों के लिए किया जाता है। शिक्षकों को इस पहुंच का उपयोग करने के लिए नि:शुल्क पहुंच, कोई प्रेरणा नहीं मिल रही है।

6. शिक्षकों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के कौशल का प्रशिक्षण नहीं मिल रहा है; फिर भी वे चॉक एंड टॉक पद्धति का उपयोग करते हैं। 76 उत्तरदाताओं में से केवल 23 के पास अपनी ई-मेल पहुंच है, कई को इसकी प्रभावशीलता और उपयोगिता के बारे में जानकारी नहीं है।
7. 70 प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि भारतीय उच्च शिक्षा में आधुनिक तकनीक की बहुत कम गुंजाइश है। उनका मानना था कि जब तक शिक्षकों को प्रशिक्षित नहीं किया जाता, पर्याप्त संख्या में आधुनिक उपकरण उपलब्ध नही कराये जाते; उडुपी जिले में आईसीटी का दायरा बहुत कम है।
8. परिवर्तन का प्रतिरोध एक ऐसा कारक है जो कक्षा में आई.सी.टी. के पूर्ण एकीकरण को रोकता है। इस प्रतिरोध को शिक्षकों की अपनी शिक्षण प्रथाओं को बदलने की अनिच्छा के संदर्भ में देखा जा सकता है, और संस्थानों के संदर्भ में भी यह मुश्किल हो रहा है या आई.सी.टी. से जुड़े नवीन प्रथाओं को सुविधाजनक बनाने वाले तरीकों से पुनरू व्यवस्थित करने में असमर्थ है। जौनपुर जिले में सर्वेक्षण किए गए 20 कॉलेजों में से केवल 8 कॉलेजों में एलसीडी प्रोजेक्टर हैं। 13 महाविद्यालयों में ओवरहेड प्रोजेक्टर है।
9. जो शिक्षक अपने शिक्षण में प्रौद्योगिकी के उपयोग के लाभों को नहीं समझते हैं, उनके आई.सी.टी. का उपयोग करने की संभावना कम होती है। किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि शिक्षकों को आई.सी.टी. के उपयोग के लाभों के बारे में जागरूक किया जाए। जौनपुर जिले इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जा रहे है।
10. इस दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए बहुत कम सबूत पाए गए कि उम्र शिक्षकों के आई.सी.टी. उपयोग के स्तर को प्रभावित करती है। कुछ बहुत वरिष्ठ शिक्षक हैं जो आई.सी.टी. में विशेषज्ञ हैं। युवा शिक्षक अपने अधिक अनुभवी सहकर्मियों की तुलना में अपने काम में आई.सी.टी. का उपयोग करने की अधिक संभावना नही रखते हैं।
11. ऐसे कुछ सबूत है जो बताते हैं कि नमूना आबादी से संबंधित पुरुष शिक्षक महिला शिक्षकों की तुलना में अधिक आई. सी.टी. का उपयोग करते हैं। एक महिला व्याख्याता ने टिप्पणी की कि पारंपरिक घरेलू जिम्मेदारी बड़े पैमाने पर आई. सी.टी. उन्मुख कक्षा तैयार करने में एक बाधा थी।
12. यह भी देखा गया है कि जहां छात्र अपनी माध्यमिक स्कूली शिक्षा के दौरान लगभग हमेशा कंप्यूटर के साथ कुछ संपर्क रखते हैं, वहीं डिग्री लेते समय यह सच नहीं है।
13. बड़ी कक्षाएं नई तकनीक लागू करने में बाधा बन सकती हैं।

चर्चा एवं सुझाव प्रशिक्षण

आई.सी.टी. प्रशिक्षण बाधाओ को दूर करने में मदद कर सकता है, फिर भी यह भी देखा गया है कि कई पाठ्यक्रमों के डिजाइन और वितरण में कमजोरियां हैं। बुनियादी आई.सी.टी. कौशल पर ध्यान केंद्रित करने से, प्रशिक्षण शिक्षको को अपनी शिक्षाशास्त्र में आई.सी.टी. को एकीकृत करने के लिए तैयार करने में विफल रहता है, दूसरी ओर, पाया गया कि कंप्यूटर न जानने वाले शिक्षकों को प्रौद्योगिकी के शैक्षणिक एकीकरण को संबोधित करने से पहले बुनियादी कौशल सिखाया जाना पसंद है। यह शिक्षकों के कंप्यूटर अनुभव और सीखने की शैलियों के विभिन्न स्तरों को ध्यान में रखते हुए, विभेदित प्रशिक्षण की आवश्यकता को दर्शाता है। प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थानों के भीतर, आईसीटी तक पहुँच समस्याग्रस्त हो सकती है लेकिन शायद अधिक गंभीर बाधा इस तथ्य में निहित है कि अध्यापकों को अक्सर पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का बहुत कम अनुभव होता है। शिक्षण अभ्यास के दौरान आईसीटी के उपयोग के लिए प्रोत्साहन की कमी एक और बाधा है।

बाहरी और आंतरिक बाधाएँ

उपकरण की कमी, अविश्वसनीयता, तकनीकी सहायता की कमी और अन्य संसाधन-संबंधी समस्याएं जैसी समस्याएं; संगठनात्मक संस्कृति और शिक्षक-स्तर के कारक जैसे शिक्षण और प्रौद्योगिकी के बारे में विश्वास और परिवर्तन के लिए खुलापन भी अध्ययन में स्पष्ट हैं।

अभिवृत्ति

मूलत:, समस्या दृष्टिकोण, जागरूकता, अनुप्रयोग, पहुँच और उपलब्धियों में निहित है। इलेक्ट्रॉनिक सीमा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे शिक्षा ने खुले हाथ से अपनाया है। नये का विरोध करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है काम करने के तरीके. शैक्षिक वातावरण में आधुनिक तकनीक की धीमी स्वीकार्यता के लिए हमारे अर्थशास्त्र शिक्षकों का रवैया जिम्मेदार है। कुछ उत्तरदाताओं ने महसूस किया कि उन चीजों को करने के नए तरीके सीखने की तुलना में चीजों को उसी तरह से करते रहना

कम प्रयास है जिस तरह से वे हमेशा से की जाती रही हैं। इनमें से अधिकांश लोगों का मानना था कि पाठ्यपुस्तक शिक्षा का केंद्र बिंदु और प्राथमिक शिक्षण उपकरण होना चाहिए। कुछ अन्य अर्थशास्त्र शिक्षक आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए बिल्कुल उत्साहित नहीं थे। उनके पास 'आओ प्रतीक्षा करें, और प्रतीक्षा करें, और प्रतीक्षा करें, और देखें' का रवैया था।

अधिकांश कॉलेजों में नेतृत्व पारंपरिक और पदानुक्रमित था, और अर्थशास्त्र शिक्षकों का सबसे आम दृष्टिकोण यह था कि परिवर्तन लाने के लिए प्रिंसिपल जिम्मेदार था। आई.सी.टी. में किसी भी कथित पिछड़ेपन को प्रबंधन की ओर से बुनियादी ढांचे, समर्थन या नेतृत्व की कमी के कारण बताया गया था।

मॉडेम, ईमेल, अपलोड, बीपीएस, एएससीआईआई, इंटरनेट और फाइल अटैचिंग जैसे शब्द कुछ अर्थशास्त्र शिक्षकों के लिए विदेशी और अर्थहीन हैं। वे इस बात से अनजान हैं कि कक्षा में एक उपकरण के रूप में इलेक्ट्रॉनिक संचार का उपयोग करना छात्रों के लिए बहुत प्रेरक हो सकता है। वैश्विक स्तर पर प्रभावी मौखिक और लिखित भाषा कौशल और भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक-राजनीतिक समझ विकसित करने का माध्यम।

सुझाव

1. नेतृत्व इनमें से कई बाधाओं को पूरा करने में कॉलेज नेतृत्व की भूमिका स्पष्ट रूप से केंद्रीय है। उन कॉलेजों में जो आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते थे, नेतृत्व सहयोगात्मक था, नवाचार और जोखिम लेने का समर्थन करता था, और दूसरों के साथ निर्णय लेने के अनुभवों में दूसरों को शामिल करता था। एक अमेरिकी केस स्टडी (डेक्सटर एट अल., 2002) सफल स्कूलों और इनोवेटिव स्कूलों की एक समान तस्वीर पेश करती है। ऐसे छह स्कूलों में डेक्सटर और उनके सहयोगियों ने शिक्षकों की व्यक्तिगत शिक्षा और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता और समर्थन पाया। 'सीखने की आवश्यकता की उपस्थिति और ऐसा करने के लिए सहायक स्थितियाँ प्रौद्योगिकी के उपयोग के आसपास पेशेवर समुदाय के विकास के लिए पारस्परिक, या पारस्परिक रूप से सहायक प्रतीत होती है।' (उक्त.)
2. कॉलेज योजना और परिवर्तन का कार्यान्वयन: परिवर्तन की योजना और कार्यान्वयन में कक्षा शिक्षकों, प्रबंधन, अभिभावकों, छात्रों, शैक्षिक विशेषज्ञों जैसे सभी हितधारकों को शामिल किया जाना चाहिए। जौनपुर जिले के केवल एक कॉलेज ने 'विकासशील विजन और मिशन कार्यशाला' आयोजित की जिसमें ऊपर बताए अनुसार सभी पदाधिकारी शामिल थे। सर्वेक्षण में शामिल 20 कॉलेजों में से, 12 कॉलेजों के पास किसी भी हितधारकों को शामिल किए बिना कुछ वरिष्ठ संकाय द्वारा लिखे गए कुछ बार-बार बदलते बयानों को छोड़कर, कोई औपचारिक दृष्टि और मिशन वक्तव्य नहीं है। इन योजनाओं को दिशा-निर्देश और प्राथमिकताएं तय करने के साथ-साथ शिक्षण सहायता सहायकों की तैनाती, आवश्यक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और बुनियादी ढांचे के बारे में निर्णय के रूप में देखा गया (इवांस, 2002)।
3. संपूर्ण महाविद्यालय संसाधनों का उपयोग एवं प्रचार-प्रसार: आधुनिक महाविद्यालयों में प्रौद्योगिकी का प्रयोग काफी बढ़ गया है। उदाहरण के लिए, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन ने वरिष्ठ शिक्षण स्टाफ, व्यक्तिगत नोटबुक कंप्यूटर और ईमेल एक्सेस और कार्यक्षेत्र प्रदान किया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपलब्ध है और कॉलेज ने अपने सभी संसाधनों को ऑनलाइन रखते हुए अपना स्वयं का इंट्रानेट स्थापित किया है।
4. हालाँकि, साझा संसाधनों तक पूरे कॉलेज की पहुंच की ओर कदम उनके उत्पादन और कक्षा उपयोग में प्रशिक्षण की आवश्यकता पैदा करता है। प्रशिक्षण और कौशल अधिग्रहण को वेतन पुरस्कार के हिस्से के रूप में जोड़कर अनिच्छा से बचा जा सकता है।
5. साझा करना और प्रशिक्षण: परस्पर विश्वास होना चाहिए, विशेषज्ञता और ज्ञान का प्रस्पर आदान-प्रदान होना चाहिए, तभी कक्षा और पाठ्यक्रम में शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रदान करने का विकास किया जा सकता है। इस आपसी विश्वास और विश्वास से सीखने और एक-दूसरे का समर्थन करने की इच्छा जागृत हो सकती है।
6. तकनीकी सहायता स्टाफ की भूमिकाएँ: सभी संबंधित पक्षों के बीच घनिष्ठ सहयोग होना नितांत आवश्यक है। कॉलेज को कंप्यूटर कर्मचारियों को यह समझाने के लिए काम करना चाहिए कि विश्वसनीयता बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर कक्षाओं में प्रौद्योगिकी के संबंध में। उन्हें अत्यधिक विश्वसनीय प्रौद्योगिकियों की खरीद को प्रोत्साहित करना होगा। प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को बनाए रखने और प्रशिक्षित करने के लिए पर्याप्त सहायक कर्मचारी होने चाहिए।

संदर्भ ग्रन्थ

1. एल्बॉग, पी. (1997)। प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए शिक्षकों को तैयार करने में संशयवाद की भूमिका। 'शिक्षा के लिए समुदाय': एक टाउन और गाउन चर्चा पैनल, वेस्टरविले, ओएच, 26 जनवरी, 1997 सीखने की दुनिया में परिवर्तन का हिमस्खलनरू हिन्दू, चेन्नई 16 सितम्बर 1997।

2. बियांची, पामेला ए, 1996. शिक्षकों को प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए प्रेरित करने वाले कारकों की पहचान पाठ्यक्रम। एड.डी. जिला. . ला वने विश्वविद्यालय, ला वने, सीए ।
3. बॉस्ली, सी., मून, एस. (2003)। सूचना और संचार के उपयोग पर मौजूदा साहित्य की समीक्षा शैक्षिक संदर्भ में प्रौद्योगिकी। डर्बी रू मार्गदर्शन अध्ययन केंद्र, डर्बी विश्वविद्यालय। बॉस्ली, सी., मून, एस. (2003)।
4. सूचना और संचार के उपयोग पर मौजूदा साहित्य की समीक्षा शैक्षिक संदर्भ में प्रौद्योगिकी। डर्बी मार्गदर्शन अध्ययन केंद्र, डर्बी विश्वविद्यालय। बटलर, डी., सेलबॉम, एम. (2002)। शिक्षण और सीखने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने में बाधाएँ। एजुकेस त्रैमासिक, 25, पृ.22-28.
5. कॉटन, के. (1992)। कंप्यूटर सहायता प्राप्त अनुदेश. उत्तर पश्चिमी क्षेत्रीय शैक्षिक प्रयोगशाला । पुनः प्राप्त किया 26 अक्टूबर 2001,
6. डेबोरा वाई. रॉडी मेयर्स (2000), शिक्षकों द्वारा कंप्यूटर के उपयोग को प्रेरित और बाधित करने वाले कारक, निबंध, प्रॉक्वेस्ट निबंध ।
7. डेक्सटर, एस., सीशोर, केआर और एंडरसन, आरई (2002) अनुकरणीय में व्यावसायिक समुदाय का योगदान आईसीटी का उपयोग, जर्नल ऑफ कंप्यूटर असिस्टेड लर्निंग, 18, पीपी 489-497।
8. इवांस, एम. (2002) ओपन विंडोरू एक ई-लर्निंग स्कूल बनना। स्कूल नेतृत्व के लिए नेशनल कॉलेज (एनसीएसएल)।
9. फैब्री, डी., हिग्स, जे. (1997)। शिक्षा में प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग में बाधाएँ। जर्नल ऑफ एजुकेशनल कंप्यूटिंग, 17 (4), पृ. 385-395.
10. ग्रेजर, सी., एट अल.. (2002)। शिक्षकों के आईटी के सफल कार्यान्वयन में योगदान देने वाले कारक। जर्नल का कंप्यूटर असिस्टेड लर्निंग, 18 पृ0 480-488।
11. गुहा, एस. (2000). क्या हम सभी तकनीकी रूप से तैयार हैं? आराम या असुविधा के कारणों पर शिक्षकों का दृष्टि प्रारंभिक कक्षा के शिक्षण में कंप्यूटर का उपयोग करने में। नेशनल एसोसिएशन फॉर द एजुकेशन ऑफ यंग चिल्ड्रेन अटलांटा, की वार्षिक बैठक में 8-11 नवंबर, 2000 को प्रस्तुत किया गया पेपर।
12. इंगवर्सन, डोनाल्ड डब्ल्यू. 1996. प्रौद्योगिकी चुनौती का सामना करना। शैक्षिक नेतृत्व के लिए जोर 25, सं. 6 (अप्रैल): 6-8.

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन

चम्पा साहू

अतिथि व्याख्याता, समाजशास्त्र शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय, पलारी बलौदाबाजार, छत्तीसगढ़

तिलोचनी साहू

जनभागीदारी शिक्षक समाजशास्त्र शास.शहिद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ बलौदाबाजार, छत्तीसगढ़

सारांशः-

बैगा जनजाति एक विशेष पिछड़ी जनजाति है। सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि किसी व्यक्ति या समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को दर्शाती है जिसमें उनकी शिक्षा, आय, रोजगार परिवार की संरचना, व्यवसाय के साथ समुदाय में उनकी स्थिति जैसे पहलू शामिल होती हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन शीर्षक पर आधारित एक समाजशास्त्रीय अध्ययन है। यह अध्ययन कबीरधाम जिला के मंडलाकोनहा गांव पर आधारित है। अध्ययन हेतु दैव प्रतिदर्श के माध्यम से 20 परिवारों का चयन किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन बैगा जनजाति की आवास की स्थिति,बैगा जनजाति की कृषि पद्धति एवं उत्पादित फसले, वनोपज संग्रहण की स्थिति आदि को जानने का प्रयास किया गया है क्योंकि ये सभी बैगा जनजाति की सामाजिक आर्थिक स्थिति के महत्वपूर्ण पहलू है ।अध्ययन से ज्ञात हुआ कि बैगा जनजाति समुदाय की सामाजिक आर्थिक स्थिति काफी पिछड़ी हुई है इनके साथ ही इनमें शिक्षा का स्तर में कभी निम्न है तथा बैगा समुदाय प्रमुख रूप से वनोपज संग्रहण और कृषि कार्य के अतिरिक कृषि मजदूरी भी करते है।

बैगा जनजाति :- "बैगा जनजातिः बैगा जनजाति भारत की एक विशिष्ट पिछड़ी जनजातीय समुदाय (PVTG) है, जो विभिन्न राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के घने जंगलों और पहाड़ों में निवास करती है। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के कुल 42 जनजातीय समुदायों को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्रदान की गई है, जिनमें से पांच जनजातीय समुदाय-कमार, पहाड़ी कोरबा, बिरहोर, अबूझमाड़ और बैगा-को विशिष्ट लक्षणों के आधार पर विशेष पिछड़ी जनजाति समूह घोषित किया गया है, जैसे कि स्थिर या कम जनसंख्या, न्यूनतम साक्षरता दर, कृषि की आदिम तकनीक और आर्थिक पिछड़ापन।

एल्विन वेरियर (1939) ने अपनी पुस्तक 'द बैगा' में बैगा जनजाति को औषधि विशेषज्ञों के रूप में संदर्भित किया है। उन्होंने बैगा जनजाति के वंश, गोत्र समूह, उत्पत्ति और संपूर्ण जीवन शैली का गहन अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि बैगा जनजाति छत्तीसगढ़ में सबसे पहले छोटा नागपुर के मार्ग से प्रवेश किया था, जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न छह जिलों-कबीरधाम, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरिया, मुंगेली और गौरेला पेंड्रा मरवाही-में निवास करती है। बैगा जनजाति आधुनिकता से दूर, दुर्गम स्थानों, जंगलों और पहाड़ों में निवास करती है, जिसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध माना जाता है। उनकी जीवन शैली, संस्कार, कला, परंपरा, पर्व, तीज-त्योहार और नीति-नियम आदि में एक अद्वितीय विशिष्टता है, जो बैगा जनजाति को एक अलग पहचान प्रदान करती है। बैगा जनजाति की संस्कृति परंपरागत और प्राचीन है।

चौरसिया विजय कुमार (2009) ने बैगा जनजाति को 'प्राकृतिक पुत्र' कहा है, जो औषधीय जड़ी-बूटियों के विषय में गहन ज्ञान रखते हैं। साथ ही, बैगा जनजाति के लोग अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उपचार जड़ी-बूटियों और झाड़फूंक के

माध्यम से करते हैं। रसेल और हीरालाल (1916) ने बैगा जनजाति के अनेक उपसमूहों-भतोरिया, बिझवार, गोडवानिया, खतभानिया, कोंधी, नरोतीया, नाहर या रायबनिया-के साथ-साथ छह गोत्र समूह-घुघारिया, लेपिया, मरकाम, मरावी, नेताम और टेकाम-का उल्लेख किया है।

प्रस्तुत अध्ययन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के अध्ययन पर आधारित है। इसके अध्ययन क्षेत्र हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की जनजातियों के निवास स्थान कबीरधाम का चयन किया गया है। कबीरधाम जिले से बैगा जनजाति निवासरत विकासखंड बोडला का चयन किया गया है, और बोडला विकासखंड से मंडलाकोनहा गांव का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन के माध्यम से किया गया है।ष्ष्

अध्ययन का समाजशास्त्रीय महत्वः-ष्ः- छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों की कुल संख्या पाँच है, जिनमें बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाडिया, बैगा और कमार प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने दो अन्य जनजाति समूहों को भी विशेष पिछड़ी जनजाति की श्रेणी में शामिल किया है। इन समूहों के विकास के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार निरंतर प्रयासरत है। यह अध्ययन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन शीर्षक परआधारित एक समाजशास्त्रीय अध्ययन है। बैगा जनजाति, प्रारंभ से ही, दुर्गम एवं अभावग्रस्त क्षेत्रों में निवास करने के कारण अत्यंत पिछड़ी रही है, जिसके सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु राज्य एवं केंद्र सरकार चौथी पंचवर्षीय योजना से प्रयास कर रही है। ऐसी स्थिति में बैगा जनजाति पर अध्ययन करना इस शोध के महत्व को स्पष्ट करता है। अध्ययन से यह ज्ञात होगा कि बैगा परिवार के सदस्यों की वर्तमान सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति किस स्तर की है, साथ ही उनके सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक जानकारियाँ भी प्राप्त होंगी। इसके अतिरिक्त, सुधार एवं विकास में कौन-कौन से कारक बाधक हो सकते हैं, यह भी ज्ञात किया जा सकेगा।इसके साथ ही बैगा जनजाति में प्रमुख आर्थिक आधार वनोपज संग्रहण की स्थिति के साथ साथ उनके कृषि पद्धति एवं बैगा जनजाति समुदाय द्वारा उत्पादित फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।

शोध अध्ययनों की समीक्षाः

1. रसेल हीरालाल (1936) ने मध्य प्रदेश की जनजातियों का पहला क्रमबद्ध विवरण ष्कस्टम एंड ट्राइब्स इन सेंट्रल प्रोविजंसष्पुस्तक में प्रस्तुत किया।
2. एल्विन (1939) ने बैगा जनजाति को 'मेडिसिन मैन' के रूप में संदर्भित किया है। उन्होंने बैगा जनजाति के वंश, गोत्र समूह, उत्पत्ति एवं संपूर्ण जीवनशैली का गहन अध्ययन किया। उनका निष्कर्ष है कि बैगा जनजाति सबसे पहले छोटा नागपुर के मार्ग से छत्तीसगढ़ में प्रवेश की थी, जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों जैसे कबीरधाम, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरिया, मुंगेली आदि में निवास करती है।
3. कोठारी सी.आर. ने 'रिसर्च मेथाडोलॉजी' (2004) में शोध अध्ययन को सुगम बनाने के लिए विचार से संबंधित विभिन्न आयामों एवं विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी संकलित की है।
4. उपाध्याय विजय शंकर एवं शर्मा विजय प्रकाश (2004) ने अपनी पुस्तक भारत की जनजाति संस्कृति में बैगा जनजाति के अधिवास के बारे में लिखा है की बैगा जनजाति घने जंगलो में रहते हैं इनका मकान लकड़ी व मिट्टी का बना होता है, इनकी मकान की दीवारे बाँस की बनी होती है जिस पर मिट्टी की पलास्टर चढ़ा होता है तथा इनकी छत जो है घास और मिट्टी का बना होता है। बैगा जनजाति के लोग अपने मकान को एक-दुसरे से सटा कर मानते हैं लेकिन मकानों में खिड़की का आभाव होता है बैगा बस्ती या गाँव की सीमा के समीप शमशानघाट होती है और इनके समीप जादू-टोने का स्थान भी होता है। बैगा बस्ती दिन में भी सुनी होती है क्योंकि व्यस्क बैगा जंगल चले जाते है केवल बच्चे घर में रहते हैं।
5. गुप्ता पारुल एवं डेविड अलका (2017) के शोध अध्ययन से बैगा जनजाति के पर्व-त्योहारों के महत्व एवं उनमें होने वाले परिवर्तनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है।

अध्ययन पद्धति

प्रस्तुत अध्ययन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन शीर्षक पर आधारित है। प्रस्तुत अध्ययन में अध्ययन पद्धति को तीन भागों में विभक्त किया गया है।

शोध पद्धति एवं उत्तरदाता का चयनः प्रस्तुत अध्ययन कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के बैगा बहुल ग्राम मंडलाकोंहा, पर आधारित है। ये ग्राम बोड़ला विकासखंड से 30 से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। अध्ययन हेतु बैगा ग्राम और उत्तरदाताओं के चयन के लिए दैव निदर्शन पद्धति का उपयोग किया गया है।

तथ्यों का संकलन एवं उपकरणः तथ्यों के संकलन के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्यों का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु साक्षात्कार निर्देशिका और डायरी का उपकरण के रूप में उपयोग किया गया है, साथ ही समूह वार्ता और अवलोकन पद्धति का भी सहारा लिया गया है। द्वितीयक तथ्यों के संकलन के लिए विभिन्न शोध अध्ययन, पत्र-पत्रिकाएँ, शोध आलेख, शासन द्वारा प्रसारित सूचनाएँ, इंटरनेट आदि का उपयोग किया गया है।

शोध प्ररचना्

प्रस्तुत अध्ययन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन शीर्षक पर आधारित है जिसमें बैगा जनजाति की सामाजिक आर्थिक स्थिति को वास्तविक रूप में पक्षपात रहित समझने का प्रयास कर उसका विश्लेषण किया गया है अतः प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु वर्णनात्मक शोध प्ररचना का प्रयोग किया गया है जो पूर्णतः गुणात्मक अध्ययन पद्धति पर आधारित है।

बैगा जनजाति की सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्यः 'बैगा' का अर्थ 'शमन' या 'ओझा' होता है। बैगा जनजाति के लोग झाड़-फूंक और अंधविश्वास जैसी परंपराओं में गहरा विश्वास रखते हैं। ये लोग दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों और घने जंगलों में, प्रकृति के समीप निवास करते हैं। सामान्यतः इनकी त्वचा का रंग सावला, शारीरिक बनावट मध्यम तथा गठीला होता है। इनके उद्भव से संबंधित कोई विशेष प्रमाणिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। बैगा जनजाति के लोग संयुक्त परिवार में निवास करना पसंद करते हैं, जहाँ एक परिवार में लगभग 8 से 10 सदस्य होते हैं, जिसमें औसतन तीन से चार बच्चे शामिल होते हैं। गांव के मुखिया को 'मुकदम' या 'दीवान' कहा जाता है, जो अनुभवी और वृद्ध व्यक्ति होते हैं। उनकी स्थिति समाज में उच्च होती है और सभी लोग उन्हें सम्मान देते हैं। गांव में किसी भी प्रकार के सामाजिक या पारिवारिक विवादों का समाधान मुकदम द्वारा किया जाता है।

